RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 24
लखनऊ, मंगलवार, 10 नवंबर, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




सलमा हयाक ने 'द इटरनल' की एक झलक दिखाई

विविध-12

# कोरोना का 90 फीसदी तक कारगर टीका तैयार

## तीसरे क्लीनिकल ट्रायल में उम्मीद से बेहतर साबित हुई फाइजर और बॉयोनटेक की वैक्सीन

**शुभ समाचार**

- सब ठीक रहा तो महीने के अंत तक मिल जाएगी बिक्री की मंजूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




नई दिल्ली में सोमवार को एक महिला की कोरोना संक्रमण जांच करती चिकित्साकर्मी

**फाइजर** और बॉयोनटेक द्वारा संयुक्त रूप से विकसित एक वैक्सीन (टीका) कोविड-19 के संक्रमण से बचाने में 90 फीसदी तक कारगर है। दोनों कंपनियों में सोमवार को इस बारे में घोषणा की। वैक्सीन का तीसरे चरण में ट्रायल चल रहा है। वैश्विक महामारी को रोकने के लिहाज से यह निश्चिति तौर पर बहुत ही उम्मीद जगाने वाली खबर है। फाइजर अमेरिकी और बॉयोनटेक जर्मन दवा कंपनी है। शुरुआती जांच में पाया गया है कि 28 दिन पर पहली और दूसरी दो खुराक के बाद सात दिन में मरीजों के शरीर में बचाव तंत्र तैयार हो गया। फाइजर के चेयरमैन और सीईओ अल्बर्ट बौउरला ने एक बयान में कहा ' हम बड़ी और महत्वपूर्ण कामयाबी के करीब है। इस वैश्विक स्वास्थ्य संकट को खत्म करने और पूरी दुनिया को उपलब्ध कराने के लिए बहुप्रतीक्षित टीके को तैयार करने के हम बेहद करीब हैं।' कंपनियों ने सोमवार को कहा कि उसकी वैक्सीन ट्रायल के दौरान 94 संक्रमितों में 90 प्रतिशत कारगर पाई गई है। इन संक्रमितों में कोविड-19 के कम से कम 1 लक्षण जरूर थे। अभी वैक्सीन ट्रायल के ही चरण में है लेकिन नतीजे उम्मीद जगा रहे हैं कि जल्द ही दुनियाभर में इसके इस्तेमाल का रास्ता साफ हो सकता है। कोरोना महामारी से दुनियाभर में अब तक 12 लाख से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और वैक्सीन का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। कंपनी ने कहा कि विश्लेषण में पता चला कि जिन स्वयंसेवियों पर इसका परीक्षण किया गया, उनमें यह बीमारी को रोकने में 90 प्रतिशत से ज्यादा कामयाब रही। अगर बाकी डेटा भी यह संकेत देते हैं कि वैक्सीन सुरक्षित है तो इस महीने के खत्म होने से पहले ही कंपनी स्वास्थ्य नियामकों से वैक्सीन को बेचने की इजाजत के लिए आवेदन करेगी।

फाइजर ने कहा कि अब तक क्लीनिकल ट्रायल के दौरान कोई भी गंभीर मामला सामने नहीं आया है। ट्रायल में अमेरिका और दूसरे देशों में करीब 44,000 लोगों पर परीक्षण किया जा रहा है। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि वैक्सीन से लोगों में कितने लंबे समय तक कोरोना के प्रति इम्यूनिटी विकसित होगी। नतीजे पूरी तरह विश्वसनीय हों और प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी रहे, इसके लिए कंपनी ने बाहरी और स्वतंत्र विशेषज्ञों के पैनल से वैक्सीन ट्रायल की समीक्षा कराई है। पैनल को डेटा सेफ्टी मॉनिटरिंग कमिटी के नाम से जाना जाता है जो यह पता लगाता है कि वैक्सीन कैंडिडेट कितना कारगर और सुरक्षित है। पैनल ने अपनी अंतरिम समीक्षा के परिणाम को फाइजर और बॉयोनटेक से साझा किया है। यदि इस वैक्सीन को मंजूरी मिल जाती है तो शुरुआत में इसकी खुराक सीमित रहेगी। इसके अलावा बहुत से सवाल हैं जिसमें यह भी शामिल है कि यह टीका कोविड से बचाव के लिए के लिए कितने समय तक कारगर रहेगा। बहरहाल यह खबर एक उम्मीद पैदा करती है कि नोवेल कोरोना वायरस के खिलाफ विकसित हो रही अन्य वैक्सीन भी प्रभावी साबित हो सकती हैं। बॉयोनटेक को उम्मीद है कि इससे कोविड-19 के खिलाफ कम से कम एक साल तक के लिए प्रतिरक्षा तंत्र तैयार हो जाएगा। बायोनटेक ने एक बयान में कहा ' उसे उम्मीद है कि फाइजर के साथ संयुक्त रूप से विकसित की जा रही उसकी उसकी कोविड-19 वैक्सीन का असर कम से कम एक साल तक रहेगा.. हालांकि अभी यह नहीं मालूम की यह असर कितने लंबे तक रहेगा लेकिन ठीक हुए मरीजों तथा अन्य जांच परिणामों के निष्कर्षों से लगता है कि इसका प्रभाव थोड़े समय के लिए नहीं रहेगा।

# मोदी ने दिया लोकल फॉर दिवाली मंत्र

- देशवासियों से स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने का आह्वान किया
- अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी को दी 600 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं की सौगात

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी, लखनऊ



वाराणसी के लोगों को वीडियो कांफ्रेंसिंग से संबोधित करते प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में 600 करोड़ रुपए से अधिक की 30 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया तथा त्योहारों के मौसम में देशवासियों से स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए लोकल फॉर दिवाली का आह्वान किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि इससे अर्थव्यवस्था में नई चेतना आ जाएगी। प्रधानमंत्री ने काशीवासियों से देश को आत्मनिर्भरता की राह दिखाने की अपील की है। प्रधानमंत्री ने कहा है कि सभ्यता, संस्कृति और अध्यात्म की नगरी काशी ने सभी के उत्थान और उन्नति का मार्ग दिखाया है। आज समय है कि काशी देश के सामने आत्मनिर्भरता का मॉडल प्रस्तुत करे। समृद्ध भविष्य के लिए आत्मनिर्भर होना जरूरी है। प्रधानमंत्री ने वोकल फार लोकल के मंत्र को आत्मसात करते हुए काशीवासियों से इस दीपावली केवल स्थानीय उत्पादों की खरीद करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वाराणसी का यह प्रयास पूरे देश के ( शेष पेज 9 )


### पुरातन और आधुनिकता का संगम है काशीः योगी

**कार्यक्रम** में प्रधानमंत्री का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा आज वाराणसी की 30 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी की पुरातन पहचान को सुरक्षित रखते हुए आधुनिकता के समावेश के साथ विकास के लिए हम सभी कृतसंकल्पित हैं। उनकी भावना के अनुरूप केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा यहां की सांस्कृतिक परम्परा को संजोते तथा पौराणिकता को संरक्षित करते हुए किया जा रहा है। ये परियोजनाएं वाराणसी को और समृद्ध करेंगी। बेनियाबाग पार्क का पुनर्विकास एवं सुधार, आधुनिक सर्विलांस सिस्टम की स्थापना, खिड़किया घाट का पुनर्विकास एवं सुधार, दशाश्वमेध घाट पर टूरिस्ट प्लाजा का निर्माण, पुरानी काशी जंगमबाड़ी वॉर्ड का पुनर्विकास, चौकाघाट स्थित पद्मविभूषण गिरजा देवी सांस्कृतिक संकुल परिसर में बहुउद्देशीय हाल का उच्चीकरण तथा सड़क निर्माण जैसे कार्य काशी को और अधिक सुविधा संपन्न बनाएंगे।

# एनसीबी ने अर्जुन रामपाल के घर की तलाशी ली

- नाडियाडवाला पूछताछ के लिए पेश हुए

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई



**स्वापक** नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने बॉलीवुड में मादक पदार्थों के कथित इस्तेमाल की जांच के सिलसिले में सोमवार को यहां अभिनेता अर्जुन रामपाल के आवास की तलाशी ली और उनसे 11 नवंबर को एजेंसी के सामने पेश होने के लिए कहा। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एजेंसी के अधिकारी के अनुसार, मुंबई के उपनगरीय इलाके बांद्रा में 47 वर्षीय अभिनेता के घर की तलाशी के दौरान इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए गए। उन्होंने कहा कि रामपाल को समन भी जारी किया गया और उन्हें 11 नवंबर को एजेंसी के सामने पेश होने के लिए कहा गया। अधिकारी के अनुसार एनसीबी ने अभिनेता के कार चालक से भी सोमवार को कई घंटे तक पूछताछ की। उन्होंने कहा कि इस बीच फिल्म निर्माता फिरोज नाडियाडवाला सोमवार को अपना बयान दर्ज कराने के लिए एनसीबी के समक्ष पेश हुए। नाडियाडवाला के जुहू स्थित घर पर कथित रूप से गांजा मिलने के बाद रविवार को उनकी पत्नी को गिरफ्तार किया गया था।

अधिकारी ने बताया कि नाडियाडवाला शाम में पूछताछ के लिए एनसीबी दफ्तर पहुंचे। एजेंसी ने रविवार को उन्हें बुलाया था लेकिन वह तब पेश नहीं हुए थे। अधिकारियों ने बताया कि रविवार को एनसीबी की एक टीम ने नाडियाडवाला के आवास की तलाशी ली और 10 ग्राम गांजा जब्त किया था। यह गांजा वाहिद अब्दुल कादिर शेख उर्फ सुल्तान नामक व्यक्ति से खरीदा गया था जिसे पहले गिरफ्तार किया ( शेष पेज 9 )

# शिक्षक-स्नातक निर्वाचन में बीजेपी ने उतारे प्रत्याशी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बीजेपी** की केंद्रीय चुनाव समिति ने उत्तर प्रदेश के शिक्षक व स्नातक खंड विधान परिषद चुनाव के लिए प्रत्याशियों के नाम घोषित कर दिए हैं। लखनऊ खंड स्नातक क्षेत्र से इंजीनियर अवनीश कुमार सिंह, वाराणसी खंड स्नातक क्षेत्र से केदारनाथ सिंह, आगरा स्नातक खंड क्षेत्र से डॉ. मानवेंद्र प्रताप सिंह गुरुजी, मेरठ खंड स्नातक से दिनेश कुमार गोयल, इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक से डॉ. यज्ञदत्त शर्मा को प्रत्याशी बनाया है। नामांकन भरने की प्रक्रिया भी तेज हो गई है। सोमवार को कुल 16 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। इसमें सपा और निर्दलीय प्रत्याशी हैं। बीजेपी ने लखनऊ खंड शिक्षक क्षेत्र से उमेश द्विवेदी, आगरा खंड शिक्षक क्षेत्र से डॉ. दिनेश चंद्र वशिष्ठ, मेरठ खंड शिक्षक क्षेत्र से श्रीचंद्र शर्मा और बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक क्षेत्र से डॉ. हरिसिंह ढिल्लो को प्रत्याशी बनाया है। गोरखपुर खंड शिक्षक और वाराणसी खंड ( शेष पेज 9 )

# बिहार में नई सरकार का फैसला आज

- एग्जिट पोल के नतीजों से राजद खेमे में उत्साह, जदयू-भाजपा में चिंता
- उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में हुए उपचुनावों की भी आज होगी मतगणना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/लखनऊ




**बिहार में** बदलाव की बयार चल रही है और राजद के नेतृत्व वाला महागठबंधन मंगलवार को होने वाली मतगणना को लेकर बेहद उत्सुक दिखाई दे रहा है। एग्जिट पोल के नतीजों से सत्तारूढ़ पार्टी जदयू और उसकी सहयोगी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) चिंतित दिखाई दे रही है। बिहार के अलावा मध्य प्रदेश में 28 विधानसभा सीटों के उप चुनावों का भी नतीजा आएगा जो शिवराज सिंह चौहान की सरकार की किस्मत का भी फैसला करेगा। इसके अलावा 10 और राज्यों में 30 सीटों का भी निर्णय होगा। यदि एग्जिट पोल के नतीजे सही साबित हुए तो बिहार में 15 साल पुरानी नीतीश सरकार बदल जाएगी। चुनाव आयोग ने मतगणना सुचारू रूप से कराने के लिये पुख्ता प्रबंध किया है और इस बात का ध्यान रखा है कि मतों की गिनती की प्रक्रिया में कोई बाधा नहीं आए।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी एचआर श्रीनिवास ने बताया कि मतदान होने के बाद जिन कक्षों (स्ट्रांग रूम) में ईवीएम मशीनों को रखा गया है, वहां पर केंद्रीय अर्द्ध सैनिक बलों को तैनात किया गया है और मंगलवार को डाक मतपत्रों की गिनती के बाद इसे खोला जायेगा। बिहार में 243 सदस्यीय विधानसभा के लिये हुए मतदान में वैशाली जिले के राघोपुर सीट पर सभी निगाहें लगी हुई हैं जहां से तेजस्वी यादव चुनावी मैदान में हैं। बहरहाल, नीतीश कुमार बिहार विधान परिषद के सदस्य हैं और उन्होंने चुनाव नहीं लड़ा है। राघोपुर सीट पर पूर्व में लालू प्रसाद और राबड़ी देवी प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। तेजस्वी के बड़े भाई तेज प्रताप यादव ने समस्तीपुर जिले के हसनपुर सीट से चुनाव लड़ा है। इसके अलावा जिन नेताओं पर लोगों की नजर रहेगी उनमें पटना साहिब से नंद किशोर यादव, मोतीहारी से प्रमोद कुमार, मधुबनी से राणा रणधीर, मुजफ्फरपुर से सुरेश शर्मा, नालंदा से श्रवण कुमार, दिनारा से जय कुमार सिंह, जहानाबाद से कृष्णनंदन प्रसाद वर्मा शामिल हैं। अन्य प्रमुख ( शेष पेज 9 )

# आज वर्चुअल बैठक में मिलेंगे प्रधानमंत्री मोदी और जिनपिंग

- एससीओ की बैठक में रूस के राष्ट्रपति और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के साथ लेंगे भाग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**मई में** लद्दाख में गतिरोध शुरू होने के बाद मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग पहली बार आमने-सामने होंगे। दोनों नेता रूस के राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के साथ शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (एससीओ) की वर्चुअल बैठक में भाग लेंगे। कोरोना महामारी की पाबंदियों के चलते पहली बार एससीओ की वर्चुअल बैठक हो रही है। एससीओ आठ देशों का गठबंधन है जिसमें भारत, कजाकिस्तान, चीन, किर्गिस्तान, पाकिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान और उजबेकिस्तान शामिल हैं। इत्तफाक से भारत की सशस्त्र सेनाओं ने तीन महीने पहले एससीओ के सैन्य युद्धाभ्यास में भाग लेने से इनकार कर दिया था, इसका मुख्य कारण कोरोना को बताया गया था। लेकिन माना जा रहा है कि भारत ने चीन और पाकिस्तान की इसमें भागीदारी के विरोध में यह कदम उठाया था।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अनुराग श्रीवास्तव ने पिछले शुक्रवार को कहा था कि यह तीसरी बैठक होगी जिसमें सभी सदस्य भाग लेंगे। भारत 2017 जून में एससीओ का पूर्ण सदस्य बना था। इसी दौरान पाकिस्तान ने भी इसकी सदस्यता ली थी। मोदी और शी जिनपिंग ने इससे पहले सितंबर में संयुक्त राष्ट्र की महासभा के वर्चुअल सत्र में भाग लिया था। उन्होंने अलग अलग तिथियों में यूएन को संबोधित किया था। सीमा पर तनाव खत्म करने के लिए लगातार सैन्य और राजनयिक स्तर की बातचीत की पृष्ठभूमि में मंगलवार को मोदी और शी जिनपिंग की बैठक होगी। मई की शुरुआत में गतिरोध शुरू हुआ था और गलवान घाटी में 15 जून ( शेष पेज 9 )

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 42,597 | ↑ 704 | |
| निफ्टी | 12,461 | ↑ 198 | |
| सोना | 52,183 | ↑ 277 | /10g |
| चांदी | 65,699 | ↑ 694 | /kg |

## क्विक न्यूज


### देश में कोरोना के 45,903 नए मामले, 490 और मौतें

**नई दिल्ली।** भारत में कोविड-19 के 45,903 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमण के मामले बढ़कर 85,53,657 हो गए। वही 79 लाख से अधिक लोगो के संक्रमण मुक्त होने के साथ ही मरीजो के ठीक होने की दर बढ़कर 92.56 प्रतिशत हो गई। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सुबह आठ बजे जारी किए गए अद्यतन आंकड़ो के अनुसार देश में 490 और लोगो की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 1,26,611 हो गई। आंकड़ो के अनुसार अभी तक कुल 79,17,373 लोगों के संक्रमण मुक्त होने के बाद मरीजों के ठीक होने की दर बढ़कर 92.56 प्रतिशत हो गई है। वही कोविड-19 से मृत्यु दर 1.48 प्रतिशत है। देश में लगातार 11 दिन से उपचाराधीन लोगों की संख्या छह लाख से कम है।

# दीपोत्सव के लिए दुल्हन जैसी सज रही अयोध्या

- रामायण की थीम पर बन रहे तोरणद्वार, हर घाट, मंदिर, मठ, गली, मोहल्ले, खंभे और पुलों की होगी लाइटिंग, ड्रोन से होगी पूरे कार्यक्रम की मैपिंग

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/अयोध्या



दीपावली से पूर्व रामनगरी अयोध्या को सजाने का काम तीव्र गति से चल रहा है और इसका रूप प्रतिदिन निखरता जा रहा है

**अयोध्या** में जश्न का माहौल है। करीब 500 साल सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद रामजन्म भूमि पर मंदिर निर्माण का मार्ग जो प्रशस्त हुआ है। अब तो वहां प्रभु श्रीराम के भव्य और दिव्य मंदिर का निर्माण भी शुरू हो गया है। खुशी इस बात की भी है कि इतने वर्षों बाद वे अपने राम की जन्मभूमि पर वर्चुअल रूप से ही सही खुशियों के दीप जला सकेंगे। इस दोहरी खुशी के मौके को खास करने के लिए दीपोत्सव और दीपावली (11 से 14 नवम्बर) के लिए अयोध्या को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है।

पूरी अयोध्या इसकी तैयारियों में जुटी है। जहाँ तक नजर जा रही तैयारियों के सिलसिले में काम होता दिख रहा है। रामनगरी की सीमा में घुसते ही तोरणद्वारों का क्रम जारी हो जा रहा है। सड़कों के किनारों पर बैरिकेडिंग हो रही है। अधिकांश तोरणद्वारों की सजावट रामायण के प्रसंगों के अनुसार की जा रही है। इनमें से कुछ तो अलग-अलग तरह के फूलों से सजाए जाएंगे। दीपोत्सव के दौरान अयोध्या रौशनी से नहा उठे, इसके लिए हर खंभे, हर पुल, गली, मोहल्ले, चौराहों, घाटों और मन्दिरों की भव्य लाइटिंग की जा रही है। दीपोत्सव के दिन जहां-जहां कार्यक्रम जैसे लक्ष्मण, सीता सहित प्रभु श्रीराम का आगमन, भरत से मिलने की जगह, राजतिलक और राम की पैड़ी आदि होने हैं उनकी सजावट को नायाब बनाने की तैयारी है। इस बात का हरसंभव ( शेष पेज 9 )

### शुक्रवार को होगा अद्भुत लेजर शो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अयोध्या में दीपावली पर्व पर आयोजित दीपोत्सव-2020 को भव्य स्वरूप प्रदान के लिए शुक्रवार को एक आकर्षक लेजर शो आयोजित किया जाएगा। सरकारी प्रवक्ता ने सोमवार को बताया, अत्याधुनिक तकनीक पर आधारित लेजर शो के जरिए भगवान श्रीराम के अयोध्या आगमन का चित्रण किया जाएगा। भगवान श्रीराम के अयोध्या आगमन पर नगर वासियों द्वारा उनके स्वागत में प्रज्ज्वलित किए गए दीपों की जगमगाहट का चित्रण भी इस लेज़र शो के माध्यम से देखने को मिलेगा। प्रवक्ता के मुताबिक, यह लेज़र शो भगवान श्रीराम के अयोध्या आगमन पर नगर वासियों की प्रसन्नता और उनके स्वागत में किए गए आयोजन को भी दर्शाएगा। इसमें शंख और घण्टियों की ध्वनि का समावेश होगा। भारत के विभिन्न क्षेत्रों में प्रचलित नृत्यों जैसे भरतनाट्यम, ओडिसी, मणिपुरी, कुचिपुड़ी और कथक नृत्य को भी इस शो में प्रदर्शित किया जाएगा। प्रवक्ता ने बताया, इस शो में भगवान श्रीराम की रावण पर विजय के उपरान्त उनके अयोध्या आगमन के दृश्य को चित्रित किया जाएगा और भगवान श्रीराम की स्तुति श्रीराम चन्द्र कृपालु भजमन भी पृष्ठभूमि में सुनने को मिलेगी। लेज़र द्वारा वर्चुअल आतिशबाजी का कार्यक्रम दीपोत्सव-2020 का एक प्रमुख आकर्षण होगा।

# महंत नृत्य गोपाल दास की तबियत बिगड़ी, मेदान्ता में भर्ती हुए

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोरोना** मुक्त होने के बाद एक बार फिर रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास की तबियत खराब होने के बाद उन्हें सोमवार शाम साढ़े तीन बजे के करीब राजधानी स्थित मेदान्ता हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। उन्हें सांस लेने में परेशानी और सीने में दर्द की शिकायत पर आईसीयू में भर्ती कराया गया है। लखनऊ के मेदांता अस्पताल पहुंचे महंत को इमरजेंसी में भर्ती किया गया। अस्पताल के निदेशक डॉ. राकेश कपूर के मुताबिक उन्हें लो ब्लड प्रेशर, तेज हृदयगति, कमजोरी और श्वांस लेने में दिक्कत की शिकायत पर लाया गया है। उन्हें अभी इंटेंसिव केयर यूनिट में भर्ती किया गया है परीक्षण में उनके दोनों पैरों में वेनस थ्रोम्बोसिस पाई गई है। महन्त के इलाज को ( शेष पेज 9 )

# संक्रमण दर में कमी के बावजूद सतर्कता जरूरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कोविड-19 के दृष्टिगत आगामी पर्व के दौरान पूरी सतर्कता और सावधानी बरतने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि कोविड संक्रमण की दर में कमी आ रही है। इसके बावजूद किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा असावधानी जोखिमपूर्ण हो सकती है। इसलिए संक्रमण की रोकथाम व उपचार की व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखी जाए।

मुख्यमंत्री सोमवार को अपने सरकारी आवास पर कोविड-19 की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जनपद में जिलाधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा सुबह कोविड अस्पताल में तथा शाम को इंटीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर में नियमित रूप से बैठक की जाए। इस बैठक में कोविड-19 के नियंत्रण के लिए संचालित गतिविधियों की समीक्षा की जाए तथा आगे की रणनीति को निर्धारित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि प्रत्येक जनपद में नर्सिंग होम संचालकों तथा आईएमए के पदाधिकारियों से नियमित संवाद बनाते हुए यह सुनिश्चित कराया जाए कि वे संक्रमित मरीज को उपचार हेतु कोविड अस्पताल भेजने में कतई विलम्ब न करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड-19 के संक्रमण की दर में कमी के बावजूद कोविड चिकित्सालयों की व्यवस्था को चाक चौबन्द रखा जाए। कोविड के संक्रमण से बचाव के सम्बन्ध में लोगों को जागरूक किये जाने की कार्यवाही निरन्तर जारी रखी जाए। इसके लिए विभिन्न प्रचार माध्यमों का भरपूर उपयोग किया जाए।

बैठक में मुख्य सचिव आरके तिवारी, अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा रजनीश दुबे, अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य आलोक कुमार, सूचना निदेशक शिशिर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# माटी के दीप जलाएं, त्योहार पर स्वदेशी सामान खरीदें

## केशव प्रसाद मौर्य ने की अपील, हस्तनिर्मित कलाकृतियों के निर्माताओं को किया सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि सरकार स्वदेशी अपनाने व आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य कर रही है। माटी कला बोर्ड की स्थापना कर माटी की मूर्तियों व अन्य सामग्री बनाने वाले लोगों की आर्थिक व सामाजिक स्थिति को सबल बनाया जा रहा है। श्री मौर्य ने आज 7 कालिदास मार्ग पर माटी की कलाकृतियों को बनाने वाले विभिन्न कारीगरों को अंगवस्त्र भेंट करते हुये, उक्त उद्गार व्यक्त किये।

इस अवसर पर उन्होंने इस लघु उद्यम को बढ़ावा देने हेतु कलाकृतियों के निर्माताओं को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया और लोगों से अपील की, कि वह इस बार दिवाली में माटी के दीप जलाएं तथा त्योहार के दौरान स्वदेशी वस्तुओं को अधिक से अधिक क्रय करें। प्रधानमंत्री द्वारा स्वदेशी अपनाने व आत्मनिर्भर भारत बनाने की दिशा में उठाये गये महत्वपूर्ण कदमों का स्वागत करते हुये उन्होंने कहा कि माटी की वस्तुओं को अपनाकर न केवल जरूरत की वस्तुओं की पूर्ति की जा रही है, बल्कि लोगों को रोजगार से जोड़ने का मार्ग प्रशस्त किया जा रहा है। यह कार्य आत्मनिर्भर भारत बनाने की दिशा में ही एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि जिस प्रकार दीप जलाने से प्रकाश होता है, उसी तरह से गरीबों का जीवन भी प्रकाशमय हो। माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष धर्मवीर प्रजापति के नेतृत्व में गोरखपुर, प्रयागराज, बाराबंकी आदि जिलों के प्रजापति समाज के लोगों द्वारा बनायी गयी विभिन्न कलाकृतियों का अवलोकन करते हुये लगभग 10 हजार रुपए की मूर्तियों व अन्य सामाग्री को उन्होंने स्वयं क्रय किया तथा श्री मौर्य ने बोर्ड के अध्यक्ष को भी उनके सराहनीय प्रयासों के लिये सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि ओडीओपी के तहत भी माटी की कलाकृतियों को बढ़ावा दिया जा रहा है और इन्हे प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से खादी भवन में भव्य प्रदर्शनी भी लगायी गयी है, जिसकी हर ओर सराहना हो रही है। श्री मौर्य ने स्वदेशी अपनाने की दिशा में लोगों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक करने की आवश्यकता पर बल दिया और विश्वास व्यक्त किया कि माटी कला बोर्ड के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिलेगा और लोग स्वावलम्बी तथा आत्मनिर्भर हो सकेंगे।

# समय से पूरा करें छात्रावास का कामः मुख्य सचिव

**लखनऊ।** महर्षि वाल्मीकि सेवा संस्थान देवघाट नौगढ़ चन्दौली परिसर में अनुसूचित जनजाति के छात्र एवं छात्राओं के लिए 50-50 बेड के छात्रावास का निर्माण, ओपन जिम, पेयजल की सुविधा एवं सोलर लाइट व सोलर पम्प की स्थापना की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव आरके तिवारी ने सभी कार्य समय से पूरा करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने कहा कि छात्रावास, ओपन जिम, पेयजल की सुविधा एवं सोलर लाइट व सोलर पम्प की स्थापना का कार्य शीघ्र पूरा किया जाए ताकि बच्चों को उसका पूरा लाभ मिल सके। ओपन जिम का निर्माण भी छात्रावास के निर्माण के साथ ही पूरा कराया जाए। सोलर लाइट व सोलर पम्प की स्थापना का कार्य भी जनजाति निदेशालय द्वारा नेडा के माध्यम से कराया जाए। उन्होंने कहा कि अपर मुख्य सचिव अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत सम्बन्धित विभागों से समन्वय कर लें तथा उक्त सभी कार्यों को शीघ्र पूरा कराया जाए।

# जिन्होंने कालाधन बनाया वे देश छोड़कर चले गए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भारत में नोटबंदी से देश की अर्थव्यवस्था बिगड़ती जा रही है। नोटबंदी से उन्हें तकलीफ पहुंची है जिन्होंने कभी कालाधन नहीं बनाया। जिन्होंने कालाधन बनाया वे देश छोड़कर चले गए। चलन में जो रुपया था वही रिजर्व बैंक में वापस आ गया। बाहर का कालाधन वापस नहीं आया। जीडीपी में भारी गिरावट आ गई है। यह अपरिपक्व फैसला था। भाजपा ने साजिशन चुनाव जीतने के लिए यह सब किया। श्री यादव ने कहा कि नोटबंदी से गरीब किसान, नौजवान, को कुछ नहीं मिला। भाजपा ने देश की जनता का भरोसा तोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि जनता अब वैसे ही बदलाव के मूड में है। अखिलेश ने कहा कि समाज में नफरत फैलाने वाली ताकतों का अंत हो रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश में लाखों नौजवानों की भर्ती का वादा किया था। किसान को धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं मिला। उसके इस्तेमाल का डीजल मंहगा कर दिया। भाजपा नहीं बता रही है कि उसने कहां बिजली बनाई है।

# गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे के लिए 250 करोड़ का लोन स्वीकृत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**गोरखपुर** लिंक एक्सप्रेस-वे के निर्माण के लिए बैंक आफ महाराष्ट्र ने 250 करोड़ रूपए का लोन स्वीकृत कर दिया है। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिए यूपीडा ने अब तक कुल 3 बैंकों से 1250 करोड़ रुपए का ऋण प्राप्त किया है। इनमें पंजाब नेशनल बैंक, यूको बैंक व बैंक ऑफ महाराष्ट्र हैं। इस एक्सप्रेसवे के लिए कुल 2250 करोड़ के ऋण प्राप्त करने के लिए कन्सोर्शीयम की स्थापना की जाएगी।

सोमवार को यूपीडा द्वारा गठित किए जाने वाले बैंकों के कन्सोर्शीयम में बैंक ऑफमहाराष्ट्र को शामिल करते हुए यूपीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अवनीश कुमार अवस्थी ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र को धन्यवाद दिया। परियोजना के लिए अधिकतम 2250 करोड़ के ऋण की सीमा निर्धारित की गयी है। इस कार्य के लिए एक बैंक कन्सोंशियम के गठन करने की मंजूरी कैबिनेट द्वारा प्रदान की गयी है। इस कार्य के लिए पंजाब नेशनल बैंक द्वारा 750 करोड़ का ऋण स्वीकृत किया गया है। पंजाब नेशनल बैंक द्वारा गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे परियोजना के वित्त पोषण के लिए बनने वाले बैंक कर्न्सोशियम का नेतृत्व किया जाएगा। यह एक्सप्रेस-वे गोरखपुर बाईपास ग्राम-जैतपुर के पास से प्रारम्भ होकर आजमगढ़ में समाप्त होगा। एक्सप्रेसवे की लम्बाई 91.352 किमी है। एक्सप्रेसवे से गोरखपुर, अम्बेडकरनगर, संतकबीरनगर, आजमगढ़ लाभान्वित होंगे।

# विधानसभा उपचुनाव की मतगणना के दौरान रहेगी त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के 7 जिलों में विधानसभा उपचुनाव की मतगणना के दौरान मंगलवार को मतदान केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा रहेगी। डीजीपी हितेश चंद्र अवस्थी ने इस संबंध में संबंधित जिलों के पुलिस कप्तानों को मतदान केंद्रों पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था करने के निर्देश जारी किए हैं। डीजीपी ने कोविड-19 संक्रमण के दृष्टिगत भारत सरकार और उत्तर प्रदेश शासन व पुलिस मुख्यालय स्तर से निर्गत निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करने के लिए भी निर्देशित किया है।

अपने निर्देशों में डीजीपी ने कहा है कि मतगणना केन्द्र पर आऊटर कार्डन, इनर कार्डन, आइसोलेशन कार्डन बनाकर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की जाए। जिससे कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति मतगणना केन्द्र में प्रवेश न कर सके। मतगणना केन्द्र पर मजबूत बैरीकेटिंग किया जाए। मतगणना के लिए स्ट्रांगरूम से मतगणना हाल तक ईवीएम को सुरक्षित ले जाने के लिए सुदृढ व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

डीजीपी ने निर्देश दिया है कि मतगणना केन्द्र पर यथा सम्भव सीसीटीवी, टेलीफोन, वायरलेस आदि संचार सुविधिाओं से युक्त नियन्त्रण कक्ष स्थापित किए जाएं।

# 25 माफियाओं पर हुई कार्रवाई, 368 करोड़ की संपत्ति जब्त

**लखनऊ।** प्रदेश स्तर पर चिन्हित 25 कुख्यात माफिया अपराधियों एवं उनके सहयोगियों के विरुद्ध अभियान चलाकर प्रभावी विधिक कार्रवाई की गयी है। माह अक्टूबर तक चिन्हित माफियाओं एवं उनके गैंग के सहयोगियों द्वारा अपराधिक कृत्य व अवैध तरीके से अर्जित की गयी चल अचल सम्पत्ति को उप्र गैंगेस्टर एक्ट की धारा व अन्य नियमों के अन्तर्गत अब तक कुल 367 करोड़ से अधिक मूल्य की सम्पत्ति के जब्तीकरण, ध्वस्तीकरण एवं अवैध कब्जे से अवमुक्त कराए जाने की कार्रवाई की गयी है। वहीं इनके परिजनों एवं सहयोगियों के नाम निर्गत 150 से अधिक शस्त्र लाइसेन्स निरस्त कराने की कार्रवाई की गयी है।

**IMPORTANT NOTICE**

It is informed that my share certificate of "Aarti Drugs Ltd." Address-198, M.I.D.C. Tarapur-Maharashtra has been lost.

| Name | Folio | Cert.No. | Distinctive No. | | No. of share |
|---|---|---|---|---|---|
| Sanjay Kumar | 017094 | 3482 | 6172697 | 6172746 | 50 |
| | | 82991 | 13540168 | 13540317 | 150 |

Any person having claim for share certificate/s should lodge claim with company/Registrar/Transfer agent "Link Intime Pvt. Ltd." within 15 days, after which no claim will entertained and the company shall issue duplicate share certificate.

Sanjay Kumar
84, Prem Nagar-Sitapur.

इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD

मंडलीय कार्यालय : लखनऊ न्यू बिल्डिंग, हजरतगंज, लखनऊ- 226001, ईमेल : zolucknow@indianbank.co.in

**जनसामान्य सूचना**

व्यापक रूप से जनसामान्य को तथा विशेष रूप से बैंक के ग्राहकों को सूचित किया जाता है कि हमारी निम्न शाखाओं का स्थान-परिवर्तन निम्नलिखित पते पर किया जा रहा है:

| क्र0 सं0 | शाखा का नाम | वर्तमान पता | नया पता | स्थान परिवर्तन तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अलीगंज | प्रथम तल, आरिफ चैंबर, कपूरथला अलीगंज, लखनऊ, उत्तर प्रदेश | बी 1/18 सेक्टर ए, अलीगंज लखनऊ, उत्तर प्रदेश | 30.11.2020 |
| 2. | ऐशबाग | 342, राजेंद्र नगर, ऐशबाग लखनऊ, उत्तर प्रदेश | 215, राजेंद्र नगर, लखनऊ उत्तर प्रदेश | 30.11.2020 |
| 3. | अहिमामऊ | अंसल प्रॉपर्टीस एवं इन्फ्रा खसरा 1202, गाँव- अहिमामऊ उत्तर प्रदेश | आफिस संख्या 552/UGF-305 ब्लॉक-डी शॉपिंग कॉम्प्लेक्स सुशांत गोल्फ सिटि, अहिमामऊ लखनऊ, उत्तर प्रदेश | 30.11.2020 |
| 4. | अमेठी | सरवनपुर अमेठी, उत्तर प्रदेश | अंतु रोड, केशव नगर, अमेठी उत्तर प्रदेश | 30.11.2020 |

कृपया हमारे सभी ग्राहक उपर्युक्त शाखाओं के स्थान- परिवर्तन एवं नए पते को नोट करें। उक्त शाखाओं के पते में परिवर्तन संबद्ध शाखाओं के समक्ष वर्णित तिथि से प्रभावी होगा। हमारे सभी ग्राहक स्थान- परिवर्तन प्रभावी होने की तिथि से ही उक्त शाखा के नए परिसर से पहले की ही भांति लेनदेन कर पाएंगें।

उपर्युक्त स्थान परिवर्तन की प्रक्रिया के कारण हमारे ग्राहकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसका पूरा ध्यान रखा गया है। उक्त परिवर्तन की प्रक्रिया के दौरान आपको कोई हानि न हो इस हेतु यह उचित होगा कि यदि आवश्यकता हो तो, आप अपनी शाखाओं से उनके स्थान परिवर्तन से पहले अपने लॉकर का परिचालन कर लें। इस संबंध में अधिक जानकारी /स्पष्टीकरण के लिए आप अपनी शाखा पर सम्पर्क कर सकते हैं

दिनांक : 09.11.2020

अंचल प्रबंधक
अंचल कार्यालय

# स्नातक-शिक्षक चुनाव में समीकरण बनाने में जुटी भारतीय जनता पार्टी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बीजेपी** प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि विधान परिषद चुनावों में भाजपा विजय परचम फहराएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की केन्द्र सरकार व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की प्रदेश भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं तथा आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के साथ देवतुल्य कार्यकर्ताओं का अथक परिश्रम भाजपा की विजय का आधार होगा। स्वतंत्र देव सिंह वाराणसी में वाराणसी स्नातक, शिक्षक विधान परिषद निर्वाचन की संगठनात्मक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। वहीं प्रदेश महामंत्री संगठन सुनील बंसल ने आगरा में विधान परिषद चुनाव को लेकर संगठनात्मक बैठक में चुनाव की व्यूहरचना पर चर्चा की। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि स्नातक, शिक्षक एमएलसी चुनाव में सेक्टर स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता तथा मतदाताओं से सतत सम्पर्क व संवाद बनाए रखना है। पार्टी का प्रत्येक जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी व कार्यकर्ता स्वयं को प्रत्याशी मानकर चुनाव में विजय का शंखनाद करे। पार्टी के कार्यकर्ताओं ने परिश्रम की पराकाष्ठा पार करके मतदाता बनाने का काम किया है। अब सबसे महत्वपूर्ण कार्य मतदाताओं को बूथ तक पहुंचाने का है।

# डिफेंस कारिडोर के लिए हुआ अनुबंध

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**डिफेंस** कारिडोर में निवेश के लिए सोमवार को यूपीडा और मैसर्स नवराज मेटल वर्क्स की प्रमोटर कृतिका और यूपीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अवनीश कुमार अवस्थी के बीच कॉरिडोर में निवेश को लेकर अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए है।

इस अनुबंध में नवराज मेटल वर्क्स द्वारा डिफेंस कॉरिडोर के अलीगढ़ नोड में 6 करोड़ के शुरुआती निवेश की बात कही गई है। इस कम्पनी द्वारा टंगस्टन, एलॉय रॉड्स का निर्माण किया जाएगा जो एपीएफएसडीएस में इस्तेमाल एंटी टैंक एम्यूनिशन में की जाती है। इस कम्पनी द्वारा शुरुआती रूप से 6 करोड़ के निवेश प्रस्तावित हैं और इससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रुप से 400 लोगों का रोजगार उपलब्ध होगा। अवनीश कुमार अवस्थी ने कम्पनी को आश्वासन दिया कि कम्पनी को उसके द्वारा प्रस्तावित भूमि शीघ्र उपलब्ध कराई जाएगी। यूपी डिफेंस कॉरिडोर के लिए चयनित सभी 6 नोड्स में से 4 नोड्स अलीगढ़, कानपुर, झाँसी और चित्रकूट में 1456 हेक्टेयर भूमि को चिन्हित किया गया है। वर्तमान में 1338 हेक्टेयर से अधिक भूमि इस 4 नोड्स में यूपीडा द्वारा क्रय, पुर्नग्रहण, अंतरित की जा चुकी है। अलीगढ़ में निवेश करने के लिए अब तक कुल 22 कम्पनियों ने यूपीडा के साथ एमओयू साइन कर लिए है। अलीगढ़ जनपद में कुल 1047 करोड़ का निवेश किया जाना प्रस्तावित है।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मैंने अपना नाम फुरकान से बदलकर फुरकान खान कर लिया है। कृपया भविष्य में इसी नाम से जाना जाए। फुरकान खान पुत्र चाँद मोहम्मद निवासी- जफरपुर कौशाम्बी

**सूचना**

मैंने अपना नाम अब्दुल मुहिब सिद्दीकी से बदलकर अब्दुल मोहिब सिद्दीकी कर लिया है। कृपया भविष्य में इसी नाम से जाना जाए। अब्दुल मोहिब सिद्दीकी पुत्र अब्दुल रसीद सिद्दीकी पता- 101/42 हाता गम्मू खां कर्नलगंज कानपुर नगर।

**सूचना**

मेरे मकान सं0 DS 212 Sec g LDA Colony Knp road Lko की मूल रजिस्ट्री दि0 21/11/09 बही जिल्द सं0 10698 पृष्ठ 41 से 60 क्रमांक 13839, खो गयी है, जिसका उपयोग अवैध होगा। सन्ध्या त्रिवेदी W/o एम.सी. त्रिवेदी A3ACPH रेलवे कालोनी, आलमबाग, लखनऊ।

**सूचना**

मैं प्रज्ञा गौतम पुत्री लालचंद राम निवासी 631/23 शिवपुरी कॉलोनी कमता चिनहट लखनऊ की निवासी हूं मेरी हाई स्कूल सीबीएसई बोर्ड की हाईस्कूल की मार्कशीट अनुक्रमांक संख्या 5291 420 इंटरमीडिएट की 2012 की अंकतालिका अनुक्रमांक संख्या 56 76926 कहीं खो गई है।

# योगी सरकार की नयी पहल पराली के बदले खाद

- कानपुर और उन्नाव में गोशालाओं के लिए पराली खरीद रहा प्रशासन
- नजीर बन सकती है पराली को लेकर उप्र की पहल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पराली** जलाने की गंभीर समस्या से राष्ट्रीय स्तर पर जल्द निजात मिलने की उम्मीद जग गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर उत्तर प्रदेश में हो रहे काम राष्ट्रीय स्तर पर नजीर बन सकते हैं। यूपी के दो जिलों में करीब पांच हजार कुंतल पराली किसानों से जिला प्रशासन ने लिए हैं। उन्नाव में जिला प्रशासन किसानों को दो ट्राली पराली देने पर एक ट्राली गोबर की खाद निशुल्क दे रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में ट्वीट कर कहा था कि प्रिय किसान भाइयों, आपका प्रकृति एवं पर्यावरण से अभिन्न सम्बन्ध है। पराली का जलना पर्यावरण एवं हम सबके लिए अत्यंत हानिकारक है। आप अन्नदाता हैं, आपका कार्य जीवन को सम्बल देना है। आइए पराली न जलाने व पर्यावरण के अनुकूल माध्यमों से उसके उत्पादक उपयोग का प्रण लें। दूसरे ट्वीट में उन्होंने कहा था कि प्रदेश के किसान बंधुओं के हित संरक्षण के लिए यूपी सरकार पूर्णतः प्रतिबद्ध है। पराली जलाने के दुष्प्रभावों और उसके बेहतर उपयोग के लिए कृषकों को जागरूक करने की आवश्यकता है। पराली जलाने से संबंधित कार्यवाही में किसान भाइयों के साथ कोई दुर्व्यवहार-उत्पीड़न स्वीकार नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री के इस ट्वीट के बाद धरातल पर असर दिखना शुरू हो गया। कानपुर देहात में तीन हजार कुंतल और उन्नाव में 1675 कुंतल से ज्यादा पराली किसानों से ली गई है। कानपुर देहात के डीएम डॉ. दिनेश चंद्र ने बताया कि पराली की समस्या को देखते हुए हम किसानों को ग्रामीण स्तर पर जागरूक कर रहे हैं। इसके अलावा हमने तीन हजार कुंतल से ज्यादा पराली किसानों से ली भी है। उन्नाव डीएम रविंद्र कुमार ने बताया कि हमारे यहां 125 गोशालाएं हैं। हम दो ट्राली पराली देने पर एक ट्राली गोबर की खाद निशुल्क दे रहे हैं।

**सरकार दे रही है 50 से 80 फीसदी तक अनुदानः** सुप्रीम कोर्ट और एनजीटी ने पराली जलाने को दंडनीय अपराध घोषित किया है। किसान ऐसा न करें, इसके लिए सरकार की ओर से भी जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। पराली को लेकर ऐसे कृषि यंत्रों को जिनसे पराली को आसानी से निस्तारित किया जा सकता है, उन पर सरकार की ओर से 50 से 80 फीसद तक अनुदान भी दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ किसानों को लेकर बेहद संवेदनशील हैं और किसानों की समस्याओं का निराकरण उनकी प्राथमिकता में है।

इण्डियन ओवरसीज़ बैंक
क्षे. का.: सी 33/2, श्री प्रेम कॉम्प्लेक्स, चन्दुआ, वाराणसी-221002. फोन: 0542-2220631
ई-नीलामी सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूमि हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 (सं. 54, 2002) के तहत बैंक में बंधक रखी गई अचल सम्पत्तियों का विक्रय

जबकि इण्डियन ओवरसीज़ बैंक के प्राधिकृत अधिकारी ने सरफेसी अधिनियम 2002 (अधिनियम) की धारा 13(2) के अन्तर्गत जारी सूचना के तहत अधोलिखित अनुसूची में वर्णित अचल सम्पत्तियों का कब्जा ले लिया है। बैंक ने अधिनियम की धारा 13(4) के अन्तर्गत अधोलिखित ऋण खाते के अन्तर्गत बैंक का बकाया, अन्य ब्याज, लागत एवं खर्च हुई राशि वसूलने हेतु **''जैसा है जहाँ है''** और **''जैसा है जो है''** और **''जो भी है''** में अधोलिखित आस्तियों को बेचने का निर्णय लिया है। विक्रय की प्रक्रिया अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-नीलामी प्लेटफार्म **"https://auctions.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi"** द्वारा दिनांक 26.11.2020 प्रातः 11.00 बजे से 2.00 बजे तक सम्पन्न होगी।

| क्र. सं. | ऋणी व शाखा का नाम | बंधक सम्पत्ति का विवरण | बकाया धनराशि (रू. लाख में) | आरक्षित मूल्य (रू. लाख में) | धरोहर राशि (रू. लाख में) A/c No. where the EMD to be deposited/ IFSC codes | सम्पर्क अधिकारी का नाम व मो0 न0. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **गोरखपुर में सम्पत्ति** शाखा : विजय चौक ऋणी : मेसर्स स्टार कौस्मेटिक व जनरल स्टोर (प्रो0-श्रीमती नाज बेगम) व जमानतकर्ता- श्री लीयाक्त हुसैन खाँन (पति श्रीमती नाज बेगम)। | इ एम चार मंजिला वैव्यसायिक व रीहायसी बिल्डिंग (लोवर ग्राउण्ड फ्लोर, अपर ग्राउण्ड फ्लोर, प्रथम तल, द्वितीय तल )मोहल्ला शाह महरूफ घंटा घर, मकान नं0 127 - डी, टप्पा - कस्बा, परगना - हवैली सुपर बाजार मार्केट के बगल में, गोरखपुर, उ. प्र. क्षेत्रफल 835.75 वर्ग फिट नाज बेगम पत्नी लियाक्त हुसैन खाँन। चौहददी : उत्तर : हामिद अलि का मकान, दक्षिण : लियाक्त हुसैन खाँन का सुपर बाजार शॉपिंग कॉम्पलेक्स, पूर्व : 6 फीट चौडा रोड़, पश्चिम : मुसरत अब्बास। | 1,27,01,106.64 दिनांक 31.08.2020 को + ब्याज एवं अन्य खर्चे अतिरिक्त | 52.50 | 5.25 04520113301010 IOBA0000452 | रविन्द्र नाथ झा मो0 : 8004985161 |
| 2. | **चित्रकूट में सम्पत्ति** शाखा : चित्रकूट ऋणी : श्री नरेन्द्र कुमार व गारन्टर श्रीमती सीमा देवी, वार्ड नं. 225, लक्ष्मणपुरी, कारवी-210205 | समस्त सम्पत्ति का भाग सर्वे नं. 323, मकान नं. 923/2 का, वार्ड नं. 4 (पुराना), 6 (नया) मौजा कार्वी सरकार, लक्ष्मणपुरी, जिला. चित्रकूट। चौहददी : उत्तर : रोड, दक्षिण : जी.जी.आई. कॉलेज की चहारदीवारी, पूर्व : श्रीमती मैना देवी की जमीन, पश्चिम : जीवन दास व राम दास की जमीन। | 5,52,249.18 दिनांक 07.11.2020 को + ब्याज एवं अन्य खर्चे अतिरिक्त | 49.00 | 4.90 24720113301010 IOBA0002472 | अमित यादव मो0 : 9838686777 |
| 3. | **गोरखपुर में सम्पत्ति** शाखा : विजय चौक ऋणी : मे0 देल्ली डिस्पोजल गुड्स (प्रो0 श्री उस्मान गनी) मकान नं. 1, ट्रांसफार्मर चौराहा, मो0 जनप्रिया विहार कॉलोनी हूमायूंपूर दक्षिण (गोरखपुर) व रशदा परवीन पत्नी उस्मान गनी। | समस्त सम्पत्ति का भाग दो मंजिला आवासीय बिल्डिंग श्री उस्मान गनी पुत्र नूर मोहम्मद एलआईजी 01, जनप्रिया विहार कॉलोनी, हुमायूंपूर दक्षिण, गोरखपुर 273001 के नाम रक्षित। क्षेत्रफल 901.58 वर्ग फिट। चौहददी : उत्तर : मालिक का मकान के बाद पिच रोड, दक्षिण : पेवर ब्रिक रोड कॉलोनी के बाद अन्य का मकान, पूर्व : अन्य का मकान, पश्चिम : ट्रांसफार्मर व पिच रोड। | 35,69,827.80 दिनांक 31.10.2020 को + ब्याज एवं अन्य खर्चे अतिरिक्त | 45.00 | 4.50 04520113301010 IOBA0000452 | रविन्द्र नाथ झा मो0 : 8004985161 |

**सम्पत्ति का निरीक्षण : 25.11.2020 तक प्रातः 10.00 से सायं 4.00 बजे। ऑनलाईन बिड (ईएमडी के साथ) जमा करने की तिथिः 09.11.2020 से ऑनलाईन आवेदन करने की अन्तिम तिथि (ईएमडी के साथ): 25.11.2020, सायं 5.00 बजे तक। नीलामी की तिथि व समयः 26.11.2020, प्रातः 11.00 बजे से 2.00 बजे तक**

नियम व शर्तेः 1. सम्पत्ति की बिक्री ''जैसा है, जहां है एवं जो भी है'' के आधार पर की जाएगी। 2. प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सम्पत्ति के बारे में सभी सम्भव सूचना लिया गया है। किन्तु किसी अन्य त्रुटि के लिए प्राधिकृत अधिकारी की जिम्मेदारी नहीं होगी। 3. बन्धक सम्पत्ति आरक्षित मूल्य से कम मूल्य पर बिक्री नहीं की जाएगी। 4. नीलामी प्रक्रिया ऑनलाईन माध्यम से ई-नीलामी पोर्टल "https://auctions.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi" पर होगी। 5. बोली दाता को सलाह दिया जाता है कि "http://www.ibapi.in" के माध्यम से समस्त नियम व शर्तें की जानकारी नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने से पहले कर लें। 6. इच्छुक बोलीकर्ता धरोहर धनराशि NEFT/RTGS के माध्यम से EMD जमा करने की अन्तिम तिथि 25.11.2020 सायं 5 बजे से पूर्व जमा कर सकते है। ई-नीलामी की अन्य नियम व शर्तों के लिए हमारे वेबसाईट http://www.ibapi.in देखें। हेल्पलाईन : 033-22901004, E-mail : varanasilaw@iobnet.co.in

दिनांक : 09.11.2020 स्थान : वाराणसी

प्राधिकृत अधिकारी, इण्डियन ओवरसीज़ बैंक

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः ( 0522 ) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

## प्रदूषण के चलते राजधानी की हवा हुई खराब, एल-3 अस्पतालों में

# फुल हो गई वेंटिलेटर यूनिटें



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

कुछ दिनों पूर्व कोविड मरीजों के उपचार के लिए बनाए गए एल 3 हॉस्पिटलों में खाली हुई वेंटिलेटर यूनिट फिर से फुल हो गई हैं। इसके पीछे हाल में बढ़े प्रदूषण को मुख्य जिम्मेदार माना जा रहा है। डाक्टरों का कहना है कि यदि प्रदूषण पर नियंत्रण नहीं मिला तो संभावित कोरोना की दूसरी लहर में संक्रमित मरीजों के लिए अधिक घातक साबित होगा। अक्टूबर में संक्रमित मरीज कम होने पर गम्भीर मरीजों की संख्या में कमी आयी थी। आईसीयू वार्ड में मरीजों का दबाव कम हुआ था। करीब 15 दिन पहले पीजीआई के कोविड अस्पताल के 80 वेंटीलेटर बेड में से करीब 15 खाली हो गए थे। केजीएमयू में 195 के मुकाबले करीब 20, लोहिया 20 बेड के मुकाबले तीन बेड खाली हो गए थे। अब इनमें से अधिकांश बेड दोबारा भर गए हैं। वर्तमान में एल-3 के 10 अस्पताल राजधानी में हैं। लोहिया संस्थान के प्रवक्ता डॉ. श्रीकेश सिंह के मुताबिक गंभीर मरीजों का दबाव बढ़ रहा है। बीच में आईसीयू बेड काफी खाली हो गए थे। अब फिर से बेड को लेकर मारामारी शुरू हो गई है। केजीएमयू प्रवक्ता डॉ. संदीप तिवारी के मुताबिक आईसीयू के ज्यादातर बेड भरे हैं। वही पीजीआई के निदेशक डॉ आरके धीमान का कहना है कि पीजीआई के राजधानी कोविड अस्पताल में लखनऊ के साथ प्रदेश भर के गंभीर मरीज आ रहे हैं। इधर, एकाएक आईसीयू मरीजों का ज्यादा दबाव बढ़ गया है।कोरोना संक्रमित मरीजों के लिए प्रदूषण बहुत नुकसानदेह है। यह दूषित हवा और धुंध फेफड़ों में जाकर संक्रमण को बढ़ा देती है। जिसकी वजह से मरीज को सांस लेने की तकलीफ बढ़ जाती। ऑक्सीजन सपोर्ट तक जरूरत पड़ जाती है।

## शहर में अब डेंगू का खौफ, बढ़ रहे मरीज



**लखनऊ।** राजधानी में डेंगू का प्रकोप कायम है। लगातार एंटी लार्वा के छिड़काव के बावजूद मरीजों के मिलने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को राजधानी लखनऊ में 6 मरीज सामने आए हैं। वही आज अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ केपी त्रिपाठी ने रुचि खंड शारदा नगर

### छह मरीज और मिले 15 को नोटिस जारी

लखनऊ का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान क्षेत्र मे खाली स्थानों पर जल भराव की स्थिति पायी गयी। जिसमें तत्काल एण्टी लार्वा का छिडकाव कराया गया। क्षेत्रवासियों के घर घर भ्रमण के दौरान गमलें, कूलर, टायर आदि का सघन निरीक्षण किया गया तथा एण्टी लार्वा का छिड़काव कराया गया। आज मेडिकल मोबाइल वैन द्वारा संत कबीर नगर फैजुल्लागंज क्षेत्र में 64 व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण करके दवा वितरित की गई। जबकि स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने 4199 घरों तथा विभिन्न स्थानों पर मच्छर जनक स्थितियों का सर्वेक्षण किया, जिनमें 15 घर-स्थानों पर मच्छर जनक स्थितियां पायी जाने पर आईपीसी की धारा 188 के तहत केशव नगर ,आचार्य नरेंद्रदेव, पुराना हैदराबाद ,कश्मीरी मोहल्ला, महमूद नगर में लोगों को नोटिस जारी की गई। जिन क्षेत्रों से डेंगू के मरीजों के मिलने की पुष्टि हुई है उनमें अलीगंज, चिनहट, गोमती नगर जैसे इलाके शामिल है। इन क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा सोर्स रिडक्शन तथा स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान की गयी।

### राजधानी में 207 सूबे में कोरोना के 1647 नए मामले

**लखनऊ।** सूबे में सोमवार को कोरोना वायरस के 1647 नए मरीज पाए गए हैं। अच्छी बात यह रही कि प्रदेश के तीन जिले बलरामपुर, मऊ, मिर्जापुर से आज एक भी नया मरीज सामने नहीं आया है। जबकि राजधानी लखनऊ में 207 केस सामने आए हैं। सूबे में 22965 केस एक्टिव हैं तो वही राजधानी में 3124 केस एक्टिव हैं। प्रदेश में अभी तक प्रदेश में 7231 मरीजों की और राजधानी में 918 की मौत हो चुकी है। अभी तक सूबे में 469003 संक्रमित मरीज ठीक किये जा चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक आज कानपुर में 58, प्रयागराज में 57, गाजियाबाद में 61, नोएडा में 163, गोरखपुर में 32, वाराणसी में 59, मेरठ में 102, बरेली में 20, मुरादाबाद में 12, अलीगढ़ में 23, झांसी में 44, सहारनपुर में 111, आगरा में 67, अयोध्या में 21, बाराबंकी में 15, बलिया में 17, लखीमपुर खीरी में 13, शाहजहांपुर में 11, मुजफ्फरनगर में 29, हरदोई में 14, मथुरा में 23, रामपुर में 3, इटावा में 18, बुलंद शहर में 20, गोंडा में 24, सीतापुर में 20, रायबरेली में 43, सुल्तानपुर में 19 ,उन्नाव में 3, फर्रुखाबाद में 6, सोनभद्र में 28, चंदौली में 13, अमरोहा में 13, सिद्धार्थनगर में 8, पीलीभीत में 18, बिजनौर में 53 संक्रमित मरीज पाए गए हैं।

# नोडल अधिकारी रखेंगे सफाई व्यवस्था पर नजर



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**शहर** को साफ सफाई में अव्वल रखने के लिए नगर निगम प्रशासन ने नोडल अधिकारी नामित करने का निर्णय लिया है। प्लाटों पर कूड़ा डालने पर सख्ती बरती गयी है। नगर आयुक्त के आदेश पर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की है। सफाई में बड़े परिवर्तन को लेकर नगर निगम ने अपने तेवर दिखाए हैं। एक दर्जन से अधिक वार्डों की विशेष सफाई अभियान चलाया गया है। वहीं, स्थलों के पड़ाव घरों को समाप्त कर दिया है।।

सोमवार को नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी ने शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए नोडल अधिकारी नामित किए हैं। नोडल अधिकारी वार्डों में सफाई व्यवस्था की निगरानी करेंगे। साथ ही

### कई पड़ाव घरों को किया गया समाप्त

इसकी रिपोर्ट नगर आयुक्त को सौंपेंगे। लालकुआं सहित बाबू जगजीवन वार्ड जैसे एक दर्जन वार्डों की विशेष सफाई अभियान चलाया गया। वहीं कई स्थलों के पड़ाव घरों को हटाया गया। इन्हें समाप्त करने का आदेश सीधे नगर आयुक्त के पास से जारी किया गया है, जिसकी मांग काफी अरसे से क्षेत्रीय लोगों द्वारा की जा रही थी। आए दिन लोग स्वास्थ्य नगर अधिकारी को घर और मोहल्ले के पास पड़ाव घरों से बदबू आदि की शिकायत कर चुके थे। इसे देखते हुए खाली प्लाटों, चिन्हित कूड़ा स्थलों पर कूड़ा हटा कर वहां न जमा करने का निर्णय लिया है।

**यहां हुई विशेष सफाई:** लालकुआं के छितवापुर पजावा, कुंडरी रकाबगंज में जगत नारायण रोड और तिलक नगर में रस्तोगी इंटर कालेज तक, लाला लाजपत राय वार्ड के मामा चौराहे से माही मोटर्स चौराहे व बेगम हजरतमहल वार्ड के मामा चौराहे से मानस का का प्लेक्स, चिनहट वार्ड प्रथम में हुसडिया विनीतखंड व चिनहट वार्ड द्वितीय वार्ड में तकवा गांव, आलमबाग जोन के ओमनगर वार्ड में जय प्रकाश नगर व ऋषि नगर, ठाकुरगंज जोन कल्बे आबिद प्रथम वार्ड में रुस्तम नगर , मैदान एल्च खांव अशर्फाबाद वार्ड में अशर्फाबाद हरिजन बस्ती, चावल वाली गली, बावर्ची टोला, जोन 7 के तहत बाबू जगजीवन राम वार्ड में इंदिरानगर नगर निगम सेक्टर 14 आवंतीपुरम गांव, जोन आठ के विद्यावती द्वितीय वार्ड में सेक्टर जीमें विशेष सफाई अभियान चलाया गया।

## छात्रों के प्रदर्शन के बाद मेरिट में गड़बड़ी की जांच को कमेटी गठित

**लखनऊ।** परास्नातक कक्षाओं में दाखिले को लेकर जारी मेरिट सूची में गड़बड़ी को लेकर छात्रों के प्रदर्शन के बाद लखनऊ विश्वविद्यालय की तरफसे कमेटी गठित कर दी गई है। गठित कमेटी पूरी मेरिट की जांच कर अपनी रिपोर्ट देगी। जिसके आधार पर मेरिट सूची जारी की जाएगी।पीजी में दाखिले के लिए एलएलएम, एमएससी बॉटनी, एमएससी जूलॉजी और एमएससी मैथ की जारी मेरिट सूची को लेकर पिछले सप्ताह विद्यार्थियों ने बवाला कर दिया था। कई दिन तक विद्यार्थी कुलपति कार्यालय पर धरना.प्रदर्शन किया। आखिर में विश्वविद्यालय प्रशासन से जांच का भरोसा मिलने के बाद ही विद्यार्थियों ने अपना धरना स्थगित किया था। उनका कहना था कि अगर विश्वविद्यालय ने सोमवार से जांच नहीं शुरू की तो वह फ़िर से आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। उनका सीधा आरोप था कि प्रवेश समन्वयक को लेकर था। विवि के कुल सचिव विनोद सिंह की तरफसे जारी आदेश में मामले की जांच के लिए विधि प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. डीएनएनएस यादव की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है।

## भर्ती रुकने से नाराज अभ्यर्थियों ने किया प्रदर्शन

**लखनऊ।** परीक्षा परिणाम के जारी होने के एक वर्ष बाद नौकरी की बांट जोह रहे ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी व समाज कल्याण पर्यवेक्षक के अभ्यर्थियों ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास के निकट प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों को पहले पुलिस ने समझाया परन्तु प्रदर्शन शांत न होने पर सभी अभ्यर्थियों को हिरासत में ले लिया गया।प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों में शामिल कमलेश ने बताया कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा जून 2018 में वैकेंसी निकाली गई थी। इसके बाद 22 और 23 दिसंबर को उसी साल परीक्षा भी करा दी गयी थी। इसके बाद अगले साल 29 अगस्त को परीक्षा का परिणाम भी आयोग की वेबसाइट पर आ गया था। उसके बाद अभिलेख सत्यापन को लेकर बार.बार प्रकाशित कैलेंडर में केवल तारीख बदल बदल कर जारी की जा रही है।

## आधा दर्जन बाइक के साथ वाहन चोर गिरफ्तार

**लखनऊ।** राजधानी की आलमबाग पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस का कहना है कि अभियुक्त शातिर किस्म का वाहन चोर है जिसने कई वाहन चोरी कर बेचे हैं। पुलिस ने उसके कब्जे से आधा दर्जन बाइक बरामद की हैं।जानकारी के अनुसार बीती रात इंस्पेक्टर अपनी टीम के साथ गस्त पर थे तभी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक वाहन चोर चोरी की मोटरसाइकिल के साथ मौजूद है। इस जानकारी पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर उसे दबोच लिया।

## तीस लाख की मार्फीन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**लखनऊ।** राजधानी की गाजीपुर पुलिस टीम ने इलाके में तस्करी करने वाले गिरोह के एक शातिर तस्कर को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस का कहना है कि उसके कब्जे से तीन सौ ग्राम स्मैक बरामद हुई है जिसकी अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब तीस लाख आंकी गई है।जानकारी के अनुसार इंस्पेक्टर गाजीपुर बृजेश सिंह ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट द्वारा अपराध एंव अपराधियों के खिलाफचलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत रिंग रोड चौकी इंचार्ज सतीश यादव सिपाही प्रमेन्द्र सिंह व सिपाही राजीव गस्त पर थे तभी मुखबिर से सूचना मिली कि रिंग रोड की तरफसे एक तस्कर निकलने वाला है जो मादक पदार्थों की तस्करी करता है।

## अगले साल से गूगल प्ले स्टोर व ओएस पर उपलब्ध होगा एलयू का स्लेट एप

**लखनऊ।** ऑनलाइन एजुकेशन को लेकर तैयार किये गए एप को हाल ही में भारत सरकार के कॉपीराइट विभाग की तरफसे कॉपीराइट मिलने के बाद लखनऊ विश्वविद्यालय ने अगले सत्र से स्लेट एप को गूगल प्ले स्टोर और ओएस पर उपलब्ध कराने की दिशा में कदम उठाने की सोच रहा है। हालांकि प्ले स्टोर पर एप उपलब्ध कराने से पूर्व विवि एप से जुड़ी सभी विसंगतियों को दूर कर लेना चाह रहा था। विवि के कुलपति प्रो आलोक राय के मुताबिक हम इस सत्र में सभी विषयों की ऑनलाइन क्लासेस लगातार करवाते रहेंगे। स्लेट ऐप्लीकेशन में आने वाली दिकतों को दूर किया जा सके।

## गृहकर बकाये पर आधा दर्जन दुकानें सील

**लखनऊ।** चिनहट सहित दूसरे इलाकों के गृहकर के बड़े बकायादारों पर नगर निगम द्वारा कार्रवाई की गयी। कर अधीक्षकों ने लेखराज डालर सहित चिन्हित व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर सीलिंग की कड़ी कार्रवाई की। इंदिरानगर के आधा दर्जन प्रतिष्ठानों से गृहकर की वसूली की। सोमवार को नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी के आदेश पर गृहकर के बड़े बकायेदारो के विरुद्ध कार्रवाई जारी रही। आधा दर्जन से अधिक व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से वसूली की।

## 31277 पदों पर सहायक अध्यापकों की भर्ती के मामले में सरकार ने कोर्ट से कहा

# नियुक्ति प्रक्रिया पुनर्रीक्षण के अधीन

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**वर्ष** 2019 की सहायक अध्यापक भर्ती परीक्षा में 31 हजार 277 पदों पर हो रही चयन व नियुक्ति की प्रक्रिया पुनर्रीक्षण के अधीन है। हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ के समक्ष राज्य सरकार की ओर से यह बात एक याचिका की सुनवाई के दौरान कही गयी। इस याचिका में कम अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी की काउंसिलिंग जबकि इसके विपरीत अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी को चयन सूची से बाहर करने का मुद्दा उठाया गया है। पीठ के समक्ष राज्य सरकार की ओर से यह भी बताया गया कि इस संदर्भ में एनआईसी द्वारा जांच की जा रही है। जांच का परिणाम आने पर इस प्रकार की गड़बड़ियों को दूर कर लिया जाएगा।जस्टिस मनीष कुमार की एकल पीठ ने इस जवाब के पश्चात अपने आदेश में कहा है कि अब याचिकाकर्ता व इस प्रकार के अन्य अभ्यर्थियों के अधिकार व हित को सुरक्षित करने के लिए किसी अन्य आदेश की आवश्यकता नहीं है।

याचिका दाखिल करने वाले पंकज यादव का कहना था कि उसे 71.1 अंक प्राप्त हुए लेकिन चयन सूची में स्थान नहीं दिया गया। जबकि उससे कम अंक पाने वाले एक अभ्यर्थी जिसे 68.78 अंक मिलने के बावजूद काउंसिलिंग के लिए बुलाया गया। कहा गया कि कुल 69 हजार पदों पर भर्ती की जानी थी लेकिन सुप्रीम कोर्ट द्वारा शिक्षामित्रों के लिए 37 हजार 339 पदों को सुरक्षित रखने के आदेश के बाद 31 हजार 277 पदों पर ही भर्ती की जानी है। याचिका के जवाब में राज्य सरकार का कहना था कि अधिक अंक पाने वाले अभ्यर्थियों को नजरंदाज कर कम अंक वालों को नियुक्ति देने का प्रश्न ही नहीं उठता। यदि किसी मामले में ऐसा हो जाता है, तो अधिक अंक वाले अभ्यर्थी को फ्रेश काउंसिलिंग के लिए बुलाया जाएगा व कम अंक वाले की चयन व नियुक्ति रद कर दी जाएगी।

**सीबीए ने दी बधाई :** एडीजे अमरजीत वर्मा को एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल का जिला जज नियुक्त करने पर सेंट्रल बार एसोसिएशन ने बधाई दी है। सोमवार को सीबीए की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर न्यायरत्न की उपाधि से भी नवाजा गया। इस मौक पर सीबीए के अध्यक्ष आदेश कुमार सिंह व महासचिव संजीव पांडेय के साथ ही संयुक्त सचिव अनिल कुमार मिश्रा तथा अन्य पदाधिकारीगण भी उपस्थित थे।

## गायत्री प्रजापति का समुचित इलाज हो

**लखनऊ।** अपहरण व छेड़छाड़ के एक आपराधिक मामले में निरुद्ध मुल्जिम गायत्री प्रसाद प्रजापति की बीमारी का इलाज जेल मैनुअल के हिसाब से जेल में ही कराने का आदेश एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट ने वरिष्ठ जेल अधीक्षक को दिया है। विशेष जज पवन कुमार राय ने इसके साथ ही गायत्री को जेल मैनुअल के मुताबिक सुविधा भी मुहैया कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने यह आदेश गायत्री की एक अर्जी पर देते हुए इस संदर्भ में वरिष्ठ जेल अधीक्षक से रिपोर्ट भी तलब की है। मामले की अगली सुनवाई 21 नवंबर को होगी। सोमवार को इस मामले की सुनवाई के दौरान मुल्जिम गायत्री व आशीष शुक्ला जेल से अदालत में हाजिर थे। गायत्री की ओर से एक अर्जी प्रस्तुत कर अपनी बीमारी का इलाज केजीएमयू में कराने की गुहार लगाई गई। गायत्री का कहना था कि जेल में उनका इलाज ठीक से नहीं हो रहा है। उन्हें न तो जेल के अस्पताल में भर्ती कराया जा रहा है और न उन्हें समुचित भोजन दिया जा रहा है। यहां तक कि रात में सोने के लिए बिस्तर भी नहीं दिया जा रहा है। जबकि पूर्व में मंत्री व विधायक रहने के चलते उन्हें यह सभी सुविधाएं देनी चाहिए।

## नसीमुद्दीन समेत पांच मुल्जिमों की डिस्चार्ज अर्जी खारिज

**लखनऊ।** वर्ष 2016 में हजारों कार्यकर्ताओं के साथ हजरतगंज चैराहे पर धरना प्रदर्शन करने के एक आपराधिक मामले में सोमवार को एमपी एमएलए की विशेष अदालत ने बसपा के तत्कालीन राष्ट्रीय महासचिव नसीमुद्दीन सिद्दीकी व राम अचल राजभर तथा राष्ट्रीय सचिव मेवालाल गौतम समेत पांच मुल्जिमों की डिस्चार्ज अर्जी खारिज कर दी। विशेष जज पवन कुमार राय ने मुल्जिमों के खिलाफ आरोप तय करने के लिए 20 नवंबर की तारीख तय की है। इस मामले में मुल्जिम नौशाद अली व अतर सिंह राव के खिलाफभी आईपीसी की धारा 143 व 341 के तहत आरोप पत्र दाखिल हुआ था।

## लेखपाल व हाईटेक ग्रीन सिटी के खिलाफ मुकदमे की अर्जी

**लखनऊ।** आपसी षडयंत्र व दस्तावेजों में हेराफेरी के जरिए जमीन का बैनामा करने के कथित मामले में सोमवार को अदालत में मुकदमे की एक अर्जी दाखिल की गई। इस अर्जी में मोहनलालगंज के लेखपाल रमेश चंद्र व हाईटेक ग्रीन सिटी प्राइवेट लिमिटेड के साथ ही कई अन्य को भी विपक्षी पक्षकार बनाया है। अर्जी दाखिल करने वाले श्रीकांत ने इनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। सीजेएम शिवानंद ने फिलहाल उनकी इस अर्जी पर थाना मोहनलालगंज से रिपोर्ट तलब करने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 24 नवंबर को होगी।

# सरकार ने छात्रवृत्ति पर लगी रोक हटाई

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**दीपावली** से पहले छात्रवृत्ति पर लगी रोक राज्य सरकार ने हटा ली है। सरकार के इस कदम से स्टूडेंट्स को स्कालरशिप की प्रतिपूर्ति हो सकेगी।समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुसूचित जाति, सामान्य वर्ग के तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा अल्पसंख्यक व पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा ओबीसी के गरीब व जरूरतमंद छात्र छात्राओं को उनकी पढ़ाई जारी रखने के लिए छात्रवृत्ति और फीस भरपाई की सुविधा दी जाती है। दिव्यांगजन कल्याण विभाग की ओर से दिव्यांग छात्र छात्राओं को यह सुविधा दी जाती है। इसी क्रम में सरकार के निर्देश पर वित्त विभाग ने अनुसूचित जाति, सामान्य वर्ग के अलावा अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग के गरीब छात्र छात्राओं को दी जाने वाली सरकारी छात्रवृत्ति व फीस भरपाई की राशि का वितरण किए जाने पर लगी रोक हटा ली है। वित्त विभाग ने छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति व फीस भरपाई की सुविधा चालू शैक्षिक सत्र के लिए दिये जाने पर सहमति प्रदान की है। मगर इन सभी वर्गों में बीएड व बीटीसी का पाठ्यक्रम संचालित करने वाले शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को फिलहाल यह सुविधा नहीं उपलब्ध होगी।

## राज्य विश्वविद्यालयों में इवैल्यूएशन को चैलेंज कर सकेंगे छात्र

लखनऊ। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी की तर्ज पर अब सभी राज्य विश्वविद्यालयों में स्टूडेंट्स इवैल्यूएशन को चैलेंज कर सकेंगे। इसके लिए स्टूडेंट्स को एक निर्धारित शुल्क जमा करना होगा। इवैल्यूएशन के दौरान स्टूडेंट्स की शिकायत सही पाए जाने के साथ ही परसेंटेज में बदलाव होने पर जमा शुल्क वापस कर दिया जाएगा। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के निर्देश पर इसका ड्राफ्ट तैयार कर राजभवन को भेज दिया गया है। बीते दिनों कुलपतियों के साथ हुई बैठक में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने इस सम्बंध में ड्राफ्ट तैयार करने के निर्देश दिए थे। इस संबंध में प्रस्तावित नीति के तहत छात्र अपनी उत्तरपुस्तिका के मूल्यांकन का पुनरीक्षण करा सकेंगे। सब्जेक्टिव पेपर में एक निर्धारित प्रतिशत के बाद बदलाव होने पर उसे शामिल किया जाएगा। वर्तमान में सूबे में 17 राज्य विश्वविद्यालय हैं। अधिकतर विश्वविद्यालयों में चैलेंज इवैल्यूएशन की कोई व्यवस्था नही है। जिसके चलते इवैल्यूएशन को लेकर छात्र धरना प्रदर्शन तक करते रहते हैं।

# आचार्य नरेंद्रदेव ने छात्रों को दे दिया था अपना आवास

### एससी-एसटी स्टूडेंट्स के लिए की थी यह व्यवस्था, कुलपति रहते हुए किराए के मकान में रहते थे आचार्य-लविवि के शताब्दी वर्ष को लेकर अब खंगाले जा रहे इतिहास के पन्ने

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लखनऊ** विश्वविद्यालय अपनी स्थापना के 100वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। ऐसे विवि वास्तुकला एवं पुरातत्व कला से संयोजित विवि की ऐतिहासिक इमारतों के बीच इतिहास के पन्ने खंगाले जाने शुरू हो गए हैं। खासतौर पर यहां के शिक्षकों के द्वारा की गई शिक्षा और उनके त्याग का एक अलग ही स्थान हैं। इनमे एक वर्ष 1947 से 1951 तक विवि के कुलपति रहे आचार्य नरेन्द्रदेव का त्याग और समर्पण विवि के लिए अप्रतिम उदाहरण है। आचार्य नरेंद्र देव साल 1947 से 1951 तक लखनऊ यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर के तौर पर नियुक्त होकर आए थे। लखनऊ यूनिवर्सिटी के पब्लिक एडमिन विभाग के प्रोफेसर व डॉ राम मनोहर लोहिया अवध यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति प्रो मनोज दीक्षित बताते है कि आचार्य नरेंद्र देव सन 1947 में देश को आजादी मिलने के तुरंत बाद पुणे में झंडा रोहण किया था। वहां से चलकर अगले दिन लखनऊ यूनिवर्सिटी आकर कुलपति का पद भार संभाला था। कार्यकाल के दौरान उन्हें





रहने के लिए गोमती किनारे स्थित कबूतर कोठी आवंटित हुआ था। वह महान समाजसेवी व समाज सुधारक थे। एक बार जब एससी-एसटी वर्ग के छात्र उनके पास रहने की व्यथा को लेकर पहुंचे तो उन्होंने अपना बंगला स्टूडेंट्स को समर्पित कर दिया। जिसे छात्रावास के तौर पर डेवलप किया गया और उसका नाम हरिजन छात्रावास पड़ गया। कालांतर में जब अन्य हॉस्टल बन गए तो स्टूडेंट्स को वहां पर ट्रांसफर कर दिया गया। वर्तमान में वह छात्रावास डीपीए की बिल्डिंग के रूप में मौजूद है।

**खुद चले गए थे किराए के मकान में**

प्रो दीक्षित बताते है कि स्टूडेंट्स के लिए रहने के लिए अपना बंगला देने के बाद आचार्य नरेंद्र देव न्यू हैदराबाद एरिया में एक किराए के मकान में चले गए रहने के लिए। उनको एलयू में बने दूसरे कई बंगला आवंटन करने की काफी कोशिश की गई। पर उन्होंने लेने से मना कर दिया। उनका कहना था गरीब छात्रों के रहने की व्यवस्था पहले होनी चाहिए। वह बताते है कि आचार्य जी ने कुलपति रहने के दौरान सैलरी भी नहीं लिया था।

# वोकल फॉर लोकल के रूप में मनाएं दीपावली

## सिद्धार्थ नाथ सिंह ने खादी इम्पोरियम के नवीनीकरण एवं विस्तारीकरण विक्रय स्थल का किया उद्‌घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**खादी** एवं ग्रामोद्योग मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सपना है कि आने वाली दीपावली त्योहार वोकल फॉर लोकल के रूप में जाना जाये। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने विशेष रूप से आमजनता से अपील की है कि वे इस दीवाली को लोकल प्रोडेक्ट खरीदें और लोकल दीवाली को वोकल बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाएं।

श्री सिंह सोमवार को गांधी आश्रम परिसर में स्थापित खादी इम्पोरियम के नवीनीकरण एवं विस्तारीकरण विक्रय स्थल का उद्घाटन कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि इस इम्पोरियम के माध्यम से कुटीर उद्योगों के उत्पादों के विपणन को बल मिलेगा। राज्य सरकार ने स्थानीय उत्पादों के विपणन की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की है। इस इम्पोरियम को नवीन रूप मिल जाने से अब यह अपने दायित्व को और बाखूबी निभाने में अग्रणी होगा। इसके अतिरिक्त एक छत के नीचे मिट्टी के उत्पाद, अगरबत्ती, शहद सहित खादी के अन्य उत्पाद बिक्री हेतु उपलब्ध होंगे।

खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री ने खादी भवन में चल रही माटीकला प्रदर्शनी का उल्लेख करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में हस्तशिल्पियों द्वारा निर्मित उत्पादों को अधिकाधिक रूप से पसंद किया जा रहा है। इसके साथ ही उनकी कला का भी प्रदर्शन लोगों के आकर्षण का केन्द्र बना है। उन्होंने कहा कि मिट्टी से निर्मित उत्पादों के विकास पर कभी भी पहले ध्यान नहीं दिया गया। राज्य सरकार ने इस ओर गंभीरता का परिचय देते हुए माटीकला बोर्ड का गठन किया, जिसकी सवत्र सराहना हो रही है।

श्री सिंह ने कहा कि खादी एवं ग्रामोद्योग के उत्पादों को आमजन तक सुगमता से सुलभ कराने के लिए खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड पूरी तरह संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि खादी के उत्पादों की मार्केटिंग को अति व्यवहारिक बनाया जा रहा हैए जिससे ग्रामीण क्षेत्र के शिल्पियों को अधिकाधिक रोजगार के अवसर मिल सकें और उनके जीवन में वांछित सुधार आ सकेगा। इस अवसर पर श्री गांधी आश्रम बीपी पाण्डेय सहित इम्पोरियम से जुड़े कर्मी मौजूद थे।

# विश्व एकता आज की आवश्यकताः केशव

● सीएमएस द्वारा आयोजित विश्व के मुख्य न्यायाधीशों का चार-दिवसीय अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन सम्पन्न

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सिटी** मोन्टेसरी स्कूल द्वारा ऑनलाइन आयोजित किये जा रहे 'विश्व के मुख्य न्यायाधीशों का 21वाँ चार दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन' आज सम्पन्न हो गया। विभिन्न देशों के प्रख्यात न्यायविदों, कानूनविदों व अन्य गणमान्य हस्तियों ने एक स्वर से कहा कि वह दिन अब दूर नहीं है जब विश्व की एक सरकार बनेगी और भावी पीढ़ी को 'स्वच्छ वातावरण, शान्तिपूर्ण विश्व व्यवस्था एवं सुरक्षित भविष्य' का अधिकार मिलेगा। इससे पहले, इस ऐतिहासिक सम्मेलन के चौथे व अन्तिम दिन आज प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, प्रो. बलराज चौहान, वाइस-चांसलर, धर्मशास्त्र नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, जबलपुर मध्य प्रदेश, प्रो. आलोक कुमार राय, वाइस चांसलर, लखनऊ विश्वविद्यालय एवं प्रो. सुबीर के. भटनागर, वाइस चांसलर, डा. राम मनोहर लोहिया नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, लखनऊ ने अपने विचारों से विश्व एकता एवं विश्व सरकार का पुरजोर समर्थन किया।

सम्मेलन में आज के मुख्य अतिथि उप-मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने संदेश में कहा कि विश्व एकता आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। एकता से ही सम्पूर्ण मानव जाति का कल्याण संभव है, इसमें कोई दो राय नहीं हो सकती है। इस अवसर पर सम्मेलन के संयोजक डा. जगदीश गाँधी, प्रख्यात शिक्षाविद् व संस्थापक, सीएमएस ने चार दिन चली परिचर्चा का निचोड़ प्रस्तुत करते हुए कहा कि लगभग सभी मुख्य न्यायाधीशों, न्यायाशीशों व कानूनविदों की आम राय रही कि भारतीय संविधान का अनुच्छेद 51(सी) विश्व की समस्याओं का एक मात्र समाधान है। भारतीय संविधान विश्व के अकेला ऐसा संविधान है जो पूरे विश्व को एकता के सूत्र में जोड़ने की बात कहता है।

कार्यक्रम में लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय , प्रो. बलराज चौहान, वाइस-चांसलर, धर्मशास्त्र नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, जबलपुर फिली आइसलैण्ड के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश कमल कुमार ने भी अपने विचार रखे। वहीं सम्मेलन के चौथे दिन आज वर्चुअल प्रजेन्टेशन के माध्यम से फिलीपीन्स के पूर्व मुख्य न्यायाधीश हिलेरियो डेविड जूनियर को महात्मा गाँधी अवार्ड एवं इजिप्ट के सुप्रीम कॉन्स्टीट्यूशनल कोर्ट के डेप्युटी चीफ जस्टिस न्यायूर्ति आदेल ओमर शेरीफको होप ऑफ ह्यूमैनिटी अवार्ड से सम्मानित किया गया।

## गौसेवा आयोग के अध्यक्ष ने किया कान्हा उपवन का दौरा

**लखनऊ।** कान्हा उपवन का निरीक्षण उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष द्वारा दौरा किया गया। अध्यक्ष ने दीपावती तट पर प्रस्तावित गोमय दीपावली का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एक लाख दीप तैयार पाए गए। सोमवार को उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष प्रोफेसर श्याम नंदन सिंह ने कान्हा उपवन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कान्हा उपवन में गो में दीपावली की तैयारियों का जायजा लिया। कार्यक्र म के दौरान उन्होंने बनाए गए 100000 दिए को देखा।

## श्रम मंत्री ने किया मिशन गौरव कार्यक्रम का उद्‌घाटन

**लखनऊ।** श्रम एवं सेवायोजन मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने सोमवार को सरकारी आवास में श्रमिकों को लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में श्रमिकों की सहायता एवं मार्गदर्शन करने के लिए टाटा ट्रस्ट द्वारा संचालित मिशन गौरव कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि श्रमिकों को सरकारी योजनाओं से जुड़ाव हेतु 10 और जनपदों में टाटा ट्रस्ट द्वारा मिशन गौरव कार्यक्रम की शुरूआत एक बेहद अनोखी एवं सराहनीय पहल है। टाटा ट्रस्ट राष्ट्रीय स्तर की एक बेहद विश्वसनीय संस्था है जो प्रत्येक परिस्थितियों में गरीब समुदाय एवं सरकार का सहयोग करने में हमेशा तत्पर रहती है। इस दौरान उन्होंने बहराइच, श्रावस्ती तथा गाजियाबाद में ट्रस्ट द्वारा स्थापित अपना सेवा केन्द्रों का अवलोकन वर्चुअल करते हुए कहा की गाँव स्तर पर अपना सेवा केंद्रों की स्थापना से जहाँ एक ही स्थान पर श्रमिकों को समस्त सेवाएं प्राप्त होंगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ऐसे और अधिक केन्द्रों की स्थापना किया जाना श्रमिकों के लिए अत्यंत उपयोगी होगा तथा टाटा ट्रस्ट के इस पहल से प्रावासी एवं जरूरतमंद परिवारों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर उन्होंने अपना सेवा केन्द्र की मोबाइल वैन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना भी किया।

# संस्थागत प्रसव की सभी सुविधाएं प्राथमिकता से सुनिश्चित होंः आलोक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रमुख** सचिव चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग आलोक कुमार ने सोमवार को वीरांगना अवंतीबाई महिला चिकित्सालय का दौरा किया। इस मौके पर उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सुरक्षित संस्थागत प्रसव हेतु सभी सुविधाएं प्राथमिकता से सुनिश्चित हों। उन्होंने कहा सुदूर क्षेत्रों में जहां चिकित्सकों की सहज उपलब्धता नहीं है वहाँ कम्यूनिटी हेल्थ आफीसर को बड़ी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना है, इसलिए इनके प्रशिक्षण के समय कड़ी मेहनत और रात्रिकालीन ड्यूटी के लिए भी प्रशिक्षित किया जाए।

इससे पूर्व अस्पताल पहुंचे प्रमुख सचिव ने अस्पताल में साफ-सफाई , प्रसूताओं को मिलने वाली व्यवस्थओं और पोषण, हेल्थ डेस्क, आयुष्मान एवं 101 काउन्टर, आईसीटीसी काउन्टर, कोरोना टेस्ट सुविधा, टीकाकरण तथा बाल रोग विभाग, ओपीडी, इमरजेंसी वार्ड का निरीक्षण कर प्रमुख चिकित्सा अधिक्षिका डा सुधा वर्मा से उपलब्ध सेवाओं के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान प्रमुख सचिव ने एक वर्ष के शिशुओं को पूर्ण टीकाकरण कार्ड वितरित किए। उन्होंने इस दौरान चिकित्सालय में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कम्यूनिटी हेल्थ आफीसर्स को भी सम्बोधित कर कड़ी मेहनत कर अधिक से अधिक जानकारी हासिल करने के लिए प्रेरित किया। अपने निरीक्षण में उन्होंने चिकित्सालय में मरीज फीड बैक सिस्टम सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर जोर दिया। निरीक्षण में प्रमुख सचिव के साथ राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक अपर्णा उपाध्याय भी मौजूद रहीं।

## एक सप्ताह में 19 हजार 585 लीटर अवैध शराब बरामद, 297 अभियुक्त गिरफ्तार

**लखनऊ।** आबकारी विभाग द्वारा नवम्बर के प्रथम सप्ताह में प्रदेश में 297 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर 19 हजार 585 लीटर अवैध शराब बरामद की गयी। मदिरा निर्माण में प्रयुक्त होने वाले 99080 किलो लहन को मौके पर नष्ट किया गया। अपर मुख्य सचिव आबकारी संजय आर भूसरेड्डी ने बताया कि प्रदेश में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी की रोकथाम के लिए लगातार प्रवर्तन कार्रवाई की जा रही है। अपर मुख्य सचिव द्वारा बताया गया कि प्रदेश की आवकारी दुकानों पर निर्धारित मूल्य पर मदिरा की बिक्री सुनिश्चित कराई जा रही है। समाचार पत्रों के माध्याम से दुकानों पर अधिक दाम पर शराब की बिक्री की शिकायत का संज्ञान लेते हुए प्रदेश के कतिपय जनपदों में दूसरे मण्डलों के उपायुक्तों से शराब की दुकानों पर औवर रेटिंग एवं अवैध मदिरा के सम्बन्ध में क्रास चेकिंग कराई गई। इसके अनुक्रम में गठित टीम द्वारा 13 जनपदों की कुल आबकारी दुकानों पर गोपनीय ढंग से खरीददारी कराते हुए दुकानों के निरीक्षण की कार्रवाई कराई गई । इसके अतिरिक्त यह भी अवगत कराया गया कि दीपावली त्यौहार में मदिरा की खपत में बढ़ोत्तरी होने की सम्भावना को देखते हुए आबकारी विभाग द्वारा पुलिस एवं प्रशासन के सहयोग से 6 नवम्बर से 15 नवम्बर 2020 तक विशेष प्रवर्तन अभियान संचालित किया जा रहा है। जिसमें उच्चाधिकारियों को स्वयं अपने निर्देशन में प्रवर्तन कार्रवाई कराए जाने के विस्तृत दिशा निर्देश दिए गए हैं।

## बसपा व कांग्रेस के पूर्व सांसद समेत कई नेता सपा में शामिल



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व सोमवार को सपा मुख्यालय में बसपा, जनता दल यू और कांग्रेस के कई नेताओं ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर सर्वश्रेष्ठ दल के समाजवादी पार्टी में विलय की घोषणा भी की गई। इसके साथ ही कार्यक्रम के दौरान साइकिल से 40 से अधिक देशों की यात्रा कर चुके अभिषेक कुमार शर्मा तथा मंदी के जनक पुस्तक के लेखक दीपक पाण्डेय ने भी समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। बसपा और कांग्रेस छोड़कर चंदौली के पूर्व सांसद कैलाश नाथ सिंह यादव कांग्रेस के पूर्व सांसद मिर्जापुर बालकुमार पटेल, पूर्व सांसद सीतापुर कैसरजहां, पूर्व विधायक गण राम सिंह पटेल पट्टी प्रतापगढ़, सुनील यादव ओबरा सोनभद्र, रमेश राही हरगांव सीतापुर, जासमीन अंसारी पुवायां शाहजहांपुर तथा बलरामपुर के मुख्य जोनल कोआर्डिनेटर शत्रोहन प्रसाद वर्मा एवं मोहम्मद अशफाक खां के अतिरिक्त जनता दल यू के युवा मोर्चा अध्यक्ष अरविन्द पटेल भी समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए। मोहम्मद अहमद पूर्व चेयरमैन नगरपालिका महमूदाबाद तथा आशीष मिश्र पूर्व चेयरमैन नगरपालिका सीतापुर भी समाजवादी पार्टी के सदस्य बन गए हैं। इस अवसर पर अखिलेश यादव ने दीपक पाण्डेय की पुस्तक मंदी का जनक कौन तथा नरेन्द्र यादव की पुस्तक काला धन का विमोचन भी किया। वहीं पार्टी मुख्यालय में सोमवार को सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की मौजूदगी में खजांची नामक 4 वर्षीय बच्चे के द्वारा केक कटा कर नोटबंदी की चौथी वर्षगांठ मनाई गई।

## यूपीएसईई के तीसरे चरण की काउंसलिंग आज से

**लखनऊ।** यूपी एसईई काउंसलिंग के दूसरे चरण के नतीजे जारी होने के बाद तीसर चरण की काउंसलिंग आज से शुरू होगी। बता दें कि संशोधित कार्यक्रम के तहत छात्रों को अब 21 से 24 नवम्बर के बीच आवंटित कॉलेज में रिपोर्ट करना होगा। प्रवेश समन्वयक प्रो. विनीत कंसल ने बताया कि छात्रों की सहूलियत को देखते हुए यह परिवर्तन किए गए थे। खाली सीट पर दाखिले के लिए आगामी 26 नवम्बर से स्पेशल राउंड का आयोजन किया जाएगा। इसमें सरकारी कॉलेजों की खाली सीट को भी शामिल किया जाएगा।

## भाषा यूनिवर्सिटी में आवेदन 18 नवम्बर तक

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन भाषा विश्वविद्यालय में यूजी और पीजी पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने के लिए स्टूडेंट्स 18 नवंबर तक आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय के एडमीशन कॉर्डिनेटर सैयद हैदर अली ने बताया कि अब तक दोनों ही कोर्सेस में 1200 के करीब आवेदन प्राप्त हुए हैं। इस साल इंजीनियरिंग फैकेल्टी के बीटेक कोर्स में 348 सीटों के सापेक्ष 203 सीटे भर चुकी हैं और बीटेक के विभिन्न विषयों में अभी तक 33 स्टूडेंट्स ने प्रवेश लिया है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि बीबीए एबीसीए और बीण्कॉम पाठ्यक्रमों में सभी सीटें भर चुकी हैं। अब केवल इन पाठ्यक्रमों में सेल्फफाइनेंस सीटों पर प्रवेश लिया जा रहा है।

## अतिक्रमण देख डीसीपी ने इन्सपेक्टर विकास नगर को लगाई फटकार

**लखनऊ।** डीसीपी उत्तरी शालिनी ने सोमवार देर शाम रिंग रोड स्थित टेढ़ी पुलिया चौराहे के आसपास पैदल गश्त किया। इस दौरान चौराहे पर बेतरतीब वाहनों को खड़ा देख इन्सपेक्टर विकासनगर को फटकार लगाई। इसके साथ ही गुडम्बा पुलिस को भी अतिक्रमण को लेकर हिदायत दी। इसके बाद डीसीपी ने चार नम्बर चौराहे पर पहुंच कर ज्वैलर्स की दुकानों की सुरक्षा व्यवस्था परखी। दुकानदारों से सुरक्षा गार्ड रखने की भी अपील की। इस दौरान डीसीपी शालिनी के साथ एडीसीपी राजेश श्रीवास्तव और एसीपी महानगर और अलीगंज भी मौजूद रहे।

## अनियंत्रित कार नाले में गिरी, तीन घायल

**लखनऊ।** राजधानी के मलिहाबाद स्थित रहीमाबाद चौकी क्षेत्र तरौना गांव के सामने लखनऊ हरदोई राजमार्ग पर बेहता नाले के पुल के नीचे अनियंत्रित होकर एक कार गिर गई, जिससे कार सवार तीन लोग घायल हो गए। सीएचसी में घायलों के प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी कर दी गई। रविवार सुबह शाहजहां पुर निवासी हिमांशु गुप्ता, सुरेशकुमार और जयवीर कार से लखनऊ जा रहे थे। रहीमाबाद के पहले तरौना पुल के पास कार अनियंत्रित होकर 30 फीट नीचे बेहता नाले में जा गिरी जिससे कार में बैठे तीनो लोग घायल हो गए।

## बीबीएयू कुलपति समेत छह शिक्षकों को भी मिली जर्नल में जगह

**लखनऊ।** हाल ही में वैश्विक स्तर पर प्रकाशित जर्नल में राजधानी के वैज्ञानिकों के नाम शामिल होने के बीच बाबा साहेब भीमराव सेंट्रल यूनिवर्सिटी ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। जर्नल में विवि के कुलपति के अलावा 5 शिक्षकों के नाम शामिल है। वैसे स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय में बनी इस सूची में देश के कुल 1500 वैज्ञानिकों को जगह मिली है। विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य संजय सिंह को फार्माकोलॉजी और फार्मेसी के क्षेत्र में विश्व के सर्वोत्तम वैज्ञानिकों के रूप में पहचान प्राप्त हुई है। विवि के डॉ जय शंकर सिंह को अगरोनॉमी और एग्रीकल्चर के क्षेत्र में, डॉ विमल चंद्र पांडेय को एनवायर्नमेंटल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में, प्रो राम चंद्रा को एनवायरनमेंटल साइंसेज के क्षेत्र में, डॉ देवेश कुमार को जनरल केमिस्ट्री के क्षेत्र में और प्रो बीएस भदौरिया को मैकेनिकल इंजीनियरिंग और ट्रांसपोर्ट के क्षेत्र में इस सूची में स्थान प्राप्त हुआ है।

## गोवंश आश्रय केन्द्रों पर नजर रखेगी पालीगॉन और पीआरवी

**मोहनलालगंज।** गोवंश आश्रय केन्द्रों में कैद निराश्रित गोवंश की पहरेदारी पर अब पुलिस भी नजर रखेगी। आधी रात से भोर की पहली किरण तक पॉलीगान और पीआरवी टीम गोवंश आश्रय केन्द्रों का दौरा कर चौकीदारों की मुस्तैदी का जायजा लेती रहेगी। सोमवार को मोहनलालगंज कोतवाली परिसर में प्रधान और गोवंश आश्रय केन्द्रों के चौकीदारों की बैठक ले रहे डीसीपी साउथ रईश अख्तर और एसीपी प्रवीण मलिक ने इसकी जानकारी दी। पुलिस अफसरों ने आश्रय केन्द्रों में बने गार्ड रुम में पुलिस अधिकारियों के मोबाइल नंबर लिखवाने की अपील की। प्रधान और चौकीदारों को पुलिस की हरसंभव मदद का भरोसा देते हुए पुलिस अफसरों ने गोवंश आश्रय केन्द्रों में किसी भी तरह की परेशानी की सूचना फौरन पुलिस को देने की अपील की। इस दौरान टिकरा के गोवंश आश्रय केन्द्र में बाउण्ड्रीवाल न होने से गोवंश को कुत्ते नोचने की शिकायत सामने आई। जिस पर पुलिस अधिकारियों ने बीडीओ को वायर फेन्सिंग कराने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान बीडीओ अजीत कुमार सिंह और तहसीलदार निखिल शुक्ल ने भी प्रधान और चौकीदारों को हरसंभव मदद का भरोसा दिया।

## 29 आरोपी छह माह के लिए जिला बदर

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में मिशन शक्ति के तहत चलाये जा रहे अभियान के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों से 29 आरोपियों को चिन्हित कर 6 माह के लिए जिला बदर किया गया है। इनमें महानगर से तीन, अलीगंज से एक, तालकटोरा से दो, पारा से पांच, कृष्णानगर से एक, मोहनलालगंज से तीन, इन्दिरानगर से तीन, चिनहट से चार, सआदतगंज से एक, गोमतीनगर से तीन, आशियाना से तीन, पीजीआई से तीन, गोसाईगंज से एक, सरोजनीगनर से एक, ठाकुरगंज से एक, अमीनाबाद से एक, बाजारखाला से एक व वजीरगंज से दो आरोपी शामिल हैं।

**एम0 सी0 जे0 फार्म नं0 33 भाग 7 हेतु सन्दर्शित करने के सूचना (साधारण प्रारुप)**
**न्यायालय कलेक्टर महोदय, सीतापुर**

वाद संख्या 137/डी 201910640001141
अन्तर्गत धारा 30 उ0प्र0 राजस्व संहिता
नियत तिथि : 27-11-2020

1- मनोज कुमार सिंह पुत्र गंगा सिंह, 2- कमलेश सिंह पुत्र मंगली सिंह सर्वनिवासी 1 ता 2 ग्राम कठिघरा परगना व तहसील महोली जिला सीतापुर।

-वादीगण

बनाम

1-हरी सिंह 2-सतीश सिंह 3-वीरेन्द्र सिंह पुत्रगण छोटकन्नू सिंह, 4-बजरंग सिंह पुत्र मोती सिंह, 5-मलिखान सिंह पुत्र बल्देव सिंह, 6-दृगोकरन प्रसाद पुत्र रंगेलाल, सर्व निवासी - 1 ता 5 ग्राम कठिघरा परगना व तहसील महोली जिला सीतापुर। 7- ग्राम सभा कठिघरा द्वारा प्रधान परगना व तहसील महोली जिला सीतापुर, 8-प्रताप सिंह पुत्र गजराज सिंह (मृतक), 9-बलवीर सिंह पुत्र महताब सिंह 10-ज्ञान सिंह 11-धन सिंह, 12-हीरा सिंह, 13-प्रेम सिंह, 14-गुलाब सिंह पुत्रगण स्व0 प्रताप सिंह, सर्व निवासी 7 ता 14 ग्राम कठिघरा परगना व तहसील महोली जिला सीतापुर।

- प्रतिवादीगण

चूंकि उपरिनामांकित वादीगण ने इस न्यायालय में धारा 30 उ0प्र0 राजस्व संहिता 2006 अन्तर्गत गाटा संख्या 1258/0.785 हे0 स्थित ग्राम कठिघरा, परगना व तहसील महोली जनपद सीतापुर की नक्शा दुरूस्ती हेतु आवेदन किया है, अतएव आपको एतद्‌द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 2020 के 27.11.2020 दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं सम्पर्क रूपेण अनुविष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हों और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा आधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज दिनांक 09.11.2020 के दिवस को निकाली गई।

आज्ञा से,
रीडर, न्या. कलेक्टर
सीतापुर

## अपर मुख्य सचिव गृह पहुंचे हजरतगंज कोतवाली

**लखनऊ।** अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश अवस्थी सोमवार को हजरतगंज कोतवाली औचक निरीक्षण करने पहुंचे। करीब आधे घंटे तक श्री अवस्थी ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने महिला सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण के लिए स्थापित की गई महिला हेल्प डेस्क, कोविड हेल्प डेस्क, त्यौहार रजिस्टर व अन्य अभिलेखों का निरीक्षण किया।

## बंथरा में पुश्तैनी जमीन से कब्जा हटाने पर हंगामा

**सरोजनीनगर।** बंथरा थाना क्षेत्र में सोमवार को पुष्तैनी जमीन से अवैध कब्जा हटाने पर एक समुदाय के लोगो ने जमकर हंगामा किया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने राजस्व विभाग की टीम बुलाकर विवादित भूमि की पैमाइश कराई। जिसके बाद पुलिस ने हंगामा कर रहे लोगो को भगा दिया। लेखपाल ने हंगामा कर रहे लोगो से कब्रिस्तान की जमीन आवंटित कराने का सुझाव दिया है। एक निजी कम्पनी द्वारा बंथरा ग्राम पंचायत स्थित पुश्तैनी जमीन खसरा संख्या-527, 528, 552, 553, 554, 527, 558 व 559 पर प्लाटिंग की जा रही है। सोमवार की सुबह बंथरा गांव में रहने वाले नफीस ने अपने सैकड़ों साथियों के साथ मौके पर पहुंचकर हंगामा शुरू कर दिया। नफीस का आरोप है कि कम्पनी द्वारा जिस भूमि पर कब्जा किया जा रहा है वह कब्रिस्तान में दर्ज है और कई वर्षों से उक्त भूमि पर उनके समाज के लोग दफन किये जाते हैं।

# दो ने लगाई फांसी एक की संदिग्ध मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजधानी** के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दो युवकों ने फांसी लगा ली। जबकि एक युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। ठाकुरगंज थाना क्षेत्र में 42 वर्षीय व्यक्ति ने फांसी पर लटक कर जान दे दी। गोमती नगर थाना क्षेत्र में 25 वर्षीय युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई है। जबकि चिनहट थाना क्षेत्र में 25 वर्षीय युवक पंखे से लटक गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

हैदरगंज कैंपबेल रोड निवासी संतोष कुमार ने बताया कि सोमवार सुबह उसके 22 वर्षीय भाई राकेश कुमार गौतम ने घर की छत में लगे कुंडे से गमछे के सहारे लटक कर आत्महत्या कर ली। उनका भाई मृतक राकेश कुमार गौतम ई रिक्शा चलाने का काम करता था। मृतक के एक पुत्र और दो पुत्रियां हैं। वहीं गोमती नगर के विराम खंड निवासी जितेंद्र स्वरूप माथुर ने पुलिस को सूचना दी कि ग्राम समनापुर थाना महमूदाबाद सीतापुर निवासी सतीश यादव उनके वहां पर 10 साल से हेल्पर का काम कर रहा था। वह खाना खाकर सोने चला गया था। आज सुबह देर तक दरवाजा न खोलने पर कमरे की खिड़की तोड़कर अंदर गए तो देखा कि सतीश संदिग्ध हालत में मृत पड़ा हुआ था। जिसकी सूचना पुलिस को दी पुलिस पूरे मामले की तहकीकात कर रही है। इधर चिनहट थाना क्षेत्र में कमता चौकी प्रभारी संदीप मिश्रा ने बताया कि हरगांव सीतापुर निवासी 25 वर्षीय उत्कर्ष त्रिपाठी जोकि गोविंद विहार चिनहट किराए में रहता था, ने आज पंखे से लटक कर जान दे दी। पुलिस को मृतकों के पास से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है।

## मजदूरों और किसानों के सच्चे हितैषी थे दंतोपंत ठेंगड़ी

**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्र प्रचारक अनिल कुमार ने कहा कि श्रद्धेय दंतोपंत्त ठेंगड़ी मजदूरों के सच्चे हितैषी थे। उन्होंने किसानों और मजदूरों के हितों के लिए लड़ाई लड़ी है और देश में समानता के लिए काम किया है। वे ऐसे महापुरुष थे जो स्वयं को समाप्त कर कई संगठनों व हजारों कार्यकर्ताओं को खड़ा किया। आज दत्तोपंत ठेंगड़ी जी द्वारा बताये गये रास्ते पर चलने की आवश्यकता है। अनिल कुमार सोमवार को श्रद्धेय दत्तोपन्त ठेंगड़ी जन्म शताब्दी समारोह समिति के समापन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। भारतीय किसान संघ अवध प्रान्त की ओर से निराला नगर स्थित माधव सभागार में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अनिल कुमार ने कहा कि दत्तोपंत ठेंगडी, अपनी आखिरी सांस तक असमानता को समाप्त करने के बारे में सोचते थे। सद्भाव उनका विश्वास था। वे दृष्टा थे और उसी से, उन्होंने भारतीय मजदूर संघ समेत विभिन्न क्षेत्रों में संगठन बनाए।

**कार्यालय ग्राम पंचायत मदारगढ़**
**वि.ख.सिरसिया, जनपद श्रावस्ती**

पत्रांक-मेमो/आर.जी.एस.ए./पंचम वित्त/15वॉ वित्त/ मनरेगा/सामग्री आपूर्ति/ग्रा.पं.निविदा — दिनाक 09.11.2020

**अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत द्वारा मनरेगा/15वॉ वित्त/पंचम वित्त/आर.जी.एस.ए. अन्तर्गत वर्ष 2020-21 मे स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्य हेतु आवश्यकतानुसार निर्माण कार्य में लगने वाली सामग्री इण्टरलाकिंग ईट, टाइल्स, प्रथम श्रेणी ईट, सीधा खंजड़ ईट, सीमेंट, सादा बालू, मोरंग, ईंट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, सरिया, पेन्ट, ह्यूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट शौचालय सीट साइफन, पाइप, लोहे का गेट, प्लाई दरवाजा एवं लोहे की खिड़की पेन्ट, पुटटी एंव अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि की आवश्यकता है जिसके हेतु निविदा आमंत्रित की जानी है।

इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनॉक 10.11.2020 से 16.11.2020 तक सामग्री हेतु आप निविदा फार्म रू0 100 तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में दिनॉक 16.11.2020 को 12.00 बजे तक सम्बन्धित ग्राम पंचायत कार्यालय मे रखे निविदा बाक्श मे डाला जायेगा। तथा निविदा उसी दिन 3.00 बजे निविदादाओ के समक्ष खोली जायेगी।

**नियम व शर्ते :**

1. अधिकृत डीलर का जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है।
2. जो दर प्रस्तुत किया जाए वे जी0एस0टी0 तथा कार्टेज चार्ज जोड़ कर किया जाए।
3. आपूर्तिकर्ता को 2.26% आय टी0डी0एस0 देना होगा।
4. प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नही होगा।
5. धरोहर की धनराशि 100/- रू0 है।
6. समग्री की आपूर्ति सचिव के आदेश देने पर होगा।
7. आपूर्तिकर्ता को भुगतान अवर अभियन्ता / तकनीकी सहायक के मापन के बाद होगा।
8. निविदा फार्म किसी भी कार्य दिवस मे पंचायत सचिव से प्राप्त किया जा सकता है।
9. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा।
10. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत के द्वारा आदेश देने के उपरान्त ही सामग्री की आपूर्ति की जायेगी।

| | |
|---|---|
| मो0 वसीम | राम दर्शन |
| ग्राम प्रधान | ग्राम विकास अधिकारी |
| ग्रा0पं0-मदारगढ़ | ग्रा0पं0-मदारगढ़ |
| वि0ख0-सिरसिया | वि0ख0-सिरसिया |
| जनपद-श्रावस्ती | जनपद-श्रावस्ती |

# अवैध कब्जे हटाए नहीं, कर दिया समाधान, स्पष्टीकरण तलब

## क्रास चेकिंग में पकड़े गए मामले, पुनः जांच के निर्देश

**संवाददाता।** मोहनलालगंज

**चकमार्ग** और पशुचर की भूमि से अवैध कब्जा खाली कराए बिना ही राजस्वकर्मियों ने तहसील समाधान दिवस में आई शिकायत का निपटारा कर दिया। निस्तारण की समीक्षा के दौरान मामले पकड़ में आने पर मोहनलालगंज तहसील प्रशासन ने जनशिकायतों का गुणवत्तापरक समाधान नहीं करने पर राजस्वकर्मियों से स्पष्टीकरण तलब कर शिकायतों को दोबारा जांच के लिए लौटा दिया है।

मोहनलालगंज में आयोजित तहसील समाधान दिवस के दौरान भदुवा सलेमपुर निवासी रंजीत कुमार और मुजफ्फरनगर निवासी गंगाराम ने चकमार्ग पर अवैध कब्जे की शिकायत दर्ज कराई। जांच के बाद लेखपाल ने चकमार्ग पर अवैध कब्जे की रिपोर्ट तो दी लेकिन कब्जा खाली कराकर कब्जेदारों पर की गई कार्रवाई का जिक्र नहीं किया। इसी तरह मलौली के हरिश्चंद्र की पशुचर पर अवैध कब्जे की शिकायत पर लेखपाल ने अवैध कब्जा तो माना लेकिन पुलिस और राजस्व टीम के बिना नापजोख में हाथ खड़े कर निस्तारण कर दिया। इस मामले में भी शिकायत को पुनः जांच के लिए लौटाकर लेखपाल से जवाब.तलब किया गया है। बद्री खेड़ा निवासिनी राजकुमारी की शिकायत पर सप्लाई इंस्पेक्टर ने अन्त्योदय कार्डों की जांच चलने का कहकर राशन कार्ड जारी करने में असमर्थता जता दी। इस पर भी शिकायत को पुनः निस्तारण के लिए लौटाया गया है। पुरसेनी निवासी शीतल ने हदबरारी की रिपोर्ट देने के लिए कानूनगो के 6-7 महीने से दौड़ाने की शिकायत दर्ज कराई। लेकिन गुणवत्तापरक निस्तारण नहीं पाकर तहसीलदार निखिल शुक्ल ने इस शिकायत को भी दोबारा समाधान के लिए लौटा दिया है। हरिवंशखेड़ा की कलावती को राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना का लाभ दिलाने के लिए जुलाई में ही आवेदन जिला समाज कल्याण अधिकारी को भेज दिया गया। आर्थिक मदद नहीं मिलने की शिकायत पर एडीओ समाज कल्याण को शिकायत भेजकर पुनः निस्तारण के निर्देश दिए गए हैं। इसी तरह विद्युत और पुलिस से जुड़ी कुछ शिकायतों को भी पुनः निस्तारण के लिए भेजा गया है।

### क्या कहते हैं तहसीलदार

**तहसीलदार** निखिल शुक्ल ने बताया जनशिकायतों के निस्तारण की क्रास चेकिंग वह खुद कर रहे हैं। लापरवाही पाए जाने पर सम्बन्धित विभाग को शिकायत पुनः जांच के लिए भेजी जा रही है।आवश्यकतानुसार स्पष्टीकरण भी मांगा जा रहा है। अक्टूबर की 10 शिकायतें छांटकर पुनः समाधान के लिए भेजा गया है।

## दीपावली को लेकर पराग ने घटाए मिठाइयों के दाम

**लखनऊ।** दुग्ध संघ लखनऊ मंडल के अध्यक्ष उमेश सिंह तोमर ने बताया कि पराग अपने उत्पाद में शुद्धता को कायम किए हुए हैं। उन्होंने बताया कि दीपावली पर्व पर सभी वर्ग के लोगों तक पराग की मिठाई उपलब्ध कराने के लिए पराग प्रबंधन ने पराग रसगुल्ला तथा राजभोग के दामों में भारी कमी की है। लखनऊ प्रोड्यूसर्स कोआपरेटिव मिल्क यूनियन लिमिटेड द्वारा दीपावली के त्योहार के अवसर पर पराग रसगुल्ला तथा राजभोग के दामों में भारी कमी कर दी गई है। लखनऊ प्रोड्यूसर्स कोआपरेटिव मिल्क यूनियन लिमिटेड के महाप्रबंधक डा. मोहन स्वरूप ने बताया कि पराग रसगुल्ला के 200 ग्राम पैक, 500 ग्रामपैक की नई दरें क्रमशः 64 रुपये, 160 रुपये तथा रसगुल्ला के एक किलोग्राम की कीमत 320 रुपये निर्धारित की गई है। इसी प्रकार राजभोग का 250 ग्रामपैक तथा 500 ग्रामपैक की नई दरें क्रमशः 80 रुपये तथा 160 रुपये तय की गई हैं। यह नई दरें मंगलवार 10 नवंबर से प्रातःकाल से प्रभावी होंगी।

# श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के अध्यक्ष की तबीयत बिगड़ी

● एंबुलेंस से लखनऊ किए गए रवाना सांस लेने में है तकलीफ

संवाददाता। अयोध्या


फाइल फोटो

**श्रीराम** जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष 82 साल के महंत नृत्य गोपाल दास की सोमवार को अचानक तबीयत बिगड़ गई है। डॉक्टरों ने मणिराम छावनी पहुंचकर जांच की और प्राथमिक उपचार किया। बेहतर इलाज के लिए अयोध्या से उन्हें लखनऊ के मेदांता लाया जा रहा है। उन्हें सांस लेने में तकलीफ और सीने में दर्द की शिकायत है। लखनऊ पहुंचने में उन्हें कोई दिक्कत न होए इसके लिए ट्रैफिक पुलिस ने सफेदाबाद से शहीद पथ पर स्थित मेदांता अस्पताल तक ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया है। हर जगह पुलिस मुस्तैद है। अगस्त माह में महंत नृत्य गोपाल दास कोरोना पॉजिटिव पाए गए थे। जिसके बाद उनका गुड़गांव के मेदांता अस्पताल में इलाज हुआ था। कोरोना को मात देने के बाद वे अयोध्या लौटे थे। महंत नृत्यगोपाल श्रीकृष्ण जन्मभूमि न्यास के अध्यक्ष भी। डीएम अनुज कुमार झा ने बताया कि मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष नृत्यगोपाल दास को श्वास में तकलीफ होने से घबराहट हो रही थी। उनका ब्लड प्रेशर भी लो हो गया था। उनका कोविड टेस्ट करवाया गयाए जो नेगेटिव आया है। उनका चेकअपए इलाज तीन चार दिनों तक मेदांता अस्पताल में चलेगा।

# गोरखपुर फैजाबाद खंड शिक्षक एमएलसी चुनाव के लिए सपा ने तेज की तैयारियां




**अयोध्या।** गोरखपुर फैजाबाद खंड शिक्षक एमएलसी चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी ने अपनी तैयारियां तेज कर दी है। इसी क्रम में आज पार्टी प्रत्याशी अवधेश कुमार यादव की मौजूदगी में समाजवादी पार्टी ने एक बैठक पार्टी कार्यालय गुलाब बाड़ी पर महानगर कमेटी के नेतृत्व में आयोजित की बैठक में चुनाव में जीत की रणनीति पर मंथन किया गया। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए चुनाव संचालन समिति का पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन के नेतृत्व में गठन किया गया जिसमें सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के नीतियों के आधार पर एमएलसी चुनाव में विजय प्राप्त करने की रणनीति बनाई गई। इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार ने शिक्षकों की जितनी भलाई की है उतना किसी और सरकार ने कभी नहीं किया। उन्होंने बताया कि जब पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री थे उस समय उन्होंने संस्कृत शिक्षकों से लेकर तमाम ऐसे शिक्षक जो पिछली सरकारों की गलत नीतियों के चलते दर.दर की ठोकरें खा रहे थे उन्हें स्थापित करने का काम किया। समाजवादी पार्टी की जब.जब प्रदेश में सरकार बनी है सबसे ज्यादा लाभ पार्टी ने शिक्षा क्षेत्र से जुड़े हुए लोगों को दिया है। श्री पांडे ने कहा कि इस बार एमएलसी के चुनाव में अगर अवधेश कुमार यादव को विजय श्री मिली तो शिक्षकों को सपा सुप्रीमो की ओर से बड़ी सौगात मिलेंगी। श्री पांडे ने बताया कि समाजवादी पार्टी ने एमएलसी चुनाव के लिए अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं इसी क्रम में शिक्षक स्नातक चुनाव के वोटरों से मिलकर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को जिताने की रणनीति बनाई जा रही है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने बताया कि एमएलसी चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं इसके साथ.साथ चुनाव संचालन समिति बनाकर वोटरों तक पहुंच बनाने के लिए कार्यकर्ता अपनी पूरी ताकत झोंक चुके हैं। पार्टी प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया कि आज हुई बैठक में एमएलसी प्रत्याशी अवधेश कुमार यादव की मौजूदगी में पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने सपा प्रत्याशी को विजय दिलाने का पूरा भरोसा दिलाया और कहा कि इस बार समाजवादी पार्टी का प्रत्याशी भारी मतों से विजई घोषित किया जाएगा। इस मौके पर अध्यक्षता श्याम कृष्ण श्रीवास्तव संचालन महानगर महासचिव हामिद जाफ़र मीसम ने की। बैठक में एमएलसी प्रत्याशी अवधेश यादव, चौधरी बलराम यादव, महानगर उपाध्यक्ष श्रीचंद यादव, मंसूर प्रधान, नागेश्वर कोरी, सचिव राकेश यादव, जसवीर सिंह सेठी, प्रदीप श्रीवास्तव, उमेश यादव राकेश श्रीवास्तव अंशु, महानगर अध्यक्ष शिक्षक सभा श्री नारायण द्विवेदी महानगर अध्यक्ष महिला सरोज यादव, विद्याभूषण पासी एमो हलीम पप्पू, शिक्षक सभा ज़िलाध्यक्ष दान बहादुर सिंह, महासचिव घनश्याम यादवए पार्षद औरंगजेब खान, फ़रीद कुरैशी, रिज़वान हसनैन, मो इरशाद, आभास कृष्ण यादव कान्हा, मो सुहैल प्रवीण सिंह, शिवांशु तिवारी, इमरान खान, औरौनी पासवान, अमृत राजपाल, सूबेदार यादव मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### छात्राओं को किया गया जागरूक

**गोरखपुर।** चौरीचौरा क्षेत्र के सरदारनगर ब्लॉक के आर्य कन्या इंटर कालेज सरैयां में सोमवार को चौरी चौरा प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि आज महिला हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 1076, 108 सहित स्थानीय पुलिस का नम्बर भी उपलब्ध करवाया और कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए हम हमेशा तत्पर हैं। महिला हेल्प डेस्क प्रभारी सोनी गुप्ता ने जागरूक करते हुए कहा कि बालिकाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए उन्हें सुरक्षित परिवेश प्रदान करने एवं अपनी सुरक्षा किस प्रकार से की जाए इस संबंध में जानकारी दी। उक्त अवसर पर एन्टी रोमियो प्रभारी, म.का. प्रेमशीला पाल, प्रधानाचार्या, शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

### गोष्ठी में बताए गये अधिकार

**गोरखपुर।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रपत्र के अनुपालन में एवं जनपद न्यायाधीश के निर्देशन में आज विधिक सहायता दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में दीवानी न्यायालय स्थित मीडियेशन हाल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अधिवक्तागण, कर्मचारीगण व वादकारीगण उपस्थित रहें। गोष्ठी में बच्चें, बुजुर्गो के विधिक अधिकारों, महिलाओं के प्रति आये दिन हो रहे हिंसाओं का सामना करने के लिए महिलाओं को उनके अधिकारों व कानूनी प्राविधानों के बारे में बताया गया। सचिव द्वारा अपने वक्तव्य में कहा गया कि विधिक सेवा प्राधिकरण का मुख्य उद्देश्य निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करना, विधिक साक्षरता फैलाना, अपराध पीड़ित व्यक्ति को मुआवजा दिलाना आदि है। सचिव द्वारा यह भी बताया गया कि 12 दिसम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आपराधिक वाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, पारिवारिक वादों, श्रम वादों, भूमि अधिग्रहण वादों राजस्व वादों, विद्युत एवं जल बिल विवाद (चोरी से संबंधित विवादों सहित) अन्य सिविल वादों (किराया, सुखाधिकार, व्यादेश, विशिष्ट अनुतोष वाद) के साथ ही साथ अन्य वादों से संबंधित वादों का सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण किया जायेगा।

### खंडित मूर्तियों और कैलेंडर का विसर्जन

**गोरखपुर।** दीपावली पर बड़ी मात्रा में घरों से कैलेंडर और भगवान की पुरानी मूर्तियां निकलती है जिन्हें लोग अनजाने में घर के आस-पास के पीपल बरगद के नीचे रख देते हैं जो कि उचित नहीं है। खंडित मूर्तियों का और कैलेंडरो का विधिवत विसर्जन होना चाहिए। अतः राधा उद्यान के द्वारा एक अभियान चलाया गया है। अभियान का उद्घाटन राधा उद्यान के उपाध्यक्ष तथा समाजसेवी दुर्गेश बजाज ने किया। आज गोरखपुर के पहले चरण में 50 स्थान से इस प्रकार के पूजा के सामान को संग्रह कर उनका विसर्जन किया गया। यह अभियान दीपावली तक चलेगा। श्री बजाज के अनुसार करोना अभी खत्म नहीं हुआ है अतः त्योहारों के अवसर पर शासन द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करें।

### आबकारी टीम ने भारी मात्रा में लहन एवं अवैध कच्ची शराब किया बरामद

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** अवैध शराब के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत जिले की आबकारी पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। आबकारी टीम ने 40 लीटर अवैध कच्ची शराब एवं डेढ़ कुंटल लहन बरामद कर नष्ट कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उपआबकारी आयुक्त अयोध्या प्रभारए अयोध्या एवं सहायक आबकारी आयुक्त, एसएसएफए अयोध्या के निर्देश के क्रम में आबकारी पुलिस टीम को इनायत नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत सरियावां गांव में अवैध कच्ची शराब एवं भारी मात्रा में कई स्थानों पर लहन रखे होने की जानकारी मिली सूचना मिलते ही उप आबकारी आयुक्त अमृता श्रीवास्तव अपने साथ आबकारी कर्मियों की टीम लेकर मौके पर पहुंच गई जहां आबकारी पुलिस को देखते ही अवैध शराब बनाने में संलिप्त महिला एवं पुरुष घर छोड़कर भागने लगे। हालांकि आबकारी टीम को डेढ़ कुंतल लहन एवं 40 लीटर तैयार अवैध कच्ची शराब हाथ लग गई।आबकारी टीम ने बरामद की गई अवैध कच्ची शराब एवं लहन को नष्ट कर दिया आबकारी टीम में प्रमुख रूप से अमृता श्रीवास्तवए आबकारी निरीक्षक एसएसएफए अयोध्या प्रभार व हृदय नारायण पाण्डेयए आबकारी निरीक्षक प्रवर्तन 2 अयोध्या प्रभार एवं अन्य आबकारी कर्मी शामिल रहे।

### पुत्रियों की शादी के लिए करायें पंजीकरण

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग एवं सामान्य वर्ग के गरीब व्यक्तियों के पुत्रियों की शादी योजना में सम्मिलित जोड़ों की संख्या 10 के स्थान पर 5 जोड़ों की शादी सम्पन्न कराने हेतु शासन द्वारा अनुमति प्रदान की गयी है। यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी ने बताया है कि गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी योजना के अन्तर्गत अपनी पुत्रियों की शादी हेतु नगर आयुक्त/उप जिलाधिकारी/खण्ड विकास अधिकारी/अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत में विवाह हेतु निर्धारित तिथि माह नवम्बर में 30 एवं माह दिसम्बर में 01 से 13 दिसम्बर के पूर्व में अपना पंजीयन कराना सुनिश्चित करें।

### युवक ने ट्रेन से कटकर दी जान

**अम्बेडकरनगर।** जिला मुख्यालय पर उपरिगामी सेतु के नीचे रेलवे लाइन पर एक युवक ने ट्रेन से कटकर जान दे दी। सूचना पर पंहुची जीआरपी अकबरपुर ने शव को कब्जे में लेकर युवक की पहचान का प्रयास किया । बाद में उसकी पहचान पड़ोसी जिले सुल्तानपुर के थाना दोस्तपुर स्थित बड़ौली गांव निवासी राकेश पुत्र भगेलू के रूप में हुई। पुलिस द्वारा दी गई सूचना पर पंहुचे परिजनों ने बताया कि राकेश सुबह घर से निकला था। पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है।

### निर्माणाधीन पुलिया में गिरी कार, दो घायल

**अम्बेडकरनगर।** थानाक्षेत्र जहाँगीर गंज अंतर्गत बसखारी जहाँगीर गंज मुख्य मार्ग पर कटघर बाजार के निकट निर्माणाधीन पुलिया के लिए खोदे गये गड्ढ़े में बीती रात एक कार घुस गयी जिसमें सवार दो लोग बुरी तरह घायल हो गए। मालूम हो महीनों से कच्छप गति से बन रही पुलिया अब तक कई लोगो की जान ले चुकी है और दर्जनों लोग घायल हो चुके हैं ।बीती रात गड्ढे में गिरी कर में सवार लोग साबुकपुर निवासी बताए जा रहे हैं जिन्हें घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया ।घायलों में एक व्यक्ति का हाथ फैक्चर हो गया है जबकि दूसरे को गम्भीर चोटे आयी है स्थानीय लोगों ने घायल दोनो युवकों को अस्पताल भेज जबकि कर गड्ढे में ही पड़ी रही ।निर्माण कार्य की धीमी गति के कारण ही अब तक चार लोगों की जान पुलिया के पास गिरकर जा चुकी है जबकि दर्जनों लोग घायल हो चुके हैं।स्थानीय थाने की पुलिस घटनास्थल पर नही पहुँची जबकि निर्माण स्थल पर सांकेतिक निशान का होना घटनाओं को अंजाम देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है वही कार्य की धीमी गति अभी कितने लोगों को घायल करती है यह बात सोचनीय है ।

### चलती बस में लगी आग, बाल -बाल बचे यात्री

**अम्बेडकरनगर।** जिला मुख्यालय पर सोमवार को अचानक उस समय अफरा-तफरी मच गई जब यात्रियों से भरी एक चलती बस में आग लग गई। आग लगते ही चालक ने बस को रोक दिया तथा सभी यात्री बस का शीशा तोड़कर कूद-कूद कर भागे। प्रकरण लखनऊ तक जाने वाली यूके बस सर्विस की निजी बस का है। सोमवार को शाम लखनऊ से लौटते समय यह बस जब पुराने तहसील तिराहे से रोडवेज की तरफघूमी तो बाबा गैस एजेन्सी के सामने पंहुचते ही बस से धुआं निकलने लगा तथा चालक ने तुरन्त बस को रोक दिया। धुआं निकलते देख स्थानीय लोगों ने तुरन्त आग को बुझाना शुरू कर दिया। फिलहाल बस में सवार सभी लोग सुरक्षित हैं।

# चेन स्नेचरों को क्राइम ब्रांच ने पहुंचाया सलाखों के पीछे

● एसएसपी ने क्राइम ब्रांच की टीम को 25 हज़ार का इनाम दिया

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर



**शहर के** अंदर काफी दिनों से महिलाओं के लिए सिरदर्द बने चैन स्नेचरों को आखिरकार क्राइम ब्रांच और कैम्पियरगंज पुलिस के संयुक्त प्रयास के बाद गिरफ्तार कर ही लिया गया। लेकिन इन चैन स्नेचरों तक पहुंचने और इनका सुराग लगाने में क्राइम ब्रांच के कॉन्स्टेबल सनातन सिंह ने दो महीने तक कड़ी मेहनत किया। आज पुलिस लाइन के व्हाइट हाउस में एसएसपी जोगिंदर कुमार ने खुलासा करते हुए बताया कि जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण एवं महिलाओं के साथ घटित चैन स्नेचरों की घटना को गम्भीरता से लेते हुए चैन स्नेचिंग की घटना में शामिल अभियुक्तों की गिरफ्तारी व लूटे गए माल की बरामदगी हेतु पुलिस अधीक्षक नगर डॉ. कौस्तुभ, पुलिस अधीक्षक अपराध अशोक वर्मा, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी कैंपियरगंज एवं क्षेत्राधिकारी गोरखनाथ, क्राइम ब्रांच तथा क्षेत्राधिकारी चौरी चौरा के नेतृत्व में प्रभारी स्वाट/एसओजी/सर्विलांस, अपराध शाखा प्रभारी, निरीक्षक शाहपुर, प्रभारी निरीक्षक गुलरिया, चिलुआताल व थानाध्यक्ष कैम्पियरगंज को उक्त अंतर्गत घटना में शामिल अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं लूटे गए माल की बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया था। घटना के संभावित समय को चिन्हित कर सुबह के समय घटना कारित करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा था। चैन स्नेचिंग की घटित घटनाओं के स्थानों से सीसीटीवी फुटेज प्राप्त कर मीडिया के माध्यम से सार्वजनिक किया गया। घटना में शामिल अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु उक्त टीमों के द्वारा मुखबिर को भी लगाया गया था। इसी क्रम में आज जरिए मुखबिर क्राइम ब्रांच की टीम को सूचना मिली कि कैम्पियरगंज व पीपीगंज थाना क्षेत्र के कुछ लड़के जो चैन स्नेचर की घटना को कारित करते है तथा प्रायः सुबह के समय अपने साथियों के साथ निकलते हैं, पर विश्वास व मुखबिर को साथ लेकर सम्भावित आने वाले स्थान घेराबंदी कर अभियुक्तों का इंतजार कर रहे थे। तभी दो मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवक आते हुए दिखाई दिए इन्हें चारों तरफ से घेराबंदी करके पकड़ लिया गया। पकड़े गए अभियुक्तों की जामातलाशी ली गई तो इनके पास से एक तमंचा 12 बोर, दो जिंदा कारतूस 12 बोर, 4 सोने की चैन और 10 हज़ार नकद बरामद किया गया।

#### इनकी हुई गिरफ्तारी

पकड़े गए अभियुक्तों में मोनू भारती पुत्र सुघान कुमार निवासी प्रतापपुर थाना चिलुआताल, विष्णु कुमार पुत्र रामगिरीश निवासी जंगल बीहुली भगवानपुर थाना पीपीगंज, नागेंद्र चौहान पुत्र मुन्नू चौहान निवासी नूरुद्दीनचक चौहान टोला थाना कैंपियरगंज शामिल हैं।

#### टीम में यह रहे शामिल

गिरफ्तार करने वाली टीमों में निरीक्षक सुशील कुमार शुक्ला क्राइम ब्रांच, उप निरीक्षक नवीन कुमार सिंह थानाध्यक्ष कैंपियरगंज, उप निरीक्षक सादिक परवेज़ प्रभारी स्वाट क्राइम ब्रांच, उप निरीक्षक चंद्रभान सिंह प्रभारी एसओजी क्राइम ब्रांच, उप निरीक्षक अतुल कुमार तिवारी थाना कैंपियरगंज, उपनिरीक्षक सर्वेश कुमार राय थाना कैंपियरगंज, हेड कांस्टेबल विपेंद्र, स्वाट टीम क्राइम ब्रांच, हेड कांस्टेबल राजमंगल सिंह समेत दर्जना कांस्टेबल भी शामिल रहें।

# अवैध पिस्टल के साथ दो युवक गिरफ्तार

**मिल्कीपुर अयोध्या।** उपमहानिरीक्षक वरिष्ठ पुलिस पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार के दिशा निर्देश में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत इनायत नगर पुलिस को दो युवकों को अवैध पिस्टल के साथ गिरफ्तार करने में कामयाबी हाथ लगी है थाने के प्रभारी थानाध्यक्ष रणविजय प्रताप सिंह ने पकड़े गए दोनों युवकों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इनायत नगर थाने के प्रभारी थानाध्यक्ष रणविजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम थाना क्षेत्र में भ्रमण प्रति की दो संदिग्ध युवक पुलिस टीम के हत्थे चढ़ गए। सोमवार को थाना क्षेत्र स्थित ग्राम परसपुर सथरा मार्ग के पास पुलिस टीम ने दो संदिग्ध युवकों को रोक कर पुलिसिया पूंछतांछ शुरू की। पकड़े गए युवक अंकुश दूबे पुत्र कृष्णा प्रसाद दूबे निवासी ग्राम बसवार खुर्द थाना इनायत नगर के कब्जे से तलाशी के दौरान एक अदद देशी पिस्टल 7०65 एम एम व एक अदद जिन्दा कारतूस तथा दूसरे युवक आशीष कुमार मिश्रा पुत्र सुरेश कुमार मिश्रा उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम पूरे बंधन पुरवा बड़नपुर थाना बल्दीराय जिला सुल्तानपुर के पास से एक अदद तमंचा 12 बोर व दो अदद जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। पकड़े गए दोनों युवकों को पुलिस टीम थाने ले आई। थाने के प्रभारी थानाध्यक्ष रणविजय प्रताप सिंह ने दोनों युवकों के विरुद्ध अलग.अलग आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा कायम करते हुए दोनों युवकों को जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक राजेश कुमार मिश्रा मय हमराह उप निरीक्षक आशीष कुमार वर्मा एवं सिपाही शुभम तिवारीए विजय सिंह व अर्जुन सिंह शामिल रहे।

# विद्यालयों में संचालित वाहनों का होगा भौतिक निरीक्षण

● 18 नवम्बर को हवाई पट्टी पर लगेगा मेला

**अम्बेडकरनगर।** जनपद में शैक्षणिक संस्थाओं के नाम पंजीकृत वाहनों के भौतिक निरीक्षण/परीक्षण किये जाने के सम्बन्ध में जनपद के समस्त विद्यालयों में संचालित समस्त वाहनों के प्रपत्र वैद्य कराकर अर्थात वैद्य फिट्नेस, परमिट, बीमा, पंजीयन, चालन अनुज्ञप्ति, प्रदूषण प्रमाण पत्र एवं कोविड -19 के बचाव हेतु मास्क तथा सेनेटाइजर की जांच हेतु 18 नवम्बर दिन बुधवार प्रातः नौ बजे हवाई पट्टी, में वाहनों का भौतिक निरीक्षण कराया जायेगा। प्रत्येक स्कूल वाहन पीले रंग का होना चाहिए जिसमें सीसीटीवी कैमरा, जीपीएस डिवाइस, वाहन के चारो ओर रेट्रो -रिफ्लेक्टिव टेप, सही क्षमता के अग्नि शमन यंत्र, प्राथमिक चिकित्सा बाक्स, आपातकालीन द्वार, सभी विद्यार्थियों हेतु सीट-बेल्ट, आपातकालीन एलार्म, सायरन घंटी, गति नियंत्रक, विद्यालय का एवं आपातकालीन दूरभाष संख्या, खतरे की चेतावनी देने वाला प्रकाश, जिसे विद्यार्थियों के चढ़ाने अथवा उतारने के समय क्रियाशील किया जायेगा, आवश्यक रूप में लगा हो, विद्यालय के समस्त चालकों एवं परिचालकों के चरित्र सत्यापन एवं उसके ड्राइविंग लाइसेंस के सत्यापन के साथ आपके विद्यालय में संचालित समस्त वाहनों की सूची साथ लेकर आयें। विद्यालय में अध्ययनरत समस्त विद्यार्थियों का विवरण/डाटावेस बनाया जाये कि प्रत्येक विद्यार्थी किस वाहन संख्या से विद्यालय आता है जो आवश्यक रूप से सम्बन्धित वाहन में भी रखना सुनिश्चित किया जाये अन्यथा भविष्य में किसी भी अप्रिय स्थिति हेतु विद्यालय प्रबन्धन की सम्पूर्ण जिम्मेंदारी मानी जायेगी।

## प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के लाभार्थियों को वितरित किया गया कार्ड

**अम्बेडकरनगर।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र द्वारा कैंप लगवाकर 25 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किया गया।विधानसभा टांडा अंतर्गत कश्मीरीया चौराहे के पास कैंप लगाकर लगभग 200 लोगों का कार्ड वितरित कर प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से आच्छादित किया गया। इस योजना अंतर्गत प्रति परिवार प्रतिवर्ष 5 लाख तक का इलाज सरकारी और प्राइवेट अस्पतालों में निशुल्क कराया जा सकता हैं। लाभार्थी लगभग 1350 बीमारियों का इलाज आयुष्मान कार्ड द्वारा करा सकता है। योजना के लागू होने से एस ई सी सी-2011 की सूची एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान के अंतर्गत चयनित परिवारों को लाभ दिया जा रहा है। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अशोक कुमार , डॉक्टर की टीम तथा संबंधित विभाग के अधिकारीध्कर्मचारी गण मौके पर उपस्थित रहे।

# अधिकारियों व कर्मचारियों को मंडलायुक्त व जिलाधिकारी ने किया सम्मानित



पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**लॉकडाउन** के दौरान विशेष भूमिका निभाने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को मंडलायुक्त जयंत नार्लिकर, जिलाधिकारी के. विजयेंद्र पांडियन ने संयुक्त रूप से एनेक्सी सभागार में उक्तद्वय अधिकारियों ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन के निर्देश पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम सदर गौरव सिंह सोगरवाल के नेतृत्व में तहसीलदार सदर डॉक्टर संजीव दीक्षित के सहयोग से अधिकारियों व कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपने कर्तव्यों को बखूबी निभाया। कोई भी भूखा न सोने पाए तथा कोई भी गरीब का पैसे के अभाव में इलाज कराने से वंचित न रह जाये इसका पूरा ख्याल अधिकारियों व कर्मचारियों ने रखा। लॉकडाउन के दौरान प्रवासी श्रमिकों के आगमन 350 दिनों से लगभग साढ़े चार लाख से अधिक प्रवासी मजदूर गोरखपुर स्टेशन पर पहुंचे जिन्हें सदर तहसील के लेखपाल, कानूनगो व अमीनों द्वारा उनके गंतव्य तक पहुंचाने का कार्य किया गया। प्रशस्ति पत्र पाकर सम्मानित होने वालों में नायब तहसीलदार सदर राधेश्याम गुप्ता, राजस्व निरीक्षक रविंद्र नाथ त्रिपाठी, प्रदुमन सिंह, उमेश द्विवेदी, लेखपालो में बीरबल, धनुषधारी सिंह, राजू सिंह, सुनील कुमार सिंह, जयदेव सिंह, श्रीमती मृदुला सिंह व अन्य लोग शामिल रहे।

# प्रशिक्षण कार्यक्रम सकुशल सम्पन्न होने पर जिलाध्यक्ष ने पदाधिकारियों को दिया धन्यवाद

संवाददाता। अम्बेडकरनगर




**भारतीय जनता** पार्टी के केन्द्रीय प्रशिक्षण विभाग द्वारा चलाए गए मण्डल प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम की समाप्ति के उपरान्त सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में भाजपा जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा की अध्यक्षता और जिला महामंत्री डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी के संचालन में सम्पन्न हुई बैठक में प्रशिक्षण कार्यक्रम से संबंधित विंदुओं पर चर्चा किया गया।

भाजपा जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में मण्डल अध्यक्ष के कुशलता पूर्वक कार्यक्रम आयोजन और प्रशिक्षण के रूप में लगे भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि आप सभी के अथक परिश्रम और पुरुषार्थ की वजह से ही प्रशिक्षण वर्ग सुचारू रूप से संपन्न हुआ है।अगर कहीं कोई कमियां रह गई थी तो हमारे मण्डल अध्यक्ष गण ने स्वयं व्यवस्था कर कार्यक्रम संपन्न करवाया।जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगे जिला संयोजक रमेश चन्द्र गुप्त, सह संयोजक सुरेश गुप्ता,संदीप श्रीवास्तव को सफल संचालन हेतु बधाई दी है।

बैठक में प्रशिक्षण कार्यक्रम के जिला संयोजकध्भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश चंद्र गुप्त ने प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम को सफल बनाने वाले सभी मण्डल अध्यक्ष और प्रशिक्षक बन्धु का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमने इस प्रशिक्षण वर्ग में बहुत कुछ सीखा और सिखाया है।किसी ना किसी स्तर पर हमें कुछ ना कुछ सीखने का अवसर मिला है। बैठक को भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राम प्रकाश यादव, सहकारी भूमि विकास बैंक के डायरेक्टर यमुना प्रसाद चतुर्वेदी, रमाशंकर सिंह,वरिष्ठ भाजपा नेता आदित्य शुक्ल,के के मिश्र ने सम्बोधित किया। बैठक में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष सुमन पाण्डेय, दशरथ यादव, रफ्त एजाज, डाक्टर राना रणधीर सिंह, जिला महामंत्री बाबा राम शब्द यादव, अमरेन्द्र कांत सिंह, सुरेश कन्नौजिया, जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय, जिला मंत्री दीपक तिवारी, राम बहाल वर्मा, इंद्रेश निषाद, शिव पूजन राजभर, सह जिला मीडिया प्रभारी बजरंगी पाठक, सह कार्यालय प्रभारी अरविंद सिंह ', डाक्टर आनन्द बहल, मण्डल अध्यक्ष सुभाष वर्मा, दिलीप तिवारी, रवि सिंह चौहान,दान बहादुर यादव, सुग्रीम कनौजिया, राजेंद्र निषाद, महेंद्र प्रताप वर्मा, सुनील गुप्त, गौरव श्रीवास्तव, राजा राम मौर्य,सदा राम वर्मा, मनोज मौर्य, हरि दर्शन राजभर, आनन्द श्रीवास्तव, महामंत्री भूपेश तिवारी, देवेश मिश्र, श्याम कुमार मौर्य, सतेंद्र त्रिपाठी आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# हेल्प लाइन नंबर 182 से 121 मामले निस्तारित

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर





**रेल यात्रियों** को सुरक्षित एवं संरक्षित उनके गंतव्य तक पहुंचाना रेल प्रशासन की सर्वोच्चतम प्राथमिकता है। टेऊनों में महिला यात्रियों की सुरक्षा हेतु महत्वपूर्ण संकल्प 'मेरी सहेली' अभियान के अन्तर्गत भारतीय रेलों में महिला यात्रियों की सुरक्षा हेतु देशव्यापी समर्पित प्रयास किये जा रहे हैं। पूर्वोत्तर रेलवे से प्रारम्भ होने वाली गाड़ियों एवं अन्य प्रमुख स्टेशनों पर महिला यात्रियों विशेषकर अकेली यात्रा कर रही महिला यात्रियों की सुरक्षा के लिए 20 अक्टूबर से 'मेरी सहेली' अभियान प्रारम्भ किया गया, इस अभियान के तहत प्रमुख स्टेशनों पर आर.पी.एफ की महिला सदस्यों की गठित टीम टेऊन में यात्रा कर रही महिला यात्रियों विशेषकर अकेली यात्रा कर रही महिला यात्रियों से सम्पर्क कर उन्हें आश्वस्त करती हैं कि वे रेल यात्रा के दौरान पूरी तरह से सुरक्षित हैं। इस अभियान का उद्देश्य महिला यात्रियों में सुरक्षा की भावना जागृत करना है, जिससे वे गन्तव्य तक अपने को सुरक्षित महसूस कर सकें। उक्त जानकारी देते हुए सीपीआरओ पंकज कुमार सिंह ने बताया है कि यात्रा के दौरान सुरक्षा हेल्प लाइन 182 डायल करने पर अगले स्टेशन अथवा टेऊन में चल रहे स्कोर्ट पार्टी के द्वारा तुरन्त सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

## बाइडेन बने राष्ट्रपति

### भारत के लिए अच्छा

**राष्ट्रपति** बराक ओबामा के उप-राष्ट्रपति के रूप में बाइडेन सीनेट में विदेश नीति समितियों के अध्यक्ष थे अत: वे भारत का रणनीतिक महत्व अच्छी तरह जानते हैं। उनका राष्ट्रपति बनना भारत के लिए अच्छा है। डोनाल्ड ट्रंप के कानूनी दांवपेंचों के बावजूद डेमोक्रेट उम्मीदवार जो बाइडेन राष्ट्रपति बन गए हैं। अमेरिका की विदेश नीति निष्पक्ष होती है और राष्ट्रपति चाहे जो हो, वह देश के हितों तथा रणनीतिक सरोकारों से संचालित होता है। डेमोक्रेटिक सरकार पर देश में व्यापक परिवर्तनों के लिए दबाव होगा, पर वह व्यापक भू-राजनीतिक मामलों में निरंतरता बनाए रखेगी। बाइडेन-हैरिस टीम चीन के प्रति चिन्ताग्रस्त है और उसकी आक्रामकता के खिलाफ भारत का समर्थन करती है। भारत-अमेरिका सिविल नाभिकीय समझौते को जार्ज बुश सरकार ने आगे बढ़ाया था। डेमोक्रेट राष्ट्रपति व ट्रंप के पूर्ववर्ती बराक ओबामा के सत्ता में आने के बाद चिन्ता थी कि यह लागू होगी या नहीं। लेकिन ओबामा ने इसे ऐतिहासिक बताया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ओबामा के साथ बहुत अच्छे रिश्ते थे और ऐसे ही संबंध ट्रंप के साथ रहे। इस प्रकार अमेरिकी रणनीतियों में भारत का महत्व अनदेखा नहीं किया जा सकता है। परिस्थितियों को देखते हुए अमेरिका में भारतीय राजदूत तरनजीत सिंह संधू ने डेमोक्रेट कांग्रेस सदस्यों से मिलना शुरू कर दिया है। बाइडेन भारतीय-अमेरिकी विवेक मूर्ति को कोविड-प्रबंधन समिति का प्रमुख बना सकते हैं। बाइडेन महामारी के रूप में संवेदनशील हैं और पहले दिन से अपनी कार्ययोजना लागू करने के लिए इच्छुक हैं जो भारत के लिए भी लाभदायक होगी। इससे स्वास्थ्य, विज्ञान व सप्लाई



श्रृंखलाओं में भारत-अमेरिका साझेदारी मजबूत होगी। ट्रंप द्वारा ईरान के खिलाफ अभियान पर 'अधिकतम दबाव' डालने के कारण भारत का वहां निवेश और वहां से तेल आयात सीमित हो गए थे। बाइडेन ने ईरान नाभिकीय समझौते को पुनर्जीवित करने का वादा किया है जो ओबामा प्रशासन का महत्वपूर्ण कदम था। इससे नई दिल्ली को चाबहार बंदरगाह के विकास में सहायता मिलेगी जो चीन व पाकिस्तान पर लगाम लगाने के दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है। ट्रंप के आर्थिक राष्ट्रवाद से भारत को अरबों डालर का निर्यात नुकसान हुआ था और उसे आम वरीयता व्यवस्था-जीएसपी से वंचित होना पड़ा था। इन मामलों में हम राहत की जल्द ही उम्मीद कर सकते हैं।

चीन से मुकाबला करने में ट्रंप ने निश्चित रूप से सक्रिय भूमिका निभाई है और क्वाड मजबूत करने में उनकी भूमिका को अनदेखा नहीं किया जा सकता है। लेकिन जिनजियांग प्रांत में चीन की नीतियों तथा उइगुरों पर अत्याचारों की मुखर आलोचना बाइडेन ने की थी। अत: ताइवान व हांगकांग के मामले में उनका दृष्टिकोण ज्यादा निर्णायक हो सकता है। उन्होंने कहा था कि दोनों लोकतंत्रों के बीच संबंध मजबूत करना उनके प्रशासन की 'उच्च प्राथमिकता' होगी और दोनों देश 'स्वाभाविक साझेदार' हैं। उनके अभियान द्वारा जारी दस्तावेज में भी कहा गया था कि वे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत के साथ काम करेंगे ताकि कोई देश 'बेशर्मी से अपने पड़ोसियों को धमका न सके।' बाइडेन अपने सहयोगियों के प्रति ज्यादा संवेदनशील लगते हैं। इसलिए जब ट्रंप ने भारत की हवा को गंदी बताया था तब बाइडेन ने कहा था कि 'दोस्तों के बारे में इस तरह बात नहीं की जाती है।' उन्होंने जलवायु परिवर्तन पर पेरिस समझौते के प्रति प्रतिबद्धता प्रकट की है जिससे भारत पर्यावरण-हितैषी जलवायु फंड में अमेरिकी निवेश की उम्मीद कर सकता है। बहुत से लोगों को भय है कि बाइडेन कश्मीर में लोकतंत्र व मानवाधिकारों की मांग को विश्व स्तर पर महत्व दे सकते हैं, पर उनके पास इस बारे में विशेषज्ञ सलाह उपलब्ध है और उनका दृष्टिकोण व्यावहारिक होगा। वैसे भी नई दिल्ली द्वारा कश्मीर में स्थानीय निकाय चुनाव की योजना तथा राजनीतिक संवाद बढ़ाने से यह पहले जैसी समस्या नहीं है। ऐसे में उम्मीद है कि भारत-अमेरिका संबंधों में और मजबूती आएगी।

# किसानों पर समन्वित दृष्टिकोण जरूरी

उत्पाद खरीदने के लिए निजी क्षेत्र बाजार उन्मुखीकरण के पक्ष में है, जबकि सार्वजनिक क्षेत्र किसानों की आजीविका आवश्यकतायें पूरी करने हेतु समावेशी दृष्टिकोण चाहता है।



इंद्रनील डे    श्रीधर विश्वनाथ



**पं**जाब विधानसभा ने किसानों के बारे में मूल्य स्थिरीकरण व कृषि सेवाओं के लिए सितंबर में संशोधन अध्यादेश पास किया है। यह केन्द्र के कृषि उत्पाद एवं वाणिज्य कानून के विरोध में है जिसमें किसानों को अपने उत्पाद राज्य कृषि मंडी उतपाद बाजार समिति-एपीएमसी कानून द्वारा परिभाषित मंडी के बाहर बेचने की अनुमति दी गई है। केन्द्रीय कानून का लक्ष्य किसानों व खरीदारों के लिए एक निश्चित ढांचा तैयार कर 'एक देश एक बाजार' की स्थापना करना है। इससे सभी राज्यों में ठेका खेती को बढ़ावा मिलेगा तथा कृषि उत्पादों की भंडारण सीमा पर खुदरा मूल्य वृद्धि की आत्यन्तिक स्थितियों में ही रोक लगाई जाएगी। ऐसे में हमें देखना होगा कि पंजाब तथा ऐसे ही अध्यादेश जारी करने वाले अन्य राज्यों में निजी व राज्य खरीद के बारे में सह-अस्तित्व की स्थिति क्या होगी।

वर्तमान समय में केन्द्र सरकार भारतीय खाद्य निगम-एफसीआई व अन्य राज्य एजेंसियों के माध्यम से किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी पर अनाज व अन्य आवश्यक वस्तुएं खरीदती है। इसका लक्ष्य किसानों को मूल्य सहायता देने के साथ लक्षित सार्वजनिक वितरण व्यवस्था-टीपीडीएस के माध्यम से गरीबों को सस्ता अनाज बांटना तथा मूल्य स्थिरीकरण व खाद्य सुरक्षा के लिए न्यूनतम भंडार बनाए रखना है। इस व्यवस्था से किसानों को मूल्य सुनिश्चित होने के कारण उत्पादन बढ़ाने में भी प्रोत्साहन मिलता है। इस व्यवस्था से खरीदे अनाज का वितरण देश भर में सस्ते गल्ले की दूकानों से होता है।

हालांकि, पीडीएस व्यवस्था की अपनी समस्यायें हैं, पर इससे 2011-12 में लगभग 50 प्रतिशत ग्रामीण व 30 प्रतिशत शहरी परिवारों को सहायता मिली थी। पीडीएस पर 2004 व 2012 के बीच निर्भरता काफी बढ़ी। टीपीडीएस व्यवस्था में गरीबी रेखा से नीचे-बीपीएल परिवारों को अंत्योदय अन्न योजना-एएवाई के अंतर्गत बहुत सस्ता अनाज दिया गया। इस वयवस्था ने कोविड-19 के कारण लाकडाउन में जरूरतमंद लोगों की बहुत सहायता की। किसानों को बेहतर मूल्य तथा गरीब उपभोक्ताओं को सस्ता अनाज दिला कर इस व्यवस्था ने खाद्य सुरक्षा तथा भूख-मुक्त भारत बनाने में सहायता की। लेकिन निजी खरीदारों द्वारा उन उपभोक्ताओं की सेवा होती है जो बाजार दर पर सामान खरीद सकते हैं। इन दो व्यवस्थाओं के अलग उद्देश्य हैं, हालांकि दोनों समान रूप से महत्वपूर्ण हैं।

पंजाब विधानसभा द्वारा लाए अध्यादेश दोनों व्यवस्थाओं को एक दूसरे के खिलाफ खड़ा करते हैं। अध्यादेश में निजी क्षेत्र को धान व गेंहूं तब तक खरीदने पर प्रतिबंध लगाया गया है जब तक यह एमएसपी के समान या उससे अधिक न हो। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से समाज कल्याण के दृष्टिकोण से यह ठीक है। लेकिन यह यथार्थ के बजाय काल्पनिक अधिक है क्योंकि सरकार और निजी क्षेत्र द्वारा खरीद का आधार व दृष्टिकोण एकदम अलग हैं।

सरकारी खरीद में यथासंभव कम से कम लोगों को बाहर छोड़ने का उद्देश्य होता है। अनाजों की जांच नमी, आर्गेनिक व इनआर्गेनिक बाहरी तत्वों तथा सामान्य स्तर पर होती है। इन आधारों पर खरीदे सारे अनाज को एमएसपी मिलता है। दूसरी ओर निजी क्षेत्र ज्यादा बेहतर तरीके से जांच कर अलग-अलग मूल्य देता है। इसलिए सरकारी खरीद में उपयुक्त समझे जाने वाले उत्पाद की निजी खरीद में कीमत कम हो सकती है या वह एमएसपी से अधिक हो सकता है। जहां सरकारी खरीद के मानक पूरे देश में समान हैं, वहीं निजी खरीद अनेक आयामों पर निर्भर होती है जो उपभोक्ताओं की आवश्यकताओं तथा मिलिंग क्षमता, आदि पर आधारित होते हैं। इसलिए पंजाब सरकार द्वारा अध्यादेश में निजी खरीद एजेंट या कंपनी पर कम से कम तीन साल की सजा या जुर्माने का प्राविधान अनुचित है।

विभिन्न खाद्य उत्पादों के निर्माण के दृष्टिकोण से कृषि उत्पादों की बेहतर छंटाई बहुत जरूरी होती है। उपभोक्ताओं की पसंद में विविधता के कारण न केवल उत्पाद की कीमत, बल्कि उसकी गुणवत्ता पर भी ध्यान देना जरूरी है। इसी कारण निजी खरीद एजेंट उत्पाद खरीदते समय कृषि-जलवायु क्षेत्र तथा वस्तुओं की मौसमी किस्मों पर ज्यादा ध्यान देते हैं। इसका अर्थ उचित कीमत पर बेहतर गुणवत्ता पाने के लिए बेहतर छंटाई व्यवस्था का प्रयोग करना है। उदाहरण के लिए, गेंहू के मामले में उसका ठोस होना सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। दाना जितना मजबूत होगा, उतने ही पोषक तत्व उसमें अधिक होंगे तथा मिलिंग में ज्यादा उत्पाद मिलेगा। एक महत्वपूर्ण आयाम ग्लूटेन की उपस्थिति भी है। इस प्रोटीन से आटे की बेकिंग गुणवत्ता निर्धारित होती है और उससे अनेक प्रकार के उत्पाद तैयार हो सकते हैं। इसलिए खरीदी जानी वाली वस्तुएं विभिन्न उपभोक्ताओं की आवश्यकताओं हेतु अलग-अलग होती हैं।

खाद्य पदार्थों में फूड रिटेल के उभरने से उपभोक्ताओं की पसंद में और विविधता आई है। बेहतर पसंद के प्रति उपभोक्ता जागरूकता में वृद्धि से उत्पाद का जीवन चक्र कम हुआ है तथा प्रतियोगिता व खोज बढ़ने से नए उद्यमी सामने आए हैं। कुछ राज्यों द्वारा एपीएमसी एक्ट वापस लेने, कृषि उत्पादक संगठनों-एफपीओ के गठन तथा फूड रिटेल व प्रसंस्करण क्षेत्र की बढ़ी सहभागिता से कृषि मूल्य श्रृंखलायें छोटी हुई हैं। खरीद से मुनाफा तय होता है क्योंकि इससे व्यवस्था की 60 लेकर 75 प्रतिशत तक कीमत निर्धारित होती है। इस प्रकार कच्चे कृषि उत्पादों की खरीद बैक-आफिस भूमिका का एक महत्वपूर्ण अंग बन गई है।

यह समझना जरूरी है कि निजी एजेंट वस्तुओं की खरीद कीमत अपने मुनाफे तथा उपभोक्ताओं की पसंद पर आधारित करेंगे। इस प्रकार वे ऐसी गुणवत्ता वाले अनाजों की कम कीमत देंगे जिनके प्रसंस्करण पर अधिक खर्च हो ताकि उसे उपभोक्ताओं की पसंद योग्य बनाया जा सके। इस प्रकार कम कीमत का अर्थ सरकार द्वारा निर्धारित एमएसपी से कम पर खरीद होना है। निजी क्षेत्र वस्तुओं की खरीद के बाजार उन्मुखीकरण को बढ़ावा देता है, जबकि सार्वजनिक क्षेत्र किसानों की आजीविका आवश्यकतायें पूरी करने के लिए समावेशी दृष्टिकोण अपनाता है। दोनों लक्ष्यों का एक दूसरे से टकराव होता हैं यदि कार्पोरेट को एमएसपी से कम पर खरीद के लिए दंड दिया जए तो वे क्रियान्वयन के लिए दबाव डालने की रणनीति अपनाएंगे या कानून में परिवर्तन का प्रयास करेंगे जो जन-कल्याण लक्ष्य प्राविधानों के विपरीत होगा। इसके कारण पूरे कृषि-बिजनेस संस्थागत ढांचे में अस्थिरता पैदा हो सकती है।

पंजाब विधानसभा द्वारा पास अध्यादेश में किसानों को वर्तमान कानूनों के अंतर्गत सिविल कोर्ट का दरवाजा खटखटाने या अन्य उपचार प्राप्त करने का अधिकार है, लेकिन इन सबमें लंबी कानूनी प्रक्रिया शामिल है और व्यक्तिगत किसानों द्वारा इसका लाभ उठाना कठिन होगा। एक व्यापक अध्यादेश के माध्यम से सार्वजनिक व निजी क्षेत्र के उद्देश्यों को एकसाथ जोड़ने से किसानों, निजी खरीदार एजेंटों तथा अनाज व उससे संबंधित उपभोक्ताओं को नुकसान होगा।

# मजबूत स्वास्थ्यरक्षा प्रणाली की अनिवार्यता

"चिकित्सा शिक्षा का पाठ्यक्रम अस्पतालों पर अनिवार्य रूप से ध्यान केंद्रित करता प्रतीत होता है। इसका परिणाम सबके सामने हैं।"

**विनयशील गौतम**
(लेखक जाने-माने प्रबंध परामर्शदाता हैं)



**भा**रत में सार्वजनिक स्वास्थ्यरक्षा प्रणाली उन विषयों में से एक है जिस पर अधिकतर लोग मत व्यक्त करते हैं। इसे प्राय: काफी ऊर्जा एवं अंतरदृष्टि के साथ अभिव्यक्त किया जाता है। कुछ पसंदीदा नज़रिए हैं। उनमें से लगभग सभी प्राथमिक, द्वैतीयिक एवं तृतीयिक स्वास्थ्यरक्षा की बात करते हैं। आमतौर से, इन पहलुओं पर एक विमर्श के साथ-साथ देश में विद्यमान स्थिति पर आंसू भी बहाए जाते हैं। सच यह है कि एलोपैथिक स्वास्थ्यरक्षा के बावजूद, देश की प्राथमिक स्वास्थ्यरक्षा प्रणाली औषधियों की भारतीय प्रणाली से पोषित एवं पल्लवित होती है। वे आसानी से उपलब्ध होती हैं, रोग की पहचान सरल होती है और बड़ी संख्या में मामलों के परिणाम संतोषजनक होते हैं। परम्परागत औषधीय प्रणालियों में अंतहीन परीक्षणों का बोझ नहीं डाला जाता जैसा कि ऐलोपैथी में होता है, जिसमें प्राय: साथ में परिणामों की अविश्वसनीयता का पहलू भी विद्यमान होता है। ऐसा केवल परीक्षणों की प्रकृति के कारण नहीं होता बल्कि परीक्षण प्रक्रिया में व्याप्त दोषों के कारण भी होता है।

प्राय:, विश्वसनीयता की तलाश का अर्थ होता है परीक्षणों को दोहराया जाना। रोचक ढंग से, पैथोलॉजी प्रयोगशालाएं, आजीविका के स्रोतों के तौर पर, शायद ही कभी ऐसे विश्लेषणों से गुजरती हैं जिनमें उनकी चरघातांकीय वृद्धि को समझने का प्रयास किया जाता है। खबरों के मुताबिक, बी और सी श्रेणी के शहरों में कार्टल अनियंत्रित रूप से विद्यमान हैं, और बड़े शहरों की छोटी भौगोलिक इकाइयों में उनके समूहनों की अनदेखी नहीं की जा सकती। यह उन विचित्र स्थितियों में से एक है जब बड़ी संख्या में लोग जानते हैं कि क्या चल रहा है और फिर भी कोई भी उसके बारे में बात नहीं करना चाहता। जहां स्वयं बात करना एक निषेध हो, तो गंभीर किस्म की संभावित जांच की दुर्दशा के बारे में कल्पना की जा सकती है।

आश्चर्यजनक रूप से, इंजीनियर बनने की प्रक्रिया में एक व्यक्ति को सामाजिक विज्ञानों में अथवा सजातीय क्षेत्रों में कुछ उन्मुखताओं से होकर गुजरना पड़ता है। कुल मिलाकर, चिकित्सा शिक्षा का पाठ्यक्रम अस्पतालों पर अनिवार्य रूप से ध्यान केंद्रित करता प्रतीत होता है। परिणाम सबके सामने हैं। कोविड के दौर ने इन प्रवृत्तियों पर एक भद्दा आवरण चढ़ा दिया है।



कुल मिलाकर इन दिनों में, अस्पताल किसी को भी मुक्ति प्रमाणपत्र देने से परहेज करते हैं जिसमें लिखा जाता है कि मरीज़ कोविड संक्रमण से स्वस्थ हो गया है या नहीं। वरिष्ठ चिकित्सक भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के दिशा निर्देशों के पीछे शरण लेते हैं। शायद इनमें से कुछ चीजें अपरिहार्य हैं, फिर भी ऐसे सजातीय मामले होते हैं जिनके लिए स्पष्टता की प्रतीक्षा होती है। राष्ट्रीय प्रोटोकाल होना चाहिए लेकिन अधिक विशिष्टता कब आएगी?

इनके सकारातमक पहलुओं पर बहस की जा सकती है। कुछ लोग दावा करेंगे कि वर्तमान में जारी महामारी की स्थितियों में यह अंतरनिहित पहलू हैं, जहां इस वायरस के बारे में ज्यादा ज्ञात नहीं हो सका है। किसी मीडिया लेख में सात प्रकार के हल्के कोविड लक्षणों की बात कही गई थी। इसके श्रेणीबद्धीकरण के बावजूद, प्रत्यक्ष रूप से किसी एक कोरोनावायरस के दूसरे से अंतर पर आधारित उपचार करने की गुंजाइश बहुत कम है। प्रत्येक मामले में पैरासीटामॉल दी जाती हे और यहां पर आता है वर्ष का सबसे अहम शब्द जिसे प्रतिरोधक क्षमता कहा जाता है। पिछले 11 महीनों से इस शब्द का इस्तेमाल बेहिसाब ढंग से किया जाता रहा है जैसा कि मानव इतिहास में पहले कभी देखा नहीं गया। भारतीय स्वास्थ्यरक्षा प्रणलियां, जो जीवन शैली को स्वस्थ रहने व खुशहाली का मार्ग बताती हैं उनके लिए कहने को कुछ नहीं रह गया है। आंवले से लेकर खुबानी तक, हर चीज को सर्वरोगहारी तथा प्रतिरोधक क्षमता एवं सेहत बढ़ाने का स्रोत बना दिया गया है व लोग इनका पालन करते हैं। बहुत से लोगों को इसकी परवाह नहीं कि खुबानी स्वयं में एक मौसमी फल होता है और सार्वभौमिक अच्छे स्वास्थ्य का साधन नहीं बन सकता है।

कोविड की दूसरी व तीसरी लहर देशभर में विभिन्न लोगों के लिए घरों में बैठकर व्यापक रूप से चर्चा का विषय बन गई है। जाड़ा बढ़ने के साथ एवं बढ़ते मामलों के चलते, अधिकतर यूरोप का हिस्सा पुन: लाकडाउन की चपेट में आ गया है या तो आने का खतरा बना हुआ है। रोचक ढंग से, चंद विश्वसनीय आंकड़े इस बारे में उपलब्ध हैं कि संक्रमणों की बढ़ती संख्या की प्रतिशत क्या है जो कि मरीजों में पुन: संक्रमण होने के मामलों का परिणाम है, जो अस्पतालों से मुक्ति पा चुके थे यद्यपि वे मुक्त होने के वर्तमान प्रोटोकाल से गुजर चुके थे। स्थिति की दुविधा हो सकता है कि अंशत: अंतरनिहित हो लेकिन इससे इस पहलू की व्याख्या नहीं होती है कि कोविड मरीजों की भिन्न-भिन्न श्रेणियों के उपचार के मुद्दे तर्कसंगत निष्कर्ष पर क्यों नहीं पहुंचाए जा रहे हैं।

यात्रा करने की अनुमति दिए जाने से पूर्व क्या मरीज़ को लंबे समय तक एक ही व्यवस्था की देखरेख में रखा जाना बुद्धिमत्तापूर्ण नहीं होता और क्या औचित्यपूर्ण गारंटी है कि व्यक्ति संक्रमण की चपेट में दोबारा नहीं आएगा? यह स्वाभाविक है कि इन पेचीदा सवालों के निश्चित जवाब देना कठिन है। हालांकि, यह शोचनीय है कि स्थिति के व्यापक पहलुओं पर पर्याप्त मात्रा में चर्चा नहीं हो रही है। इस पहलू को पहचानने की तथा गहन विश्लेषण एवं उपचार के लिए विचार करने की आवश्यकता है।

स्पष्ट रूप से, जो भी ताकतें हैं, चिकित्सा बंधुत्व एवं नागरिक समाज, को स्थिति पर पकड़ बनाने के लिए आगे आना होगा। ये निश्चित रूप से, ध्यान केंद्रित करते हुए विचार करने योग्य मुद्दे केवल यही नहीं हैं। मगर फिर भी वे महत्वपूर्ण अवश्य हैं।

## आप की बात

### अर्नव की गिरफ्तारी

**पत्रकार** अर्नव गोस्वामी की गिरफ्तारी पर व्यर्थ का हल्ला मचाया जा रहा है। अर्नव पर किसी पुराने प्रकरण को लेकर महाराष्ट्र पुलिस ने कार्रवाई की है जो न्यायोचित है। अगर उक्त प्रकरण में अर्णव पाक साफ है तो डर काहे का! वे न्यायालय से निर्दोष ठहरा दिए जाएंगे। अर्नव की गिरफ्तारी के बाद इस प्रकरण में मां बेटी का खुश होना इस बात का प्रतीक है कि उन्होंने कितनी प्रताड़ना झेली है। जो कह रहे हैं कि महाराष्ट्र सरकार व पुलिस की मनमानी व दादागिरी है, क्या अन्य राज्यों में वहां की सरकारें छोटे-मोटे पत्रकारों को, निर्दोष होते हुए भी, जेल में डाल देती है, उनका दोष इतना ही होता है कि वे सच को सच कहते हैं व लिखते हैं। उत्तर प्रदेश में एक पत्रकार ने मध्यान भोजन की रिपोर्टिंग की तो उसको कितना प्रताड़ित किया गया, यह सब जानते हैं। तब क्यों आपातकाल दिखाई नहीं देता है ? तब क्यों चुप्पी साध ली जाती है? अपने दल बल की सरकार करें तो मीठा-मीठा गप व दूसरों की करें तो कड़वा कड़वा थूं। ऐसे मुद्दों पर राजनीति दलों को बिल्कुल बोलना शोभा नहीं देता। जब एक आम आदमी के लिए कानून है, तो पत्रकार अर्नव गोस्वामी कोई विशेष ग्रह से आए हुए देवदूत नहीं हैं जिनके लिए इतना बवाल मचाया जाए।

– **हेमा हरि उपाध्याय**, उज्जैन

### श्रम कानूनों में बदलाव

**इस** कोरोना संकटकाल में जहां प्रश्न ही प्रश्न है उत्तर भविष्य के गर्भ में छुपा है तो वहीं एक प्रश्न ऐसा है जिसे हुक्मरानों ने खड़ा किया है वो है श्रम कानूनों में बदलाव और जिसे सालों पहले कामगारों व मज़दूरों ने अपनी स्थिति को बेहतर करने के लिए लंबे संघर्ष के बाद पाया और ये पहली बार नहीं जब सुधारों के नाम पर सरकार, विदेशी निवेशकों व कॉरपोरेटघरानों के लिए अवसर की तरह देख रही हो, पहले भूमि अधिकरण कानून जिसे किसानों के विरोध के कारण वापस लेना पड़ा और अब राज्यों में श्रम कानून में बदलाव। सरकार निवेशकों को लूभाने के लिए श्रम कानून में बदलाव कर रही है जबकि किसी भी देश का आर्थिक-समाजिक विकास वहाँ के देशवासियों पर निर्भर होता है ना कि विदेशी निवेश या कानून के कमजोर करने से। इस कोरोना काल में हमने देखा है कि श्रमिकों व मज़दूरों की मेहनत के ही दम पर उत्पादन व काम होता रहा वो चाहे खेत, खदान, रेल, भट्टे, अस्पताल, सीवरेज आदि ही हो, तो फिर इस समय सरकार को इनका भरोसा जगाने का काम करना चाहिये न कि कानून में बदलाव ला कर मजदूरों को हायर एण्ड फायर के तर्ज पर काम करने के लिये बाजार में छोड़ देने का।

– **राहुल कपूर**, मित्रनगर, झलवा, प्रयागराज

### अर्थव्यवस्था और विकास

**कोरोना** महामारी के कारण हमने देखा था कि हमारी अर्थव्यवस्था को कितना नुकसान पहुंचा। निरंतर राहत पैकेज और कई योजनाएं लागू करने के बावजूद भी जब जीडीपी में बहुत ज्यादा गिरावट दर्ज की गई हमें अपनी गलती का एहसास हुआ कि हम अर्थव्यवस्था के स्तर में कहां खड़े हैं। कई सुधारों के बाद देश में विनिर्माण गतिविधियों में तेजी दर्ज की गई और पिछले महीने इन में जबरदस्त तेजी जारी की गई। जहां सिर्फ कृषि सेक्टर को छोड़कर हम बाकी सभी सेक्टरों में अपनी अर्थव्यवस्था को निचले पायदान पर देखते हुए नजर आ रहे थे वही ऐसी खबर का मिलना कहीं ना कहीं एक बहुत ही अच्छी बात है। लॉकडाउन में बेरोजगारी और नौकरी से हाथ खो बैठना बहुत लोगों की समस्याएं देखने को मिली। बीच में आए राहत पैकेज के बाद थोड़ा बहुत अर्थव्यवस्था में सुधार देखने को मिला। आने वाले महीनों में हमें उत्पादन में और वृद्धि करनी होगी जिससे कि हमारा मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर बढ़े। हमें अब यह पता लग चुका है कि हमारे मात्र प्रयासों से कुछ नहीं होगा।

– **सुदर्शन सोराड़ी**, नैनीताल

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**बंगाल** को वंशवादी राजनीति और विकास में से एक को चुनना होगा। भाजपा को मौका दीजिए और हम पांच वर्ष में शोनार बांगला बनाने का वादा करते हैं।

– **अमित शाह**
केंद्रीय गृहमंत्री



**अमेरिका** दुनियाभर में अपने एकाधिकार को कायम करने के लिए आतंकवाद विरोधी एवं भ्रष्टाचार विरोधी कानूनों समेत घरेलू कानूनों का इस्तेमाल कर रहा है।

– **गेबरन बासिल**
लेबनान के विदेश मंत्री



**गृह मंत्री** भाजपा कार्यकर्ता के तौर पर बर्ताव कर रहे हैं। शाह और भाजपा को बंगाल में सत्तासीन होने का दिवास्वप्न देखना छोड़ देना चाहिए।

– **सौगातो रॉय**
तृणमूल सांसद

## पीएम मोदी ने खिलाड़ी प्रशांति सिंह, कालभैरव निवासिनी नीलिमा मेहता एवं उद्यमी विपिन अग्रवाल से की बातचीत

# काशी का आशीर्वाद साक्षात महादेव का आशीर्वादः नरेन्द्र मोदी

● दीपावली पर लोकल कारोबार को बढ़ाने और उत्पादों को बनाने वालों की दीवाली भी रोशन करने की अपील कीः प्रधानमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने काशी को सोमवार की सुबह करोड़ों की सौगात दी। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चांदपुर औद्योगिक क्षेत्र से उद्यमी विपिन अग्रवाल, संपूर्णानंद स्टेडियम में बास्केट बाल खिलाड़ी प्रशांति सिंह और पक्के महाल में काल भैरव के पास गृहिणी नीलिमा मेहता से बातचीत की। इस दौरान कार्यक्रम का प्रसारण दशाश्वमेघ घाट, शूलटंकेश्वर, टीएफसी, सर्किट हाउस, एयरपोर्ट परिसर और कमिश्नरी में किया गया। ऑनलाइन आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम को संबोधित किया और पीएम के कोरोना संक्रमण के दौरान किये गए उपायों और विकास को लेकर अपनी बात रखी। मुख्यमंत्री के संबोधन के बाद काशी के विकास पर आधारित एक संक्षिप्त वृत्तचित्र भी ऑनलाइन प्रसारित किया गया। सुबह 10.45 बजे पीएम ने बटन दबाकर ऑनलाइन परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

### तीन लोगों से की बातचीत

पीएम ने सबसे पहले सिगरा स्टेडियम में मौजूद बास्केटबॉल खिलाड़ी प्रशांति सिंह से बातचीत की और बधाई के साथ उन्हें उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। वाराणसी में दीप पर्व के आयोजन को लेकर माहौल पर प्रशांति से परिचर्चा की। इस दौरान संपूर्णानंद स्टेडियम में खिलाडियों की सुविधा के लिए बने चेंजिंग रूम और आवासीय भवन पर बातचीत की। पीएम ने इस दौरान प्रशांति से कहा कि खेल जगत में बनारस की युवा पीढी और आगे आए। परिवार सहित दीपावली की परिवार को पीएम ने शुभकामनाएं दीं।

काल भैरव गली की निवासी नीलिमा मेहता से उन्होंने बात की और दीवाली के रौनक पर उनसे बातचीत को आगे बढ़ाया तो आवाज डिसकनेक्ट हो गई। संवाद दोबारा कनेक्ट हुआ तो नीलिमा ने पीएम को प्रणाम किया और काल भैरव गली की साफसफाई को लेकर भी पीएम ने पूछा तो उन्होंने बताया कि गली में बैठकर भोजन भी किया जा सकता है। पीएम ने कहा कि काशी लोग देखने आते हैं तो काशी की गली की रौनक भी होनी चाहिए। काशी की गलियों की साफ सफाई और उजाले के लिए अपनी अपेक्षाएं भी पीएम ने साझा कीं। बनारस के गलियों के शहर होने और यहां के कण कण की पवित्रता पर परिचर्चा कर काशी में पर्यटन की अपेक्षाएं भी जाहिर कीं।

इसके बाद पीएम ने चांदपुर औद्योगिक क्षेत्र से उद्यमी विपिन अग्रवाल से बातचीत की। उद्यमी ने बताया कि कोरोना काल के दौरान कारोबार प्रभावित तो हुआ लेकिन प्रयासों में कोई कमी नहीं आई। काशी से निर्मित उत्पादों की खरीदारों और उपभोक्ताओं से संबंध संग कारोबारी गतिविधि भी बेहतर बने रहने की जानकारी देकर कोरोना संक्रमण काल में कारोबारी हालातों को रेखांकित किया। उन्होंने शहर में विकास कार्यों को लेकर अपनी बातें रखते हुए कारोबार को मिलने वाले लाभ को साझा किया। पीएम नरेंद्र मोदी ने छोटे उद्योगों पर बात करते हुए मालिक मैनेजर और उनके बेहतर चैंबर बनाने के साथ ही परिसर में कारीगरों के स्थान को बेहतर बनाने को लेकर अपने सुझाव भी रखे। कहा कि कारीगर को भी घर जाने का मन न हो ऐसा माहौल कार्यालय या कारखाने का होना चाहिए। कहा कि दीवाली और त्योहार पर लोगों का ध्यान गया है और कारोबारी गतिविधि भी बढ़ रही है। लॉकडाउन के बाद कारोबार में आने वाले सुधार को लेकर भी पीएम ने परिचर्चा की। इस पर उद्यमी विपिन अग्रवाल ने बताया कि कोरोना काल के दौरान भी प्रशासनिक सहयोग पर्याप्त हुआ, वहीं उन्होंने आत्मनिर्भरता के लिए प्रयासों के बारे में जानकारी दी।

संवाद के क्रम में तीन लोगों से बातचीत के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने शहर में विकास कार्यों की जरूरत पर बल देते हुए शहर के विकास के लिए किए गए कार्यों को गिनाया। पूर्वांचल के लोगों के छोटी जरूरतों के लिए उपलब्धता की जानकारी दी। पीएम ने किसानोंए कारोबारियों और आम नगारिकों के लिए काशी में किए गए सरकार के प्रयासों के बारे में अवगत कराते हुए भविष्य की योजनाओं की झलक भी दिखायी। रेहडी, ठेला पटरी कारोबारियों से लेकर बुनकरों तक पर बात करते हुए आर्थिक दिक्कतों को दूर करने के प्रयासों से अवगत कराया तो योजनाओं की एक-एक कर जरूरत और उसके लाभों से भी अवगत कराया। काश्यां हि काशते काशीए काशी सर्वप्रकाशिका! का उदाहरण देते हुए कहा कि काशी को काशी ही प्रकाशित करती है। काशी का आशीर्वाद साक्षात महादेव का आशीर्वाद है, ऐसे में कोई काम बड़ा नहीं हो सकता। पीएम ने दीपावलीए गोवर्धपन पूजा और भैयादूज की बधाई दी तो कारोबार को लेकर भी अपनी बात रखी। लोकल फॉर वोकल अभियान के लिए दीपावली पर अपील करते हुए लोकल कारोबार को बढ़ाने और उत?पादों को बनाने वालों की दिवाली भी रोशन करने की अपील की। काशी वासियों से अपील किया कि देश के लोग और नौजवान जो पसीना बहा रहे हैं और कुछ करने की कोशिश करना चा?ह रहे हैं उनका हौसला बढ़ाने की जरूरत है।





## मोदी ने 614 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन व आधारशिला रखी

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

● पीएम ने काशीवासियों को दीपावली, गोवर्धन पूजा और भैयादूज की बधाई दी

**अपने संसदीय** क्षेत्र वाराणसी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुल 614 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और आधारशिला सोमवार की सुबह 10:30 बजे ऑनलाइन रखी। पीएम के इस उद्घाटन और आधारशिला कार्यक्रम का शहर में कुल छह अलग अलग जगहों पर प्रसारण भी किया गया तो लोगों का भी जमावड़ा आयोजन स्थलों पर खूब रहा। कार्यक्रम स्थलों पर लोगों की सुबह से ही जुटान शुरू हो गई तो प्रशासनिक महकमा भी सक्रिय नजर आया। सुबह 10:45 बजे रिमोट से पीएम नरेंद्र मोदी ने जैसे ही योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया वैसे ही छह प्रमुख जगहों पर लाइव प्रसारण के स्थानों पर हर हर महादेव के नारे गूंज उठे। लोगों ने तालियां बजाकर समारोह के दौरान विकास योजनाओं का काशी को समर्पित करने का स्वागत किया। तालियां सभागारों से लेकर आयोजन स्थलों तक गूंजती रहीं।

### इन योजनाओं का हुआ शिलान्यास एवं लोकार्पण

लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल रामनगर को अपग्रेड किया गया, सीवरेज परियोजना, सारनाथ लाइट एंड साउंट प्रोजेक्ट, गौशालाओं का निर्माण, मल्टीपरपज वेयर हाउस, संपूर्णानंद स्टेडियम में आवासीय भवनों का निर्माण, सिटी लाइटिंग कार्यए 105 आंगनवाड़ी और 102 गौ आश्रय स्थलों का निर्माणए दशाश्वमेध और खिड़किया घाट का पुनर्निर्माण, पीएसी बल के लिए बैरक निर्माण, बेनियाबाग में पार्किंग निर्माण, काशी के वार्डों का विकास, गिरिजा देवी सांस्कृतिक संकुल का अपग्रेडेशनए पर्यटकों की सुविधा के लिए सड़कों का निर्माण आदि प्रमुख कार्य।

### नीलिमा ने संवाद के दौरान पीएम से कहा-नीलिमा जी नहीं, नीलिमा बोलें

**सुशील कुमार मिश्र।** वाराणसी

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को वर्चुअल कार्यक्रम के जरिए न केवल काशी में 614 करोड़ रूपये की तीस से अधिक परियोजनाओं का शिलान्यास-लोकार्पण किया अपितु वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक साधारण कालभैरव निवासी गृहिणी नीलिमा मेहता से परिचर्चा भी की। नीलिमा ने स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत काशी में हो रहे कार्यो का फीड बैक भी लिया। इस दौरान नीलिमा मेहता ने स्मार्ट सिटी के तहत बनारस में हो रहे विकास कार्यो की पीएम से वार्ता के दौरान जमकर सराहना की। संवाद करते हुए जब प्रधानमंत्री ने नीलिमा जी कहकर सम्बोधित किया। नीलिमा जी शब्द सुनकर चौंकने के बाद उन्होंने पीएम को टोका दिया-बोलीं आप मुझे नीलिमा जी नहीं नीलिमा बोलिए। संवाद के बाद बातचीत के दौरान नीलिमा ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री की पुत्री के समान हूॅ। ऐसे में कोई जी शब्द का उद्बोधन करें। मुझे अच्छा नहीं लगा। इसके चलते हमने प्रधानमंत्री ने नीलिमा जी न बुलाने का अनुरोध किया। पीएम से संवाद करते हुए नीलिमा मेहता ने कहा कि अब गलियां इतनी साफ रहती हैं कि खुद गली में निकल कर झाड़ू लगाने का मन करता है। प्रधानमंत्री से संवाद कर गदगद नीलिमा ने कहा कि एक गृहिणी को बिजली, पानी और क्या चाहिए। प्रधानमंत्री ने काशीवासियों को भरपुर बिजली-पानी दी है। पीएम नरेन्द्र मोदी संग संवाद के बाद 'पायनियर' से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री से बात करना मेरे जीवन के लिए यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। जीवन में शायद ही ऐसा मौका कभी और मिले। उन्होंने एक गृहिणी से स्मार्ट सिटी के बारे में बात की। कहा कि स्मार्ट सिटी के तहत काशी में काम दिख रहा है। साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइट, सीवर लाइन, गलियों में पत्थर के चौके, वाल पेटिंग वर्क सहित विविध कार्य से प्राचीन नगरी काशी अब स्मार्ट बन चुकी है।

## कांग्रेस प्रत्याशी संजीव सिंह ने ढोल-नगाड़े के साथ किया नामांकन



**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**विधान परिषद** वाराणसी खंड स्नातक व शिक्षक कोटे की सीट से एक-एक नामांकन हुआ। शिक्षक कोटे से सपा प्रत्याशी लाल विहारी व स्नातक कोटे से कांग्रेस प्रत्याशी संजीव सिंह ने पर्चा दाखिल किया। पर्चा दाखिला के दौरान दोनों प्रत्याशियों के समर्थकों ने जमकर अपने प्रत्याशी के पक्ष में नारेबाजी की। ढोल नगाड़े पर जमकर झूमे। समर्थकों में न कोरोना भय दिखाए न ही बचाव के लिए मास?क का इस्तेमाल सभी करते नजर आए। नामांकन की अंतिम तिथि 12 नवम्बर है।

कमिश्नरी परिसर में नामांकन को लेकर तैयारी पूरी नजर आई। फोर्स मुख्य द्वार से लगायत अपर आयुक्त न्यायायल के मुख्य द्वार तक डटी रही। अपर आयुक्त के न्यायालय को नामांकल स्थल बनाया गया है। एक तरफ स्नातक तो दूसरी तरफ शिक्षक एमएलसी के नामांकन की व्यवस्था की गई है। नामांकन स्थल के चारों तरफबैरिकेडिंग की गई है। दोनों कक्ष में एआरओ सुबह 11 बजे से तीन बजे तक मौजूद रहे। भाजपा की ओर से मंगलवार को नामांकन की बात कही जा रही है। नामांकन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद नामांकन पत्रों की जांच 13 नवंबर को होगा। नाम वापसी 17 नवंबर को निर्धारित है। एक दिसंबर को सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होगा। वोटों की गिनती तीन दिसंबर निर्धारित है।

वाराणसी खंड में वाराणसी, चंदौली, जौनपुर, गाजीपुर, सोनभद्र, मीरजापुर, भदोही व बलिया जिला शामिल है। वाराणसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में दो लाख सात हजार नौ व शिक्षक में 32 हजार 641 वोटर हैं।

## नवाबगंज में अधिवक्ता के घर से लाखों की चोरी

● 30 नवंबर को होनी है बेटी की शादी, सारे गहने हुए चोरी

**प्रयागराज।** नवाबगंज थाना क्षेत्र में चोरों ने अधिवक्ता के घर से लाखों के गहने और नगदी गायब कर दी। घर वाले जब सुबह सोकर उठे तो बिखरा समान देखकर हतप्रभ रह गए। घर वालों ने फौरन चोरी की खबर नवाबगंज पुलिस को दे दी। पुलिस ने मामले की छानबीन कर मुकदमा दर्ज कर लिया है। बता दें कि नवाबगंज के चौबे का पूरा गांव निवासी उमाशंकर चतुर्वेदी अधिवक्ता हैं। उनके बेटी की शादी 30 नवंबर को होनी है। बीतीरात चोरों ने अधिवक्ता के घर से आठ लाख के गहने और दो लाख की नगदी पर हाथ साफ कर दिया। चोरों की करतूत घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी। बताया जा रहा है कि चोरों ने पहले रेकी की और फिर घर पर मौका पाकर 10 लाख का माल लेकर चंपत हो गए। चोर सीढ़ी से चढ़कर घर के अंदर घुसे और घर के अंदर से दरवाजा खोल कर अपने साथियों को अंदर बुलाकर पूरा घर खंगाल डाला। घर में सभी लोग उस समय सोए हुए थे। सुबह उठने पर जानकारी मिली तो सीसीटीवी देखने से चोरी का पता चला। पुलिस को खबर दी गयी तो टीम जांच में जुट गयी। प्रभारी निरीक्षक नवाबगंज मुनेंद्र सिंह ने बताया कि अधिवक्ता के घर चोरी की रिपोर्ट दर्जकर कार्यवाही की जा रही है।

## यातायात नियमों के पालन के लिए बच्चों को दिलायी गयी शपथ

● पंडित रामचन्द्र मिश्र मेमोरियल पब्लिक स्कूल में यातायात जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज




**यातायात** विभाग की ओर से स्कूली बच्चों में यातायात जागरूकता लाने के उद्देश्य से सोमवार को पंडित रामचन्द्र मिश्र मेमोरियल पब्लिक स्कूल पीपल गांव झलवा में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जागरूकता अभियान के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक यातायात अखिलेश भदौरिया रहे। उप निरीक्षक पवन पांडेय ने बच्चों को यातायात के नियमों से रूबरू कराया साथ ही नियमों के पालन के महत्व से भी अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक यातायात अखिलेश भदौरिया ने बच्चों को यातायात के नियमों के पालन की शपथ दिलाई। उन्होंने बच्चों के अनुशासन एवम विद्यालय की सराहना की। बताया कि यातायात व्यवस्था को और भी ज्यादा व्यवस्थित और आधुनिक करने का प्रयास किया जा रहा है। उप निरीक्षक शुभम टोडी ने बच्चों को ट्रैफिक पुलिस के ट्वीटर हैंडल एवम फेसबुक एकाउंट से जुड़ने के लिए कहा। जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों तक यातायात नियमों से संबंधित जानकारी पहुंच सके। विद्यालय के निदेशक सुभाष मिश्र ने विभाग की ओर से कराए गए कार्यशाला की सराहना की। सुभाष मिश्र ने कहा कि प्रति वर्ष बीमारियों से ज्यादा सड़क दुर्घटनाओं में लोगों की मौत हो रही है। यातायात जागरूकता विषय पर गंभीरता से कार्य करना होगा। पार्षद अखिलेश सिंह एवम राहुल चावला ने भी बच्चों को यातायात के नियमों का पालन करने के लिए कहा। इस मौके पर विभाग की तरफ से बच्चों को जागरूकता के विषय में पम्पलेट एवम चॉकलेट बांटी गई। प्रधानाचार्य आकाश मिश्र ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के उप प्रधानाचार्य शिक्षक एवम शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। इस मौके पर शुभम टोडी पुलिस उप अधीक्षक लाइन्स राकेश सिंह यातायात निरक्षक अरुण सिंह यातायात निरक्षक हरेंद्र सिंह यातायात निरक्षक उपस्थित रहे। अखिलेश सिंह पार्षद रामानंद पाल प्रधान पीपल गांव राजीव मिश्रा अतुल द्विवेदी चंद्रशेखर ओझा पवन द्विवेदी राहुल चावला विजय पुरसवानी सुनील शुक्ला उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पवन पांडेय उप निरीक्षक यातायात ने किया।

## काबीना मंत्री करेंगे म्यूजिक एलबम की लांचिंग

**प्रयागराज।** प्रख्यात गायिका कंचन मीणा और विवेक मिश्रा के म्यूजिक एलबम सजना वे सजना की लॉचिंग बारह नवंबर गुरूवार को शाम पांच बजे एनसीजेडसीसी के प्रेक्षागृह में होगी। मुख्य अतिथि प्रदेश के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी होंगे। इस मौके पर भाजपा सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी महापौर अभिलाषा गुप्ता विधायक हर्षवर्धन वाजपेयी कमिश्नर आर रमेश कुमार एडीजी प्रेम प्रकाश आईजी पीएसी भजनी राम मीणा और आईजी रेंज के पी सिंह मौजूद रहेंगे। गायिका कंचन मीणा ने बताया कि उनके कई म्यूजिक एलबम बाजार में आ चुके हैं। उन्होंने वीडियो के लाचिंग समारोह में शामिल होने की अपील लोगों से की है। कहा कि तीर्थराज प्रयाग से बहुत लगाव है। इसके बाद दिल्ली मुम्बई बंग्लुरू कोलकाता सहित शहरों में वीडियो म्यूजिक एलबम की लांचिग होगी।

## बांगरमऊ उपचुनावः किसके सिर होगा ताज, फैसला आज

**सूरज पांडेय।** उन्नाव

● किसने कितनी की मेहनत, बताएंगे चुनावी नतीजे

● सुबह आठ बजे से शुरू होगी मतगणना, 37 राउंड में होगी पूरी

**बांगरमऊ** में तीन नवम्बर को हुए मतदान में दस प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद हुआ था। मंगलवार की सुबह मतों की गिनती के शुरू होते हीए बंद भाग्य सामने आयेगा। किस के सिर ताज होगा किसके गले हार होगा इसका फैसला आज हो जाएगा। चुनाव में किसने कितनी मेहनत की है यह नतीजे बताएंगे।

वैसे चुनाव में हर प्रत्याशी अपनी पूरी शक्ति के साथ लड़ेए जनता के बीच जाकर तमाम वादे भी किए। वैसे नेताओं की बातों पर भरोसा कर जनता ने झमाझम वोट बरसाए। भाजपाए कांग्रेस.सपा और बसपा प्रत्याशियों की मेहनत को देखें तो चारों दलों के प्रत्याशियों ने कर.बल.छल तीनों का प्रयोग किया। मतदाता जिस तरह माना उसे उसी तरह मनाया गया। तमाम समस्याओं को पूरा करने का आश्वासन दिया व हर समय उनके बीच रहने का भी दंभ भरा। चुनाव के दौरान यह भी बात सामने आई कि किसी प्रत्याशी ने गांव में घुसते वक्त बच्चोंए युवाओं को साथ लेकर प्रचार कियाए इससे उन्हें मतदाता के घर में सभी के समक्ष अपनी बात रखने का मौका मिलाए वहीं बच्चों से जुड़कर उनके परिवार तक पैठ लगाई गई।

उधर, कई प्रत्याशी ऐसे भी रहे जो अपने साथ कार्यकर्ताओं के अलावा लाव लश्कर लेकर घूमे और मतदाता को मनाने का प्रयास किया। किस प्रत्याशी ने कितनी मेहनत की यह तीन नवम्बर को ईवीएम में कैद हो गया था और 10 नवम्बर को उसे उसकी मेहनत का फल मिलने वाला है। जो जीतेगा उसे सिर जीत का सेहरा और गले में हार होगा। वहीं इस बार के चुनाव में जिसे हार मिलेगी उसमें कईयों का राजनीतिक कैरियर भी खत्म हो जाएगा। पार्टी और जनता की नजरों में उसका वजूद कम आंका जाएगा।

### इन प्रत्याशियों के भाग्य का होगा फैसला

1. आरती बाजपेयी-कांग्रेस
2. श्रीकांत कटियार-भाजपा
3. सुरेश कुमार पाल-सपा
4. महेश कुमार पाल-बसपा
5. उमर खां-नागरिक एकता पार्टी
6. रामकरण-भारतीय वंचित पार्टी
7. रामप्रकाश-राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी
8. आशुतोष पांडेय-मेरा अधिकार राष्ट्रीय दल
9. महेंद्र कुमार-निर्दलीय
10. मोहम्मद सब्बन-निर्दलीय

### देरशाम तक तैयारियां हुई पूरी

सोमवार की देरशाम मतगणना की सारी तैयारियां पूरी हो गई। मतगणना दही चैकी स्थित वेयर हाउस में होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू होगी। मतगणना की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। बताया कि 14 टेबल लगाई गई। 37 राउंड में मतगणना पूरी हो जाएगी। करीब दो बजे तक चुनाव परिणाम आ जाएगा।

### तैनात रहेगी भारी फोर्स

मतगणना को देखते हुए भारी पुलिस फोर्स तैनात किया गया है। सुरक्षा के बाबत 6 पुलिस क्षेत्राधिकारीए 9 निरीक्षकए 35 एसआईए 3 महिला एसआईए हेड कांस्टेबिल 70ए कांस्टेबिल 150ए महिला कांस्टेबिल 50 के साथ पीएसी लगाई गई है। इसके अलावा करीब एक दर्जन ट्रैफिक पुलिस के जवानों को तैनात किया गया है। ताकि यातायात व्यवस्था का संचालन सुचारू रूप से किया जा सके। एसपी आनन्द कुलकर्णी ने बताया कि सभी गेट पर पुलिस कर्मी पूरी मुश्तैदी से तैनात रहेंगे। किसी भी व्यक्ति के प्रवेश के पूर्व उसकी गहनता से जांच की जाएगी और कोविड नियमों का पालन किया जाएगा।

## त्योहार को लेकर पुलिस ने चलाया बैंक चेकिंग अभियान, संदिग्धों से की पूछताछ

**उन्नाव।** पर्वो पर भीड़भाड़ को देखते हुए एसपी के निर्देश पर जिले की पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने को लेकर सोमवार को चेकिंग अभियान चलाया। सीओ सिटी के नेतृत्व में शहर में पुलिस ने बैंकोंए बाजारों में सघन चेकिंग की और संदिग्धों से पूछताछ की। त्योहार को लेकर शहर में स्थित बैंकों में भीड़भाड़ को देखते हुए पुलिस ने सोमवार की सुबह एसबीआईए एचडीएफसीए आर्यावतए एसबीआई सिटी सहित शहर की कई बैंकों में चेकिंग अभियान चलाया। सीओ सिटी गौरव कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस फोर्स ने शहर के भीड़ भाड़ वाले इलाकों व बाजारों व बैंकों में चेकिंग की और बैंक के आसपास मौजूद संदिग्धों से पूछताछ भी की। वहीं बिहार थाना क्षेत्र में महिला एसआई डाण् सुनीता चैरसियाए पुरवा कोतवाली प्रभारी अनिल सिंहए बारासगवर थाना प्रभारी राकेश सिंहए सफीपुरए मांखीए औरासए हसनगंजए बांगरमऊ ने बैंकों का निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान उन्होंने बैंक में आए लोगों से उनके काम से संबंधित जानकारी ली। बैग आदि लेकर बैंक आने वाले व संदिग्ध लोगों की तलाशी भी ली। इस दौरान संदिग्ध हालत में बैंक के इर्दगिर्द घूम रहे संदिग्ध लोगों की तलाशी ली। वही देरशाम पुलिस ने त्योहार को देखते हुए नगर व कस्बे में पैदल गश्त करते हुए संदिग्ध वाहनो की चेकिंग की और दिशा निर्देश दिए।

## दर्शन के लिए मंदिर जा रहे मां-बेटे की मौत, पति घायल

**उन्नाव।** लखनऊ कानपुर राजमार्ग स्थित शहर कोतवाली क्षेत्र के हीरा गार्डेन के पास सोमवार सुबह मंदिर जा रहे दम्पत्ति की बाइक में ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। हादसे में मां.बेटे की मौके पर मौत हो गई। जबकि दुर्घटना के समय पति घायल हो गया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अचलगंज थाना क्षेत्र के पोटरिहा गांव निवासी दिनेश सविता सुबह पच्चीस वर्षीय पत्नी ज्योति और ग्यारह वर्षीय बेटे शिवांस के संग बाइक से दुर्गा कुशेहरी मंदिर दर्शन के लिए जा रहे थे। शहर कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ कानपुर हाईवे स्थित हीरा गार्डेन के पास मांस का कचड़ा लदे ट्रैक्टर ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी है। मौके पर ग्यारह माह का शिवांस व मां ज्योति की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर छोड़कर मौके से भाग निकला। घायल पति ने घर पर और पुलिस को हादसे की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल पति को जिला अस्पताल की इमर्जेंसी पर भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा है।

## जलकल उपभोक्ताओं से वर्तमान वित्तीय वर्ष के आधार पर कराया जा रहा भुगतानः अभिलाषा

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

● कथित पार्षद और पूर्व पार्षद कर रहे हैं जनता को गुमराह

● 31 मार्च तक उपभोक्ताओं को छूट के साथ भुगतान करने का दिया गया है समय

**वित्तीय वर्ष** 2014-15 में किये गए भवनों के वार्षिक मूल्यांकन के आधार पर जलकल विभाग द्वारा जलमूल्य और जलकर के बिल को लेकर कथित पार्षद और पूर्व पार्षद जनता को गुमराह कर रहे हैं। जिसकी वजह से जलकर के उपभोक्ता भ्रमित हो रहे हैं और बिल का भुगतान नहीं कर पा रहे हैं। इसकी वजह से शासन को राजस्व की हानि हो रही है। यह बातें सोमवार को पत्रकारों से मुखातिब प्रयागराज की महापौर और जलकल विभाग की अध्यक्ष अभिलाषा गुप्ता ने कहीं। उन्होंने साफतौर पर कहा कि जनता पर जलकर और जलमूल्य को लेकर किसी तरह की अनियमितता नही है। बल्कि 01 सितम्बर को कार्यकारिणी की बैठक कर वित्तीय वर्ष 2014.15 से वित्तीय वर्ष 2019.20 तक के एरियर की वसूली पर रोक लगा दी गयी थी। वहीं वर्तमान वित्तीय वर्ष 2020.21 से ही वर्ष 2014.15 के वार्षिक मूल्यांकन के आधार पर बिलिंग किए जाने की अनुमति दे दी गयी थी। साथ ही उन उपभोक्ताओं को जिन्होंने पिछले कई वर्षों का भुगतान किया है उन्हें 10 फीसद के अलावा एरियर भी माफ कर दिया गया है। महापौर अभिलाषा गुप्ता ने कहा कि जलकर के बिल को लेकर किसी प्रकार का संसय नही है। बैठक में निर्णय लिया गया कि कोरोना को देखते हुए जनता पर भार नही डाला जाएगा। जिसमें यह कहा गया कि वार्षिक मूल्याकंन किया गया लेकिन भुगतान वर्तमान 2020.21 के बिल के आधार पर लिया जा रहा है। इसके लिए 31 मार्च तक छूट प्रदान की गई है। उक्त तिथि तक जनता से किसी भी प्रकार का एरियर नही लिया जाएगा। जो बिल उन्हें दोबारा भेजा जा रहा है वह एरियर हटाकर भेजा जा रहा है। जिसे लेकर पार्षद जनता को बरगला रहे हैं। साथ ही महापौर ने चेतावनी देते हुए ऐसे पार्षदों को आगाह किया है कि वह इस तरह की गतिविधियों से बाज आएं और संकुचित मानसिकता के तहत जनता को भड़काना बन्द नही करेंगे तो उनके खिलाफसख्ती की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार को बदनाम करने की मुहिम साकार नही हो पाएगी। कहा कि सरकार का लक्ष्य ज्यादा से ज्यादा राजस्व वसूलने का है। जिस पर निगम के अधिकारी जी जान से लगे हुए हैं। इस मौके पर नगर आयुक्त रवि रंजन जीएम जलकल हरिश्चंद्र वाल्मीकि कर अधीक्षक पी एस मिश्र लेखाधिकारी सुजीत कुमार आदि रहे।



### जलकल विभाग द्वारा बढ़ाये गये टैक्स के खिलाफ डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन

**प्रयागराज।** पार्षदों एवं पूर्व पार्षदों ने बैक डेट से नियम विरूद्ध जलकल विभाग द्वारा बढ़ाये गये वाटर टैक्स के खिलाफजिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर जिलाधिकारी भानुचंद्र गोस्वामी को ज्ञापन दिया। ज्ञापन के जरिये नियम विरुद्ध बैक डेट से बढ़ाये गये वाटर टैक्स के सम्बंध में अवगत कराया कि नियमानुसार नगर निगम अधिनियम 1959 के अनुसार जलकल विभाग नगर निगम प्रयागराज के बजट में पुराने दर और पुराने मूल्यांकन के जगह नये गृह मूल्यांकन के आधार पर नया दर लागू करने के लिए प्रस्ताव पास कराकर वित्तीय वर्ष 2020.2021 का वाटर टैक्स वित्तीय वर्ष प्रारम्भ होने के पहले दिन से यानी 01 अप्रैल से लागू होना चाहिए न कि वित्तीय वर्ष 2020.2021 का वाटर टैक्स वित्तीय वर्ष 2021 के प्रारम्भ होने पर 01 अप्रैल 2020 से 31 जुलाई 2020 तक पुराने दर एवं पुराने मूल्यांकन पर वाटर टैक्स भवन स्वामियों द्वारा जमा कराने के बाद अचानक बिना किसी सार्वजनिक घोषणा किए अगस्त माह में जिन भवन स्वामियों ने पूर्व वर्षो की भांति अपना अपना वाटर टैक्स जलकल विभाग के डिमांड बिल के अनुसार जमा कर चुके हैं। जिलाधिकारी प्रयागराज भानुचन्द्र गोस्वामी ने नगर आयुक्त से टेलीफोन पर बातचीत कर समस्या का समाधान पार्षदों एवं पूर्व पार्षदों के प्रतिनिधि मंडल से विचार विमर्श कर करने के लिए कहा। इसके पश्चात पार्षदों एवं पूर्व पार्षदों का प्रतिनिधि मंडल नगर निगम प्रयागराज में नगर आयुक्त से मुलाकात कर नियम विरूद्ध बैक डेट से बढ़ाये गये वाटर टैक्स के सम्बंध में भवन स्वामियों द्वारा वित्तीय वर्ष 2020.2021 तक का पूर्ण भुगतान की गई जमा रसीदों को तथा जलकल विभाग द्वारा अगस्त माह से अक्टूबर माह तक प्राप्त कराई गई डिमांड बिल को दिखाया और डिमांड बिल में अंकित बिल की निर्गत तिथि को भी दिखाया। नगर आयुक्त ने समस्या के समाधान हेतु कोई स्पष्ट निर्णय नहीं लिया बल्कि नियमानुसार कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। कार्यक्रम में पूर्व वरिष्ठ पार्षद शिवसेवक सिंह वरिष्ठ पार्षद कमलेश सिंह आनंद घिल्डियाल अशोक सिंह अतहर रजा लाडले अमरजीत यादव रंजन कुमार अमित सिंह रंजीव निषाद सोनू पटेल अशोक कुमार चंद्र प्रकाश गंगा चंद्रशेखर बच्चा रमेश यादव नितिन यादव आदि उपस्थित थे।

# पीडीपी प्रमुख ने जम्मू कश्मीर मुद्दे के हल के लिए पाक के साथ वार्ता, सीमापार मार्गों को खोलने की वकालत की

**भाषा।** जम्मू

**पीपीडी** प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने सोमवार को इस बात पर बल दिया कि पाकिस्तान और जम्मू कश्मीर में संबंधित पक्षों के साथ वार्ता तथा सीमापार रास्तों को खोलने से शांति आ सकती है और इस समस्या का स्थाई हल मिल सकता है। महबूबा मुफ्ती ने भाजपा को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई द्वारा बताए गए रास्ते पर चलने का सुझाव दिया। पूर्व मुख्यमंत्री ने चेतावनी दी कि घाटी में आतंकवाद बढ़ रहा है तथा बीच का कोई रास्ता नहीं छोड़े जाने एवं सत्ता के दम पर असंतोष की आवाज को बंद करा दिए जाने के बाद अधिकाधिक युवा जेल जाने के बजाय आतंकवाद की रास्ते की ओर जाने लगे हैं।

जम्मू की अपनी पांच दिवसीय यात्रा के समापन पर महबूबा ने कहा, घृणा और विभाजन की राजनीति के जरिए माहौल बिगाड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। भाजपा के शासन में आतंकवाद बढ़ने के कारण हम जैसे लोगों के लिए कश्मीर में रहना मुश्किल हो रहा है। वे कह रहे हैं कि आतंकवाद का सफाया हो गया है जबकि हकीकत यह है कि हर गांव से कम से कम 12-15 युवक आतंकवाद से जुड़ रहे हैं।



जन सुरक्षा कानून के तहत 14 महीने की हिरासत से मुक्त किए जाने के बाद महबूबा की यह पहली जम्मू यात्रा थी। उन्हें पिछले साल जम्मू कश्मीर के विशेष दर्जे को हटाए जाने के बाद हिरासत में लिया गया था। उन्होंने कहा कि आतंकवाद बढ़ रहा है क्योंकि आपने (भाजपा ने) सभी आवाजें दबा दीं और लोगों के लिए बीच का रास्ता छोड़ा ही नहीं। युवा दो विकल्पों पर विचार कर रहा है-- जेल जाया जाए या बंदूक उठाया जाए तथा वह जेल जाने के बजाय मारे जाने के लिए दूसरा रास्ता चुन रहा है। महबूबा ने कहा कि सीमा पर स्थिति लोगों के लिए चिंता का सबब है क्योंकि स्थानीय लोगों को निरंतर सीमापार गोलाबारी से अपनी जान का डर सता रहा है। जब उनसे कहा गया कि पाकिस्तानी गोलाबारी एवं उसमें नागरिकों के हताहत होने में कमी नहीं आ रही है, तब ऐसे में उससे संवाद कैसे संभव है, तो उन्होंने कहा, हमें पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई द्वारा बताए गए रास्ते से मार्गदर्शन प्राप्त करना होगा। कारगिल युद्ध और संसद पर हमले के बावजूद उन्होंने पाकिस्तान के साथ दोस्ती की, फलस्वरूप आतंकवाद घटा था एवं सीमा पर गोलीबारी भी रूकी थी। महबूबा ने कहा, हमें उससे मार्गदर्शन प्राप्त करना होगा और उसके (पाकिस्तान के) साथ तथा जम्मू कश्मीर में संबंधित पक्षों के साथ बातचीत करनी होगी। जब हम चीन के साथ आठ दौर की बातचीत कर सकते हैं जिसने हमारे हमारे 20 सैनिकों को शहीद कर दिया और हमने अंगुली भी नहीं उठाई। उन्होंने कहा, हम अपनी एक एक इंच जमीन के लिए उनके साथ बातचीत कर रहे हैं उसने हमारी 100 वर्गकिलोमीटर जमीन कब्जा कर ली है। यह दोहरा मापदंड क्यो है?




जम्मू में सचिवालय के दोबारा खुलने पर जम्मू और कश्मीर के लेफ्टिनेंट गर्वनर मनोज सिन्हा को गॉर्ड ऑफ ऑनर देते पुलिस के जवान

# बंगाल पुलिस व प्रशासन को राजनीतिक रूप से तटस्थ रहना चाहिए: राज्यपाल

**भाषा।** कोलकाता

**पश्चिम** बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने सोमवार को कहा कि पुलिस और प्रशासन को राजनीतिक रूप से तटस्थ रहना चाहिए और चेतावनी दी कि इस मार्ग से हटना गंभीर परिणामों का संकेत है। फिलहाल दार्जिलिंग में ठहरे धनखड़ ने अपने ट्वीट में कहा कि राजनीतिक रूप से प्रेरित लोक सेवकों पर उनकी चेतावनी आंशिक रूप से ही असरदार रही है, क्योंकि कुछ अब भी अवज्ञाकारी हैं तथा वे यह समझ नहीं रहे हैं कि ऐसे गलत आचरण के करियर के हिसाब से गंभीर एवं आपराधिक परिणाम होते हैं।

लोक सेवकों को चेताया कि राजनीतिक झुकाव अवैध एवं आपराधिक रूप से गलत है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए सत्ता के गलियारे से संविधानेत्तर एवं अवैध घुसपैठयों को बाहर निकालने का यही



वक्त है। उन्होंने ट्वीट किया, राजनीतिक रूप से प्रेरित जनसेवकों पर मेरे अलर्ट आंशिक रूप से ही असरकारी रहे हैं क्योंकि कुछ अब भी अवज्ञाकारी हैं तथा वे यह समझ नहीं रहे हैं कि ऐसे बुरे बर्ताव के गंभीर करियर एवं आपराधिक परिणाम होते हैं। उन्हें यह समझना चाहिए कि आप भले ही कितने ही ऊंचे क्यों न हों, कानून आप से भी ऊपर होता है। इसलिए तौर-तरीके बदल लीजिए। उन्होंने ट्विटर पर लिखा, पुलिस और प्रशासन को राजनीतिक रूप से तटस्थ रहना चाहिए।

## उत्तराखंड की स्थापना के 20 बरस पूरे, रावत ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां

**देहरादून।** उत्तराखंड की स्थापना के 20वर्ष सोमवार को पूरे हो गए और इस अवसर पर मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने महिला सशक्तीकरण, किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने और पूरे राज्य के विकास के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की जानकारी दी। राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर यहां पुलिस लाइन में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा, किसी राज्य की विकास यात्रा में 21 वर्ष का समय बहुत लंबा नहीं होता लेकिन चीजों का जायजा लेने या यह निर्णय लेने के लिए कि हम सही दिशा में जा रहे हैं या नहीं, यह बहुत छोटा वक्त भी नहीं है। जब मैं पीछे देखता हूं, तो मैं कह सकता हूं कि उत्तराखंड में हाल के वर्षों में विकास ने निश्चित रूप से गति पकडी है। नौ नवंबर 2000 को उत्तर प्रदेश से अलग होकर उत्तराखंड एक नया राज्य बना था। महिलाओं को राज्य की ग्रामीण अर्थ व्यवस्था की रीढ बताते हुए रावत ने कहा, प्रदेश में 30,000 स्वयं सहायता समूह हैं जिनमें से 18,000 सक्रिय हैं।

# जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों की मौजूदगी का पता लगाने को लेकर अभियान अब भी जारी : बीएसएफ

**श्रीनगर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने सोमवार को कहा कि जम्मू कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर माछिल सेक्टर में यह सुनिश्चित करने के लिए अभियान अब भी जारी है कि क्षेत्र में कहीं कोई अन्य आतंकवादी तो मौजूद नहीं है। उत्तरी कश्मीर में कुपवाड़ा जिले के माछिल सेक्टर में रविवार को आतंकवादियों की घुसपैठ को विफल करते समय एक अधिकारी सहित तीन सैन्यकर्मी और बीएसएफ का एक कांस्टेबल शहीद हो गया था। सुरक्षाबलों ने इस दौरान तीन आतंकवादियों को मार गिराया था।

बीएसएफ के अतिरिक्त महानिदेशक सुरिंदर पवार ने कहा, अभियान अब भी जारी है। क्षेत्र काफी दुर्गम और ऊंचा-नीचा है। हम स्वयं को इस बारे में संतुष्ट करना चाहेंगे कि वहां कोई आतंकवादी नहीं है। वह शहर के बाहरी इलाके में बीएसएफ एसटीसी, हुमहामा में कांस्टेबल सुदीर सरकार को श्रद्धांजलि अर्पित करने के कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से बात कर रहे थे। पवार ने कहा कि यह घुसपैठ का प्रयास था, न कि पाकिस्तान की बॉर्डर एक्शन टीम (बैट) का हमला। उन्होंने बताया कि सुरक्षाबलों को एक पखवाड़े पहले घुसपैठ के आतंकवादियों के प्रयास के बारे में सूचना मिली थी।

पवार ने कहा, हमें लगभग 15 दिन पहले सूचना मिली थी कि आतंकवादी घुसपैठ की कोशिश करेंगे। इसलिए हमारी घात लगाकर कार्वाई करने वाली एवं गश्ती टीम ने क्षेत्र में रात के समय पहरेदारी की। रात (रविवार को) लगभग एक बजे गश्ती टीम को कुछ संदिग्ध गतिविधियां दिखीं और उसने आतंकवादियों को चुनौती दी। आतंकवादियों ने गोलीबारी कर दी जिससे कांस्टेबल सरकार बुरी तरह घायल हो गए। वह वीरता से लड़े और शहीद होने से पहले एक आतंकवादी को मार गिराया। उन्होंने कहा कि दो अन्य आतंकवादी घटनास्थल से भाग गए और बीएसएफ ने इसकी सूचना अपनी अन्य चौकियों तथा सेना को दी।

पवार ने कहा, रविवार को सुबह होते ही सेना और बीएसएफ ने संयुक्त अभियान शुरू किया जिसमें दो आतंकवादी ढेर कर दिए गए। इस दौरान कैप्टन आशुतोष कुमार और दो अन्य सैनिक शहीद हो गए। इस साल घुसपैठ की स्थिति के बारे में पूछे जाने पर पवार ने कहा कि इस साल अब तक केवल 24 से 25 आतंकवादी ही नियंत्रण रेखा पार कर भारतीय क्षेत्र में घुस पाए हैं, जबकि पिछले साल यह संख्या 135 से 140 के बीच थी। बीएसएफ अधिकारी ने कहा कि नियंत्रण रेखा पर लगभग 250-300 आतंकवादी घुसपैठ का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारी घुसपैठ रोधी ग्रिड काफी मजबूत है और इसकी क्षमताओं में सुधार एक नियमित कवायद है।

## क्विक न्यूज

### वाइको ने प्रधानमंत्री से मछुआरों की नौकाओं को मुक्त कराने की अपील की

**चेन्नई।** एमडीएमके के महासचिव वाइको ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से अपील की कि तमिलनाडु के मछुआरों की सौ से अधिक जब्त नौकाओं को श्रीलंका से मुक्त कराने के लिए कदम उठाएं या उन्हें मुआवजा दिलाना सुनिश्चित करें। वाइको ने खबरों का हवाला देते हुए कहा कि श्रीलंका की एक अदालत ने आदेश दिया है कि मछुआरों से जब्त 121 नौकाओं को नष्ट कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि यह निराशाजनक है। राज्यसभा सदस्य वाइको ने मोदी को लिखे पत्र में कहा कि 100 से अधिक नौकाओं में से 88 नौकाएं रामेश्वरम के मछुआरों की है। रामेश्वरम के अधिकारियों ने प्राप्त सूचना के हवाले से रविवार को कहा कि श्रीलंका में जाफना की एक अदालत ने अधिकारियों को अनुमति दी है कि पिछले तीन-चार वर्षों में जब्त मछली मारने वाली कई भारतीय नौकाओं को नष्ट कर दिया जाए। इन नौकाओं को कथित तौर पर द्वीपीय देश के जलक्षेत्र में प्रवेश के लिए जब्त किया गया था। वाइको ने पत्र में कहा, भारत सरकार को इस मुद्दे को श्रीलंका की सरकार के समक्ष उठाना चाहिए कि वह या तो नौकाओं को लौटाए या तमिलनाडु के नौका मालिकों को उचित मुआवजा दे। मैं आपसे आग्रह करता हूं कि इस संबंध में तुरंत प्रभावी कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि मशीन से चलने वाली एक नौका की कीमत 25 लाख रुपए से 40 लाख रुपए के बीच होती है और मछुआरे उन्हें खरीदने के लिए ऋण लेते है और अब भी वे भारी ब्याज चुका रहे है। एमडीएमके नेता ने इस मुद्दे पर 2015-16 में मोदी से की गई मुलाकात को भी याद किया।

### जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में सोमवार को सुरक्षाबलों ने एक आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ करते हुए वहां से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। पुंछ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रमेश अंग्राल ने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह और सेना के 10 असम राइफल्स ने पुंछ के किर्नी सेक्टर में सोमवार तड़के तलाशी अभियान शुरू किया। अभियान के दौरान एक थैले से भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद नियंत्रण रेखा के निकट पत्थर के नीचे से बरामद हुए। उन्होंने बताया कि हथियारों में चार एके-56 राइफल, 141 एके गोलियां, दो एजीएल ग्रेनेड, दो हथगोला, डायरी और अन्य सामान बरामद हुए। उन्होंने बताया कि प्राथमिक जांच से पता चला है कि हथियारों का यह जखीरा कश्मीर घाटी में लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों के लिए था। इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और जांच जारी है।

### पूर्व अधिकारी शशिकांत सेंथिल कांग्रेस में शामिल

**चेन्नई।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी एस. शशिकांत सेंथिल सोमवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। एक साल पहले उन्होंने यह कहते हुए सिविल सेवा छोड़ दिया था कि भारतीय लोकतंत्र के बुनियादी ढांचे के साथ समझौता किया जा रहा है। सेंथिल ने यहां कांग्रेस मुख्यालय सत्यमूर्ति भवन में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के एस अलागिरी, पार्टी के प्रदेश प्रभारी दिनेश गुंडूराव, तथा कांग्रेस सचिवों संजय दत्त एवं सिरिवेल्ला प्रसाद मौजूद थे। प्रशासनिक सेवा में 41 वर्षीय सेंथिल 2009 बैच के कर्नाटक कैडर के अधिकारी थे। उन्होंने पिछले साल सितंबर में यह आरोप लगाते हुए सिविल सेवा छोड़ दिया था कि लोकतंत्र के मूलभूत ढांचे के साथ अप्रत्याशित तरीके से समझौता किया जा रहा है। सेंथिल ने रविवार को कहा कि वह कांग्रेस पार्टी में इसलिए शामिल हो रहे है क्योंकि वह हमेशा संविधान की विचारधारा को स्थापित करती रही है।

### खजुराहो के पास कार कुएं में गिरी, तीन लोगों की मौत

**छतरपुर, (मप्र)।** मध्यप्रदेश में छतरपुर जिला मुख्यालय से लगभग 40 किलोमीटर दूर खजुराहो-बेनीगंज मार्ग पर सोमवार को तेज रफ्तार एक कार के सड़क किनारे के कुएं में गिरने से कार में सवार तीन लोगो की मौत हो गई। खजुराहो के उपमंडलीय पुलिस अधिकारी मनमोहन सिंह बघेल ने बताया कि घटना सोमवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे हुई, जब तेज रफ्तार कार एक पेड़ से टकराकर सड़क किनारे स्थित एक कुंए में गिर गई। हादसे में कार में सवार तीन लोगो की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि क्रेन की सहायता से कार को कुंए से बाहर निकाला गया। मृतकों की पहचान खजुराहो निवासी भूपेन्द्र सिंह (35), जुझार सिंह (33) और सोनू सिंह (32) के रूप में की गई है।

### रहस्यमई परिस्थितियों में मिला सेना अधिकारी का शव

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में सोमवार सुबह राष्ट्रीय राइफल्स शिविर में सेना के मेजर रैंक का एक अधिकारी रहस्यमय हालात में मृत पाया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शव जिले के थानामंडी क्षेत्र में स्थित शिविर में मिला, जिसके बाद इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने बताया कि सेना के वरिष्ठ अधिकारी और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच चुके है और जांच शुरू कर दी गई है। इस मामले में कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी का आदेश दिया गया है।



जबलपुर में कैप्टन दिशांत कटारिया मोटरबाइक रिकार्ड के लिए सबसे लम्बी जम्प लगाते हुए।

# ममता ने आवश्यक वस्तुओं के मूल्यों को नियंत्रित करने के लिए प्रधानमंत्री से हस्तक्षेप की मांग की

**भाषा।** कोलकाता

**पश्चिम बंगाल** की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर आवश्यक सामान की बढ़ती कीमतों में कमी लाने, जमाखोरी को नियंत्रित करने और आपूर्ति बढ़ाने के लिए तुरंत हस्तक्षेप करने की मांग की। पीएम से आग्रह किया कि आलू और प्याज जैसे आवश्यक खाद्य पदार्थों की कीमतों पर राज्य सरकार के नियंत्रण की शक्ति को फिर से बहाल किया जाए।

प्रधानमंत्री को चार पन्ने के पत्र में उन्होंने लिखा, मामले की गंभीरता को देखते हुए मैं केंद्र सरकार से आग्रह करती हूं कि जमाखोरी को नियंत्रित करने, आपूर्ति को बढ़ाने तथा आवश्यक खाद्य पदार्थें की कीमतों में कमी लाने के लिए तुरंत कदम उठाए क्योंकि जनता को बेहद किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। अन्यथा राज्य सरकार की शक्ति को बहाल किया जाए, कि वह कृषि उत्पाद, आपूर्ति, वितरण और बिक्री पर नियंत्रण कर सके।



बनर्जी ने मोदी से आग्रह किया कि राज्यों को कृषि उत्पाद, आपूर्ति, वितरण और बिक्री पर नियंत्रण करने के लिए उपयुक्त कानून लाने की अनुमति दी जाए। पत्र में कहा गया है, राज्य सरकार को इसकी शक्तियों से वंचित कर दिया गया है और वह आम जनता की दिक्कतों को देखते हुए मूकदर्शक बनी नहीं रह सकती है क्योंकि आलू और प्याज जैसे आवश्यक खाद्य पदार्थों की कीमतें आसामन छू रही हैं।

# इंदौर में कम्प्यूटर बाबा के अवैध कब्जे से मुक्त कराई गईं 13 करोड़ रुपए की जमीनें

**इंदौर।** मध्यप्रदेश की पूर्ववर्ती कमलनाथ सरकार में राज्य मंत्री के दर्जे के साथ नदी संरक्षण न्यास के अध्यक्ष रहे कम्प्यूटर बाबा द्वारा यहां धार्मिक स्थलों की आड़ में जमीनों पर कथित रूप से अवैध कब्जा जमाने के खिलाफ प्रशासन की मुहिम सोमवार को भी जारी रही। इस मुहिम के तहत कुल 40,000 वर्ग फुट की दो जमीनें अतिक्रमण से मुक्त कराई गईं जिनका मौजूदा बाजार मूल्य 13 करोड़ रुपए आंका जा रहा है। अनुविभागीय मजिस्ट्रेट (एसडीएम) राजेश राठौड़ ने बताया कि शहर के सुपर कॉरिडोर क्षेत्र में एक मंदिर से सटी 20,000 वर्ग फुट जमीन पर कम्प्यूटर बाबा के अवैध निर्माण को ढहा दिया गया है।

यह निर्माण उस जमीन पर किया गया जो इंदौर विकास प्राधिकरण (आईडीए) की एक योजना में शामिल थी और कम्प्यूटर बाबा के अवैध कब्जे से मुक्त कराई गई इस जमीन का मौजूदा बाजार मूल्य लगभग पांच करोड़ रुपए है। एसडीएम ने बताया कि प्रशासन ने अम्बिकापुरी एक्सटेंशन में श्री दक्षिण काली पीठ त्रिमहाविद्या मंदिर के परिसर में 20,000 वर्ग फुट पर किया गया कम्प्यूटर बाबा का अवैध कब्जा हटा दिया है। इस जगह का मौजूदा बाजार मूल्य आठ करोड़ रुपए के आस-पास है।

मंदिर परिसर पर अवैध कब्जा कर कम्प्यूटर बाबा ने अपनी आरामगाह के रूप में पांच कमरे भी बना रखे थे। इन कमरों से कम्प्यूटर बाबा का सामान बाहर निकाल कर उनके एक प्रतिनिधि को सौंप दिया गया। एसडीएम ने बताया कि फिलहाल इन कमरों में कोई तोड़-फोड़ नहीं की गई है और इन्हें अम्बिकापुरी एक्सटेंशन कॉलोनी के रहवासी संघ को रख-रखाव के लिए सौंपा गया है। उन्होंने बताया, अम्बिकापुरी एक्सटेंशन में जिस जगह मंदिर बनाया गया, उसे इस कॉलोनी के बरसों पहले स्वीकृत नक्शे में सार्वजनिक बगीचा विकसित करने के लिए छोड़ी गई जमीन बताया गया था। लेकिन वहां पहले मंदिर बनाया गया और बाद में कम्प्यूटर बाबा ने इस धार्मिक परिसर पर कब्जा कर लिया।

अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (एडीएम) अजयदेव शर्मा ने बताया कि जांच के दौरान जिले के अजनोद गांव की 3.125 हेक्टेयर कृषि भूमि की 10लाख रूपए के सौदे की रजिस्ट्री भी जब्त की गई है जिसमें खरीदार के रूप में नामदेवदास त्यागी उर्फ कम्प्यूटर बाबौ का नाम दर्ज है। इस रजिस्ट्री से स्पष्ट होता है कि कम्प्यूटर बाबा खुद के नाम पर भी जमीनों की खरीद-फरोख्त में शामिल थे। हम इस बारे में विस्तृत जांच कर रहे हैं। एडीएम ने बताया कि शहर के गांधी नगर क्षेत्र की एक बैंक शाखा में नामदेवदास त्यागी (कम्प्यूटर बाबा का असली नाम) के नाम पर खाते के बारे में भी पता चला है। संबंधित बैंक से इस खाते के जरिए गुजरे बरसों में हुए लेन-देन की पूरी जानकारी मांगी गई है।

## कंप्यूटर बाबा के खिलाफ कार्रवाई पर भड़के पटवारी ने मुख्यमंत्री को हिटलर कहा

**इंदौर।** मप्र के नदी संरक्षण न्यास के अध्यक्ष रहे कंप्यूटर बाबा की गिरफ्तारी और उनके आश्रम को अवैध बताकर ढहाए जाने पर नाराजगी जताते हुए राज्य के पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के लिए सोमवार को हिटलर शब्द का इस्तेमाल किया। पटवारी की अगुवाई में स्थानीय कांग्रेस नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने शहर के केंद्रीय जेल में बंद कंप्यूटर बाबा से मुलाकात की। इसके बाद 46 वर्षीय कांग्रेस नेता ने संवाददाताओं से कहा, शिवराज सिंह (चौहान) साधु-संतों को दो चश्मों से देखते हैं-एक उनके पक्ष के और दूसरे उनके विरोधी।

कंप्यूटर बाबा के खिलाफ पुलिस-प्रशासन की कार्वाई पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा, अगर साधु-संत विरोधी हैं, तो शिवराज सिंह जैसा हिटलर आदमी छोड़ेगा नहीं, वह यह बताना चाहते हैं। पटवारी ने जेल में कंप्यूटर बाबा से मुलाकात का हवाला देते हुए दावा किया, यह कहते हुए कंप्यूटर बाबा की आंखों में आंसू आ गए कि हिंदुत्व के नाम का झंडा बुलंद करने वाली भाजपा के लोग साधु-संतों को इस तरह यातना दे रहे हैं।

कंप्यूटर बाबा के आश्रम को अवैध बताकर तोड़े जाने पर सवाल उठाए और दावा किया कि यह आश्रम विधायक निधि और जनपद पंचायत के सरकारी कोष से बना था। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता ने कहा, समाज को सही राह दिखाने वाले सच्चे साधु-संतों का भाजपा हमेशा सम्मान करती है। कंप्यूटर बाबा ने इंदौर में गौशाला की सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण किया था। उनके खिलाफ कानून के मुताबिक कार्वाई की गई। कंप्यूटर बाबा के समर्थन में कूदी कांग्रेस को स्पष्ट करना चाहिए कि क्या वह अवैध गतिविधियों से जुड़े लोगों के साथ है? इंदौर शहर से सटे जम्बूर्डी हप्सी गांव में कथित सरकारी जमीन पर बने कंप्यूटर बाबा के अवैध आश्रम को जमींदोज किए जाने के साथ ही इस धार्मिक हस्ती समेत सात लोगों को रविवार को एहतियातन गिरफ्तार किया गया और जेल भेज दिया गया था।



दार्जिलिंग में हिमालयन रेलवे (ट्वाय ट्रेन) में सिलीगुड़ी से रोंगटोन जा रही ट्रेन के साथ सेल्फी लेती हुई महिला।

# भाजपा कार्यकर्ता की हत्या के पहले व बाद में दिल्ली गए थे कुलकर्णी : सीबीआई

**भाषा।** नई दिल्ली

**केन्द्रीय अन्वेषण** ब्यूरो (सीबीआई) ने आरोप लगाया है कि धारवाड़ में 15 जून, 2016 को भाजपा कार्यकर्ता योगेश गौड़ा की हत्या के पहले और बाद में कर्नाटक के पूर्व मंत्री विनय कुलकर्णी दिल्ली गए थे ताकि अपने बचाव में साक्ष्य पेश कर सकें ।सीबीआई ने कांग्रेस नेता कुलकर्णी को इस सिलसिले में बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया। हत्या के मामले में अभी तक की सीबीआई की जांच से यह बात सामने आई है कि कुलकर्णी 12 जून, 2016 की सुबह 11.30 बजे विमान से दिल्ली रवाना हुए थे और अगले दिन 10.40 बजे उड़ान से लौट गए थे। इसी तरह हत्या के एक दिन बाद वह कथित रूप से 16 जून, 2016 की शाम दिल्ली रवाना हुए और 18 जून, 2016 को वापस आए। कर्नाटक सरकार की सिफारिश पर मामले की जांच केन्द्रीय जांच एजेंसी को सौंपी गई है। कुलकर्णी को विशेष अदालत ने सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया ।सीबीआई ने आरोप लगाया है, टिकट यात्रा के दिन ही बुक किए गए थे और यात्रा का लक्ष्य अपने बचाव में सबूत पेश करना था। अधिकारियों ने बताया कि भाजपा जिला पंचायत के सदस्य गौड़ा की 15 जून, 2016 को धारवाड़ स्थित उनके जिम में अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी थी ।एजेंसी की जांच के अनुसार, गौड़ा की हत्या राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता का परिणाम है। उस वक्त विधायक और सरकार में मंत्री कुलकर्णी ने गौड़ा से कथित रूप से कहा था कि वह जिला पंचायत का चुनाव नहीं लड़ें, लेकिन भाजपा कार्यकर्ता ने उनकी बात मानने से इंकार कर दिया था ।सीबीआई ने आरोप लगाया है कि गौड़ा और कुलकर्णी के बीच कई बार कहासुनी हुई। 22 अप्रैल, 2016 को कुलकर्णी की अध्यक्षता में हुई जिला पंचायत की बैठक में दोनों के बीच गंभीर कहासुनी हुई। एजेंसी का आरोप है कि इन्हीं झगड़ों के कारण गौड़ा की हत्या की साजिश की गई। कांग्रेस ने कुलकर्णी के खिलाफ आरोपों से इंकार करते हुए इसे राजनीतिक उत्पीड़न का मामला बताया है। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने ट्वीट किया है, कठपुतली सीबीआई द्वारा कांग्रेस नेता विनय कुलकर्णी की गिरफ्तारी मुख्यमंत्री एदियुरप्पा और भाजपा नेतृत्व के षड्यंत्र और गलत मंशा को स्पष्ट करती है। उन्होंने कहा कि बी. एस. एदियुरप्पा को पता होना चाहिए कि कांग्रेस के नेता भाजपा और उसकी सिपाही सीबीआई के इन कायराना हमलों के आगे घुटने नहीं टेकेंगे। सुरजेवाला ने केन्द्र सरकार पर आरोप लगाया कि वह कांग्रेस नेताओं को डराने के लिए केन्द्रीय एजेंसी का दुरुपयोग कर रही है। उन्होंने ट्वीट किया कि अनुभवहीन एदियुरप्पा सरकार और भाजपा अपनी संस्थाओं सीबीआई, प्रवर्तन निदेशालय, आयकर का दुरुपयोग कांग्रेस नेताओं डी. के. शिवकुमार, जी. परमेश्वर, विनय कुलकर्णी और अन्य को परेशान करने के लिए कर रही है।



## कुलकर्णी 14 दिन की न्यायिक हिरासत में

**हुब्बाली (कर्नाटक)।** हुब्बाली की एक विशेष सीबीआई अदालत ने सोमवार को कर्नाटक के पूर्व मंत्री विनय कुलकर्णी को 14 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सीबीआई ने भाजपा के जिला पंचायत सदस्य योगेश गुड्डा गौडार की हत्या के सिलसिले में कुलकर्णी को गिरफ्तार किया था। अज्ञात व्यक्तियों ने 15 जून, 2016 को गौडार की हत्या कर दी थी। गौडार की जब हत्या की गई थी तब कुलकर्णी सिद्धरमैया नीत कांग्रेस सरकार में खान एवं खनिज मंत्री थे ।वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सुनवाई करते हुए अदालत ने कुलकर्णी को 23 अक्टूबर तक न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया ।सीबीआई ने पूछताछ करने के बाद पांच नवंबर को कुलकर्णी को गिरफ्तार किया था।

## शोर रहित शुक्रवार, रक्तहीन बकरीद भी होनी चाहिए : पाटिल

**बेंगलुरु।** भाजपा के वरिष्ठ नेता बासनगौड़ा पाटिल यत्नाल ने सोमवार को दिवाली पर पटाखे नही जलाने और पर्यावरण के अनुकूल गणेशोत्स्व मनाए जाने के आह्वान पर जबरदस्त विरोध दर्ज कराते हुए कहा कि इसके साथ ही शोर रहित शुक्रवार और रक्तहीन बकरीद भी मनाई जानी चाहिए। साथ ही कहा कि 31 दिसंबर की रात को उत्सव मनाए जाने के दौरान भी पटाखे नहीं जलाए जाने चाहिए। यत्नाल ने ट्विटर पर कहा, हिंदू गणेशोत्सव, दशहरा-दुर्गापूजा और दिवाली पर एकत्र होते हैं जोकि साल में एक बार आते हैं लेकिन जब त्योहार आते हैं तो हमें पर्यावरण अनुकूल गणेशोत्सव मनाने और दिवाली पर पटाखे जलाने के उपदेश दिए जाते हैं। विजयपुरा से विधायक यत्नाल ने कहा कि शोर रहित दिवाली एवं पर्यावरण अनुकूल गणेशोत्सव के साथ ही शोर रहित शुक्रवार, रक्तहीन बकरीद और पटाखे के बिना 31 दिसंबर की रात का उत्सव मनाया जाना चाहिए।



पुंछ व राजौरी के सीमावर्ती चेक पोस्ट पर सुरक्षा स्थिति का जायजा लेते ले. जनरल योगेश कुमार जोशी

# वाइको ने प्रधानमंत्री से मछुआरों की नौकाओं को मुक्त कराने की अपील की

**भाषा।** चेन्नई

**द्रमुक और** एमडीएमके सहित विपक्षी दलों ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से अपील की कि तमिलनाडु के मछुआरों की सौ से अधिक जब्त नौकाओं को श्रीलंका से मुक्त कराने के लिए कदम उठाएं या उन्हें मुआवजा दिलाना सुनिश्चित करें। भाकपा और अन्नाद्रमुक की सहयोगी डीएमडीके ने भी केंद्र सरकार से आग्रह किया कि नौकाओं को तुरंत मुक्त कराया जाए ।द्रमुक सांसद कनिमोई ने कहा कि लंका की एक अदालत ने फैसला दिया है कि नौकाओं को या तो नष्ट कर दिया जाए या नीलामी की जाए जो मछुआरों के आजीविका का स्रोत हैं ।उन्होंने एक ट्वीट में कहा, विदेश मंत्रालय को तुरंत हस्तक्षेप करना चाहिए और सुनिश्चित करना चाहिए कि श्रीलंका की सरकार तमिलों की नौकाओं को लौटा दे। कनिमोई ने आरोप लगाए कि तमिलनाडु के मछुआरों को श्रीलंका की नौसेना के हमलों का लगातार सामना करना पड़ रहा है और वे मछली मारने वाले सामान और नौकाएं खोते जा रहे हैं ।रामेश्वरम के अधिकारियों ने प्राप्त सूचना के हवाले से रविवार को कहा कि श्रीलंका में जाफना की एक अदालत ने अधिकारियों को अनुमति दी है कि पिछले तीन-चार वर्षों में जब्त मछली मारने वाली कई भारतीय नौकाओं को नष्ट कर दिया जाए। इन नौकाओं को कथित तौर पर द्वीपीय देश के जलक्षेत्र में प्रवेश के लिए जब्त किया गया था ।वाइको ने खबरों का हवाला देते हुए कहा कि श्रीलंका की एक अदालत ने आदेश दिया है कि मछुआरों से जब्त 121 नौकाओं को नष्ट कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि यह निराशाजनक है ।राज्यसभा सदस्य वाइको ने मोदी को लिखे पत्र में कहा कि 100 से अधिक नौकाओं में से 88 नौकाएं रामेश्वरम के मछुआरों की हैं ।वाइको ने पत्र में कहा, भारत सरकार को इस मुद्दे को श्रीलंका की सरकार के समक्ष उठाना चाहिए कि वह या तो नौकाओं को लौटाए या तमिलनाडु के नौका मालिकों को उचित मुआवजा दे। मैं आपसे आग्रह करता हूं कि इस संबंध में तुरंत प्रभावी कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि मशीन से चलने वाली एक नौका की कीमत 25 लाख रुपए से 40 लाख रुपए के बीच होती है और मछुआरे उन्हें खरीदने के लिए ऋण लेते हैं और अब भी वे भारी ब्याज चुका रहे हैं।

## क्विक न्यूज

### कप्पन की गिरफ्तारी के बाद से उनसे बात नहीं हुई : पत्नी

**तिरुवनंतपुरम।** हाथरस जाने के क्रम में उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए केरल के पत्रकार सिद्दीकी कप्पन की पत्नी ने सोमवार को मुख्यमंत्री पिनराई विजयन से मामले में हस्तक्षेप की मांग की और कहा कि गिरफ्तारी के बाद से उनकी अपने पति से बात तक नही हो सकी और कप्पन की सेहत को लेकर चिंतित हैं। कप्पन और तीन अन्य लोगों को पांच अक्टूबर को हाथरस जाने के दौरान मथुरा पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इन सभी पर राजद्रोह और अन्य गंभीर धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। ए सभी आरोपी हाथरस में हुए कथित सामूहिक दुष्कर्म के बाद जान गंवाने वाली दलित पीड़िता के परिवार से मिलने जा रहे थे। कप्पन की पत्नी ने संवाददाताओं से कहा, पिछले 36 दिनो से मेरी कप्पन से बात नही हुई। मुझे कुछ पता नही कि वह कहां है। यहां तक कि हमारे वकीलो को भी उनसे मिलने की अनुमति नही दी गई। उन्हें मधुमेह है और हमें उनकी सेहत के बारे में कोई जानकारी नही है। मुख्यमंत्री को इस मामले में हस्क्षेप करना चाहिए। उन्होने कहा कि अब तक कप्पन ने किसी अदालत में जमानत अर्जी नही लगाई है। कप्पन की पत्नी ने कहा, हमारी याचिका के बाद उच्चतम न्यायालय ने मेरे पति को अपनी मां से बात करने की अनुमति प्रदान की थी लेकिन मेरी उनसे अब तक बात नही हो सकी है। हमारे वकील उनसे मुलाकात नही कर पाए। उनके हस्ताक्षर के बिना हम जमानत याचिका भी दायर नही कर सकते। हमें उनकी सेहत की चिंता है। उन्होंने कहा, हमने कुछ खबरों में सुना कि कप्पन को कही से एक करोड़ रुपए मिले। लेकिन ऐसी अफवाहें फैलाने वालो ने इस तथ्य को नजरअंदाज कर दिया कि हमारा घर पिछले आठ साल से निर्माणाधीन है।

### राजस्थान में महापौर चुनाव से पहले कांग्रेस व भाजपा में आरोप-प्रत्यारोप

**जयपुर।** राजस्थान में छह नगर निगमो के महापौर के लिए मंगलवार को होने वाले चुनाव से एक दिन पहले सत्तारूढ़ कांग्रेस व भाजपा ने एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप करते हुए हमला बोला। कांग्रेस ने एक कथित ऑडियो टेप के हवाले से भाजपा पर निशाना साधा और कहा कि उसका असली चरित्र सामने आ गया है वही भाजपा ने कांग्रेस पर सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है।उल्लेखनीय है कि जयपुर ग्रेटर, जयपुर हेरिटेज, जोधपुर उत्तर, जोधपुर दक्षिण, कोटा उत्तर व कोटा दक्षिण नगर निगम के महापौर के लिए मंगलवार को चुनाव होना है। कांग्रेस व भाजपा को दो-दो निगमों में स्पष्ट बहुमत है जबकि बाकी दो में फैसला निर्दलियों के रुख पर निर्भर करेगा। कांग्रेस ने एक कथित ऑडियो टेप के हवाले से आरोप लगाया कि पार्षदों की खरीद फरोख्त की कोशिश हो रही है। इस बारे में एक पार्षद ने अधिकारियों से शिकायत की है। राज्य के परिवहन मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने इसका जिक्र करते हुए यहां संवाददाताओं से कहा, भाजपा का असली चरित्र सामने आ गया है। उन्होंने कहा, ऑडियो में जिस तरह से मोलभाव कर रहे हो, पैसा देने की बात कर रहे हो... यह चाहे भाजपा का नेता करे या कांग्रेस का उसे जवाब देना पड़ेगा। कानूनी कार्वाई का सामना करना पड़ेगा। इस कथित ऑडियो में जयपुर में एक निगम के महापौर पद के लिए भाजपा प्रत्याशी के पति की आवाज बताई जाती है।

### बागपत में कार हादसे में चार लोगों की मौत

**बागपत (उप्र)।** बागपत जिले के रमाला थाना क्षेत्र में एक कार के रविवार देर रात डिवाइडर से कार टकरा जाने से दो सगे भाइयो समेत चार लोगों की मौत हो गई और कार चालक घायल हो गया। रमाला पुलिस के अनुसार, दिल्ली के महरौली निवासी नरेश, प्रमोद और दो सगे भाई धर्मेन्द्र एवं कपिल, कार चालक नरेश सैनी की कार से रविवार देर रात शामली जिले के एक गांव में शादी समारोह में शामिल होने गए थे। लौटते समय बागपत में रमाला गेट के पास उनकी कार राजमार्ग पर बने डिवाइडर से टकरा गई। पुलिस ने बताया कि हादसे में पांचों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने प्रमोद, नरेश, धर्मेन्द्र और कपिल को मृत घोषित कर दिया। हादसे में घायल कार चालक नरेश सैनी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# मिट्टी धंसने से तीन बालिकाओं सहित चार बच्चों की मौत, दो घायल

**भाषा।** भोपाल

**भोपाल से** लगभग 15 किलोमीटर दूर थाना सुखी सेवनिया के ग्रामीण क्षेत्र के एक गांव में सोमवार सुबह को खदान से मिट्टी खोदने के दौरान मिट्टी धंसने से चार बच्चों की मिट्टी में दबकर मौत हो गई जबकि दो बच्चे घायल हो गए। मरने वाले बच्चों में तीन बालिकाएं और एक बालक है ।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह भदौरिया ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम बरखेड़ी के रहने वाले सात बच्चे सोमवार सुबह को दीपावली के मौके पर अपने कच्चे घरों को पोतने के लिए मिट्टी लेने गए थे। नाले किनारे खुदाई के दौरान मिट्टी धंसने से छह बच्चे उसमें दब गए। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर ग्रामीणों से सहायता से मिट्टी में दबे बच्चों को निकालकर भोपाल के हमीदिया अस्पताल उपचार के लिए पहुंचाया। उन्होंने बताया कि अस्पताल से मिली सूचना के अनुसार चार बच्चों की मौत हो गई है जबकि दो बच्चों का उपचार चल रहा है ।उन्होंने बताया कि मरने वालें बच्चों की पहचान कविता (12), गोलू बाई (12) आशा (07) और मनोज (09) के तौर पर की गई है ।एएसपी ने बताया कि पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।



विजयवाड़ा में दीपावली त्योहार को लेकर पटाखे खरीदते लोग

## पेज एक का शेष

### मोदी ने दिया ...

लिए नजीर बनेगा। सभी इससे प्रेरणा लेंगे और बाबा विश्वनाथ के आशीर्वाद से आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार हो सकेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वाराणसी को करीब सवा 6 अरब रुपये की विकास परियोजनाओं का उपहार दे रहे थे। वर्चुअली आयोजित इस कार्यक्रम के जरिये प्रधानमंत्री ने 220 करोड़ की लागत से तैयार 16 परियोजनाओं को लोकार्पित किया, साथ ही 394 करोड़ रुपये की 14 विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी। पीएम मोदी ने कहा कि काशी कभी रुकती नहीं, कभी थकती नहीं, माँ गंगा की तरह निर्मल और अविरल है। यहां का कण-कण पावन है। काशी की हर बात निराली है ।प्रधानमंत्री ने वाराणसी के समग्र विकास के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए सांसद के रूप में धन्यवाद भी दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री और उनकी पूरी टीम जनसेवा के लिए एकनिष्ठ है। हमारी काशी में विकास की अविरल धार बह रही है। चिकित्सा, स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल, किसानों की संपन्नता, कनेक्टिविटी, नगरीय विकास सहित सभी क्षेत्रों में अभूतपूर्व विकास हो रहा है। खिड़किया घाट का पुनर्विकास एवं सुधार, दशाश्वमेध घाट पर टूरिस्ट प्लाजा का निर्माण जैसे प्रयास काशी को सुंदर बनाएंगे। यहां वाटर-वे भी सक्रिय है। मोदी ने कहा कि बनारस की पहचान यहां की गलियां और घाट हैं। जिस तरह नियोजित ढंग से काम हो रहा है, इससे एक सुंदर काशी की छवि बन रही है। यह काशी पूरी दुनिया को और भी अधिक आकर्षित करेगी। वर्चुअल माध्यम से अपने संसदीय क्षेत्र के लोगों से मुखातिब पीएम मोदी ने बनारसी लहजे में सभी को आगामी दीपावली, भैयादूज, अन्नकूट और डालाछठ पर्व की बधाई दी। मोदी ने ठेठ बनारसी लहजे में सभी की कुशल क्षेम भी जानी और हर-हर महादेव का उद्घोष भी किया। दिवाली, भैया दूज, छठ और अन्नकूट पर्व के मौके पर बनारस को विकास परियोजनाओं की सौगात देते हुए पीएम मोदी ने तीन स्थानीय नागरिकों से संवाद भी किया। उन्होंने कहा, आजकल, लोकल के लिए वोकल के साथ ही, लोकल फॉर दिवाली के मंत्र की गूंज चारों तरफ है। हर एक व्यक्ति जब गर्व के साथ लोकल सामान खरीदेगा, नए-नए लोगों तक ए बात पहुंचाएगा कि हमारे लोकल प्रोडक्ट कितने अच्छे हैं, किस तरह हमारी पहचान हैं, तो ए बातें दूर-दूर तक जाएंगी। उन्होंने कहा, मेरा बनारस के लोगों से भी और देशवासियों से भी आग्रह है कि लोकल फॉर दिवाली को खूब बढ़ावा दें और उनका प्रचार करें। प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे स्थानीय पहचान तो मजबूत होगी ही, जो लोग इन सामानों को बनाते हैं उनकी दिवाली भी और रोशन हो जाएगी। उन्होंने कहा, मैं देशवासियों से बार-बार आग्रह करता हूं कि लोकल के लिए वोकल बनें। हर कोई लोकल के साथ दिवाली मनाए, आप देखिए पूरी अर्थव्यवस्था में नई चेतना आ जाएगी। मोदी ने कहा कि लोकल के लिए वोकल बनने का अर्थ सिर्फ दीए खरीदना नहीं है, हर चीज है। उन्होंने कहा, ऐसी चीज जो अपने देश में बनना संभव नहीं है, बाहर से लेना ही पड़ेगा तो वह अलग बात है। मैं यह नहीं कह रहा हूं कि ऐसी चीजों को गंगा जी में बहा दीजिए। उन्होंने कहा, मैं इतना ही चाह रहा हूं कि मेरे देश के लोग जो पसीना बहा रहे हैं, मेरे देश के नौजवान अपनी बुद्धिशक्ति और सामर्थ्य से कुछ न कुछ नया करने की कोशिश कर रहे हैं, उनकी उंगली पकड़ना, उनका हाथ पकड़ना, हम सबका दायित्व बनता है। हम उनकी चीजें लेते हैं तो उनका हौसला बुलंद हो जाता है। अपने आप विश्वास से भरा एक बड़ा वर्ग तैयार हो जाएगा, जो हिंदुस्तान को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए एक नई शक्ति बन जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि हाल ही में किए गए कृषि सुधारों का सीधा लाभ किसानों को मिलने वाला है और इन सुधारों के जरिए अन्नदाताओं की कड़ी मेहनत से होने वाले फायदों का बड़ा हिस्सा हड़प जाने वाले बिचौलियों को सिस्टम से दूर किया जा सकेगा।

### एनसीबी ने अर्जुन...

जा चुका है। एक अधिकारी ने रविवार को बताया था, हमने फिरोज नाडियाडवाला की पत्नी को स्वापक औषधि एवं मन:प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया है। जांच चल रही है। एनसीबी ने मादक पदार्थ तस्करों और उनके ग्राहकों पर अपनी ताजा कार्वाई के तहत अब तक नाडियाडवाला की पत्नी समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारी के अनुसार आरोपियों से अब तक कुल 727.1 ग्राम गांजा, 74.1 ग्राम चरस, 95.1 ग्राम एमडी और 3,58,610 रुपए नकद जब्त किए गए हैं।

### शिक्षक-स्नातक निर्वाचन...

शिक्षक क्षेत्र के प्रत्याशियों के नामों की अभी घोषणा नहीं की गई है। यूपी की 11 विधान परिषद सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। जो 12 नवंबर तक जारी रहेगी। छह शिक्षक और पांच स्नातक कोटे की विधान परिषद सीटें के लिए एक दिसंबर को चुनाव होने हैं जबकि 3 दिसंबर को नतीजे आएंगे।

### बिहार में सरकार...

उम्मीदवारों में पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी, वीआईपी के नेता मकुश सहनी, खेल से राजनीति में आई श्रेयसी सिंह, प्लूरल्स पार्टी की नेता पुष्पम प्रिया चौधरी आदि शामिल हैं ।

चुनाव प्रचार के दौरान राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के नेताओं ने लालू राबड़ी के 15 वर्षो के शासनकाल के दौरान पूर्व में कानून व्यवस्था की खराब स्थिति का आरोप लगाते हुए लोगों के सामने राजद से 'जंगलराज' को जोड़कर बात रखने का प्रयास किया था। वहीं, महागठबंधन के नेता तेजस्वी यादव ने अपनी चुनावी सभाओं में लगातार इस वादे को दोहराया कि उनकी सरकार बनी तब पहली कैबिनेट में 10 लाख लोगों को नौकरी देने पर मुहर लगायी जायेगी। चुनाव में दो बाहुबलियों अनंत सिंह (मोकामा) और रीतलाल यादव (दानापुर) पर भी नजर रहेगी । दोनों ने राजद के टिकट पर चुनाव लड़ा है। मध्य प्रदेश में 19 जिलों में मतगणना होगी। कोविड-19 महामारी के के बावजूद यहां उप चुनाव में 70.27 फीसदी वोटिंग हुई थी। इस चुनाव में 12 मंत्रियों समेत 355 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। यह उपचुनाव में भाजपा और कांग्रेस दोनों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। सत्तारूढ़ भाजपा को मध्य प्रदेश विधानसभा में बहुमत के लिए आठ और विधायक चाहिए। वहीं कांग्रेस अपनी जमीन हासिल करने की उम्मीद कर रही है। राज्य में इन 28 में 27 सीटों पर कांग्रेस के मौजूदा विधायक हैं। यह ज्योतिरादित्य सिंधिया के लिए भी परीक्षा घड़ी साबित होगी। ग्वालियर के शाही परिवार के उत्तराधिकारी ने अपने वफादार विधायकों के साथ कांग्रेस को छोड़ दिया था, जो अब भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। यह परिणाम पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण जो सिंधिया के बागी होने के बाद सात महीने पहले सत्ता से हट गए थे।

इसके अलावा उत्तर प्रदेश की सात विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के लिये मतगणना होगी। प्रशासन की तरफ से सुचारू मतगणना के लिये व्यापक इंतजाम किये गए हैं। इन सीटों पर तीन नवंबर को उपचुनाव हुआ था। उपचुनाव में औसतन 53 फीसदी मतदाताओं ने 88 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला ईवीएम में कैद कर दिया था। जिन सीटों पर उपचुनाव हुआ था उनमें नौगांव सादात, टुंडला, बांगरमउ, बुलंदशहर, देवरिया, घाटमपुर और मल्हनी विधानसभा सीटें शामिल है। उपचुनाव के तहत गुजरात की आठ विधानसभा सीटों, मणिपुर की चार सीटों और हरियाणा की एक सीट, छत्तीसगढ़ की एक, झारखंड की दो सीटों, कर्नाटक की दो विधानसभा सीटों के लिए मतगणना होगी। इसके अलावा नगालैंड की दो सीटों, तेलंगाना की एक सीट और ओडिशा की दो सीटों के लिए भी वोटों की गिनती होगी। मणिपुर को छोड़कर सभी सीटों पर तीन नवम्बर को मतदान हुआ था। मणिपुर की विधानसभा सीटों के लिए सात नवम्बर को मतदान हुआ था। इसके अलावा बिहार की वाल्मीकि नगर लोकसभा सीट के उपचुनाव के लिए भी मतगणना होगी। बिहार में मंगलवार को विधानसभा चुनाव के नतीजे भी आयेगे।

### आज वर्चुअल...

को हिंसक झड़प हुई थी जिसमें कमांडिंग ऑफिसर समेत भारतीय सेना के 20 जवान शहीद हो गए थे।

दोनों ने देश अभी तक यही कहा है कि वार्ता के जरिये ही इस समस्या का समाधान ढूंढ़ा जा सकेगा। सितंबर में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एससीओ की मास्को में हुई विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान अपने चीनी समकक्ष से द्विपक्षीय वार्ता की थी। अंतिम एससीओ बैठक किर्गिस्तान के बिस्केक में जून 2019 में हुई थी। मोदी ने इस दौरान राष्ट्रपति जिनपिंग के साथ अलग द्विपक्षीय बैठक की थी। यही पर मोदी ने दूसरे दौर की अनौपचारिक बैठक के लिए शी को न्योता दिया था। पहली बैठक वुहान में 2018 में हुई थी और इसके बाद अक्टूबर 2019 में मामल्लापुरम में दूसरी अनौपचारिक बैठक हुई थी। इसके अलावा मोदी और शी 13-15 नवंबर तक होने वाली आसियान बैठक में भाग लेंगे जहां भारत को वियतनाम ने विशेष रूप से आमंत्रित किया है, जो इस साल ग्रुप का अध्यक्ष है। दोनों नेताओं के दो अन्य बैठक में भी आमने-सामने होने की उम्मीद है, ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अमेरिका), इसकी अध्यक्षता रूस करेगा। यह बैठक 17 नवंबर को होगी तथा 21-22 नवंबर को जी-20 की बैठक होगी और इसकी अध्यक्षता सऊदी अरब करेगा।

### दीपोत्सव के लिए ...

प्रयास होगा कि दीपोत्सव के दिन दोपहर तीन से रात के आठ बजे तक चलने वाले सभी कार्यक्रमों में एकरूपता दिखे। इस क्रम में मुख्य कार्यक्रम स्थलों के बैकग्राउंड एक रंग में होंगे। तिलकोत्सव, राजतिलक, सरयू आरती के दौरान वेदपाठी ब्राह्मण अवसर के अनुसार जब मंत्रपाठ करेंगे तो पूरे अयोध्या में सिर्फ वही धुन सुनाई देगी। मंदिरों, मठों और अन्य धर्मस्थल के प्रबंधकों से प्रशासन इसमें सहयोग की अपील करेगा। पूरे कार्यक्रम का बड़ी-बड़ी स्क्रीन लगे वाहनों से सजीव प्रसारण होगा। तकनीक के जरिए देश-दुनिया के रामभक्त इस खुशी में शामिल हो सकेंगे। योगी सरकार का अयोध्या में यह चौथा दीपोत्सव है। बाकी अयोजनों की तरह इसमें भी 5.51 लाख दीपक जलाकर कर एक नया रिकॉर्ड बनाने की तैयारी है। इन दीपकों को जलाने में करीब आठ हजार स्वयंसेवकों (एनसीसी, एनएसएस, स्काउट और स्वयंसेवी संस्थाओं के लोगों) की मदद ली जाएगी। महानगर के अलग-अलग वार्डों में दीपक जलाने की व्यवस्था और साज सज्जा भी काराई जाएगी। पूरे कार्यक्रम की ड्रोन के जरिए मैपिंग होगी। जिस वार्ड की सजावट सबसे खूबसूरत होगी उसे शासन और प्रशासन पुरस्कृत भी करने की सोच रहा है। प्राथमिकता गाय के गोबर और माटी से बनने वाले दीयों के प्रज्जवलन की होगी। माटी कला बोर्ड दीपोत्सव के लिए 1.5 दीपक निश्शुल्क मुहैया कराएगा।

### महंत नृत्य गोपाल दास...

लेकर संस्थान के डायरेक्टर राकेश कपूर की अध्यक्षता में एक विशेषज्ञों की हाई लेवल टीम गठित की गई है। जिसमें क्रिटिकल केयर के हेड कार्डियोथोरेसिक सर्जन पुलमोनालाजी एवं इंटरनल मेडिसिन की टीम इलाज के साथ ही निगाह बनाये हुए है। बता दें कि इसी वर्ष कृष्ण जन्मोत्सव में शामिल होने मथुरा गये महंत नृत्यगोपालदास की तबीयत 12 अगस्त को खराब हुई थी और अगले दिन जांच में वे कोरोना पॉजिटिव पाये गये थे। इलाज के लिए उन्हें गुड़गांव के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। स्वास्थ्य में सुधार के बाद उन्हें अयोध्या स्थित उनके आश्रम मणिरामदास जी की छावनी लाया गया था। हालांकि यहां भी उनके स्वास्थ्य को लेकर पूरी सजगता बरती जा रही थी और तभी से ही वह चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की गहन निगरानी में थे।

### इंग्लिश प्रीमियर लीग : विला ने आर्सनल को हराया

**लंदन।** ओली वाटकिंस के तीन मिनट मे दो गोल की मदद से एस्टोन विला ने प्रीमियर लीग फुटबॉल मैच मे आर्सनल को 3-0 से हरा दिया। आर्सनल की आठ मैचो में यह चौथी हार है। वाटकिंस ने दूसरे हाफ मे दोनों गोल किए जबकि आर्सनल के बुकायो साका ने एक आत्मघाती गोल दागा। विला इस जीत के बाद छठे स्थान पर है और उसका एक मैच बाकी है। आर्सनल 11वें स्थान पर खिसक गई है।

### न्यूजीलैंड के बल्लेबाज ब्लंडेल क्षेत्ररक्षण में बाधा पहुंचाने पर आउट

**वेलिंगटन।** बल्लेबाज टॉम ब्लंडेल न्यूजीलैंड के प्रथम श्रेणी क्रिकेट इतिहास में दूसरे खिलाड़ी बन गए जिन्हे क्षेत्ररक्षण में बाधा पहुंचाने के कारण आउट दिया गया। ब्लंडेल ने ओटागो के खिलाफ प्लंकेट शील्ड टूर्नामेंट मे एक मैच के चौथे दिन वेलिंगटन के लिए 101 रन बनाए। ओटागो के गेंदबाज जैकब डफी की गेंद उनके स्टम्प की तरफ जा रही थी जिसे पहले उन्होंने पैर से रोकने की कोशिश की। उसके बाद हाथ से गेंद को हटाया जो नियमों के खिलाफ है। इसी पर उन्हें आउट दिया गया।

### पूर्व भारतीय डिफेंडर सत्यजीत घोष का निधन

**कोलकाता।** भारत और मोहन बागान के पूर्व डिफेंडर सत्यजीत घोष का सोमवार तड़के बंदेल के अपने निवास पर दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 62 बरस के थे। घोष के पारिवारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। उनके परिवार में पत्नी और एक बेटी है। पारिवारिक सूत्रों ने बताया, घोष को बंदेल के देवनंदपुर में अपने घर मे दिल का दौरा पड़ा और चिन्सुराह अस्तपाल जाते हुए उन्होंने रास्ते मे दम तोड़ दिया। घोष ने 1985 मे नेहरू कप मे भारत का प्रतिनिधित्व किया था।

### बायो बबल लंबे समय तक चलने वाली जीवनशैली नहीं

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ मिशेल स्टार्क जैविक रूप से सुरक्षित माहौल (बायो बबल) में खिलाड़ियों के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर चिंता जताने वाले खिलाड़ियो की सूची मे शामिल हो गए है और उनका कहना है कि लंबे समय तक ऐसी पाबंदियों के बीच रहना व्यावहारिक नही है। दुनिया भर में फैली कोविड-19 महामारी के बीच क्रिकेट का आयोजन जैविक रूप से सुरक्षित माहौल में किया जा रहा है और निकट भविष्य मे स्थिति मे सुधार होने की संभावना भी नही है।

### वीवीएस लक्ष्मण के कोच अशोक सिंह का निधन

**हैदराबाद।** वीवीएस लक्ष्मण और आंध्र के विकेटकीपर एमएसके प्रसाद जैसे क्रिकेटरो को कोचिंग देने वाले अशोक सिंह का बीमारी के कारण सोमवार को निधन हो गया। अशोक सिंह के परिवार के सदस्य ने यह जानकारी दी। उनके परिवार मे पत्नी, तीन बच्चे और एक बेटी है। उनके बेटे आनंद ने कहा कि उनके पिता ने मध्यक्रम बल्लेबाज लक्ष्मण

# आईपीएल की ट्राफी पर कब्जे की आज होगी जंग

**भाषा।** दुबई

● महारथी मुंबई का सामना दिलेर दिल्ली से






पांचवां खिताब जीतने के इरादे लेकर उतरने वाली सितारों से सजी मुंबई इंडियंस मंगलवार को यहां आईपीएल फाइनल में उतरेगी तो उसके सामने पहली बार खिताबी मुकाबले में जगह बनाने वाली आत्मविश्वास से ओतप्रोत दिल्ली कैपिटल्स खड़ी होगी जिसके पास मैच विनर्स की कमी नहीं है।

रोमांच से भरपूर मुकाबलों के 52 दिन पूरे होने के बाद अब इस खास आईपीएल का एक आखिरी मुकाबला शेष है। खास इसलिए कि तमाम चुनौतियों और बाधाओं के बावजूद इसके सफल आयोजन ने दर्शकों को कोरोना वायरस महामारी से पैदा हुई नकारात्मकता से निजात पाने में मदद की है। आईपीएल के सबसे सफल कप्तान रोहित शर्मा की नजरें पांचवें खिताब पर है। वहीं दिल्ली पिछले बारह सत्रों में फिसड्डी साबित होने के बाद पहली बार इस मुकाम तक पहुंची है। ऐसा बहुत कम ही होता है कि सबसे प्रबल दावेदार दो टीमें ही खिताब के लिए आपस में टकराएं। इस बार हालांकि शीर्ष दो टीमें ही आमने सामने हैं। मुंबई ने 15 में से 10 मैच जीते जबकि दिल्ली ने 16 में से नौ मैचों में जीत दर्ज की। मुंबई के खिलाड़ियों ने टूर्नामेंट में शुरू ही से दबदबा बनाए रखा। मुंबई के बल्लेबाजों ने 130 छक्के जड़े हैं जबकि दिल्ली ने 84 छक्के जमाए हैं। क्विंटान डिकॉक का प्रदर्शन खास तौर पर काबिले तारीफ रहा। वहीं रोहित ने अपनी हैमस्ट्रिंग चोट को लेकर तमाम आशंकाओं को निर्मूल साबित करते हुए अच्छी कप्तानी की। आस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय टीम में नहीं चुने जाने के गम को भुलाकर सूर्यकुमार यादव ने जिस तरह बल्लेबाजी की, वह मिसाल बन चुके हैं। अब तक वह 60 चौके और 10 छक्के लगा चुके हैं। ईशान किशन ने 29 छक्के लगाए हैं। दिल्ली के गेंदबाज कागिसो रबाडा (29 विकेट) और एनरिच नोर्जे (20 विकेट) अगर इन दोनों से पार पा भी लेते हैं तो पंड्या बंधु की चुनौती भी आसान नहीं है। दोनों जबर्दस्त फार्म में भी हैं।दिल्ली के लिए शिखर धवन 600 से अधिक रन बना चुके हैं। अब उन्हें जसप्रीत बुमराह और ट्रेंट बोल्ट के सटीक यार्कर और इनस्विंग का सामना करने के लिए कुछ खास करना होगा। इस सत्र में तीन मैचों में मुंबई ने दिल्ली पर एकतरफा जीत दर्ज की है लेकिन अगर सबसे अहम मुकाबले में दिल्ली बाजी मार लेती है तो ए तीनों हार बेमानी हो जाएंगी। दूसरे क्वालीफायर में लगा कि दिल्ली ने सही टीम संयोजन तलाश लिया है। पारी की शुरूआत मार्कस स्टोइनिस से कराने का फैसला सही रहा। श्रेयस अय्यर और ऋषभ पंत के औसत फार्म को देखते हुए शिमरोन हेटमाएर पर तेज बल्लेबाजी का जिम्मा होगा। पावरप्ले में आर अश्विन पर बड़ी जिम्मेदारी होगी। इसके साथ ही इस मैच के जरिए अय्यर का भविष्य में भारतीय टीम की कप्तानी के लिए दावा पुख्ता हो सकता है। रिकी पोंटिंग कुशल रणनीतिकार के रूप में अपनी साख मजबूत करेंगे जबकि सूर्यकुमार चयन समिति को बल्ले से जवाब देना चाहेंगे। सभी की नजरें आईपीएल फाइनल पर है लेकिन रांची के उस राजकुमार की कमी जरूर खल रही है जिसकी टीम 2017 से लगातार आईपीएल फाइनल खेलती आई है। महेंद्र सिंह धोनी की कमी आईपीएल फाइनल में महसूस होगी लेकिन जिंदगी की ही तरह क्रिकेट किसी के लिए रूकता नहीं।

### थोड़ी मनोवैज्ञानिक बढ़त होगी, लेकिन पिछले मैचों के बारे में नहीं सोच सकते: रोहित

**दुबई।** पांचवें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) खिताब से एक कदम दूर मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा ने इस बात से इनकार नही किया कि दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मंगलवार को होने वाले फाइनल मे उनकी टीम को मामूली मनोवैज्ञानिक बढ़त होगी लेकिन उन्होने पिछली शानदार जीत पर ध्यान देने से इनकार कर दिया। मुंबई इंडियंस ने इस सत्र के दौरान पिछली तीन भिड़ंत मे दिल्ली कैपिटल्स को पराजित किया।

### हार्दिक अभी गेंदबाजी में सहज महसूस नहीं कर रहा है

**दुबई।** मुंबई इंडियन्स के कप्तान रोहित शर्मा ने भारतीय टीम के आस्ट्रेलिया दौरे पर रवाना होने से कुछ दिन पहले सोमवार को कहा कि प्रमुख आलराउंडर हार्दिक पंड्या अब भी गेंदबाजी करने को लेकर सहज महसूस नही कर रहे है। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल फाइनल की पूर्व संध्या पर रोहित ने कहा कि हार्दिक ने साफ कर दिया कि जहां तक फिटनेस का सवाल है तो उन्होंने अभी तक वह स्तर हासिल नही किया जिससे उन्हें लगे कि वह गेंदबाजी करने में सक्षम है। हार्दिक ने वर्तमान टूर्नामेंट में गेंदबाजी नही की।

# आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट के बाद पितृत्व अवकाश लेंगे कोहली

● रोहित टेस्ट टीम में शामिल

**भाषा।** नई दिल्ली

भारतीय कप्तान विराट कोहली को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को अगले महीने आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट के बाद पितृत्व अवकाश लेने की स्वीकृति दी जबकि सीमित ओवरों की टीम के उप कप्तान रोहित शर्मा को पैर की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण शुरुआत में टेस्ट टीम में जगह नहीं मिलने के बाद अब टीम में शामिल किया गया है। कोहली आस्ट्रेलिया के खिलाफ अंतिम तीन टेस्ट मैच नहीं खेल पाएंगे क्योंकि वह अपनी अभिनेत्री पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ रहेंगे जो जनवरी के पहले हफ्ते में बच्चे को जन्म देने वाली हैं। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, विराट कोहली ने एडीलेड में पहले टेस्ट के बाद भारत लौटने की अपनी योजना के बारे में बीसीसीआई को सूचित किया है। बीसीसीआई ने भारतीय कप्तान को पितृत्व अवकाश प्रदान किया है। वह आस्ट्रेलिया के खिलाफ एडीलेड में पहले टेस्ट के बाद वापस लौटेंगे। केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ी पितृत्व अवकाश के पात्र होते हैं और आस्ट्रेलिया के 2018 दौरे के दौरान रोहित ने यह अवकाश लिया था।भारत आस्ट्रेलिया दौरे पर तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय, इतने ही टी20 अंतरराष्ट्रीय और चार टेस्ट खेलेगा। श्रृंखला की शुरुआत 27 नवंबर को होगी जबकि टेस्ट श्रृंखला एडीलेड में 17 दिसंबर से खेली जाएगी। कोहली मेलबर्न में बॉक्सिंग डे टेस्ट (26-30 दिसंबर), सिडनी में नए साल के टेस्ट (07-11 जनवरी) और गाबा में अंतिम टेस्ट (15-19 जनवरी) में नहीं खेल पाएंगे। प्रसारणकर्ता सेवन नेटवर्क की ओर से पहले ही दबाव का सामना कर रहे क्रिकेट आस्ट्रेलिया की इससे चिंता बढ़ेगी क्योंकि भारतीय कप्तान दर्शकों के बीच काफी लोकप्रिय है और उनकी गैरमौजूदगी में विज्ञापन बाजार पर असर पड़ सकता है। शाह ने रोहित की फिटनेस पर भी अपडेट देते हुए कहा कि वह एकदिवसीय और टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे। बीसीसीआई की मेडिकल टीम रोहित शर्मा की फिटनेस पर नजर रख रही है और इस बारे में अखिल भारतीय सीनियर चयन समिति को भी जानकारी दी है। रोहित से सलाह मशविरे के बाद फैसला किया गया कि उन्हें आस्ट्रेलिया में एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और टी20 अंतरराष्ट्रीय से आराम दिया जाएगा जिससे कि वह पूर्ण फिटनेस हासिल कर सके और उन्हें बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए भारत की टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। पीटीआई ने शनिवार को इन दोनों फैसलों की संभावना जताई थी। रोहित मंगलवार को आईपीएल खत्म होने के बाद भारत वापस लौटेंगे और तेज गेंदबाज इशांत शर्मा के साथ रिहैबिलिटेशन में हिस्सा लेंगे। वह दिसंबर के अंतिम हफ्ते में आस्ट्रेलिया रवाना होंगे। बीसीसीआई ने साथ ही सूचित किया कि इशांत शर्मा को टेस्ट टीम में शामिल किया जाएगा बशर्ते वह फिटनेस हासिल कर लें। शाह ने कहा, सीनियर भारतीय तेज गेंदबाज (इशांत) बेंगलुरू में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में रिहैबिलिटेशन से गुजर रहा है। पूरी तरह उबरने और पर्याप्त मैच फिटनेस हासिल करने के बाद उसे भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किया जाएगा। रहस्मई स्पिनर वरूण चक्रवर्ती टी20 अंतरराष्ट्रीय से बाहर हो गए हैं। वरूण ने कथित तौर पर कंधे की चोट छिपाई।

**संशोधित टीमें:टी20 अंतरराष्ट्रीय टीमः** विराट कोहली (कप्तान), शिखर धवन, मयंक अग्रवाल, लोकेश राहुल, श्रेयस अय्यर, मनीष पांडे, हार्दिक पांड्या, संजू सैमसन, रविंद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर, युजवेंद्र चहल, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, नवदीप सैनी, दीपक चाहर और टी नटराजन।

**वनडे टीमः** विराट कोहली (कप्तान), शिखर धवन, शुभमन गिल, लोकेश राहुल, श्रेयस अय्यर, मनीष पांडे, हार्दिक पांड्या, मयंक अग्रवाल, रविंद्र जडेजा, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, नवदीप सैनी, शार्दुल ठाकुर और संजू सैमसन।

**टेस्ट टीमः** विराट कोहली (कप्तान), रोहित शर्मा, मयंक अग्रवाल, पृथ्वी साव, लोकेश राहुल, चेतेश्वर पुजारा, अजिंक्य रहाणे, हनुमा विहारी, शुभम गिल, रिद्धिमान साहा, ऋषभ पंत, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, उमेश यादव, नवदीप सैनी, कुलदीप यादव, रविंद्र जडेजा, आर अश्विन और मोहम्मद सिराज।



### पुकोवस्की को सलामी बल्लेबाज बनाए : आस्ट्रेलियाई दिग्गज

**भाषा।** मेलबर्न

इयान चैपल और माइकल क्लार्क सहित पूर्व कप्तान चाहते हैं कि भारत के खिलाफ चार मैचों की आगामी टेस्ट श्रृंखला में युवा सलामी बल्लेबाज विल पुकोवस्की को आस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम में जगह मिले। विक्टोरिया के पुकोवस्की ने

**भारत के खिलाफ टेस्ट में उतारें**

शेफील्ड शील्ड में लगातार दो दोहरे शतक जड़ते हुए दक्षिण आस्ट्रेलिया के खिलाफ नाबाद 255 जबकि पश्चिमी आस्ट्रेलिया के खिलाफ 202 रन की पारी खेली।

बाइस साल के पुकोवस्की मौजूदा सत्र में अब तक 457 रन बना चुके हैं और क्लार्क का मानना है कि एडीलेड में शुरू हो रही टेस्ट श्रृंखला में उन्हें भारत का सामना करने का मौका मिलना चाहिए। क्लार्क ने स्काई स्पोर्ट्स रेडिया से कहा, उसे चुनिए... यह आस्ट्रेलियाई टीम में उसे जगह देने का शानदार तरीका है।

# ट्रेलब्लेजर्स महिला टी-20 की नई चैंपियन

● दो बार के चैंपियन सुपरनोवाज को 16 रन से हराया

● पहली बार चैलेंज का खिताब जीता

**भाषा।** शारजाह



स्मृति मंधाना की कप्तानी पारी और गेंदबाजों की कसी गेंदबाजी के दम पर ट्रेलब्लेजर्स ने सोमवार को यहां पिछले दो बार के चैंपियन सुपरनोवाज को 16 रन से हराकर पहली बार महिला टी20 चैलेंज का खिताब जीता। ट्रेलब्लेजर्स की टीम कप्तान स्मृति मंधाना के 49 गेंदों पर पांच चौकों और तीन छक्कों की मदद से बनाए गए 68 रन के बावजूद आठ विकेट पर 118 रन ही बना पाई, लेकिन उसकी गेंदबाजों ने कमाल का प्रदर्शन किया और सुपरनोवाज को सात विकेट पर 102 रन ही बनाने दिए। उसकी तरफ से कप्तान हरमनप्रीत कौर ने सर्वाधिक 30 रन बनाए। इस कम स्कोर वाले मैच में स्पिनरों की तूती बोली। सुपरनोवाज की तरफ से बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव ने 16 रन देकर पांच विकेट लिए जबकि ट्रेलब्लेजर्स के लिए बांग्लादेश की आफ स्पिनर सलमा खातून ने 18 रन देकर तीन और दीप्ति शर्मा ने नौ रन देकर दो विकेट लिए। ट्रेलब्लेजर्स की गेंदबाजी में अच्छी शुरुआत रही। उसने बेहतरीन फार्म में चल रही चमारी अटापट्टू को केवल छह रन बनाने दिए। बाएं हाथ की स्पिनर एक्लेस्टोन ने उन्हें पगबाधा आउट किया। अनुभवी झूलन गोस्वामी ने भी कसी हुई गेंदबाजी की और सुपरनोवाज को पावरप्ले में 28 रन ही बनाने दिए। पिच से स्पिनरों को मदद मिल रही थी और गेंद बल्ले पर रूककर आ रही थी। ऐसे में रन बनाना आसान नहीं था। आफ स्पिनर दीप्ति शर्मा ने तानिया भाटिया (14) और जेमिमा रोड्रिग्स (13) को आउट करके सुपरनोवाज के खेमे में खलबली मचा दी। हरमनप्रीत क्रीज पर थी और इसलिए सुपरनोवाज का पलड़ा भारी बना हुआ था। उन्होंने शशिकला सिरीवर्धने (19) के साथ चौथे विकेट के लिए 37 रन जोड़े। इन दोनों ने स्ट्राइक रोटेट करके रन जुटाए। खातून ने सिरीवर्धने को आउट करके यह साझेदारी तोड़ी। सुपरनोवाज को अंतिम तीन ओवर में 34 रन की जरूरत थी।

#### स्कोरबोर्ड


**ट्रेलब्लेजर्स :** डोटिन का राधा यादव बो पूनम यादव 20,मंधाना स्टं भाटिया बो सिरीवर्धने 68,घोष का अट्टापटू बो राधा यादव 10,दीप्ति का अट्टापटू बो राधा यादव 09, देओल का सेलमान बो राधा यादव 04 ,एक्लेस्टोन का सेलमान बो राधा यादव 01,गोस्वामी स्टं भाटिया बो राधा यादव 01,नुजहत नाबाद 00,चैतम रन आउट 00,**अतिरिक्त** 05,**कुल** (20 ओवर में, आठ विकेट पर) 118,**विकेट पतन** :1-71, 2-101, 3-112, 4-112, 5-117, 6-118, 7-118, 8-118, **गेंदबाजी :** खाका 2-0-13-0,पाटिल 4-0-25-0,यादव 4-0-16-5, सेलमान 1-0-7-0,वस्त्राकर1-0-10-0, यादव 4-0-23-1, सिरीवर्धने 4-0-22-1

**सुपनोवाजः** अटापट्टू पगबाधा बो एक्लेस्टोन 06,रोड्रिग्ज का चांतम बो दीप्ति शर्मा 13, भाटिया का गायकवाड बो दीप्ति शर्मा 14,हरमनप्रीत बो सलमा खातून 30, सिरीवर्धने का झूलन गोस्वामी बो सलमा खातून 19,पाटिल रन आउट 08, वस्त्राकर का एक्लेस्टोन बो सलमा खातून 00,राधा यादव नाबाद 05,शकीरा सेलमन नाबाद 04,**अतिरिक्त** : 03,**कुल योग** : 20 ओवर मे सात विकेट पर : 102 रन, **विकेट पतन** :1-10, 2-30, 3-37, 4-74, 5-93, 6-93,7-94,**गेंदबाजीः** गोस्वामी4-0-17-0,एक्लेस्टोन 4-0-26-1, गायकवाड़ 4-0-23-0, शर्मा 3-0-9-2, देओल1-0-9-0,खातून 4-0-18-3

# बछिया का जन्म सुनिश्चित करने को बनी स्वदेशी तकनीक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

नेशनल डेयरी डेवलपमेन्ट बोर्ड (एनडीडीबी) की पूर्ण स्वामित्व की सब्सिडरी एनडीडीबी डेयरी सर्विसेज ने स्वदेश में विकसित आधुनिक तकनीक की घोषणा की है, जिसके द्वारा मवेशियों के शुक्राणुओं की छंटनी द्वारा सिर्फ मादा बछड़े के जन्म को सुनिश्चित किया जा सकता है। यह तकनीक भारत को 'आत्मनिर्भर' बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। एनडीडीबी डेयरी सर्विसेज द्वारा किए गए फील्ड ट्रायल के परिणाम वास्तविक परिस्थितियों में उत्पाद के प्रदर्शन को सुनिश्चित करते हैं। अक्टूबर 2020 में चेन्नई के नजदीक एक फार्म मे इसी तकनीक के द्वारा मादा बछड़े का जन्म हुए, जिसके लिए शुक्राणुओं की छंटाई अलमाधी सीमेन स्टेशन में की गई थी। मवेशियों के शुक्राणुओं की छंटाई के लिए मौजूद तकनीक कुछ मल्टी-नेशनल कंपनियों के स्वामित्व में है, जिसके चलते डेयरी किसान इसका लाभ नहीं उठा सकते, क्योंकि लागत की दृष्टि से यह उनके अनुकूल नहीं रहती। सिर्फ मादा बछड़े के जन्म को सुनिश्चित करने से डेयरी किसान को बहुत अधिक आर्थिक फायदा होता है, क्योंकि नर बछड़े की आर्थिक उपयोगिता न के बराबर होती है। दिलीप रथ, चेयरमैन, एनडीडीबी ने बताया कि एनडीडीबी डेयरी सर्विसेज ने शुक्राणुओं की छंटनी कर बनाई गई खुराक की लागत को कम करने के लिए कुछ साल पहले स्वदेशी तकनीक का विकास किया, ताकि इसे देश के डेयरी किसानों के लिए किफायती बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इस तकनीक को बड़े पैमाने पर अपनाया जाएगा।





### सीसीआई का गूगल के जांच का आदेश, गूगल पे को लेकर अनुचित व्यापार व्यवहार का आरोप

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने गूगल पे के संदर्भ में अनुचित व्यापार व्यवहार के लिए इंटरनेट क्षेत्र की दिग्गज कंपनी गूगल के खिलाफ विस्तृत जांच का आदेश दिया है। गूगल पे एक लोकप्रिय डिजिटल वॉलेट मंच है। सीसीआई ने अपने 39 पृष्ठ के आदेश में कहा, आयोग का प्रथम दृष्टया विचार है कि कंपनी ने कानून की धारा चार के विभिन्न प्रावधानों का उल्लंघन किया है। नियामक ने इस मामले में अपने महानिदेशक (डीजी) की जांच का आदेश दिया है। यह सीसीआई की जांच इकाई है। गूगल पे के संदर्भ में कथित प्रतिस्पर्धा रोधी व्यवहार के लिए यह जांच की जा रही है। प्रतिस्पर्धा आयोग की धारा 4 बाजार में अपनी दबदबे की स्थिति के दुरुपयोग से संबंधित है। सीसीआई ने कहा, प्रथम दृष्टया उसका विचार है कि यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस के जरिए भुगतान को संभव बनाने के लिए ऐप का बाजार मौजूदा मामले में आरोपों की जांच की दृष्टि से संबद्ध बाजार है। नियामक ने कहा कि प्रथम दृष्टया उसका विचार है कि गूगल का व्यवहार अनुचित है और उसने भेदभाव वाली शर्तें थोपी हैं। इसके तह गूगल पे की प्रतिस्पर्धी ऐप को बाजार पहुंच उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। सीसीआई ने पांच इकाइयों अल्फाबेट इंक, गूगल एलएलसी, गूगल आयरलैंड लि., गूगल इंडिया प्राइवेट लि. और गूगल इंडिया डिजिटल सर्विसेज के खिलाफ जांच का आदेश दिया है।

# बाजार रिकार्ड ऊंचाई पर

**सेंसेक्स 704 अंक उछला**







**भाषा।** मुंबई

वैश्विक स्तर पर मजबूत रुख के बीच बीएसई सेंसेक्स सोमवार को 704 अंक उछलकर नए रिकार्ड स्तर पर बंद हुआ। अमेरिकी में राष्ट्रपति चुनाव में जो बाइडेन की जीत के बाद निवेशक व्यापार रिश्तों में सुधार तथा अधिक प्रोत्साहन उपायों की उम्मीद कर रहे हैं। शेयर बाजारों में लगातार छठे कारोबारी सत्रों में तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 704.37 अंक यानी 1.68 प्रतिशत की बढ़त के साथ 42,597.43 अंक की रिकार्ड ऊंचाई पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 42,645.33 अंक तक के अपने सर्वकालिक स्तर पर चला गया था। इससे पहले, 14 जनवरी, 2020 को सेंसेक्स 41,952.63 अंक पर बंद हुआ था जो इसके बंद का अब तक का उच्चतम स्तर था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 197.50 अंक यानी 1.61 प्रतिशत की तेजी के साथ 12,461.05 अंक के रिकार्ड स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान 12,474.05 के उच्चतम अंक पर पहुंच गया था। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में सर्वाधिक लाभ में इंडसइंड बैंक रहा। इसमें 4.95 प्रतिशत की तेजी आई। उसके बाद क्रमशः भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, पावरग्रिड, टाटा स्टील और एचडीएफसी बैंक का स्थान रहा। दूसरी तरफ केवल तीन शेयरों... मारुति, आईटीसी और बजाज फिनसर्व... में गिरावट दर्ज की गई। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव में बाइडेन को विजेता घोषित किए जाने के बाद से वैश्विक बाजारों में तेजी रही। विश्लेषकों के अनुसार अमेरिका में बाइडेन की जीत के साथ व्यापार युद्ध के हल्का पड़ने तथा कोविड-19 के खिलाफ अभियान और तेज होने की उम्मीद का शेयर बाजारों पर अच्छा असर पड़ा।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, मजबूत वैश्विक रुख और अमेरिका में डेमोक्रेटिक पार्टी को बहुमत मिलने से मानक सूचकांक रिकार्ड ऊंचाई पर पहुंचे। घरेलू बाजार में तेजी का कारण दूसरी तिमाही के वित्तीय परिणाम के बाद व्यापार परिदृश्य बेहतर होने से बैंक तथा वित्तीय कंपनियों के शेयरों का अच्छा प्रदर्शन है। शेयर बाजार के पास उपलब्ध अस्थाई आंकड़े के अनुसार विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने शुक्रवार को शुद्ध रूप से 4,869.87 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर खरीदे। एशिया के अन्य बाजारों में शंघाई, हांगकांग, सोल और तोक्यो 2.12 प्रतिशत तक की बढ़त के साथ बंद हुए। यूरोप के प्रमुख शेयर बाजारों में भी शुरूआती कारोबार में अच्छी तेजी रही।

### शेयर बाजारों में जोरदार तेजी से निवेशकों की संपत्ति 2 लाख करोड़ रुपए बढ़ी

**नई दिल्ली।** शेयर बाजारों मे सोमवार को आई जबर्दस्त तेजी से निवेशकों की संपत्ति 2 लाख करोड़ रुपए से अधिक बढ़ी। शेयर बाजारों में लगातार छठे कारोबारी सत्रों मे तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 704.37 अंक यानी 1.68 प्रतिशत की बढ़त के साथ 42,597.43 अंक की रिकार्ड ऊंचाई पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 42,645.33 अंक के अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर चला गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 197.50 अंक यानी 1.61 प्रतिशत की तेजी के साथ 12,461.05 अंक के रिकार्ड स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान 12,474.05 के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। बाजार मे आई इस तेजी के कारण बीएसई मे सूचीबद्ध कंपनियो का बाजार पूंजीकरण 2,06,558.75 करोड़ रुपए बढ़कर1,65,67,257.92 करोड़ रुपए पहुंच गया।

### सेबी का रेनबो इंडस्ट्रीज, निदेशकों के बैंक, डीमैट, म्यूचुअल फंड खाते जब्त करने का आदेश

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने रेनबो इंडस्ट्रीज एंड कंस्ट्रक्शन और इसके दो निदेशकों के बैंक खातों समेत म्यूचुअल फंड खाते भी जब्त करने का आदेश दिया है। यह आदेश 11 करोड़ रुपए से अधिक की वसूली के लिए दिए गए हैं। सेबी के आदेश का पालन करने में विफल रहने के बाद बाजार नियामक ने कंपनी और उसके निदेशकों के खिलाफ यह कार्वाई शुरू की है। सेबी ने नवंबर 2018 में कंपनी और उसके निदेशकों को निवेशकों का 11.36 करोड़ रुपए लौटाने का निर्देश दिया था। कंपनी ने यह राशि सार्वजनिक निर्गम से जुड़े नियमों का पालन किए बगैर भुनाने योग्य तरजीही शेयर जारी कर जुटाए थे।

### अमेरिकी डालर के मुकाबले रुपया सात पैसे गिरकर 74.15 पर

**मुंबई।** उतार चढ़ाव भरे कारोबार में अमेरिकी डालर के मुकाबले सोमवार को रुपया सात पैसे घटकर 74.15 रुपए प्रति डालर पर बंद हुआ। अन्य एशियाई बाजारों में भी डालर के मुकाबले गिरावट रही। रुपए ने अपनी शुरुआती बढ़त को कारोबार समाप्त होने तक गंवा दिया। कच्चे तेल के ऊंचे दामों ने भारतीय मुद्रा पर दबाव बना दिया। अंतर बैंकिंग विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को कारोबार की शुरुआत में भाव 73.95 रुपए प्रति डालर पर मजबूत खुला। कारोबार आगे बढ़ने के साथ यह और मजबूत होकर 73.83 तक पहुंच गया।

# 15वें वित्त आयोग ने राष्ट्रपति को सौंपी रिपोर्ट

**भाषा।** नई दिल्ली




पंद्रहवें वित्त आयोग ने सोमवार को अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को सौंप दी। एन.के. सिंह की अध्यक्षता वाले इस आयोग ने 2021- 22 से लेकर 2025- 26 पांच साल की अवधि की रिपोर्ट तैयार की है। इस रिपोर्ट को कोविड काल में वित्त आयोग नाम दिया गया है। आयोग के चेयरमैन एन के सिंह ने अन्य सदस्यों के साथ यह रिपोर्ट राष्ट्रपति को सौंपी है। आयोग के अन्य सदस्यों में अजय नारायण झा, अनूप सिंह, अशोक लाहिड़ी और रमेश चंद शामिल हैं। वित्त आयोग ने पिछले साल ही 2020- 21 की रिपोर्ट सरकार को सौंप दी थी। केन्द्र सरकार ने इस रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया और 30 जनवरी, 2020 को संसद के पटल पर रख दिया था। एक सरकारी विज्ञप्ति में कहा गया है चेयरमैन एन के सिंह के नेतृत्व में 15वें वित्त आयोग ने आज अपनी 2021- 22 से 2025- 26 अवधि की रिपोर्ट माननीय राष्ट्रपति को सौंप दी है। आयोग की सेवा शर्तों के अनुसार आयोग को 2021- 22 से लेकर 2025- 26 की पांच साल की अवधि के लिए अपनी सिफारिशें सौंपने को कहा गया था। आयोग को विभिन्न मुद्दों पर अपने सिफारिशें देने को कहा गया था। केन्द्र और राज्यों के बीच कर विभाजन, स्थानीय सरकारों को दिया जाने वाला अनुदान, आपदा प्रबंधन अनुदान, सहित अन्य कई मुद्दों पर सिफारिशें देने को कहा गया था। इसके साथ ही राज्यों के लिए बिजली, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण अपनाने, ठोस कचरा प्रबंधन के क्षेत्र में प्रोत्साहन आधारित सिफारिशों देने को भी कहा गया था। आयोग से यह भी कहा गया था कि क्या रक्षा और आंतरिक सुरक्षा के लिए कोष उपलब्ध कराने के वास्ते एक अलग प्रणाली स्थापित की जानी चाहिए। ऐसा होता है तो इस प्रकार की प्रणाली को किस प्रकार से संचालित किया जा सकता है।

### 19 ब्लॉकों से सालाना 7,000 करोड़ रु.का राजस्व मिलने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा है कि वाणिज्यिक खनन के लिए कोयला खानो की नीलामी मे जबर्दस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली है। जोशी ने सोमवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि जिन 19 ब्लॉकों की नीलामी की गई है उनसे सालाना 7,000 करोड़ रुपए का राजस्व मिल सकता है। इन ब्लॉकों का परिचालन शुरू होने के बाद इनसे 69,000 से अधिक रोजगार के अवसर पैदा होंगे। वाणिज्यिक खनन के लिए कोयला ब्लॉकों की नीलामी से कोयला क्षेत्र निजी कंपनियो के लिए खुल गया है।

### यात्री कारों की खुदरा बिक्री अक्टूबर माह में 9 प्रतिशत घटी

**नई दिल्ली।** वाहन विक्रेताओं के संगठन फाडा ने सोमवार को कहा कि अक्टूबर माह मे यात्री कारो (पीवी) की खुदरा बिक्री साल दर साल आधार पर 8.8 प्रतिशत घटकर 2,49,860 इकाई रह गई। आपूर्ति संबंधी मुद्दो के चलते वाहनों का पंजीकरण धीमा पड़ा है। फाडा के मुताबिक यात्री कारो की बिक्री एक साल पहले अक्टूबर 2019 मे 2,73,980 इकाई रही है। फाडा देशभर के1,464 क्षेत्रीय परिवहन कार्यालयों मे से1,257 कार्यालयो से आंकड़े जुटाती है।

### नए कृषि कानूनों को सही तरीके से क्रियान्वित करने से फायदा : नीति सदस्य

**नई दिल्ली।** नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद ने कहा है कि केंद्र के तीनों कृषि कानून बदलते समय के अनुसार है और अगर उसे सही तरीके लागू किया गया, देश में खेती-बाड़ी नई ऊंचाई पर पहुंचेगी। नए कृषि कानूनः उसके निहितार्थ शीर्षक वाले एक रिपोर्ट मे चंद ने कहा कि सुधारो ने भारत के लिए कृषि क्षेत्र मे एक वैश्विक शक्ति और वैश्विक खाद्य आपूर्ति के महत्वपूर्ण केंद्र बनने को लेकर उम्मीद जगाई है। केंद्र सरकार ने तीनों नए कानून के जरिए जो नीतिगत सुधार किए है, वे बदलते समय, किसानों और खेती की जरूरतो के हिसाब से उपयुक्त है।

# ट्रंप पर बाइडेन की टीम के साथ सहयोग करने का दबाव


उत्तरी लास वेगस में क्लार्क काउंटी चुनाव कार्यालय के बाहर डोनाल्ड ट्रंप के समर्थक प्रदर्शन करते हुए

**एपी।** विलमिंगटन (अमेरिका),

**अमेरिका के** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर जनवरी में नए प्रशासन के कार्यकाल सम्भालने पर सत्ता का सहज हस्तांतरण सुनिश्चित करने के लिए देश के निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडेन की टीम के साथ सहयोग करने का दबाव बढ़ रहा है।

जनरल सर्विसेज एडमिनिस्ट्रेटन (जीएसए) पर बाइडेन को निर्वाचित राष्ट्रपति के रूप से औपचारिक रूप से मान्यता देने की जिम्मेदारी है। इसके बाद सत्ता हस्तांतरण की प्रक्रिया आरंभ होगी। एजेंसी की प्रशासक एमिली मर्फी ने अभी तक यह प्रक्रिया आरंभ नहीं की है और न ही यह बताया है कि वह कब ऐसा करेंगी। एमिली की नियुक्ति ट्रंप ने की थी।

इस मामले में स्पष्टता नहीं होने के कारण प्रश्न खड़े होने लगे हैं कि अभी तक हार स्वीकार न करने वाले और चुनाव में अनियमितताओं का आरोप लगाने वाले ट्रंप सरकार बनाने की डेमोक्रेटिक पार्टी की कोशिश बाधित कर सकते हैं।

बाइडेन के सत्ता हस्तांतरण सहयोगी जेन प्साकी ने रविवार को कहा, अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा एवं उसके आर्थिक हित इस बात पर निर्भर करते हैं कि संघीय सरकार यह स्पष्ट और त्वरित संकेत दे कि वह अमेरिकी लोगों की इच्छा का सम्मान करेगी और सत्ता के शांतिपूर्ण एवं सहज हस्तांतरण में सहयोग करेगी।

व्हाइट हाउस में पिछले तीन कार्यकालों में शामिल रहे एक द्विदलीय समूह ने भी ट्रंप से चुनाव के बाद सत्ता हस्तांतरण की प्रक्रिया तत्काल आगे बढ़ाने की अपील की है।सेंटर फॉर प्रेजिडेंशियल ट्रांजिशन सलाहकार बोर्ड ने एक बयान में कहा कि यह कड़ी मेहनत से लड़ा गया चुनाव था, लेकिन इतिहास ऐसे राष्ट्रपतियों के उदाहरण से भरा पड़ा है, जिन्होंने चुनाव परिणाम के बाद अपने उत्तराधिकारियों की गरिमा के साथ मदद की।इस बयान पर पूर्व राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू बुश के कार्यकाल में व्हाइट हाउस के चीफ ऑफ स्टाफ रहे जोश बोल्टन एवं स्वास्थ्य एवं मानव सेवा मंत्री रहे माइकल लिविट, पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन के कार्यकाल में व्हाइट हाउस में चीफ ऑफ स्टाफ रहे थॉमस मैक मैक्लार्टी और पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के कार्यकाल में मंत्री रहे पेन्नी प्रित्जकर ने हस्ताक्षर किए।इस बीच, बाइडेन ने सरकार बनाने के लिए कदम उठाने शुरू कर दिए हैं और कोविड-19 से निपटने के लिए टीम तैयार करनी आरंभ कर दी है, लेकिन जीएसए की औपचारिक घोषणा से पहले यह प्रक्रिया पूरी तरह शुरू नहीं हो सकती।

## बुश ने दी बाइडेन, हैरिस को बधाई, चुनाव को मूलतः निष्पक्ष बताया

**वाशिंगटन ।** रिपब्लिकन पार्टी के नेता एवं अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू बुश ने कहा है कि अमेरिकी इस बात पर भरोसा कर सकते हैं कि राष्ट्रपति पद के लिए हुए चुनाव मूलतः निष्पक्ष थे, इनकी अखंडता बरकरार रखी जाएगी और इनका परिणाम स्पष्ट है।बुश ने साथ ही कहा कि निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को इसे कानूनी आधार पर चुनौती देने का अधिकार है।बुश ने निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडेन से फोन पर बात करने के बाद एक बयान में कहा कि उन्होंने बाइडेन को बधाई दी और चुनाव में जीत के बाद राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में देशभक्ति का संदेश देने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।उन्होंने कहा कि हालांकि उनके और बाइडेन के बीच राजनीतिक मतभेद हैं, लेकिन वह जानते हैं कि बाइडेन एक अच्छे इंसान है जो देश को एकजुट करेंगे।बुश ने कहा, निर्वाचित राष्ट्रपति ने दोहराया कि हालांकि वह डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़े, लेकिन वह सभी अमेरिकियों के लिए काम करेंगे। मैं उनके लिए भी वही कहूंगा,जो मैंने (निवर्तमान) राष्ट्रपति ट्रंप और (पूर्व राष्ट्रपति) बराक ओबामा से कहा था: मैं उनकी सफलता की कामना करता हूं और उनकी हर संभव मदद करने का संकल्प लेता हूं। उन्होंने निर्वाचित उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को भी जीत की बधाई दी। बुश ने कड़ी मेहतन से लड़े गए चुनाव के लिए ट्रंप एवं उनके समर्थकों को बधाई दी। ट्रंप ने अपनी हार स्वीकार नहीं की है और चुनाव में अनियमितताओं का आरोप लगाया है।बुश ने कहा, इस चुनाव में बड़ी संख्या में हमारे नागरिकों ने मतदान किया, जो अमेरिका के लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिए सकारात्मक संकेत है और दुनिया को उसकी ताकत दिखाता है। उन्होंने कहा, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपने कैसे मतदान किया, आपका मत गिना गया। बुश ने कहा, अमेरिका के लोग इस बात पर भरोसा कर सकते हैं कि यह चुनाव मूलतः निष्पक्ष था, इसकी अखंडता बरकरार रखी जाएगी और इसका परिणाम स्पष्ट है।


कोलंबिया में 67वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान कोलंबियाई सेना

# बाइडन, हैरिस के लिए शीर्ष प्राथमिकताओं में कोविड-19, आर्थिक पुनर्बहाली और जलवायु परिवर्तन शामिल

**भाषा।** वॉशिंगटन

**बाइडन प्रशासन** के लिए कोविड-19 महामारी से निपटना, आर्थिक संकट से उबरना, नस्ली भेदभाव दूर करना और जलवायु परिवर्तन का मुद्दा उनकी शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल होगा। यह जानकारी उनकी टीम ने दी। निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन और निर्वाचित उपराष्ट्रपति कमला हैरिस हर चीज को पहले से बेहतर बनाने के लिए तैयारी में जुट गए हैं।

वोटों की गिनती के तनावपूर्ण सप्ताह के बाद डेमोक्रेटिक पार्टी से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बाइडन (77) ने शनिवार को पेन्सिलवेनिया राज्य में महत्वपूर्ण जीत हासिल की और अमेरिका का अगला राष्ट्रपति बनने की दौड़ में आगे निकल गए।महत्वपूर्ण राज्य में जीत के बाद बाइडन निर्णायक 270 चुनावी मत हासिल कर चुके हैं और निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए दोबारा शीर्ष पद पर पहुंचने के सारे रास्ते बंद हो चुके हैं।बाइडन की टीम ने वेबसाइट पर अपनी प्राथमिकताएं दिखाई हैं जिनमें आगामी प्रशासन चार क्षेत्रों पर मुख्य रूप से कार्य करेगा -- कोविड-19, आर्थिक पुनर्बहाली, नस्ली समानता और जलवायु परिवर्तन।उनकी टीम ने अगले प्रशासन के लिए प्राथमिकताएं गिनाते हुए बताया, पहले जिन क्षेत्रों में काम हुए हम महज उन्हीं पर फिर से काम नहीं करने जा रहे हैं। यह हमारे लिए पहले से बेहतर बनाने का अवसर है। टीम ने कहा, निर्वाचित राष्ट्रपति बाइडन और निर्वाचित उपराष्ट्रपति हैरिस के समक्ष महामारी, आर्थिक संकट, नस्ली समानता और जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दे हैं। टीम पहले दिन से ही इन चुनौतियों पर काम करेगी। इसने कहा कि पद की शपथ लेते ही बाइडन और हैरिस महामारी संकट से निपटने की आवश्यकता पर बल देंगे। अमेरिका दुनिया में कोरोना वायरस महामारी से सर्वाधिक बुरी तरह प्रभावित देशों में शामिल है और यहां संक्रमण के 98 लाख से अधिक मामले हैं और वायरस से दो लाख 37 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।

बाइडन- हैरिस प्रशासन के लिए आर्थिक पुनर्बहाली दूसरी शीर्ष प्राथमिकता है।इसने कहा कि संकट के इस समय में निर्वाचित राष्ट्रपति बाइडन के लिए लाखों अच्छी नौकरियां देने, कामगारों के लिए संगठनों को आसानी से संयोजित करने और अमेरिका के कामकाजी परिवारों को उपकरण, विकल्प तथा स्वतंत्रता मुहैया कराना है ताकि वे बेहतर तरीके से फिर से काम कर सकें।इसने कहा कि अर्थव्यवस्था ज्यादा जीवंत और ज्यादा शक्तिशाली तभी बनेगी, जब हर नागरिक इसमें शामिल होगा।

एक ऐसी अर्थव्यवस्था जिसमें अश्वेत, लैटिन, एशियाई मूल के अमेरिकी नागरिक और प्रशांत महाद्वीप के लोग शामिल होंगे और अमेरिका के निवासी कामगारों तथा परिवारों को इसमें पूरी भागीदारी दी जाएगी।टीम ने कहा कि निर्वाचित राष्ट्रपति जलवायु आपातकाल से निपटने में दुनिया का नेतृत्व करेंगे।

# कोविड-19 : पाकिस्तान ने शादी समारोह के लिए नए दिशा-निर्देश किए लागू

**भाषा।** इस्लामाबाद

**वैश्विक महामारी** कोविड-19 की दुसरी लहर का सामना कर रहे पाकिस्तान ने देश में शादी समारोह के आयोजन के संबंध में नए दिशा-निर्देश लागू किए हैं।राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा मंत्रालय के अनुसार पिछले 24 घंटे में कोविड-19 के 1,650 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमण के मामले बढ़कर सोमवार को 3,44,839 हो गए। वहीं 9 और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 6,977 हो गई।महामारी से निपटने वाली शीर्ष निकाय नेशनल कमांड एंड ऑपरेशन सेंटर (एनसीओसी) ने वायरस के प्रसार को रोकने के लिए शादी समारोहों के लिए अतिरिक्त दिशा-निर्देशों की घोषणा की है।दिशा-निर्देशों के अनुसार विवाह समारोह में शामिल लोगों को छह फुट की दूरी बनाए रखनी होगी, समारोह दो घंटे से अधिक समय का ना हो और आयोजक रात 10 बजे कार्यक्रम समाप्त कर दे। साथ ही सामारोह में शामिल होने वाले हर शख्स और आयोजक का मास्क पहनना अनिवार्य है। सभी आयोजक प्रवेश बिंदु पर स्थल में बैठने की क्षमता का उल्लेख करें। थर्मल जांच भी अनिवार्य है।उसके अनुसार बुफे डिनर । लंच पर प्रतिबंध लगा दिया गया है और केवल लंच बॉक्स में खाना देने तथा टेबल सर्विस की अनुमति होगी। कार्यक्रम प्रबंधक को कम से कम 15 दिनों के लिए सभी मेहमानों और कर्मचारियों के नाम तथा सम्पर्क विवरण को अपने पास रखना होगा।आयोजकों को डेंगू के खिलाफ भी एहतियाती कदम उठाने होंगे।वहीं, राजधानी इस्लामाबाद में बढ़ते मामलों के मद्देनजर कई इलाकों में मिनी-लॉकडाउन लगाया गया है।


हांगकांग में विधायक दल की बैठक में प्रेसवार्ता के दौरान मास्क पहने नेतागण

## क्विक न्यूज

### अफगानिस्तान में आत्मघाती कार बम हमले में चार की मौत, 40 अन्य घायल

**काबुल।** अफगानिस्तान के दक्षिणी कंधार प्रांत में एक पुलिस अड्डे पर आत्मघाती कार बम हमले में कम से कम चार व्यक्तियों की मौत हो गई जबकि 40 अन्य घायल हो गए। एक प्रांतीय अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।कंधार के जनस्वास्थ्य विभाग के प्रांतीय निदेशक मोहम्मद अशरफ नादरी ने बताया कि मैवांद जिले में रविवार देर रात यह हमला हुआ और अर्धचिकित्सा कर्मी ध्वस्त मकान के मलबे में फंसे लोगों को निकालने में अब भी जुटे हुए हैं। उनके अनुसार घायलों में सैनिक एवं आम लोग शामिल है। किसी भी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नही ली है, वैसे शक की सूई तालिबान की ओर जा रही है। तालिबान एवं अफगानिस्तान सरकार के बीच कतर में शांति वार्ता के बावजूद हाल के महीनों में देश में हिंसा बढ़ गई है।

### पाक में बंदूकधारियों ने अहमदिया समुदाय के सदस्य की हत्या की

**पेशावर।** पाकिस्तान के उत्तर पश्चिमी शहर पेशावर के बाहरी हिस्से में बंदूकधारियों ने अहमदिया समुदाय के 82 वर्षीय व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि हालिया महीने में अल्पसंख्यक अहमदिया समुदाय के तीन और लोगों की हत्या कर दी गई थी।पाकिस्तान के अहमदिया समुदाय के एक प्रवक्ता सलीमुद्दीन ने बताया कि महबूब खान रविवार को बस टर्मिनल पर खड़े थे कि उसी दौरान हमलावरों ने उन्हें गोली मार दी। उन्होंने कहा कि खान को उनके पंथ के कारण निशाना बनाया गया। पुलिस ने गोलीबारी की घटना की पुष्टि की लेकिन किस इरादे से उन्हें निशाना बनाया गया, इस बारे में बताने से इनकार कर दिया। पाकिस्तान की संसद ने 1974 में अहमदिया समुदाय को गैर मुस्लिम घोषित किया था। इस्लामी चरमपंथी आए दिन अहमदिया समुदाय के सदस्यों को निशाना बनाते रहते हैं।

### म्यामां चुनाव: सू ची की पार्टी ने जीत दावा किया

**यांगून।** म्यामां के सत्तारूढ़ नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी (एनएलडी) पार्टी ने सोमवार को दावा किया कि उसने संसद में पर्याप्त सीट जीत ली है जिससे पूर्ण बहुमत प्राप्त हो गया है और वह सत्ता में बनी रहेगी।पार्टी ने दावा पेश कर दिया है लेकिन देश के संघीय चुनाव आयोग ने रविवार को हुए मतदान के परिणाम अभी तक जारी नही किए है। एनएलडी सूचना समिति के प्रवक्ता मोन्यवा आंग शीन ने कहा, मै अब पुष्टि कर सकता हूं कि हम 322 से अधिक सीटों पर जीत रहे है। संसद में 642 सीट है।मोन्यवा आंग शीन ने कहा, हम कुल 377 सीट पर जीतने जा रहे है। लेकिन इनकी संख्या इससे भी अधिक हो सकती है। मतदान प्रतिशत को लेकर आधिकारिक विश्वसनीय आंकड़े उपलब्ध नही है और संघीय चुनाव आयोग ने पहले कहा था कि पूरे परिणाम जारी करने में एक हफ्ते का समय लग सकता है। एनएलडी की जीत की उम्मीद थी लेकिन इस तरह के कयास लगाए जा रहे थे कि जातीय अल्संख्यक दलों के साथ इसके संबंध खराब होने के कारण सीटों की संख्या कम हो सकती है, जिनके साथ 2015 के चुनावों में इसका गठबंधन था। एनएलडी का आकर्षण इसकी नेता आंग सान सू ची की लोकप्रियता पर आधारित है, जो 2015 के चुनावों के बाद स्टेट काउंसिलर के पद के साथ सरकार की मुखिया बनी थीं। इस चुनाव में एनएलडी ने प्रचंड बहुमत हासिल कर देश में पांच दशक के सैन्य शासन का अंत किया था।

### अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में सर्वाधिक मतदान का बना नया रिकॉर्ड

**वाशिंगटन।** अमेरिका मे राष्ट्रपति पद के चुनाव में मतो की गिनती अब भी जारी है लेकिन अभी तक हुई मतगणना मे सर्वाधिक मतदान का नया रिकॉर्ड पहले ही बन चुका है।अमेरिका मे रविवार तक हुई मतगणना में मताधिकार प्राप्त 62 प्रतिशत लोगो के मतदान करने की पुष्टि हो गई थी, जो 2008 मे हुए मतदान से 0.4 प्रतिशत अधिक है, जब अमेरिका ने बराक ओबामा के रूप मे देश के पहले अश्वेत व्यक्ति को राष्ट्रपति चुना था।अभी तक 14.8 करोड़ मतो की गिनती हो चुकी है। इनमें से राष्ट्रपति पद के डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडेन को 7.5 करोड़ मत मिले है, जो कि अभी तक के इतिहास मे किसी भी राष्ट्रपति उम्मीदवार को मिले सर्वाधिक मत है। वही अमेरिका के राष्ट्रपति एवं रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप को सात करोड़ वोट मिले है।इस आंकड़ो के निश्चित तौर पर बढ़ने की संभावना है, क्योंकि अधिकारी अब भी मतो की गिनती कर रहे है। हालांकि चुनाव विशेषज्ञो और पत्रकारो ने अभी से इतने बड़े पैमाने पर नागरिक भागीदारी के पीछे की ताकतो पर बहस करनी शुरू कर दी है।

### विश्व में कोविड-19 के मामले पांच करोड़ के पार

**बोस्टन (अमेरिका)।** दुनियाभर मे कोविड-19 वैश्विक महामारी के मामले पांच करोड़ के पार चले गए है। कोविड-19 के मामलो पर नजर रखने वाले अमेरिकी विश्वविद्यालय जॉन हॉपकिन्स के अनुसार रविवार को विश्व मे कोरोना वायरस के मामले बढ़कर 5.2 करोड़ के पार चले गए।विश्वभर मे वायरस से 12 लाख से अधिक लोगो की मौत भी हो चुकी है। जॉन हॉपकिन्स विश्वविद्यालय के आकंड़ो के अनुसार कोविड-19 से सबसे अधिक प्रभावित अमेरिका मे संक्रमण के 98 लाख से अधिक मामले सामने आए है।

# ट्रंप के सामने गरिमा से हार स्वीकार करने या ऐसा नहीं करने पर निकाले जाने का विकल्प

**एपी।** वाशिंगटन

**अमेरिका के** निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कभी हार स्वीकार नहीं करते, लेकिन राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक उम्मीदवार जो बाइडेन की जीत के बाद अब उनके पास बस दो ही विकल्प हैं: या तो वह देश की खातिर गरिमापूर्ण तरीके से हार स्वीकार कर लें या ऐसा नहीं करने पर निकाले जाएं।

चार दिन की कठिन मतणना के बाद बाइडेन की जीत के बावजूद ट्रंप अब भी यह स्वीकार करने को तैयार नहीं है कि उनकी हार हो चुकी है। उन्होंने निराधार आरोप लगाए हैं कि चुनाव निष्पक्ष नहीं था और अवैध मतों की गणना की गई। उन्होंने इसके खिलाफ कानूनी कार्वाई करने की बात की है। ट्रंप के कुछ निकटवर्ती सहयोगी उन्हें गरिमापूर्ण तरीके से हार स्वीकार करने के लिए राजी करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन कुछ रिपब्लिकन सहयोगी उनकी हार स्वीकार नहीं कर पा रहे। दक्षिण कैरोलाइना से सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने एक समाचार चैनल से कहा, ट्रंप हारे नहीं हैं। राष्ट्रपति जी, हार मत मानिए। मजबूती से लड़िए।

**● स्टोन ने कहा कि इसके परिणामस्वरूप राष्ट्रपति के रूप में बाइडेन पर हमेशा शंका के बादल मंडराते रहेंगे और देश के आधे लोग मानते रहेंगे कि उन्हें अवैध तरीके से चुना गया**

ट्रंप के निकटवर्ती लोगों का कहना है कि इस बात की उम्मीद नहीं है कि ट्रंप औपचारिक रूप से हार स्वीकार स्वीकार करेंगे, लेकिन अपने कार्यकाल के अंत में वह बेमन से व्हाइट हाउस खाली कर देंगे। चुनाव को अनुचित बताने के ट्रंप के प्रयासों को उनके अहम की तुष्टि करने और अपने समर्थकों को यह दिखाने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है कि वह अब भी लड़ रहे हैं। ट्रंप के मित्र एवं सलाहकार रोजर स्टोन से जब यह पूछा गया कि क्या निवर्तमान राष्ट्रपति हार स्वीकार करेंगे, तो उन्होंने कहा, मुझे इसे लेकर संशय है। स्टोन ने कहा कि इसके परिणामस्वरूप राष्ट्रपति के रूप में बाइडेन पर हमेशा शंका के बादल मंडराते रहेंगे और देश के आधे लोग मानते रहेंगे कि उन्हें अवैध तरीके से चुना गया।

ट्रंप के बेटों डोनाल्ड जूनियर और एरिक ने भी अपने पिता से लड़ते रहने की अपील की है और रिपब्लिकन नेताओं से उनके साथ खड़े रहने को कहा है। रिपब्लिकन नेता एंडी बिग्स ने भी ट्रंप को हार नहीं मानने की सलाह दी है।ट्रंप के वरिष्ठ सलाहकार एवं दामाद जारेद कुश्नेर समेत निवर्तमान राष्ट्रपति के कई सहयोगियों ने उनसे परिणाम स्वीकार करने की अपील की है।

# किसी भारतीय पोत के चीनी अपतटीय क्षेत्र में फंसे होने की कोई सूचना नहीः चीन

**भाषा।** बीजिंग

**चीन ने** सोमवार को कहा कि उसे ऑस्ट्रेलिया से कोयला ला रहे चालक दल के 23 सदस्यों वाले किसी भारतीय पोत के पांच महीने से चीनी अपतटीय क्षेत्र में फंसे होने की कोई सूचना नहीं है। भारतीय पोत के जून से हुबेई प्रांत के तांगशान के नजदीक फंसे होने के बारे में सवाल पूछे जाने पर चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कहा कि उन्हें इस बारे में कोई सूचना नहीं है। उनसे यह भी पूछा गया था कि क्या इसका कोई संबंध चीन और ऑस्ट्रेलिया के बीच खराब संबंधों से है। वेनबिन ने मीडिया ब्रीफिंग में कहा, आपने जिस विशेष स्थिति का उल्लेख किया, मुझे उस बारे में कोई जानकारी नहीं है। मैं आपको सलाह देता हूं कि इसके बारे में संबंधित सक्षम प्राधिकार या स्थानीय सरकार से पता करें। मीडिया में आई खबरों के अनुसार भारतीय पोत जग आनंद जून महीने से चालक दल के सदस्यों के साथ चीन के जिंगतांग बंदरगाह पर फंसा है और उसने तत्काल मदद मांगी है।

### द्वितीय विश्वयुद्ध में मारे गए ब्रिटिश-भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि दी

**लंदन( भाषा )।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने द्वितीय विश्वयुद्ध में मारे गए ब्रिटिश-भारतीय सैनिकों को विशेष श्रद्धांजलि अर्पित की है जिन्होंने नाजी जर्मनी के खिलाफ मित्र राष्ट्रों के संयुक्त बलों की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

जॉनसन ने कहा कि उन लोगों के बलिदान और उपलब्धि को याद करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने एक बयान में कहा, द्वितीय विश्वयुद्ध में प्रत्एक मोर्चे पर भारतीयों, अफ्रीकियों और कैरीबियाई सैनिकों ने जीत में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जॉनसन ने कहा, ब्रिटिश भारतीय सेना ने 25 लाख सैनिक युद्ध के मैदान में उतारे थे और यह इतिहास का सबसे बड़ा स्वयंसेवी बल बन गया। उनका बयान युद्धविराम दिवस की वर्षगांठ से पहले आया है। विपक्षी लेबर पार्टी के नेता सर कीर स्टार्मर ने भी युद्धविराम दिवस की वर्षगांठ से पहले भारतीय सैनिकों के शौर्य की सराहना की। युद्धविराम दिवस की वर्षगांठ हर साल 11 नवंबर को मनाई जाती है जो 1918 में प्रथम विश्वयुद्ध की समाप्ति की तारीख है।

### बांग्लादेश सरकार ने धार्मिक स्थलों पर मास्क पहनना अनिवार्य किया

**ढाका ( भाषा )।** बांग्लादेश सरकार ने कोविड-19 की रोकथाम के लिए मस्जिद, गिरजाघर और मंदिर सहित सभी धार्मिक एवं पूजा स्थलों पर मास्क पहनना अनिवार्य कर दिया है। मीडिया में आई खबरों के अनुसार देश में संक्रमितों की कुल संख्या 420,000 के पार पहुंच चुकी है। धार्मिक मामलों के मंत्रालय ने एक नोटिस जारी कर कहा है कि कई बार दिशा-निर्देश जारी किए जाने के बावजूद लोग मास्क पहनने को लेकर लापरवाही बरत रहे हैं।

# ‘थियेटर में रुचि के कारण ही फिल्मों में छोटे रोल किये’

## टॉक टाइम

**सरफरोश और स्वदेश जैसी हिट फिल्मों में वे महत्वपूर्ण चरित्र निभा चुके हैं। थियेटर में वे पिछले 50 लघु नाटक और 40 पूर्ण नाटकों का मंचन कर चुके हैं जिसमें ‘सर सर सरला’ सर्वाधिक लोकप्रिय रहा था। जी हां हम बात कर रहे हैं मंझे अभिनेता मकरंद देशपांडे की। पायनियर संवाददाता शालिनी सक्सेना के साथ एक महत्वपूर्ण बातचीत में उन्होंने नाटक लिखने, अपने थियेटर ग्रुप तथा फिल्मों में केवल लघु भूमिकाएं ही करने के बारे में विस्तार से उत्तर दिये। प्रस्तुत हैं बातचीत के प्रमुख अंश...**



**■ सर सर सरला नामक नाटक लिखने की प्रेरणा आपको कहां से मिली?**

ये नाटक वर्ष 2001 में लिखा गया था। मैं 1988-89 से ही लघु नाटक लिखता आ रहा हूं। ये यात्रा आगे बढ़ी और हमने पूर्ण नाटक लिखने प्रारंभ किये। वर्ष 2000 तक मैं कामचलाऊ नाटक लिख रहा था। मैं कई स्थानों पर एक साथ प्रयोग कर रहा था। मुझे लगा कि सच्चे प्यार पर बहुत कुछ लिखा जा सकता है। माता-पिता के बाद ये प्यार अध्यापक के लिए छात्र का प्यार भी सच्चा प्यार होता है। इसी के बाद से ही आप जीवन में स्थापित होकर आगे बढ़ते हैं। उसके बाद से ही ये नाटक बीस सालों से निर्बाध चला आ रहा है।

**■ ये नाटक इतना लोकप्रिय कैसे हुआ?**

किसी छात्र और उसके प्रोफेसर के बीच के संबंध की जटिलता या सरलता नहीं देखता। ये कितना पवित्र संबंध होता है कि दोनों एक दूसरे की सीमा जानते हैं लेकिन फिर भी दोनों एक दूसरे को कितना कुछ देते हैं। इस नाटक में प्रोफेसर और उनके तीन छात्र हैं जो समाज में से ही लिये गए हैं। कई लोग होते हैं जो किसी लड़की से प्यार तो करते हैं लेकिन कभी व्यक्त नहीं कर पाते और कहते रहते हैं: ‘अरी सरला आई लव यू।’ या मैं केशन से शादी करने पर बाध्य थी लेकिन मैं आज भी प्रोफेसर से प्यार करती हूं। ’इसी बात से लोग इससे जुड़ते जाते हैं। इसके कलाकार और संवाद भी इसका एक महत्वपूर्ण पहलू हैं।

**■ क्या अपने ही प्रोजेक्ट में लेखन, निर्देशन और अभिनय करना कठिन होता है?**

मुझे तीनों काम करना अच्छा लगता है। अभिनेता लेखक को लय प्रदान करता है और वो उस चरित्र के लिए भी अच्छा लिखता है। निर्देशक लेखक को इस प्रकार लिखने में मदद करता है कि आप लेखन में स्थापित हो जाते हैं। कह सकते हैं कि सबकुछ मिश्रित होता है।

**■ अभिनय के क्षेत्र में आपकी रुचि किस प्रकार से जागी?**

कक्षा 10 के बाद से ही मैं अंतर-कॉलेज नाटक प्रतियोगिता में भाग लेता रहा हूं। हम इन स्पधाओं को बहुत गंभीरता से लेते थे। मैं खिलाड़ी था और खो-खो, क्रिकेट और पर्वतारोहण टीम में था। लेकिन मैं कुछ ऐसा चाहता था जिसमें मैं कुछ रचना करूं और फिर वहां से अवकाश न लेना पड़े। मुझे लगता है कि लेखन ने ही मेरे प्रश्नों के उत्तर देकर मुझे यहां रखा है। अभिनय किया करता था और फिर मैंने इसी पर अपना ध्यान केन्द्रित करने का निर्णय लिया।

**■ मुंबई में थियेटर शेष भारत के थियेटर से किस प्रकार से भिन्न होता हैं?**

मुंबई के दर्शक टिकट लेकर नाटक देखने थियेटर देखने आती है। दिल्ली में लोगों को नाटक के लिए पास चाहिये होता है। हम साप्ताहिक दिनों में चार बजे भी मराठी में शो करते हैं पृथ्वी थियेटर में 6 बजे और 9 बजे एक एक शो होता है। इतने सालों से दर्शक हमारा शो देखने आते हैं मेरे लिए ये प्रसन्नता की बात है। यहां तक कि लोग तब भी नाटक देखने आते हैं जब कोई ब्लॉकबस्टर फिल्म या क्रिकेट मैंच भी हो रहा होता है।

**■ आप हिंदी, तमिल, मलयालम, मराठी और तेलुगु सिनेमा का भी हिस्सा रह चुके हैं। क्या आप विविध क्षेत्रीय भाषा और सिनेमा का हिस्सा बनकर ही तो नहीं रह गए?**

मैं दक्षिण के सिनेमा को इसके लिए धन्यवाद देना चाहूंगा। ये तो वही निर्णय करते हैं कि उन्हें किसको रखना है। वे आपको नियमों के बाहर जाकर भी रोल देते हैं। उनके प्रोजेक्ट्स में मैं इसी कारण से काम करता रहा हूं।

**■ कई हिंदी फिल्मों में आपने पियक्कड़ का चरित्र ही निभाया है, क्यों?**

मैं छोटे चरित्र ही करना चाहता हूं। मैं छोटे रोल इसीलिये लेता था ताकि मैं थियेटर को अधिक समय दे सकूं। मुझे बड़े रोल भी मिले थे जैसे मुन्ना भाई एमबीबीएस में सर्किट का रोल मुझे मिला था लेकिन थियेटर में अधिक रुचि होने के कारण मैंने इंकार कर दिया।

**■ थियेटर में सबसे अच्छी बात क्या होती है?**

देखिये, थियेटर में पैसा नहीं होता तो ये तो आकर्षण होगा नहीं। बस थियेटर में आपको रोमांच मिलता है और मिलता है अनुभव। कई बार तो ऐसा हुआ है कि मैंने दर्शकविहीन थियेटर में परफॉर्म किया क्योंकि नई जगह होने के कारण हम बस जागरूकता प्रसारित कर रहे थे। कई बार यातायात के साधन नहीं होते थे और हम पैदल जाते थे। मैंने एक के बाद एक दो शो किये हैं जो बहुत ही थकाऊ काम है।

**■ ‘अंश’ थियेटर के बारे में कुछ बताइये...**

हम अंश थियेटर में मौलिक नाटक ही करते हैं लेकिन एक बार हमनें रबींन्द्र नाथ टैगोर का चित्रांगदा किया था। मैं मौलिक काम ही करना चाहता हूं। मैं इसे बढ़ाचढ़ाकर नहीं बता रहा। जब मैं मौलिक कहता हूं तो इसका अर्थ उन नाटकों से है जिन्हें इससे पहले कभी किया ही नहीं गया। इनमें मेरे उन प्रश्नों के उत्तर होते हैं जो मेरे मानस में मंडराते रहते हैं।

**■ टीवी पर नाटक प्रसारित करने के बारे में आपको क्या कहना है?**

हमनें प्रयास किया है कि वे टीवी सीरियल जैसे न लगें और न ही ओटीटी प्लेटफॉर्म की फिल्मों जैसा। इसमे ध्यान रखा गया है कि नाटकों की गरिमा बनी रहे। महामारी के कारण आजकल नाटक मंचित नहीं हो रहे। तो ऐसे में जी थियेटर की दूरगामी पहुंच के कारण जिन लोगों ने नाटकों के बारे में सुना ही होगा अब वे इन्हें देख भी पाएंगे।

## ट्रेंड बाजार

### अजय देवगन करेंगे अमिताभ को निर्देशित



**अजय** देवगन अब अमिताभ बच्चन को उनकी फिल्म मेडे में निर्देशित करेंगे। दोनों ही इस फिल्म में साथ दिखाई भी देंगे।

बिग बी और अमिताभ ‘मेजर साहब’, सत्यमेव जयते और हिंदुस्तान की कसम तथा अब इस नई फिल्म में साथ काम करेंगे। फिल्म नाटकीयतापूर्ण है और सात साल बाद दोनों अभिनेता इसमें काम करते दिखाई देंगे।

‘मे डे’ को रोमांचक, थ्रिलर फिल्म बताया जा रहा है। कहा जाता है कि अजय इसमें पायलट का चरित्र निभाएंगे जबकि अमिताभ के चरित्र को अभी गुप्त रखा गया है।

अन्य कलाकारों को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है। फिल्म का निर्माण भी अजय देवगन ही कर रहे हैं।

### अभिनेत्री मानवी गगरू ने कहा-जैसी हूं ठीक हूं



**अभिनेत्री** मानवी गगरू का कहना है कि जब तक मैंने इस इंडस्ट्री में काम करना प्रारंभ नहीं किया था मैं स्वयं को कभी आकर्षणहीन नहीं माना था। अपने कॅरियर के प्रारंभ में ही लोग मेरे बारे में कहा करते थे कि मैं लीड रोल करने के लिए पर्याप्त छरहरी नहीं हूं और स्वस्थ चरित्र करने के लिए भी मैं अधिक मोटी नहीं हूं। आप दोनों के मध्य में हैं तो या तो आप अपना भार कम कर लो या बढ़ा लो। मैं उनसे कहा करती थी कि मैं जैसी हू ठीक हूं। सामान्य लड़कियां ऐसी ही दिखती हैं। भार आदि की बातों का प्रश्न आया ही कहां से?

### सोनू ने गाया वैष्णव जन ते...का हिंदी संस्करण



**अभिनेता** सोनू निगम का कहना है कि वो आजकल गहराईयुक्त गाने बना रहे हैं। उन्होंने हाल ही में ईश्वर का वो सच्चा बंदा, रिलीज़ किया है। सोनू ने बताया, ‘ये वास्तव में ‘वैष्णव जन तो’ का ही हिंदी संस्करण है जिसे उत्तर भारत में अधिकांश लोग समझते हैं। जो भी हो, लेकिन वैष्णव जन तो गुजराती गाना है। तो ये गुजरात तक ही सीमित रह जाता है। अब से ये हर व्यक्ति को उपलब्ध होगा।’ सोनू ने बताया कि इस गाने को गाने के लिए उन्हें तब बताया गया जब वो दुबई में थे।

### सलमा हयाक ने ‘द इटरनल’ की एक झलक दिखाई



हॉलिवुड स्टार सलमा हयाक ‘द इटरनल’ में हो रही देरी से निराश हैं। उन्होंने ट्रेलर की भीतरी फोटो साझा करते हुए सोशल मीडिया से इस बारे में संपर्क किया। उन्होंने एक फोटो के माध्यम से इंस्टाग्राम पर दिखाया कि वो किस प्रकार से काम करती हैं। सलमा ने लिखा, ‘यदि कोविड-19 न होती तो ‘द इटरनल’ अब तक सिनेमा हॉल्स में होती। चूंकि मैं आपसे ट्रेलर शेयर नहीं कर सकती अत: मैं अपने शूटिंग के दौरान के अपने ट्रेलर को आपसे साझा कर रही हूं। फोटोज़ के साथ उन्होंने लिखा कि उन्होंने इन्हें स्वयं सजाया है।

## हमारी मौजूदा जीवनशैली के अनुरूप है ऑनलाइन सामग्री की खपत : रसिका



**नई दिल्ली।** अभिनेत्री रसिका दुग्गल का कहना है कि बड़े पर्दे पर सिनेमा देखने का कुछ अलग ही मजा है लेकिन कोरोना वायरस महामारी ने हमेशा सिनेमाघरों को तवज्जो देने वाले लोगों का झुकाव भी वेब-कंटेंट की ओर बढ़ा दिया है। अभिनेत्री का कहना है कि दर्शकों को ऐसी विषय वस्तु में ज्यादा रुचि है जो उनकी जीवनशैली के अनुकूल हो। उनका कहना है कि ऑनलाइन मंचों ने बॉक्स आफिस पर कमाल करने की विचाराधारा को धत्ता बता दिया है, इससे ना सिर्फ अभिनेताओं और निर्माता निर्देशकों को राहत मिली है, बल्कि दर्शकों को भी तमाम विकल्प मिले हैं। उन्होंने एक साक्षात्कार में कहा, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म ना सिर्फ अधिक सामग्री उपलब्ध करा रहे हैं बल्कि वे बॉक्स आफिस जैसी पुरानी परिपाटियों को भी बदल रहे हैं। इसने यह भी साबित किया है कि दर्शक बहुत पहले से विकल्प के लिए तैयार था। बात बस इतनी थी कि हम उन्हें नहीं दे पा रहे थे। मिर्जापुर, दिल्ली क्राइम, आउट आफ लव और ए सुटेबल ब्वाय जैसे वेब सीरिज में काम कर चुकी दुग्गल का कहना है कि बड़े पर्दे से डिजिटल स्क्रीन की ओर दर्शकों का झुकाव बेहद नैसर्गिक है। अभिनेत्री ने कहा, जो लोग ऑनलाइन सामग्री का विरोध भी करते थे, उन्होंने भी विकल्पों की कमी में उसे अपना लिया है। वैसे भी यह काफी लोकप्रिय था। साथ ही ऑनलाइन स्ट्रीमिंग वर्तमान जीवनशैली से काफी मेल खाती है।

## सूरज पर मंगल भारी फिल्म 15 नवंबर को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी

**मुम्बई।** अभिनेता मनोज बाजपेई की हास्य फिल्म सूरज पर मंगल भारी 15 नवंबर को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी।

फिल्म में दिलजीत दोसांझ और फातिमा सना शेख ने भी भूमिकाएं निभाई हैं। जी स्टूडियोज ने सोमवार को घोषणा की कि अभिषेक शर्मा निर्देशित यह फिल्म दिवाली पर देशभर में सिनेमाघरों में प्रदर्शित की जाएगी।

नब्बे के दशक की पृष्ठभूमि पर आधारित यह फिल्म शादी के जासूस की कहानी है।फिल्म में अन्नू कपूर, मनोज पहवा, सीमा पहवा, सुप्रिया पिलगांवकर, नेहा पेंडसे, मनुज शर्मा, नीरज सूद, अभिषेक बनर्जी, विजय राज, करिश्मा तन्ना एवं वंशिखा शर्मा ने भी अभिनय किया है।



## लेखक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते : रस्किन बॉन्ड



**नई दिल्ली।** प्रसिद्ध लेखक रस्किन बॉन्ड का कहना है कि लेखक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते और अगर उन्हें हर दिन लिखने की आजादी न हो तो जीवन दूभर हो जाता है। बॉन्ड खुद को खुशकिस्मत मानते हैं जिसके कारण वह करीब 70 साल से अपना सबसे पसंदीदा कार्य लेखन कर रहे हैं। बॉन्ड की एक और किताब हाउ टू बी ए राइटर आई है जिसमें उनके सफल लेखन जीवन की झलक है। किताब लिखने की तैयारी कर रहे लोगों को व्यवहारिक सलाह दी गई है और बॉन्ड ने हल्के फुल्के अंदाज में इसे बताने की कोशिश की है। बॉन्ड लिखने को दुनिया में सबसे सहज और बहुत खुशी का काम मानते हैं। उन्होंने कहा, अपने विचारों को शब्दों में ढालने के काम को मैं बहुत पसंद करता हूं। मैं दिनचर्या को इस तरह बनाता हूं कि कविता, कहानी लेखन के समय मिल जाए। लिखना मेरे लिए केवल पेशा नहीं है बल्कि इससे मुझे खुशी भी मिलती है। अगर लिखने की आजादी नहीं होती तो यह जीवन दूभर हो जाता। बॉन्ड ने कहा, महत्वपूर्ण चीज है लिखते रहना, चीजों पर गौर करना, सुनना और शब्दों और वाक्य विन्यास की सुदंरता पर ध्यान देना। बॉन्ड ने कहा कि वह हर किसी को खुश करने के लिए नहीं बल्कि अपने लिए लिखते हैं। उन्होंने कहा, मैं आभारी हूं कि मुझे लिखने की आजादी मिलती रही और रोजी-रोटी भी चलती रही। इसके साथ ही लोगों के सुख-दुख का भागी बनने का मौका मिलता रहा। एक कलाकार की जिंदगी पर पकड़ कभी कमजोर नहीं होनी चाहिए। हम बूढे होने पर सुरक्षा के लिहाज से आरामदायक जिंदगी गुजारना चाहते हैं। लेकिन लेखक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते। रस्किन बॉन्ड की किताब का हार्पर कोलिंस इंडिया ने प्रकाशन किया है।



## तापसी पन्नू ने फिल्म रश्मि रॉकेट की शूटिंग की शुरू

**मुंबई।** अदाकारा तापसी पन्नू ने सोमवार को बताया कि उन्होंने अपनी आने वाली फिल्म रश्मि रॉकेट की शूटिंग शुरू कर दी है। गुजरात के कच्छ की पृष्ठभूमि पर आधारित फिल्म में तापसी एक एथलीट की भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म कारवां के निर्देशक आकर्ष खुराना इसका निर्देशन कर रहे हैं। तापसी ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा, चलो इसे करते हैं, रश्मि रॉकेट। फिल्म का निर्माण रोनी स्क्रूवाला की निर्माण कम्पनी आरएसवीपी के बैनर तले किया जा रहा है। फिल्म की शूटिंग पिछले सप्ताह शुरू की गई थी। एमेजन प्राइम वीडिया की वेब सीरिज मिर्जापुर2 में नजर आए प्रियांशु पैन्यूली फिल्म में तापसी के साथ नजर आएंगे। फिल्म के अगले साल रिलीज होने की संभावना है।

## मजीद मजीदी की फिल्म सन चिल्ड्रन ऑस्कर में ईरान की आधिकारिक प्रविष्टि

**लॉस एंजिलिस।** ईरान के विख्यात फिल्मनिर्माता मजीद मजिदी की फिल्म सन चिल्ड्रन को 93वें अकेडमी अवॉर्ड के लिए ईरान की तरफ से आधिकारिक तौर पर नामित किया गया है। यह फिल्म बाल श्रम के बारे में है और यह सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म की श्रेणी में ईरान की आधिकारिक प्रविष्टि है। वराइटी की खबर के अनुसार ऑस्कर समारोह के लिए ईरानी सिनेमा के प्रतिनिधियों ने रविवार को यह घोषणा की।

चयन समिति ने बताया कि उन्होंने 90 फिल्मों की स्क्रीनिंग की और अंतिम चुनिंदा फिल्मों में वॉलनट ट्री , यल्दा: ए नाइट फॉर फॉरगिवनेस और केयरलेस क्राइम शामिल हुई। ऑस्कर के लिए ईरान का प्रतिनिधित्व करने वाली यह मजीदी की छठी फिल्म है। इससे पहले उनकी फिल्म चिलड्रन ऑफ हेवन 1998 में अंतिम नामित सूची में जगह बनाने में कामयाब रही थी लेकिन यह पुरस्कार जीत नहीं सकी। उस साल इटली की फिल्म लाइफ इज ब्यूटीफुल को यह पुरस्कार दिया गया था। यह फिल्म ईरान में बाल श्रम, असमानता और देश के स्कूली प्रणाली में विसंगतियों के बारे में है।

## वेब बेड



### शॉन मेंडिस: इन वंडर

विश्व यात्रा पर निकले इस स्वच्छंद वृत्तचित्र में शॉन मेंडिस द्वारा अपने स्टार बनने,संबंधों और संगीत के क्षेत्र में उनके भविष्य पर प्रकाश डाला गया है। फिल्म 23 नवंबर को रिलीज़ हो रही है



### ऑपरेशन क्रिसमस ड्रॉप

इस फिल्म में एक राजनीतिक सहायक को बड़े दिल वाले एक एअरफोर्स पायलट, जो अपना बेस क्रिसमस के आवेग में बंद करने की तैयारी कर रहा होता है, से प्यार हो जाता है। फिल्म में केट ग्राहम, एलेक्ज़ेंडर लुडविग, वर्जीनिया मैडसेन जैसे मंझे कलाकार हैं और ये 5 नवंबर से नेटलिक्स पर ऑनलाइन देखी जा रही है।



### वॉट वी वॉन्टेड

एक रिजॉर्ट पर छुट्टियां बिताने आए एक निसांन दंपत्ति के सामने ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न हो जाती हैं कि उन्हें अपने विवाह से जुड़ी परीक्षा का सामना करना पड़ता है जबकि उनके पड़ोस का परिवार इस आग में घी डालने का काम करता है। इसमें लैवीनियां विल्सन, एलियास बारेक तथा उंटरबर्गर जैसे अभिनेता हैं। फिल्म नेटलिक्स पर 11 नवंबर को रिलीज़ होगी।

अब बदलने लगी सियासी बयार

# बाइस के लिए बाइसिकल पर सवार हुए पूर्व सांसदः पूर्व विधायक

● पिछले असेंबली व पॉर्लियामेंट चुनाव में हुए थे सभी कांग्रेस में शामिल

संवाददाता। सीतापुर



सीतापुर-सपा में शामिल होने के बाद पूर्व सीएम अखिलेश यादव के साथ मौजूद पूर्व विधायक जासमीर अंसारी, कैसर जहां



रमेश राही आशीष मिश्रा अशफाक अंसारी

**करीब डेढ़** बरस के बाद यानी वर्ष 2022 में असेंबली चुनाव हैं। ये चुनाव सन्निकट देख सूबे में सियासी बयार बहने लगी है। बाइस के राजनीतिक भविष्य को संवारने के लिए दिग्गज अब दल बदल में जुट गए हैं, फिलहाल सभी दिग्गजों की निगाहें पूर्व सीएम अखिलेश की ओर टिकी हैं। सोमवार को सीतापुर के पूर्व सांसद-पूर्व विधायक, सीतापुर पालिका के पूर्व चेयरमैन, बसपा के पूर्व प्रत्याशी समेत पांच नेता समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए हैं, इनमें सीतापुर से पूर्व सांसद कैसरजहां, लहरपुर से पूर्व विधायक जासमीर अंसारी, हरगांव से पूर्व विधायक रमेश राही, नगर पालिका परिषद सीतापुर के पूर्व चेयरमैन आशीष मिश्रा, सीतापुर सदर से बसपा के पूर्व प्रत्याशी अशफाक खां हैं। सभी ने सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के समक्ष पार्टी की सदस्यता ली है। इनका मकसद बाइस में बाइसिकल के सहारे विधान सभा की चौखट पर पहुंचना है। इनके राजनीतिक परिदृश्य पर नजर डाले तो पूर्व विधायक जासमीर अंसारी ने अपने राजनीतिक कैरियर की शुरुआत बहुजन समाज पार्टी से की थी। वर्ष 2007 के विधान सभा में पहली मर्तबा अंसारी बसपा के टिकट से चुनाव लड़े और जीत कर विधान सभा पहुंचे। विधायकी हांसिल करने के बाद दो बरस बाद हुए पॉर्लियामेंट चुनाव में अपनी पत्नी कैसरजहां को संसद पहुंचा कर दांव खेला और वो उन्हें संसद पहुंचाने में कामयाब भी हुए। विधायकी-सांसदी दोनों ओहदे हासिल करने के बाद उनका बसपा में कद बढ़ गया, फिर क्या था कि उन्होंने पूरे जिले में अपनी पकड़कर अपना जलवा कायम कर दिया। अपना पांच बरस का कार्यकाल पूरा करने के बाद जासमीर अपने पंचवर्षीय के लिए वर्ष 2012 में दोबारा जनता ने विधायक बनाकर विधान सभा पहुंचाया मगर वो वर्ष 2017 के चुनाव में अपनी हैट्रिक लगाने से चूक गए। मोदी लहर में अंसारी सांसद राजेश वर्मा के भांजे सुनील वर्मा से चुनाव हार गए। जिले के दिग्गज कांग्रेस नेता, पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री रामलाल राही के बड़े बेटे रमेश राही भी एक बार फिर से समाजवादी हो गए हैं, हालांकि रमेश वर्ष 2007 के चुनाव में साइकिल की सवार कर विधान सभा पहुंचे थे। लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र नेता आशीष मिश्रा ने नगर पालिका परिषद सीतापुर के कांग्रेस के टिकट से चेयरमैन हुए, हालांकि बीच में वो हाथी पर सवार हो गए थे, मगर उन्हें हाथी की सवार रास नहीं आई और उन्होंने र्ष 2019 के चुनाव में दोबारा पंजा पकड़ लिया। कांग्रेस नेता अशफाक खां वर्ष 2009 में हुए विधान सभा चुनाव में बसपा के टिकट से सदर सीट से चुनाव लड़ चुके हैं।

## 'राही' यानी राजनीतिक पार्टियों का संगम

**सीतापुर** के एक कांग्रेसी दिग्गज नेता का घर तीन दलों का संगम बन गया है। ये नेता अपने परिवार के लिए फायदेमंद साब्वित हुए हैं। खुद सेंट्रल में होम मिनिस्टर रहे नेता अपने पुत्र मोह में कई दलों की परिक्रमा की और राजनीतिक ओहदा दिलाने के बाद वो अपने पुराने घर कांग्रेस में लौट आए हैं। उनका छोटा बेटा मौजूदा वक्त में हरगांव से भाजपा विधायक है, तो बड़ा बेटा, पूर्व विधायक रमेश राही एक बार फिर से विधायक बनने के लिए पिता के हाथ को छोड़कर बाइसिकल पर सवार हो गए हैं,। बुजुर्ग दिग्गज नेता रामलाल राही सबसे पहले अपनी पत्नी स्व. सुध्दरि देवी राही को जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी पर बिठाया। बड़े बेटे रमेश राही को वर्ष 2007 में हुए असेंबली चुनाव में साइकिल पर सवार होकर हरगांव सीट से चुनाव लड़ाकर विधान सभा भेजा। बाद में साइकिल की सवारी छोड़कर वह हाथी पर सवार हुए और सिधौली से विधान सभा का चुनाव लड़ाया, मगर कामयाबी नहीं मिली। तब हरगांव से छोटे बेटे सुरेश राही का राजनीतिक भविष्य संवारने के लिए दांव लगाया, इसके लिए वो खुद भी भगवा हो गए। वर्ष 2017 के चुनाव में मोदी लहर में चुनाव जीत कर सुरेश विधायक बन गए। विधायक बनाने के बाद बुजुर्ग दिग्गज नेता रामलाल राही को भाजपा रास नहीं आई और वो पार्टी छोड़कर अपने पुराने घर कांग्रेस में लौट आए। बाद में राही ने अपने पुत्रवधू मंजरी राही को संसदीय चुनाव में मिश्रिख से कांग्रेस के टिकट से चुनाव लड़ाया, मगर उन्होंने मोदी लहर ने हताश कर दिया। अब राही ने अपने बड़े बेटे, पूर्व विधायक रमेश राही को बाइस के राजनीतिक भविष्य को देख साइकिल पर सवार कर दिया है।



रमेश राही रामलाल राही सुरेश राही

## बस स्टॉप पर चालकों का हुआ नेत्र परीक्षण



सीतापुर-प्रतिभागी को सम्मानित करती निर्मला

● यातायात विषय पर आयोजित हुईं प्रतियोगिताएं, पुरस्कृत हुए विजयी प्रतिभागी बच्चे

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर की** अग्रणी सामाजिक संस्था द्वारा सोमवार को विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। निर्मला शिल्पकला केन्द्र द्वारा शहर के रोडवेज बस स्टाप पर वाहन चालको का नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। जिसमें नेत्र चिकित्सक द्वारा चालको को उचित परामर्श के साथ दवाएं दी गई। इसके अतिरिक्त कार्यशाला में एआरएम विमल राजन ने चालको को यातायात नियमो की जानकारी दी। इसके अतिरिक्त गौरी बाल विद्या मंदिर में ड्राइक व क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजयी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम में संस्थान प्रमुख निर्मला वर्मा ने यातायात निमयों की जानकारी दी। इस दौरान सत्यप्रकाश, अनुपम, अनुराग आदि उपस्थित रहे।

## परिवहन विभाग ने चलाया जागरूकता अभियान

संवाददाता। सीतापुर



**परिवहन विभाग** द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत जिले भर में जागरूकता अभियान चलाया गया। ऑटो मोबाइल्स डीलरो के जरिये प्रचार-प्रसार कराया गया। यात्रीकर अधिकारी शैहपर किदवई द्वारा शहर के प्रमुख डीलरों के प्रतिष्ठान पर जाकर कार्यरत बालिकाओं/महिलाओं से जानकारी ली गयी उन्हे महिला अधिकारो के प्रति सजक किया गया। साथ ही शासन द्वारा महिला कल्याण हेतु चलायी जा रही योजनाओ की भी जानकारी दी गयी। यात्रीकर अधिकारी ने कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति महिला कर्मी का सम्मान नही करता है तो उसकी शिकायत अपने उच्चाधिकारियो से करे और अगर कार्यवाही न हो तो वूमेन हेल्पलाइन 1090, पुलिस 112 पर काल करें। उन्होने बताया कि नारी सुरक्षा, नारी सम्मान के प्रति षासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है किसी भी दषा में नारी अधिकारो का हनन नही होना चाहिए। एआरटीओ (प्रवर्तन) डा. उदित नारायण ने चेकिंग के दौरान महिला चालको को महिला अधिकारो के प्रति जागरूक किया। उन्होने डीलरो से गाड़िया खरीद रहे लोगो को महिला के नाम गाड़ी खरीदने के लिये प्रोत्साहित करने का सुझाव दिया। एआरटीओ (प्रशासन) प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम दिवस कार्यालय में कार्यरत महिला कर्मी अनामिका विश्वकर्मा, राखी मिश्रा को सम्मानित किया गया था साथ ही कार्यालय आने वाली बालिकाओ/महिलाओ को प्राथमिकता के आधार पर त्वरित कार्य किया जाता है। महिलाऐ सभी क्षेत्रों में पुरूशो के साथ कदम से कदम मिला कर चल रही है।

## विवक न्यूज



विजयी होने के बाद मौजूद अध्यक्ष

### लायर्स एसो. का चुनावः पुत्तीलाल वर्मा बने अध्यक्ष

**बिसवां सीतापुर।** बिसवां लायर्स एशोसिएशन कार्यकारिणी के हुए चुनाव में सोमवार अध्यक्ष पद पर पुत्तीलाल वर्मा ने कब्जा जमाया तो सचिव पद पर नागेन्द्र प्रताप मौर्या विजयी हुए। अध्यक्ष पद के मुकाबले में पुत्तीलाल वर्मा ने 81 मत हासिल हुए। जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी आरएन सिंह को 26 मत मिलेए सचिव पद के लिए नागेन्द्र प्रताप मौर्या ने संतोष कठेरिया को 9 मतों से पराजित किया। इसके अलावा अभय अवस्थी वरिष्ठ उपाध्यक्षए मदन मोहन सक्सेना ज्येष्ठ उपाध्यक्षए अजय अवस्थी निर्विरोध बनाए गए।

### भाजपा नगर दो का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**सीतापुर।** शहर के विश्वम्भर कॉलेज में आयोजित भाजपा का प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को सम्पन्न हो गया। अन्तिम सत्र भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अजय गुप्ता ने कार्यकार्ताओं को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास की अवधारणा को लेकर आगे बढ़ रही है, इसी का नतीजा है कि करावां दिन ब दिन विस्तृत होता जा रहा है। संचालन नगर महामंत्री अनीत मिश्रा ने किया। प्रकाश सिंह, रामबाबू श्रीवास्तव, जया सिंह, संदीप अवस्थी, पंकज अवस्थी, मनीष पांडे, विनोद त्रिपाठी, प्रियंका वर्मा, बीना मिश्रा, सीमा बाजपेई, छाया गुप्ता, राकेश गुप्ता पिंकू, रमेश चंद त्रिवेदी ,आशुतोष दीक्षित, अनुराग दीक्षित, शिवा गोस्वामी, अशोक राठौर, महेंद्र बंगाली, पंकज यादव आदि मौजूद रहे।

### यातायात जागरूकता अभियान में छात्रों को दिया संदेश

**मछरेहटा सीतापुर।** मिशन शक्ति द्वितीय चरण तथा यातायात जागरूकता माह नवम्बर सड़क सुरक्षा अभियान के तहत थाना इंस्पेक्टर ओ पी तिवारी के कुशल नेतृत्व में आज शुक्रवार को सुबह 11 बजे 'मिशन शक्ति 'नारी शक्ति , नारी शुरक्छा पर योगी सरकार ने महिला सशक्तिकरण के लिए कुछ हेल्प लाइन नंबर 112, 1098, 1090, 1076 आदि की 24 घण्टे सेवा आप सभी के लिए सरकार ने दिया है जो हर समय पुलिस के साथ आप सभी की सेवा में समर्पित है तथा यातायात जागरूकता गोष्ठी का आयोजन मछरेहट क्षेत्र के जे एन डी इंटर कॉलेज परसदा में गोष्ठी का आयोजन किया गया। सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए जन जागरुकता एक ही सशक्त मध्यम है।

### कोतवाल ने सुरक्षा-व्यवस्था का लिया जायजा

**सीतापुर।** त्योहारों को लेकर क्राइम मीटिंग में पुलिस मुखिया आरपी सिंह द्वारा थानेदारों के पेंच कसने का असर अब दिखाई देने लगा है। सोमवार को शहर कोतवाल टीपी सिंह ने शहर के मुख्य बाजार लालबाग का भ्रमण कर सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया। उन्होंने मय हमराहियों के संग शहर के लालबाग चौराहे से घंटाघर तक पैदल निरीक्षण किया और बाजार में सड़क पर सामान सजाने वाले दुकानदारों को सामान हटाने की नसीहत दीए जिससे कि बाजार में लोगों को जाम की समस्या से जूझना न पड़े।

### शराब कारोबारियों पर गिरी पुलिसिया गाज

● 27 कारोबारियों से 325 लीटर बरामद की अवैध शराब

**सीतापुर।** अवैध शराब कारोबारियों पर कड़ी कार्रवाई करने का सीतापुर पुलिस का अभियान सोमवार को भी जारी रहा। इसी के चलते अलग-अलग थानों की पुलिस ने 325 लीटर कच्ची शराब व एक भट्ठी के साथ 27 अभियुक्तों को गिरतार किया है। कोतवाली सिधौली पुलिस ने 10 लीटर कच्ची षराब के साथ खेरवा खरवलिया के गोबरे को, कोतवाली बिसवां पुलिस ने 10 लीटर कच्ची षराब के साथ अमनगर के राजू व हुलासपुरवा के पंकज को, थाना रामकोट पुलिस ने 20 लीटर कच्ची षराब के साथ धरमपुर के किशोरीलाल व खपूरा के शिवनंदन को, थाना सकरन पुलिस ने 40 लीटर कच्ची शराब के साथ ताजपुर के राकेष, गोवर्धन, दीपू व खुषीराम को, कोतवाली महोली पुलिस ने 20 लीटर कच्ची शराब के साथ बड़ागांव के राकेष पासी व बछवल के प्रवीण को, कोतवाली लहरपुर ने 40 लीटर कच्ची शराब के साथ पिंडोरिया के श्रवण, अलबरनपुर के सुरेश, माजुरी के सुरेन्द्र पाल व सहजनी के अच्छेलाल आदि पकड़े गए है।

## रिश्तों का कत्ल करने वाला खूनी भतीजा गिरफ्तार



संवाददाता। सीतापुर

**थाना सदरपुर** इलाके में बीते शुक्रवार को रिश्तों का कत्ल करने वाले हत्यारोपी कोरार गांव के भानु प्रताप को पुलिस ने सोमवार को गिरतार किया। थाना प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि आरोपी को सुपर ब्रिकफील्ड नयागांव के पास से पकड़ा है। निशानदेही पर आला कत्ल भी बरामद कर लिया है। भानूप्रताप ने पैसे के लेनदेन को लेकर अपने चाचा होली राम को धारदार बांके से गला काटकर हत्या कर दी थी और मौके से भाग निकला था।

### बीडीसी हत्याकांड का एक आरोपी पकड़ा गया



**सीतापुर।** थाना हरगांव पुलिस ने बीडीसी संतोष हत्याकांड में वांछित अभियुक्त छोटे खां निवासी मातिनपुर थाना इमलिया सुल्तानपुर को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि हत्यारोपी काफी दिनो से पुलिस को चकमा दे रहा था। बीती 17 अक्टूबर को थाना इलाके के गांव हरदासपुर के पास बीडीसी संतोष सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले में पुलिस ने मुमताजपुर के जसविंदरए हरिदासपुर के रामस्वरूप को पहले ही गिरतार किया जा चुका है। जबकि मैसर खां अभी भी फरार है।

## थम नहीं रहीं चोरी की घटनाएं

संवाददाता। रेउसा/सदरपुर सीतापुर

● पांच दुकानों को निशाना बनाकर उड़ाया छह लाख से ज्यादा का माल

**थाना रेउसा** इलाके में पुलिस दो दिन पूर्व विधायक निवास के सामने हुई लाखों की चोरी की जांच अभी शुरू ही कर पायी थी कि रविवार रात बेखौफ चोरो ने तीन और दुकानों को निशाना बना लिया। इसी के चलते मुख्य चौराहे पर स्थित विशाल स्वीट्स की दुकान से चोरो ने नकदी समेत हजारों का सामान व मिठाई पार की जबकि गुंजन होटल का गेट तोड़ने व छोटू किराना की दुकान में नकबजनी प्रयास भी किया, किन्हीं कारणों से सफल नहीं हो सके। थाना प्रभारी पुष्पराज कुशवाहा चोरी की घटनाओं से इनकार कर रहे है। थाना सदरपुर इलाके में चोरों की चोरी अब सीना जोरी साबित होने लगी है, इसी के चलते रविवार रात चोरों ने चौकीदार को बंधक बनाकर इलाके के गांव कैमहरा कला निवासी रामेश्वर व कोतवाली बिसवां इलाके के बघेलिया निवासी अनिल की दुकानों से सवा 6 लाख की चोरी को अंजाम दे दिया। चोरो ने शटर का ताला तोड़कर अनिल की दुकान से 6 लाख की कीमत की साड़ियां, जूते व अन्य सामान्य जबकि रामेश्वर की दुकान से आठ हजार की नकदी समेत 25 हजार का सामान पार कर दिया। पीड़ितो ने थाने में तहरीर दे दी है। थाना प्रभारी उमाकान्त दीपक ने बताया कि दोनो का मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## आंगनबाड़ी केंद्र से जुड़े सभी लाभार्थियों को पहुंचाए लाभ

संवाददाता। सीतापुर



सीतापुर-बैठक करते डीएम व अन्य अधिकारीगण

**आंगनबाड़ी केंद्रों** से जुड़े हुए सभी लाभार्थियों को उत्तर प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाकर उन्हें पोषित करने के उद्देश्य से सोमवार को जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकपूर ने पुष्टाहार वितरण की नवीन प्रणाली से सभी सम्मानित सदस्यों को अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र पर पंजीकृत लाभार्थियों को पोषाहार राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूह के माध्यम से वितरित किया जाना प्रस्तावित है। जनपद के कुल 4232 केंद्रों पर वितरण कराया जाएगा, जिसमें 3955 ग्रामीण एवं 277 शहरी केंद्र शामिल हैं। जिलाधिकारी द्वारा पोषाहार वितरण की इस नवीन प्रणाली को सफलता से लागू किए जाने के लिए सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जिले में कोई भी लाभार्थी पोषाहार से वंचित न रहने पाए, इसके लिये सभी विभागीय अधिकारियों के द्वारा लाभार्थियों तक पोषाहार पहुंचाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि वितरण कार्य पूर्ण पारदर्शिता से सुनिश्चित कराये जाने हेतु सभी आवश्यक प्रबंध करें। सभी सी0डी0पी0ओ0 भी इस कार्य को पूरी गम्भीरता के साथ पूर्ण करायें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी संदीप कुमार, उपायुक्त श्रम एवं रोजगार सुशील कुमार श्रीवास्तव, जिला पूर्ति अधिकारी संजय कुमार प्रसाद, जिला खाद्य विपणन अधिकारी ए0के0 दुबे, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकपूर सहित सभी बाल विकास परियोजना अधिकारी मौजूद थे।

### नोडल अधिकारी तैनात किये जाने के जिलाधिकारी ने दिये निर्देश

**जिलाधिकारी** ने कड़े निर्देश दिये कि वितरण कार्य पूर्ण पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित कराया जाये तथा सभी स्तरों पर नोडल अधिकारी तैनात किये जायें। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों को पूरा प्रशिक्षण समय से दिया जाये तथा उनके कार्यों की लगातार निगरानी भी सुनिश्चित की जाये। जिलाधिकारी ने बेहतर प्रबंधन के साथ समय से पोषाहार वितरण सुनिश्चित कराये जाने के भी निर्देश दिये।

# मिलावटखोरी रोकने के लिए प्रशासन ने मारे ताबड़तोड़ छापे

● जिले भर में एफएसडीए ने की खाद्य पदार्थों की सैंपलिंग

● टीमों ने नष्ट कराई एक्सपायर्ड खाद्य सामग्री

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



**सोमवार** को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखीमपुर-खीरी द्वारा डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह के निर्देश पर पूरे जिले में व्यापक स्तर पर खाद्य पदार्थों के सैंपलिंग एवं बड़ी मात्रा में एक्सपायरी खाद्य सामग्री को नष्ट कराया गया।

अभिहित अधिकारी, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग कौशलेंद्र शर्मा ने नेतृत्व में गठित टीम में औषधि निरीक्षक सुनिल कुमार रावत, खाद्य सुरक्षा अधिकारी आदित्य वर्मा, प्रीति वर्मा ने बिना खाद्य लाइसेंस संचालित मेला रोड स्थित डैली डोज मॉल पर प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही की गयी। इस दौरान कार्यवाही डैली डोज मॉल से 2 खाद्य पदार्थ मैदा, साबुतदाना तथा तीन कास्मेटिक का नमूना संग्रहीत किया गया। साथ ही रमियाबेहड़ से धनिया पावडर, रेहुआ चौराहा धौरहरा से चना दाल, दुबहा अमरनाथ निघासन से बेसन, निघासन से लौंज तथा पलिया से लौंज का नमूना संग्रहीत किया गया। दौरान प्रवर्तन कार्यवाही 2 कुंटल मिलावटी लौंज, कालातित 60 पैकेट बेसन, 10 लीटर रिफाइंड सोयाबिन आयल तथा 5 किग्रा दूषित सेव कुल लगभग 45 हजार की धनराशि के खाद्य पदार्थ नष्ट कराये गये हैं।

अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग कौशलेंद्र शर्मा ने बताया कि अभियान में अब तक 7 नवंबर से 9 नवंबर तक कुल 21 नमूने संग्रहीत किय जा चुके हैं। जनपद में खाद्य पदार्थ में मिलावट की रोकथाम हेतु प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जनपद के विभिन्न तहसीलों में की जा रही है।

# सांसद ने किया पंचायत भवन का शिलान्यास



**निघासन-खीरी।** भाजपा सांसद अजय मिश्रा टेनी ग्राम पंचायत मोतीपुर में पंचायत भवन का शिलान्यास एवं सुलभ शौचालय का लोकार्पण किया। भाजपा सांसद शिलान्यास करने से पहले मोतीपुर के प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। इसके बाद बीस लाख पचास हजार की लागत और दो लाख पचास हजार के लागत से शुलभ शौचालय का भी शिलान्यास किया। पंचायत भवन बनने से लोगों को निघासन ब्लाक के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। लोगों को आसानी से ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के द्वारा पंचायत भवन में ही काम आसानी से किया जाएगा। शुलभ शौचालय से लोगों को भी अच्छी सुविधा मिलेगी। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय, नागेंद्र सिंह सेंगर, खंड विकास अधिकारी आलोक वर्मा, प्रधान कुलदीप सिंह, एडीओ पंचायत राम लाल राणा, ग्राम विकास अधिकारी अनिल वर्मा, मोहित त्रिवेदी, हरीश पटेल, संजय, सुनील बत्रा, सिंगाही थाना प्रभारी प्रदीप सिंह एवं समस्त भाजपा के कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जुएं के विवाद में दलित वृद्धा की निर्मम हत्या

● हमले में पति व पुत्र भी घायल

संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ-खीरी



**थाना मैलानी** की पुलिस चौकी के ग्राम कुकरा में बीती रात जुआं खेलने के विवाद में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के मकान पर धावा बोल दिया। इसमें खूनी संघर्ष हुआ। जिसमें एक दलित वृद्धा की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं उसका पति व पुत्र गंभीर रुप से घायल हो गए। घायलों को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांकेगंज ले जाया गया जहां हालत बिगड़ती देख जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। सभी का इलाज चल रहा है।

जानकारी के अनुसार थाना मैलानी की पुलिस चौकी व ग्राम कुकरा निवासी संजीव व वेद प्रकाश के बीच जुआं खेलने को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ था। जिसके बाद वेद प्रकाश व इनके साथ सियाराम, अनुज व शिवम आदि ने एक राय होकर संजीव के मकान में घुसकर संजीव पर कातिलाना हमला बोल दिया। जब संजीव के पिता छोटेलाल व माता सियावती ने बचाने का प्रयास किया तो सभी हमलावरों ने छोटेलाल व सियावती पर भी ताबड़तोड़ प्रहार शुरू कर दिए। हमले में माता की मौत हो गई। जबकि पिता-पुत्र गंभीर रुप से घायल हो गए। दोनों जिला चिकित्सालय में जिंदगी-मौत के बीच संघर्ष कर रहे हैं। गौरतलब हो कि पुलिस के संरक्षण में जुआं व कच्ची शराब तथा मिटटी खनन के लिए पहले से विख्यात है। कुकरा जिसमें पहले कच्ची शराब में जला, बाद में जुआं में सुलगा, खनन में फला-फूला और अब दलित महिला की हत्या के बाद दहल गया है।

# त्यौहारों को लेकर पुलिस व प्रशासन अलर्ट, सुरक्षा को लेकर बनी रणनीति

● भीड़-भाड़ वाले इलाके किए जाएंगे चिह्नित

संवाददाता। मोहम्मदी-खीरी

**दीपावली,** गोवर्धन पूजा, भैया दूज व धनतेरस को लेकर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी जहां लगातार भ्रमण शील हैं वही भीड़-भाड़ इलाके को चिन्हित कर अपनी रणनीति बनाने में लगे हैं। मेन मार्केट को भी चिन्हित कर ड्रोन कैमरे से नजर रखने की तैयारी में है। उपजिलाधिकारी स्वाति शुक्ला भी इन पर्वों पर पूरे तहसील में लगातार मानीटरिंग कर रही हं। प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि महत्वपूर्ण त्योहारों को देखते हुए पुलिस उपाधीक्षक और वह स्वयं सर्राफा मार्केट में जाकर इन व्यापारियों से व्यक्तिगत रूप से मिले। सुरक्षा के दृष्टिकोण सावधानी बरतने के साथ-साथ आवश्यक सुझाव दिए और उनसे भी सुझाव जाने। वहीं प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि दीपावली में आतिशबाजी की दुकानों के लिए मेला मैदान जहां पूर्व की भांति आतिशबाजी की दुकानें लगती थी वहीं पर अपनी दुकानों का सत्यापन कराने के बाद लगाएंगे। कोविड-19 को ध्यान में रखते हुए सोशल डिस्टेंसिंग का पूरा पालन दुकानों को लगाने में लगाया जाएगा। वहीं उन्होंने बताया कि आतिशबाजी की दुकान लगाने वाले प्रत्येक व्यक्ति अग्निशमन दल के साथ-साथ अन्य उपकरण तथा बालू-पानी प्रत्येक दुकानदार सुरक्षा के दृष्टिकोण उपलब्ध रखेगा। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मेला मैदान के अतिरिक्त नगर या बाजार में कोई भी व्यक्ति किसी भी हाल में आतिशबाजी की दुकान नहीं लगाएगा। जानकारी मिलने पर ऐसे दुकानदारों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। वहीं धनतेरस को देखते हुए मुख्य बाजार में केवल खरीदारी करने के लिए पैदल जाने की व्यवस्था की जाएगी। कोई भी दो पहिया, चार पहिया वाहनों का प्रवेश भीड़भाड़ वाले बाजारों में नहीं किया जाएगा। इन सभी इलाकों में जहां महिला आरक्षियों की ड्यूटी लगाई जा रही है वहीं बड़ी संख्या में सादी वर्दी में पुलिस कर्मी तैनात किए जा रहे हैं। किसी भी हाल में किसी को भी त्यौहार में गड़बड़ी फैलाने या असामाजिक तत्व पर पैनी निगाह रखने के लिए ड्रोन कैमरे का भी इस्तेमाल किया जाएगा।

# शिक्षक हित सर्वोपरिः आशीष



नवनियुक्त अध्यक्ष व मंत्री

● फर्रुख अध्यक्ष एवं राजकुमार मंत्री बने

**संडीला ( हरदोई )।** स्थानीय आई आंर इंटर कालेज में शिक्षक इकाई का विधिवत् गठन किया। जिसमें फर्रुख अहमद को अध्यक्ष तथा राजकुमार वर्मा को मंत्री घोषित किया।

कालेज में इकाई के निर्वाचन से पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय मंत्री आशीष कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षक हित संघ के सर्वोपरि हैं और संघ लगातार इसके लिए संघर्ष भी कर रहा है। उन्होंने बताया कि सूत्रवाक्य है कि कक्षा में पढ़ाई के बाद भी यदि शिक्षक हित पर कोई आंच आती है तो उसके लिए संघ संगठित होकर अपना प्रयास करेगा। इसके लिए हम किसी भी हद तक जायेगें।

उन्होंने बताया कि कतिपय शिक्षकों के प्रमाण पत्र सत्यापन न आने के कारण उनके वेतन रोके गये हैं जिसके लिए संघ पूरी शक्ति से लगा हुआ है और शीघ्र उनका वेतन जारी कराने में हम सफल होगें। उन्होंने कहा कि संघ के प्रत्याशी शाह आलम को विजयी बनाने के लिए हम पूरी शक्ति लगायेगें और दस नवमबर को उनके नामांकन में बड़ी संख्या में शिक्षक भाग लेगें। इसी अवसर पर कालेज इकाई का चुनाव भी सम्पन्न हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से फर्रुख अहमद को शाखा अध्यक्ष तथा राजकुमार वर्मा को मंत्री घोषित किया गया।

# उर्दू भाषा के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले पांच लोगों को किया सम्मानित

संवाददाता। शाहजहांपुर



**आवाज़ ट्रस्ट** ऑफ इन्डिया व उर्दू राबत कमेटी की ओर से अल्लामा इकबाल की यौम-ए-पैदाईश के मौके पर उर्दू दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें उर्दू भाषा के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले पांच लोगों को सम्मानित किया गया। साथ ही एक अल्लामा इकबाल की याद में शेरी नशिस्ट का भी आयोजन हुआ।

सोमवार को मदरसा नूरूल हुदा बिजलीपुरा में आयोजित जश्ने उर्दू में खिताब करते हुए मुख्य अतिथि शहर काजी सैय्यद मसऊद हसन ने कहा कि उर्दू भाषा में अदब और तहजीब दिखाई देती है। हिन्दी और उर्दू को साथ मिलाकर आगे बढ़ाने की जरूरत है। देश की तरक्की व कामयाबी के लिए बच्चों को अच्छी तालीम दिलाना होगा। उन्होंने कहा कि भारतीय मुसलमानों में देश भक्ति की भावना कूट-कूट कर भरी हुई है। अंग्रजी और हिन्दी के अलावा उर्दू की तालीम दिलवाकर डा0 इकबाल को सच्ची खिराज पेश करें। अध्यक्षीय सम्बोधन में पूर्व प्रोफेसर सै0 आफ्ताव अख्तर ने कहा कि वक्त की मांग है कि हम आपस में इत्तेहाद पैदा करें। उन्होंने कहा कि इल्म ही वह जरिया है जिससे तरक्की का हर रास्ता आसान हो जाता है। मदरसे के प्रधानाचार्य इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियां ने सभी का शुक्रिया अदा किया। जश्न उर्दू में उर्दू की खिदमत के लिए शायर व अदीव सरदार आसिफ़ खॉ, मौलाना मुशाहिद मदनी, सै0 कासिम रज़ा, सै0 मुफीजउद्दीन कादरी, काज़ी मो0 आमिर को मुख्य अतिथि ने शाल ओढ़ाकर व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। संचालन राशिद हुसैन राही ने किया इस मौके पर अख्तर शाहजहाँपुरी, आफ्ताव कामिल, रौनक मुसव्विर, असगर यासर, सरदार आसिफ़ ने कलाम पेशकर खिराज अकीदत पेश की। कार्यक्रम में मौलाना जुवैर, हाफ्ज़ि अनीस अत्तारी, सरताज अहमद, बिलाल खॉ, शारिक अली खॉ, सै0 शारिक अली, हैदर अली, ममनून खा, मोबीन खॉ, मोईन खॉ, मुख्तार अहमद, अब्दुल कादिर खॉ, निफासद अली खॉ, नाहिद बेगम, रूखेज़ेबा, सुबुही खानम, तमहीद बेगम, सबिहा सुल्ताना आदि मौजूद रहे।

# नगर निगम ने शुरू किया वॉक-टॉक व रिजाल्व कार्यक्रम

**शाहजहांपुर।** नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने बुधवार को जन समस्याओ के निस्तारण के लिए वॉक-टॉक एवं रिजाल्व कार्यक्रम षुरू किया । कार्यक्रम के तहत नगर निगम के समस्त विभागो से सम्बन्धित कर्मचारीध्अधिकारी उपस्थित होकर अपने से सम्बन्धित समस्याओ का तत्काल समाधान करेंगे । नगर आयुक्त शंतोष शर्मा ने मोहल्लों का भ्रमण कर निवासियो से वार्ता कर उनकी समस्याओ एवं सुझाव को सुना एवं नगर वासियो से अपील की कि निर्घारित तिथि पर नगर निगम की टीम के पहुॅचने पर मोहल्ले से सम्बन्धित समस्याओ का संज्ञान करावे, जिससे उनका तत्काल निस्तारण कराये जा सके। नगर आयुक्त ने नगर निगम के समस्त अधिकारियोध्कर्मचारियो को निर्देषित किया गया है कि जो समस्या तत्काल निस्तारित की जा सकती है,उसे अनिवार्य रूप से उसी दिन निस्तारित करायी जाये।

# अर्णव के समर्थन में उतरा गुलाबी गैंग

● पटेल नगर चौराहे पर किया प्रदर्शन, महाराष्ट्र सरकार को कोसा

संवाददाता। फतेहपुर



**महाराष्ट्र सरकार** द्वारा चौथे स्तंभ मीडिया के खिलाफ बबर्रतापूर्वक एवं बदले की भावना से उठाया गया कदम घोर निंदनीय एवं असंवैधानिक है। इस प्रकार की अनुचित कार्यवाही से अभिव्यक्ति की आजादी को छीनने का प्रयास किया गया है। भारत के एडिटर इन चीफ अर्णव गोस्वामी द्वारा झूट का नकाब उतारना एवं सत्यता को देश के सामने रखना महाराष्ट्र सरकार को रास नहीं आया। इसलिए इस प्रकार की अनुचित और संवैधानिक कदम उठाया गया जिससे पूरे देश मे आक्रोश की भावना है। उक्त बातें गुलाबी महिला उत्थान समिति की प्रदेश कमाण्डर सुशीला मौर्य ने कही। उन्होने कहा कि इस प्रकार की घटना की घोर निन्दा एवं विरोध उनका संगठन करता है। देश संविधान से चलता है और संवैधानिक तरीके से ही चलाया जाना चाहिए। गुलाबी महिला उत्थान की प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार ने जिस तरह से सच की आवाज दबाने का प्रयास किया है उसे किसी भी कीमत पर देश की जनता माफ नही करेगी। उन्होने देश के गृह मंत्री से मांग करते हुए कहा कि जेड प्लस सुरक्षा दी जाए एव सच की आवाज दबाने वाली महाराष्ट्र सरकार पर कार्यवाही की जाए। इस मौके पर बेबी तिवारी, लक्ष्मी तिवारी, पूजा पटेल, अनीता गुप्ता, रज्जी पासवान, विमला, सुनीता लोधी, पूनम, केशकली आदि मौजूद रहीं।

# किशोर को सर्प ने डंसा

**फतेहपुर।** गाजीपुर कस्बा में रविवार की देर शाम घर के बाहर बैठे 14 वर्षीय एक किशोर को जहरीले सर्प ने डस लिया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार गाजीपुर कस्बा निवासी केश कुमार का पुत्र विमल कुमार रविवार की शाम लगभग साढ़े सात बजे घर के दरवाजे पर बैठा था। तभी जहरीले सर्प ने डस लिया। इसकी जानकारी जब परिजनों को हुयी तो सरकारी एम्बुलेन्स के जरिये उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करा दिया।

# दीपावली पर्व को लेकर खाद्य विभाग की टीम ने भरे नमूने

**फतेहपुर।** आगामी दीपावली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी संजीव सिंह के निर्देशन पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा खाद्य पदार्थो की गुणवत्ता सुनिश्चित कराये जाने व मिलावट पर प्रभावी रोकथाम हेतु आज समस्त तहसीलों में खाद्य सचल दल द्वारा विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया, जिसके तहत तहसील सदर में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी सीएल यादव के नेतृत्व में बिसौली चौराहा से शेखर कुशवाहा व रामबाबू द्वारा एक-एक सरसों का तेल व सिविल लाइन से एक क्रीम का नमूना सहित कुल 03 नमूने जांच करने हेतु संग्रह किए गए एवं तहसील बिंदकी में मुख्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल कुमार सिंह व रामबाबू द्वारा बिन्दकी स्थित चौडगरा से पनीर दही का एक-एक नमूना लिया गया एवं खागा तहसील में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरविंद कुमार सिंह व रत्नाकर सिंह द्वारा गोकुलपुर धाता से खोया के दो -दो नमूने संग्रहित किए गए।

# ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**फतेहपुर।** कल्यानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मौहार के समीप ट्रेन से गिरकर लगभग 38 वर्षीय एक युवक की मौत हो गयी। जो गुवहाटी से गुजरात जा रहा था। जानकारी के अनुसार आसाम प्रान्त के जनपद बस्का थाना मकुनपुर गांव मोतनापुर निवासी रतीराम बोरा का पुत्र आरा बोरा अपने बुआ के लड़के अतुल बोरा के साथ गुवहाटी से गुजरात जा रहा था। बताते हैं कि ट्रेन जब कल्यानपुर थाना क्षेत्र के अन्तर्गत मौहार के समीप पहुंची तभी अचानक चलती ट्रेन से गिर पड़ा जिससे उसकी मौके पर मौत हो गयी। सूचना पाकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

## स्नातक चुनाव प्रत्याशी के कार्यालय का शुभारंभ



**फतेहपुर।** इलाहाबाद झांसी स्नातक विधान परिषद प्रत्याशी अमित गुप्ता के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन स्वयं प्रत्याशी फीता काटकर किया। उद्घाटन के पश्चात प्रत्याशी अमित गुप्ता ने बताया कि उनका गृह जनपद बांदा होने के कारण फ्तेहपुर से जन्म से ही दिल का रिश्ता रहा है। चुनाव जीतने के पश्चात मेरा सबसे ज्यादा दिमाग इस क्षेत्र के अति पिछड़े जिले फ्तेहपुर के लिए खास तौर पर रहेगा। फ्तेहपुर चुनाव कार्यालय प्रभारी मनोज घायल ने बताया कि चुनाव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। फ्तेहपुर के मतदाताओं के प्यार के भरोसे हम जीत सुनिश्चित करेंगे। उद्घाटन के पश्चात प्रत्याशी ने कचहरी में अधिवक्ता बंधुओं से मुलाकात कर आशीर्वाद मांगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सत्येंद्र गुप्ता, नरेंद्र सिंह रिक्की, बद्री विशाल गुप्ता, आलोक गुप्ता, अमित शिवहरे, राम नरेश गुप्ता, अभिजीत भारती, यशवीर सिंह, राजू चौहान, प्रेम चंद शिवहरे, मनोज गुप्ता, मनोज शिवहरे, आरके सिंह, अमित दीक्षित, सुरेश शिवहरे, श्यामू दुबे, अरविंद द्विवेदी, राजू, अन्नू, आकाश, सौरभ, मोनू सिंह आदि मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज़

### रोटरी क्लब ने लगाया स्वास्थ्य शिविर



**लखीमपुर-खीरी।** रोटरी क्लब लखीमपुर सेंट्रल द्वारा सनातन धर्म बालिका इंटर कालेज में सोमवार 9 नवंबर को एक चिकित्सा शिविर लगाया गया। फिजीशियन रोटेरियन डा. रोचक टंडन ने कोरोना रोग, उसके लक्षण, दुष्प्रभाव व बचाव की जानकारी छात्राओं को दी। दंत चिकित्सक डा. प्रदीप टंडन ने कोरोना काल में मुख तथा दांतों की देखभाल विषय पर वार्ता प्रस्तुत की। सचिव रोटेरियन संजय अग्रवाल व विद्यालय कार्यकारिणी सदस्य डा. राकेश माथुर ने सभी छात्राओं को दंत मंजन, ब्रश एवं फेस मास्क वितरित किये। प्राचार्या शिप्रा बाजपेयी ने रोटरी सेवा भाव की सराहना की। क्लब की ओर से उन्होंने प्रशस्तियों व फेस शील्ड का उपहार स्वीकार किया। 62 छात्राओं तथा 4 स्टाफ सदस्यों ने अपना दंत-मुख परीक्षण करवाया।

### दो बीघा गन्ना जला



**लखीमपुर-खीरी।** ग्राम पंचायत मुसेपुरखुर्द के पश्चिम निकली 132 केवी लाइन में पेड़ टकराने से गांव के वसीम पुत्र वसीक अहमद खान के गन्ने की फसल जलकर खाक हो गई। फसल जलने की सूचना पर गांव के अन्य किसान भी मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाने की कोशिश करने लगे। जब तक आग बुझाई जा सकी तब तक लगभग दो बीघा गन्ना पूरी तरह से जलकर खाक हो गया। जिसकी सूचना बिजली विभाग के अधिकारियों को दी गई। लेकिन अभी तक कोई भी बिजली विभाग का अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। जिससे गांव के किसानों में काफी रोष व्याप्त है।

### खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी, कई दुकानों पर लिये सैम्पल

**संडीला (हरदोई)।** खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने कई दुकानों पर छापेमारी की तथा सैम्पल लिये। खाद्य सुरक्षाधिकारी अनिरुद्ध गंगवार, अजीत सिंह, घनश्याम वर्मा, अनुराधा कुशवाहा, खुशीराम वर्मा, रामकिशोर तथा अभिहित अधिकारी सतीश कुमार व उप जिलाधिकारी की संयुक्त टीम ने नायब तहसीलदार एवं क्षेत्रीय पुलिस के साथ राधेश्याम राकेश कुमार की इमलियाबाग स्थित फर्म पर छापेमारी की और यहां से खाद्य तेलों के टीन तथा आटे का एक सैम्पल लिया और इसके अलावा नगर की स्टार एजेंसी पर छापा मारकर खाद्य तेलों के दो नमूने लिये। इस टीम ने सैफईस्ट कम्पनी के पास दूध और खोया के सैम्पल लिये साथ ही लखनऊ रोड पर खोया और दूध का सैम्पल लिया। इसके बाद टीम ने कोथावां विमल किराना मर्चेन्ट में छापेमारी की और यहां से चार खाद्य वस्तुओं के सैम्पल लिये। खाद्य टीम की छापेमारी की सूचना मिलते ही कई दुकानदार अपनी दुकानों में ताले डालकर गायब हो गये। अभिहित अधिकारी सतीश कुमार ने पत्रकारों को बताया कि कुल 16 सैम्पल संग्रहीत कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं।

### अग्रसेन महाविद्यालय मे नवनिर्मित सभागार का हुआ लोकार्पण



**बरेली।** महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय मे नवनिर्मित सभागार का लोकार्पण एवं भारत माता की मूर्ति का अनावरण मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री संतोष गंगवार व विशिष्ट अतिथि कुलपति छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर प्रो. नीलिमा गुप्ता ने किया। संतोष गंगवार ने अपने उद्बोधन मे कहा कि सभागार विद्यार्थियो के लिए उपहार स्वरूप एक ऐसा मंच है जहां पर विद्यार्थियो का व्यक्तित्व विकास हो सकेगा। प्रो नीलिमा गुप्ता ने कहा कि महाराजा अग्रसेन शिक्षा समिति सदैव महाविद्यालय के विकास मे संलग्न रहती है इसी क्रम मे यह सभागार छात्रो एवं शिक्षक शिक्षिकाओ के लिए बहुत उपयोगी सिद्व होगा। छात्र विभिन्न कार्यक्रमो के माध्यम से अपने व्यक्तित्व का विकास करेंगे। इस मौके पर अध्यक्ष प्रेमप्रकाश अग्रवाल, महामंत्री धर्मप्रकाश अग्रवाल, अरूण गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल, अनिल कुमार अग्रवाल, केदार नाथ मिततल, डॉ अतुल अग्रवाल, डॉ लतिका अग्रवाल, मुकेश बंसल, अनूप अग्रवाल, प्रमोद कुमार अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### कटिया डाल रही महिला की करंट लगने से मौत

**बरेली।** घर के पास से गुजर रहे थे बिजली के तार में कटिया डालते समय करंट लगने से एक महिला बुरी तरह झुलस गई और इलाज के लिए अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घरवाले बिना पोस्टमार्टम के लाश को वापस घर ले गए।बिशारतगंज थाने के वार्ड नंबर 6 निवासी प्रभु दयाल की 40 वर्षीय पत्नी राधा देवी की आज सुबह इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई। घरवाले उसे बिशारतगंज के स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि राधा आज सुबह घर के पास से गुजर रही। बिजली के तार पर कटिया कनेक्शन डाल रही थी। लेकिन इसी दौरान जब उसने तार को काटने की कोशिश की वह करंट की चपेट में आ गई।

### गर्भवती की मौत पर लगाया इलाज में लापरवाही का आरोप

**बरेली।** एक गर्भवती महिला की इलाज के दौरान निजी अस्पताल में मौत हो गई। मृतका के पति ने डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी।बिशारतगंज थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 6 निवासी प्रभु दयाल की 40 वर्षीय पत्नी राधा कि बीती रात इलाज के दौरान एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस पर मृतका के पति ने बताया कि उसकी पत्नी गर्भवती थी और 2 दिन पूर्व वह दो दिन पूर्व बह बिशारतगंज के एक निजी अस्पताल में दवा लेने गई थी। जहां डाक्टरों ने उसकी हालत को देख कर उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कर लिया। सूचना मिलने पर घर वाले भी अस्पताल पहुंच गए। लेकिन बीती रात राधा ने दम तोड़ दिया।

### बच्चे से दुष्कर्म के गुनहगार को पुलिस ने गिरफ्तार किया



**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर के रौजा में कलयुगी अपराधी ने शर्म की सारी सीमाओं को लांघते हुए चंद रुपये का लालच देकर मासूम बच्चे के साथ दुष्कर्म किया मासून ने अपने साथ हुए हादसे की जानकारी परिजनों को दी परिजनों ने बच्चे को साथ लेकर थाना रौजा पुलिस को घटना के सम्बन्ध में जानकारी दी पुलिस ने आरोपी के खिलाफमुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया। थाना रौजा क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि उसके पांच साल के बेटे के साथ निघौना गांव निवासी विमल उर्फराका पुत्र राममिलन ने बीस रुपये का लालच देकर सुनसान स्थान पर लेजाकर दुष्कर्म किया। मासूम ने घर वापस आकर अपने साथ हुए दुष्कर्म की जानकारी परिजनों को दी परिजनों ने मासूम से मामला जानकर थाना रौजा में पुलिस को तहरीर देकर आरोपी विमल के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर उसे मेडिकल जांच के लिए भेज दिया। वहीं पुलिस ने दबिश देकर आरोपी युवक को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### क्राइम मीटिंग में कसे गए थाना प्रभारियों के पेंच

**शाहजहांपुर।** पुलिस अधीक्षक एस.आनंद ने द्वारा समस्त अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षको एवं थानाध्यक्षो के साथ पुलिस लाइन सभागार में अपराध गोष्ठी आयोजित कर अपराध की समीक्षा की तथा अपराध नियंत्रण निर्देश जारी किए गए । मीटिंग में कहा गया कि अपराधियों द्वारा अपराध कारित कर अवैध तरीके से अर्जित की गई संपत्ति को धारा 14 (1) के अंतर्गत सम्पति जब्तीकरण की कार्रवाई शीघ्र व प्रभावी रूप से कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अपराध की रोकथाम हेतु नियमित रूप से पैदल गश्त व चेकिंग करें विशेषकर 03 सवारी व घुमंतू जातियों की चेकिंग कराये जाने के निर्देश दिए गए। लंबित विवेचनाध्जन शिकायती प्रार्थना पत्रों का अभियान चलाकर शीघ्र निस्तारण करने तथा महिला संबंधी अपराधों में संवेदनशीलता दिखाते हुए उन पर त्वरित कार्रवाई एवं उच्चाधिकारीगणों द्वारा दिए गए निर्देशों का सख्ती से पालन करें तथा विशेष रूप से डीजी द्वारा निर्गत परिपत्र संख्या 27ध20 के अंतर्गत सभी थानों पर चुनाव रजिस्टर एवं भूमि विवाद रजिस्टर की समस्त सूचनाओ को अद्यावधित करने, लूटध्चोरीध्नकबजनी वाले अपराधों का शीघ्र अनावरण कर अभियुक्तों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने, माल बरामदगी का एक एलबम तैयार करें जिसमें माल का फोटो व अन्य डिटेल लिखें तथा माल मुकदमाती का शीघ्र निस्तारण कर उनके स्वामी को उपलब्ध कराया जाए, माफियाओंध्गैंगस्टरो का चिन्हीकरण कर उनके विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने, अवैध शस्त्र फैक्ट्रीध्अवैध शराब निष्कर्षण के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस पॉलिसी अपनाते हुए अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# किशोरी के साथ गैंगरेप तीन आरोपी गिरफ्तार

**● बलरई इलाके के गांव में घटी घटना**

संवादाता। जसवंतनगर

**बलरई** थाना क्षेत्र एक गांव में 16 वर्षीय किशोरी के साथ बलात्कार का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। बलरई थाना पुलिस ने इस घटना के तीनों आरोपी किशोरों को चंद ही घंटों के अंदर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। ये सभी बाल अपराधी श्रेणी के हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र बलरई के एक गांव में एक 16 वर्षीया किशोरी रविवार शाम को 8 बजे के करीब शौच क्रिया के लिए गयी हुयी थी। तभी गांव के ही तीन किशोरों ने उसके साथ बारी.बारी से दुष्कर्म किया। बालिका ने घर आकर अपनी बुआ को घटना के बारे में बताया एतो उसके परिजन उसे थाना लेकर पहुंचे और रिपोर्ट दर्ज करायी। पुलिस ने मामले को शीघ्र ही संज्ञान में लेकर सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करते हुए राजा पुत्र शौरी खां सुमित पुत्र रामखिलाड़ी व अंकुश पुत्र सोवरन सिंह के खिलाफ 376 डी एआईपीसी व 5 जी/6 पॉक्सो एवं एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर इनकी गिरफ्तारी के लिए टीम बनाकर तलाशी अभियान शुरू किया।। इन तीनों आरोपी किशोरों के कहीं भाग जाने की फिराक में जसवंतनगर की तरफ खड़े होने की सूचना पुलिस टीम को मिली। पुलिस ने महामई गांव के मोड़ की तरफ पुलिस जीप की रोशनी में देखा कि ये तीनों कहीं फरार होने की फिराक में मोड़ पर खड़े हुए हैं। पुलिस ने मौके पर जाकर घेर कर पकड़ लिया और पूछताछ की एतो उन्होंने अपने नाम क्रमश: राजा एसुमित व अंकुश बताए और अपना अपराध स्वीकार करते माफी मांगने लगेएमगर पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी बलरई सतीश राठौर के मुताबिक इस मामले में शीघ्र और आवश्यक कानूनी कार्यवाही की गई है। घटना के कुछ ही घंटों में पुलिस द्वारा तीनों नामजद अभियुक्त किशोरों को गिरफ्तार करने से पीड़िता व परिजन संतुष्ट दिखे। किशोरी को पुलिस ने महिला आरक्षियों के संग डॉक्टरी मुआयने को भेजा और बयान दर्ज करवाया है।

# घरेलू कलह से तंग मां-बेटी ने ट्रेन से कटकर दी जान

**● बड़ी बेटी की पूर्व में ही रेल से कट कर मृत्यु हुई थी, देर रात हुई शवों की शिनाख्त**

संवाददाता। जसवंतनगर

**रविवार** शाम यहां जसवंतनगर स्टेशन से करीब पौन किलोमीटर पूर्व में कचौरा बायपास ओवरब्रिज के नीचे नार्थईस्ट एक्सप्रेस ट्रेन से कट कर मौत के मुंह मे चली गईं दो महिलाओं की देर रात शिनाख्त हुई। दोनों मां. बेटी थीं। ये दोनों लुधपुरा मोहल्ला के हनुमान मंदिर की निवासिनी थीं। दोनों ने घर की बहू और पुत्र से हुए क्लेश के बाद चुपचाप जाकर सूनसान इलाके में रेल पटरियों पर लेटकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मृतकों में मां कृष्णा देवी ;38 वर्षद्धपत्नी अशोक कुमार यादव और बेटी रौनक यादव;16 वर्षद्ध शामिल हैं। दुर्भाग्य तो ये है कि रौनक की बड़ी बहन मंजेश की छह वर्ष पूर्व जसवंतनगर रेलवे फाटक पार करते समय ट्रैन की चपेट में आकर मौत हो गयी थी। जानकारी मिली है कि ट्रेन से बेटी संग खुदकुशी करने वाली कृष्णा का पति अशोक गुजरात के राजकोट में अपने छोटे बेटे 8 वर्षीयअभिषेक के संग हलवाईगीरी का काम करता है। मृतका कृष्णा का भाई रामविलास जो लुधपुरा में ही रहताए उसने बताया कि लॉक डाउन में अशोक जसवंतनगर आया था और हाल ही में वहां अपने पेशे को करने के लिए लौट गया था। अशोक के बड़े बेटे राहुल की शादी पिछली फरवरी में हुई थी। वह अपनी पत्नी के संग घर पर यही रहता था। जानकारी मिली है कि राहुल की शराब पीने की आदत के चलते घर मे आये दिन क्लेष होता था। यही क्लेष बढ़ने से मां बेटी ने खुदकुशी के रास्ता चुना और जाकर ट्रैन की पटरियों पर लेट गयीं।

# भूमाफियों को चिन्हित कर सूची बनाने का आदेश भी हवा-हवाई

**● तीन सौ से अधिक तालाबों के अलावा गांवों में चारागाह व खलिहान की भूमि भूमाफिया निगलते चले जा रहे हैं**

**● भूमाफिया के खिलाफ कार्रवाई पर सवाल**

संवाददाता। घाटमपुर

**सरकारी** जमीन और तालाबो को लेकर प्रदेश सरकार की मंशा कुछ भी हो पर यहाँ के तीन सौ से अधिक तालाबों के अलावा गांवों में चारागाह व खलिहान की भूमि भूमाफिया निगलते चले जा रहे हैं। समय-समय पर तालाबों व सरकारी भुमि को मूल स्वरुप में लाने के आदेश भी खेवनहार रद्दी की टाकरी में फेंक रहें हैं तभी तो ताबाबों और चारगाह व खलिहानों की जमीन भू-माफिया लगातार कब्जे करते चले जा रहे है। यदपि रिट याचिका संख्या-8472( एम/बी-12 ओम प्रकाश बर्मा व अन्य बनाम राज्य अन्य में माननीय उच्य न्यायालय के आदेश दिनांक 17. 08. 2012 के अनुपालान के लिये तत्कालीन जिलाधिकारी कौशलराज शर्मा ने 21.09.2016 को आदेश जारी कर नगर निकाय व ग्राम सभाओं की भूमि पर तालाब/पोखरे/चारागाह एंव कब्रिस्तान आदि से अवैध कब्जे हटाने के लिये जिला-तहसील स्तर पर समिति गठित कर की थी। समिति का अध्यक्ष तहसीलदार को बनाया गया था, इसके अलावा नायब तहसीलदारों के साथ ही थाना प्रभारी घाटमपुर-सजेती व संवंन्धित क्षेत्र के लेखपाल को सदस्य बनाया गया था, लेकिन तालाबों की जमीन पर माफिया लगातार कब्जे कर रहे हैं। चार्ज लेने के हफ्ते भर बाद ही तत्कालीन उप जिलाधिकार संजय कुमार ने भी ब्लाक के सभागार में लेखपालों व राजस्व निरीखकों की बैठक कर तालाबो के साथ-साथ पोखरों/चारागाहों/कब्रिस्तानों और गांव समाज की जमीन पर कब्जा जमाये भू-माफियों की सूची बनाने को कहा था पर उनका भी ये आदेश नगरीय क्षेत्र में हवा-हवाई साबित हो रहा है। और बर्तमान में हालत ये है कि खुद खेवनहारों की मिली भगत से एतिहासिक पच पीरन तालाब जो 27 बीघे का है के अलावा अशोक नगर उत्तरी स्थित आगाताला, गांन्धी नगर स्थित पुतही गडैइया के साथ शास्त्री नगर का (गांन्धी इंटर कालेज)के पास का तालाब को बीबीपुर गांव का रानीपुर तालाब, बरईगढ़ और जहागीराबाद की झील भू-माफिया निगलते चले जा रहे है। यदपि प्रदेश सरकार भू-माफियों के कब्जे अनजान बने लग रहे हैं।

# सेना भर्ती को कोरोना जांच के लिए उमड़ी अभ्यर्थियों की भीड़

संवाददाता। फर्रुखाबाद



**सिख** लाइट इनफैंट्री रेजीमेंटल सेंटर में सोमवार से शुरू हो रही हेडक्वॉर्टर भर्ती में शामिल होने आए युवाओं की भीड़ अचानक लोहिया अस्पताल में कोविड.19 जांच कराने पहुंच गई। लगभग चार सौ युवाओं की भीड़ और अस्पताल में उपलब्ध मात्र लगभग 45 किटें देख स्वास्थ्य कर्मियों के हाथ पांव फूल गए। युवकों को सेना से कोई निर्देश न होने की बात कह कर टरका दिया गया।

सिख लाइट इनफैंट्री रेजीमेंटल सेंटर में सोमवार से हेडक्वॉर्टर भर्ती शुरू हो रही है। इसमें रेजीमेंट में सेवारतए सेवानिवृत या शहीद सैनिकों के पुत्र या भाई ही हिस्सा ले सकते हैं। सिखलाइट रेजीमेंट में अधिकांश सैनिक पंजाब प्रांत के ही हैं। सीमित वैकेंसी के बावजूद पंजाब से अभ्यर्थियों का पहुंचना शनिवार शाम से ही शुरू हो गया था। सेना की ओर से प्रकाशित विज्ञापन में शैक्षिक प्रमाणपत्रों के अलावा कोविड.19 की जांच रिपोर्ट भी साथ लाने को कहा गया था। हालांकि अधिकांश युवक बिना रिपोर्ट के ही यहां पहुंच गए। जानकारी होने पर कोरोना जांच को युवाओं की भीड़ लोहिया अस्पताल पहुंच गई।

### भीड़ पहुंचने से लोहिया अस्पताल की ओपीडी में मची अफरातफरी

**तीन** से चार सौ अभ्यर्थियों की भीड़ अचानक पहुंचने से लोहिया अस्पताल की ओपीडी में अफरातफरी हो गई। अस्पताल में पर्याप्त कोविड.19 किट न होने पर डॉ. गौरव मिश्रा और डॉ. अभिषेक चतुर्वेदी ने इसकी जानकारी सीएमओ और सीएमएस को दी। बताया गया कि जो किट हैं उनसे इलाज के लिए आने वाले मरीजों की जांच की जा रही है। आखिर स्वास्थ्य अधिकारियों ने पर्याप्त किट न होने और सेना की ओर से कोई पूर्व सूचना न होने की बात कह कर अभ्यर्थियों को वापस कर दिया। सेना द्वारा उन्हें जांच संबंधित सूचना नहीं दी गई। जिस पर भर्ती देखने आए लोगों की जांच नहीं की जा सकी। अगर जांच के लिए पत्र मिलता है तो सभी की जांच की जाएगी। सैन्य प्रवक्ता ने बताया कि हेडक्वार्टर भर्ती 11 नवंबर तक चलेगी। डॉ. वंदना सिंह मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि अभ्यर्थियों को कोना जांच की रिपोर्ट साथ लाने की सूचना विज्ञापन में दे दी गई थी।

# चकरनगर क्षेत्र में चोरी की दूसरी वारदात से सनसनी

**चकरनगर।** थाना क्षेत्र के एक नगला में रात्रि समय चोरों ने घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। आहट से जागे स्वजन के शोरगुल करने पर चोर नगदी सहित कपड़े लेकर भाग गए। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में छुट्टी हुई है।

चकरनगर थाना क्षेत्र के नगला झला निवासी हरदयाल पुत्र उदय सिंह के घर में रात्रि समय चोरों ने धावा बोल दिया। इसी दौरान रात्रि समय करीब एक बजे घर में लेटी महिलाएं आहट सुनकर नींद से जाग गई। शोरगुल करने पर चोर दीवार फांद कर खेतों की तरफ भाग गए। तदोपरांत पीड़ित परिवार ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल में घर से कुछ दूरी पर कपड़ों से भरा एक बैग बरामद कर लिया। सुबह परिजनों ने बताया कि चोर घर में रखे कपड़ेए जूते सहित पांच हजार रुपये चोरी कर ले गये। बताया गया कि चोर छत के पीछे से दीवार पर चारपाई लगाकर ऊपर चढ़े और घटना को अंजाम देकर इसी रास्ते से निकल गए। उक्त क्षेत्र में 15 दिन के अंदर हुई चोरी की दूसरी घटना से सनसनी फैल गयी। वहीं प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह चौहान का कहना है कि घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है।

# मरीजों में झोलाछाप का खौफ

संवाददाता। इटावा

**विकासखंड** बसरेहर के अंतर्गत गांव अकबरपुर में विचित्र बुखार के कारण गांव में बुखार से पीड़ित राजेन्द्र कुमारए शिवमए कमलेश बाबू जाटव आदि कई लोग इस विचित्र बुखार की चपेट में होने के कारण पीड़ित है। विकास सचान में पूरे मामले की जानकारी देते हुए कहा कि मौसम की करवट बदलने के कारण क्षेत्र में फैली गलियों की गंदगी की वजह से आम जनता इस समय वायरल फीवर टाइफाइड से पीड़ित हैं और ज्यादातर मरीज बसरेहर सामुदायिक अस्पताल केंद्र पर उपचार कराने के बजाय क्षेत्र में चल रही सैकड़ों झोलाछाप डॉक्टरों की दुकानों पर उपचार करा रहे हैं। जो पैसा आने के कारण उनको ऐसी दवाई दे रही हैं जिससे उनकी प्लेट्लेट्स कम हो रही हैं। जिस कारण मरीजों को वह लोग डेंगू का नाम लेकर रुपए रखने का कार्य करते हैं। ज्यादातर झोलाछाप डॉक्टरों को चेतावनी भी दी गई है लेकिन वह अपने स्तर से बाज नहीं आ रहे हैं। वहीं क्षेत्र में डेंगू की अफवाह फैलाने वाले झोलाछाप डॉक्टरों को चिन्हित किया गया है। और उन पर कार्रवाई करने की बात कही गई है वहीं क्षेत्र में वायरल फीवर और टाइफाइड के मरीजों की संख्या में काफी इजाफा है जो मरीज अस्पताल आ रहे हैं उनको उपचार दिया जा रहा है और क्षेत्र में फैल रही गंदगी के कारण लोगों के घर में बीमारियां पांव पसार रही हैं। उन्होंने कहा कि घर में वह आस.पास साफ सफाई रखें और स्वच्छता का वातावरण बनाए जिससे बीमारियां आप आपको छू ना सके उन्होंने यह भी कहा कि जिस गांव में अगर ऐसी बीमारियां फैल रही है तो तुरंत सीएससी पर संपर्क करें जिससे गांव में टीम को पहुंचा कर वहां पर सभी का उपचार किया जा सके।

### बिजली चोरों पर हुई कार्रवाई

**ताखा।** उपखंड अधिकारी विद्युत महेंद्र प्रसाद के निर्देशन में चलाए जा रहे विद्युत चोरी रोको अभियान के तहत बिजली विभाग की टीम को बड़ी सफलता हाथ लगीए टीम ने कई गांव में दौरा कर विद्युत चोरों को पकड़ा ।जिसमें विकास सिंह यादव पुत्र प्रमोद सिंह ग्राम कुरौली खेड़ा हेलू रामवीर पुत्र मोहर सिंह ग्राम खेड़ा हेलु मान सिंह पुत्र दर्शन सिंह ग्राम डुडहा तूफान सिंह पुत्र रामेश्वर दयाल मस नाई पप्पू पंडित पुत्र लज्जाराम मस नाई शिवरतन पुत्र रामगोपाल विजय बहादुर पुत्र श्री राम अवैध तरीके से मोनो पंप चलाते पकड़े गए इन पर कानूनी कार्रवाई की गई है और सहदेव पुत्र दशरथ सिंह पुरैला आटा चक्की को मीटर बायपास करके गलत तरीके से दूसरी केबल डालकर विद्युत चोरी करके आटा चक्की चला रहे थे।

# सपाइयों ने लगाया आरोप पुलिस कर रही है उत्पीड़न

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**दो-दो** मुकदमें लिखने के बाद भूमिगत चल रहे सपा जिलाध्यक्ष की तलाश में लगी पुलिस सपाईयों का उत्पीड़न करने का आरोप सपा के पूर्व जनप्रतिनिधियों नें लगाया है। डीएम से भेट कर वार्ता की और पुलिस का उत्पीड़न खत्म कराने की मांग की। दरअसल सपा जिलाध्यक्ष नदीम अहमद फारुखी पर दो मुकदमें दर्ज हो चुके है। एक में वह तीन दिन जेल में रहने के बाद जमानत पर बाहर आये थे। उसी दिन उन्होंने जनसभा में सीएम योगी और पुलिस को पानी पी-पी कर भला बुरा कहा। जिसके बाद पुलिस नें शमसाबाद के पूर्व चेयरमैंन विजय गुप्ता की तहरीर पर एक और मुकदमा दर्ज कर लिया। जिसके बाद सपा जिलाध्यक्ष भूमिगत परिवार सहित हो गये हैं। सपा जिलाध्यक्ष के भूमिगत होनें से पुलिस अभी तक आरोपी जिलाध्यक्ष को नही पकड़ पायी। लेकिन पुलिस उनकी तलाश में दबिशें मार रही है। जिसमे सपा नेताओं को भी पुलिस पूंछतांछ के लिए उठा रही है। जिससे सपाईयों में भय व्याप्त है। पुलिस की कार्यशैली से खफा सपा के पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह यादव, सतीश दीक्षित, पूर्व विधायक भोजपुर जमालुद्दीन सिद्दीकी, पूर्व कायमगंज विधायक अजीत कठेरिया, युवा सपा नेता सचिन सिंह यादव (लव) व पूर्व जिला महासचिव मंदीप यादव आदि जिलाधिकारी मिले। प्रतिनिधि मंडल नें डीएम से कहा कि जिला ध्यक्ष नदीम अहमद फारुकी के विरुद्ध मुकदमा में की जा रही पुलिस प्रशासन द्वारा की कार्यवाही तथा अज्ञात आरोपियों के नाम पर कार्यकर्ताओं से पुलिस द्वारा पूछताछ के नाम पर उत्पीड़न और दी जा रही दविशों से कार्यकर्ताओं में भय का माहौल व्याप्त है।

# खाद्य विभाग की छापेमारी

संवाददाता। कानपुर देहात



**दीपावली** त्यौहार को देखते हुये आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाने के लिये पुलिस, प्रशासन व खाद्य सुरक्षा व औषधि विभाग की टीमो ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर खाद्य पदार्थों के नमूने भरे। प्रभारी अभिहीत अधिकारी ने बताया कि दीपावली पर्व को देखते हुये रूटीन में छापेमारी की कार्यवाही निर्बाध रूप से चलती रहेगी।

भोगनीपुर में तहसीलदार में तहसीलदार रामशॅकर वर्मा के नेतृत्व में एफएसओ सुमॉशु सचान व सुधा कनौजिया द्वारा पुखरॉया के अनिल गुप्ता की दुकान से दूध बर्फी व मगदल के नमूने संग्रहीत कर जॉच के लिये भेजे गये। बडौली पुखरॉया में राजेश यादव की दुकान से पनीर व रिफाइण्ड तेल के नमूने भरे गये। रसूलाबाद तहसील में नायब तहसीलदार के साथ एफएसओ ने चन्द्रपाल व रवीकुमार की दुकान से खोये के नमूने संग्रहीत किये। सिकन्दरा में एसडीएम आरसी यादव के साथ खाद्य सुरक्षा अधिकारी धीरज कुमार दीक्षित ने सतगुरू ट्रेडर्स के सुरेन्द्रनाथ कटियार की दुकान से गुलाब जामुन मिक्स ब्राण्ड के नमूने जॉच के लिये भेजे। प्रभारी अभिहीत अधिकारी शैलेश दीक्षित ने बताया कि सोमवार के जनपद के विभिन्न स्थानों में छापेमारी कर 7 नमूने जॉच के लिये प्रयोगशाला भेजे गये। दीपावली पर्व तक खाद्य सुरक्षा व औषधि विभाग की कार्यवाही पुलिस तथा प्रशासन के सहयोग से निरन्तर जारी रहेगी।

# हजारों सीलिंग प्रपत्रों का रिकॉर्ड नहीं मीटर फीडिंग को भटक रहे उपभोक्ता

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**प्रदेश** सरकार के ऊर्जा मंत्री व शक्ति भवन के वरिष्ठ अधिकारी भले ही उपभोक्ताओं की समस्या दूर करने का बिगुल फूंक रहे हो लेकिन यहां तो मीटर लगाने वाले कर्मचारी ही विभाग के लिए समस्या बने हुए हैं। शहर व ग्रामीण क्षेत्र के हजारों उपभोक्ताओं के यहां कनेक्शन देकर मीटर लगाए गए हैं। कुछ स्थानों पर खराब मीटरों को बदलकर नए मीटर लगाए गए। मीटर लगाने वाले कर्मचारियों ने उपभोक्ताओं को अधूरा विवरण दर्ज कर सीलिग प्रमाणपत्र थमा दिए लेकिन उसके प्रपत्र मीटर विभाग में जमा नहीं किए। इससे उपभोक्ताओं के बिल नहीं बन पा रहे हैं और विभाग को लाखों रुपये राजस्व का नुकसान हो रहा है।ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में लगभग दो वर्ष पूर्व सौभाग्य योजना के तहत उपभोक्ताओं को कनेक्शन बांटे गए थे। कनेक्शन देने वाली संस्था के कर्मचारियों ने उपभोक्ताओं के यहां मीटर तो लगा दिएए लेकिन उनकी केबल खंभे से नहीं जोड़ीं। जिससे अधिकांश मीटर बंद पड़े हैं। कुछ मीटरों की केबल खंभे से जोड़ दी गईं, लेकिन मीटर लगाने का सीलिग प्रमाणपत्र विभाग में जमा नहीं किया। मीटर फीड न होने के चलते उपभोक्ताओं के रीडिग के अनुसार बिल नहीं बन रहे। मीटर फीड कराने के लिए उपभोक्ता अपने कागज लेकर कार्यालय जाते हैं तो अधिकारी व कर्मचारी रिकार्ड न होने की बात कहकर उन्हें टरका देते हैं। विभाग की ओर से एक संस्था को जिम्मेदारी सौंपकर खराब मीटरों को बदलवाया गया था। कर्मचारियों ने अधूरा विवरण दर्ज कर सीलिग प्रमाणपत्र उपभोक्ताओं को दे दिए।

# अन्तर्राज्यीय टप्पेबाज गैंग का भंडाफोड़, पांच गिरफ्तार

**उन्नाव।** शहर कोतवाली व स्वाटए सर्विलांस टीम के संयुक्त टीम ने सोमवार को करेंसी बदलने के नाम पर टप्पेबाजी करने वाले अन्तर्राज्यीय गैंग के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। शहर कोतवाल दिनेश चंद्र मिश्र ने बताया कि सदर चैकी प्रभारी शैलेन्द्र प्रताप सिंह व स्वाट टीम प्रभारी फिरोज खान ने सोमवार को विदेशी करेंसी को दिखाकर उसके एवज में भारतीय रुपयों को लेकर बदलने व अन्य हथकण्डों को अपनाकर टप्पेबाजी करने वाले अंतर्राज्यीय गैंग के सदस्य खैरूल पुत्र युनुस निवासी सिकन्दरा कैलाश रोड रघुवीर बिहार बाटरबक्श कालोनी आगराए अब्दुल जलील पुत्र अब्दुल हुसैन निवासी रघुवीर बिहार कालोनी लोहबन मथुराए सागर पुत्र गयासुद्दीन रानी गार्डने गीता कालोनी पुरानी दिल्लीए सुनील पुत्र रोजन निवासी बालीपार थाना बालीपार जिला कलकत्ता पश्चिम बंगालए अफरोजा पत्नी मासूम निवासी बालूगरा थाना बालूगरा जिला कलकत्ता पश्चिम बंगाल को गिरफ्तार किया है। आरोपितो ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह कई प्रकार की टप्पेबाजी की घटनाओं को अंजाम दे चुके है। पुलिस ने आरोपिता के पास से आधा दर्जन से अधिक मोबाइलए कई गड्डी नोट चिल्ड्रेन बैंकए मोहर आदि सामान बरामद किया है। कोतवाल ने बताया कि आरोपितो को कोर्ट में पेश किया गया है।

### जमीनी विवाद में नगर पालिका में तैनात टैक्स कलेक्टर के साथ मारपीट

**शुक्लागंज,** उन्नाव। नगर पालिका परिषद गंगाघाट में तैनात टैक्स कलेक्टर अब्दुल कादिर ने सोमवार को बताया कि उनके पास वार्ड नंबर 19 गोताखोर व वार्ड नंबर 13 मिश्रा कॉलोनी क्षेत्र के आसपास टैक्स वसूली की जिम्मेदारी है। उनका कहना है कि टैक्स वसूली के काम से वह गोताखोर मोहल्ले गए हुए थे। जहां वहीं के रहने वाले तकदीर हुसैन और शाहिद हुसैन ने उनकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी और घेर कर रोक लिया। उनके साथ गाली गलौज कर मारपीट की। किसी तरह वहां से भागकर उन्होंने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को सूचना दी और तहरीर देकर दोनों के खिलाफशिकायत की है। वहीं दूसरे पक्ष से इरफान ने भी गंगाघाट कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि मामला जमीनी विवाद का है। पालिका टैक्स कलेक्टर अब्दुल कादिर पर आरोप लगाते हुए तहरीर में बताया कि अब्दुल कादिर अपने पद का गलत इस्तेमाल कर उनकी पुस्तैनी जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। सोमवार को अब्दुल कादिर अपने साथियों के साथ आए और गाली गलौज करने लगेए विरोध करने पर मारपीट पर आमादा हो गए।

### युवक की मौत, हत्या की आंशका

**उन्नाव।** कानपुर श्यामनगर सी ब्लॉक निवासी कृष्ण कुमार शुक्ल एयरफोर्स से सेवानिवृत्त है। पिता कृष्ण कुमार के मुताबिकबयालीस वर्षीय बेटा संजय को कानपुर न्यू आजाद नगर सदबरी निवासी सुशील मिश्र पुत्र हरि दत्त लखनऊ में प्लॉट दिखाने के लिए घर से रविवार सुबह साढ़े दस बजे लिवा कर ले गया था। शाम पत्नी अनीता से फोन पर संजय ने कहा कि मैं घर आ रहा हूं। रास्ते में हूं। इसी बीच शहर के हुसैननगर मोहल्ला स्थित धर्म कांटे के पास जख्मी हालत में संजय पड़ा मिला। तब सहनवाज नाम के युवक ने पत्नी अनीता के मोबाइल पर फोन कर बताया कि जख्मी हालत में पड़े मिलने पर उसे जिल अस्पताल की इमर्जेंसी लाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। रात साढ़े दस बजे पत्नी व अन्य परिजन जिला अस्पताल की इमर्जेंसी पहुंचे।

### पुलिस ने किए चार जुंआरी गिरफ्तार

**उन्नाव।** शहर कोतवाली पुलिस ने सोमवार को चार जुआरियों को गिरफ्तार किया है। आरोपितो के पास से पुलिस ने 5020 रूपए बरामद किए है। मगरवारा चैकी प्रभारी अखिलेश यादव ने सोमवार को जल निगम की बिल्डिंग स्थित दरवारीखेड़ा मोड के पास से आशीष पुत्र गंगानरायन निवासी ग्राम सुल्तानखेड़ाए अनिल कुमार पुत्र मुरारीलाल अकरमपुरए अखिलेश कुमार पुत्र चन्द्रशेखर यादव ग्राम सुल्तानखेड़ाए सरवन पुत्र रामदुलारे निवासी अकरमपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने माल फड़ 4110 रुपए व जामा तलाशी से 910 रुपए बरामद किए है।

# फंदे से लटकता मिला विवाहिता का शव

**फर्रुखाबाद।** संदिग्ध हालत में विवाहिता की लाश फांसी पर झूलती मिली। पुलिस नें चार के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र के ग्राम बुढनामऊ निवासी 27 वर्षीय नीलू पत्नी हिमांशु का शव फांसी पर झूलता मिला। मामले की सूचना पर मृतका के पिता जगजीवन निवासी मनिकापुर कन्नौज परिजनों के साथ मौके पर आ गये। उन्होंने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। जिसमे आरोप लगाया कि बीते 16 अप्रैल 2019 को बेटी नीलू का विवाह हिमांशु के साथ किया था। ससुराल वाले दो लाख रूपये और बाइक की मांग को लेकर नीतू को प्रताड़ित कर रहे थे। उन्होंने हत्या कर शव फांसी पर लटका दिया।पुलिस नें तहरीर के आधार मृतका के पति हिमांशु, ससुर सर्वेश चन्द्र, देवर सुधांशु व सास मनोरमा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# डीएम ने मिशन शक्ति को लेकर जताई प्रतिबद्धता

संवाददाता। कानपुर देहात




**विकास** भवन में सोमवार को जिला एकीकरण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला पॅचायत अध्यक्ष, डीएम, सीडीओ, एएसपी सहित अन्य जनप्रतिनिधि व पत्रकार मौजूद रहें विकास भवन में जिला एकीकरण समिति की बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष राम सिंह यादव ने कहा कि एकीकरण समिति की बैठक करीब 2 साल बाद हो रही है जिसके तहत मीटिंग समय से की जाये। उन्होंने कहा कि एकीकरण समिति का उद्देश्य समाज के सभी वर्गो में परस्पर भाईचारा अधिक बढ़े, राष्ट्रीय एकता और अखण्डता में वृद्धि हो और समाज व देश का विकास हो तथा देश के महापुरूषों के सपने भी साकार हो। उन्होनें कहा कि एकीकरण का मतलब सामाजिक बुराईयों को रोके तथा समाज में व्याप्त अन्धविश्वास, पाखंड, अन्याय के खिलाफ आवाज बुलन्द करें तथा जो लोग गलत रास्ते में जा रहे हैं उन्हें रोकें। उन्होंने कहा कि मनुष्य का जीवन बडे भाग्य से मिलता है इसे समाज देशप्रेम में लगाकर देश को उन्नति की ओर ले चले। जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र ने कहा कि जनपद लोक सेवक व आमजन समाज के एक रथ के दो पहिये हैं ये ठीक चलेंगे तो समाज व देश प्रगति करेगा अत: लोकसेवक और जन में परस्पर सामंजस्य बने रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति का अभियान चल रहा है जिसमें लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि मिशन शक्ति अभियान में जुड़कर सहयोग करें। स्वतन्त्रता सेनानी एवं ऐसे व्यक्तियों जिन्होंने साम्प्रदायिक दंगो की रोकथाम तथा नियंत्रण हेतु अपने जान को खतरे मे डालकर दूसरे सम्प्रदाय के सदस्यों की जान बचाई हो तथा अन्तर्जातीय/अन्तर्धार्मिक विवाह प्रोत्साहन योजना के अंर्तगत पुरस्कृत किए गए नागरिकों को आमंत्रित कर सम्मानित करना ताकि समाज के अन्य वर्ग प्रेरणा लें, इसके अतिरिक्त स्थानीय परम्पराओ के अनुरूप लोकनृत्य, लोकगीत एवं कठपुतली नृत्य आदि को स्थानीय प्रतिष्ठितजन को सक्रिय करके जिले के विभिन्न भागों में राष्ट्रीय एकता पर कार्यक्रम विशेषरूप से जनपद के संवेदनशील इलाकों में आयोजित भी कराना है। उन्होने कहा कि राज्य एकीकरण परिषद द्वारा लिए गए निर्णयों का कार्यान्वयन सुनिश्चित करना कोविड-19 के चलते सभी लोग मास्क अवश्य लगाये तथा सोशल डिस्टेसिंग का पालन जरूर करें। मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय ने कहा कि यह बैठक करीब दो साल बाद हो रही है अगली बैठक में ज्यादा से ज्यादा लोगों को प्रतिभाग करने के लिए बुलाया जायेगा। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति अभियान का कार्यक्रम प्रथम चरण में जिलाधिकारी के निर्देशन में अच्छे तरीके से चलाया गया। जिसमें जनपद की महिलाओं, बालिकाओं को सम्मान व स्वावलम्बन के लिए आगे लाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 9 नवम्बर से पुष्टाहार खाद्य वितरण का कार्यक्रम प्रारंभ हो रहा है जिसमें आंनबाडी केन्द्रों से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा जनपद की गर्भवती महिलाओं, अतिकुपोषित, कुपोषित बच्चों आदि को घर-घर उपलब्ध करायी जायेगी जिसमें दान, चावल, गेंहू आदि सामग्री रहेगी। जिला एकीकरण समिति की बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार, रत्नमणि तिवारी आदि ने भी सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रमुख त्यौहारो एवं उत्सवो जैसे दीपावली, मकरसंक्रान्ती, ईद, बकरीद, क्रिसमस डे, होली, बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर आदि सामूहिक रूप से मनाने की व्यवस्था करना तथा इनसे जुड़े कार्यक्रम प्रभावी तरीके से हो।

# छापामार कर भरे सैंपल, मिष्ठान विक्रेताओं में हड़कंप

संवाददाता। कायमगंज फर्रुखाबाद

**चाहे** त्योहार दीपावली का हो या फिर होली अथवा कोई अन्य त्योहार मिलावट खोर मुनाफा कमाने की गरज से खाद्य पदार्थों में मिलावट खोरी करने से बाज नहीं आते । जबकि अन्य लोगों की तरह ही खाद्य पदार्थ विक्रेताओं को भी यह भलीभांति मालूम है कि खाद्य पदार्थों में अखाद्य वस्तुओं की मिलावट मानव जीवन पर बहुत ही गलत एवं जानलेवा प्रभाव डालती है फिर भी अपनी तिजोरी भरने के चक्कर में गलत धंधा करने वाले इस ओर सोचना तक उचित नहीं समझते । यही कारण है कि प्रशासन को मानव जीवन रक्षा के लिए खासकर त्योहारों पर छापेमारी अभियान चलाना पड़ता है ।इसी तरह की परिस्थिति के चलते आज उप जिलाधिकारी सुनील कुमार यादव के नेतृत्व में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेंद्र प्रताप सिंह एवं कायमगंज खाद्य सुरक्षा अधिकारी विजेंद्र सिंह वर्मा की टीम ने संयुक्त रूप से नगर में मिष्ठान विक्रेताओं की दुकानों पर छापा डाला।

**खबर का असर**

# बेतवा पर बना अवैध कच्चा पुल ढहाया

● **मंडलायुक्त के संज्ञान में आने के बाद हुई कार्रवाई**


अवैध कच्चे पर खोदी गयी खायी।

**कोटरा ( जालौन )।** कस्बा कोटरा से निकली बेतवा नदी पर कुछ कतिपय लोगों द्वारा अवैध वसूली की मंशा से रातों रात कच्चे पुल का निर्माण कर उससे भारी भरकम ओवरलोड वाहनों की निकासी करा रहे थे। जिसकी खबर समाचार पत्र में लगातार प्रकाशित होने के बाद जैसे ही मामला मंडलायुक्त के संज्ञान में पहुंचा तो उन्होंने गरौठा प्रशासन के अधिकारियों को अवैध कच्चा पुल ढहाये जाने के निर्देश दिये जिस पर जिम्मेदार अधिकारियों ने बीती शाम अमल करते हुये पुल की ओर जाने वाले रास्ते में गहरी खायी खोद दी। अचानक अधिकारियों की गाड़ियों को देखकर अवैध वसूली करने वाले कतिपय लोग भाग जाने में सफल रहे।

कुछ दिन पूर्व ही कोटरा नगर पंचायत द्वारा कच्चे पुल पारागमन का ठेका उठाने के लिये नीलामी बोली करवायी थी। उक्त प्रक्रिया अभी पूर्ण भी नहीं हो पायी थी कि कतिपय लोगों द्वारा कुछ मौरम माफियाओं से सांठगांठ कर रात के अंधेरे में जेसीबी मशीन लगाकर कच्चे पुल का अवैध तरीके से निर्माण कर लिया था इतना ही कतिपय लोगों द्वारा नदी की जलधारा को भी अवरुद्ध कर दिया था। जब मामले की जानकारी सदर एसडीएम उरई को मिली तो वह सीओ सदर संतोष कुमार के साथ कोटरा पहुंचे और अवैध पुल से वाहनों का संचालन कदापि न कराने की कड़ी चेतावनी दी थी। इसके बाद भी कतिपय लोगों द्वारा गिट्टी भरे ओवरलोड भारी भरकम वाहनों की निकासी अवैध कच्चे पुल से शुरू करायी तो उसकी बीडीओ सीओ सिटी के पहुंची तो उन्होंने कोटरा पुलिस को मौके पर भेजकर कतिपय लोगों को पुन: चेतावनी दिलवायी लेकिन इसके बाद भी कतिपय लोगों की टीम प्रशासन को बौना साबित करने पर उतारू होकर एक ओर जहां छोटे वाहनों से मनमर्जी से वसूली कर उनकी निकासी शुरू करा दी तो रात के अंधेरे में भारी वाहनों की निकासी कराने में जुट गये थे। इसके बाद जैसे ही उक्त मामला मंडलायुक्त झांसी मंडल झांसी के संज्ञान में पहुंचा तो उन्होंने गरौठा प्रशासन के अधिकारियों को तत्काल अवैध कच्चे पुल को ढहाने के निर्देश दिये और फिर बीती शाम गरौठा के अधिकारियों ने पहुंचकर कच्चे पुल की ओर आने वाले रास्ते में गहरी खायी जेसीबी मशीन से खुदवा दी। जैसे ही अवैध वसूली में संलिप्त कतिपय लोगों ने अधिकारियों की गाड़ियां आती देखी तो वह मौके से भाग जाने में सफल हो गये। जैसे ही उक्त कार्यवाही की जानकारी कस्बा कोटरा के अमन पसंद लोगों को मिली तो उन्होंने मंडलायुक्त की कार्यवाही को जायज ठहराते हुये तारीफ की।

# गौशाला के पास जंगल में लगी आग, बड़ा हादसा टला


जंगल में लगी आग बुझाते दमकल कर्मी।

**रामपुरा ( जालौन )।** आदर्श नगर पंचायत रामपुरा की निनावली रोड़ पर बनी सरकारी कान्हा गौशाला के पास जंगल में सोमवार को अचानक दोपहर में आग लग गई। आग को बढ़ता देख गौशाला के कर्मचारियों ने आग की सूचना चेयरमैन शैलेन्द्र सिंह को दी। सूचना पाकर चेयरमैन तत्काल कान्हा गौशाला पहुंचकर निजी संसाधनों से आग बुझाने के काम मे जुट गये। चेयरमैन के निर्देश पर कर्मचारियों द्वारा गौशाला के आसपास पानी का छिड़काव किया। जिससे आग गौशाला तक न पहुंचे। गौशाला में आग की सूचना पुलिस व दमकल को दी गई। थाना पुलिस मौके पर पहुँचे। गौशाला में रखे पानी के टैंकर व बोरिग से गौशाला की के पास की आग बुझा दी गई। जंगल के रास्ते भैरव जी मंदिर की ओर बढ़ रही आग को नगर पंचायत के कर्मचारियों द्वारा बुझाया गया। आग बुझने के बाद भी दमकल की गाड़ी घटना स्थल पर नहीं पहुंची। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका। समय रहते कर्मचारियों के सहयोग से बड़ा हादसा होते होते टल गया। कर्मचारियों को निर्देश भी दिया जा चुका हैं कि कर्वी व सूखा कूड़ा गौशाला के आसपास न फेंका जाये। गौशाला में रखे दोनों टैंकर को हमेशा पानी से भरा होना चाहिये। एक अतिरिक्त टैंकर व जनरेटर की व्यवस्था भी की गई हैं।

## क्विक न्यूज

### खाद्य सुरक्षा विभाग ने छापा मार कर सैम्पल भरे

**मौदहा (हमीरपुर)।** दिवाली के त्योहारों के चलते खाद्य विभाग ने दो मिष्ठान भंडार तथा दो किराना की दुकानों में छापा मार कर सैम्पिल भरे है। खाद्य विभाग ने शिकंजा कसते हुए नगर की दो मिठाई की दुकानें व किराना की दो दुकानों में छापा मार लिए जिसमें राम जी श्याम जी किराना स्टोर में मिल्क रस व गायत्री किराना स्टोर में काजू के नमूने लिए थे तथा राजन मिष्ठान भंडार व जय भवानी मिष्ठान भंडार से खोवा,पनीर व बर्फी के नमूने लिए गए दुकानों में केवल काजू बादाम के नमूने लिए है। मिलावटी सामान उनको दुकान में नहीं दिखा क्योंकि उस समय अधिकारियों ने अपनी आंखों में हरी पत्तियों का चश्मा लगा रखा था जिसके कारण उनको दुकानों का मिलावटी सामान नहीं दिखाई दिया जब जब त्यौहार का समय आता है तब उनको मिलावटी सामान की याद आती है जिससे उनका त्यौहार भी अच्छे से मन सके। खाद्य विभाग की छापामारी में राम अवतार सिंह यादव जिला अभीहितअधिकारी,मनोज जयसवाल, भैयालाल, गौरव कुमार , मौदहा नायब तहसीलदार दिवाकर मिश्रा पुलिस प्रशासन के साथ मौजूद रहे

### घायल बाइक सवार युवक ने तोड़ा दम

**राठ (हमीरपुर)।** जरिया थाने के करियारी गांव निवासी संतोष कुमार (55) पुत्र पारीक्षत बीते 23 अक्टूबर सरीला से गांव वापस बाइक से आ रहा था। तभी सरीला-करियारी गांव के बीच सामने से आ रही बाइक से सीधी भिड़ंत हो गई थी। इस हादसे में संतोष कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया था। परिजन इलाज के लिये सीएचसी ले गये थे। हालत गंभीर चिकित्सक ने मेडिकल कॉलिज झांसी रिफर कर दिया था। बीते तीन दिन पहले परिजन संतोष को घर ले आये थे। सोमवार की दोपहर करीब 2 बजे संतोष ने दम तोड़ दिया। मृतक के भाई हरीराम ने बताया कि उसके भाई के पास करीब 12 बीघा जमीन थी। खेती कर वह अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। मृतक अपने पीछे दो पुत्र छोड़ गया है। पति की मौत पर पत्नी गीतारानी का रो रोकर बुरा हाल है।

### करंट से युवती झुलसी

**राठ (हमीरपुर)।** नगर के मोहल्ला पठानपुरा में घरेलू काम करते समय शॉर्ट सर्किट से आए विद्युत करंट की चपेट में आकर अभिलाषा (20) पत्नी विक्रम घायल हो गई है। सीएचसी ले गये।

### दो ने खाया जहर

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के काजीपुरा की पुलिया निवासी कुलदीप सिंह (24) पुत्र घनश्याम व ग्राम धनोरी निवासी प्रीति (18) पुत्री रमेश चंद्र ने जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन इलाज के लिये सीएचसी ले गये। हालत गंभीर देख परिजनों ने जिला अस्पताल रिफर कर दिया।

### दस लाख की चरस सहित युवक गिरफ्तार

**जालौन (उरई)।** मादक पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने के लिए पुलिस अभियान चला रही है। सूचना पर पुलिस ने छापामारी कर 400 ग्राम चरस के साथ जा रहे युवक को पकड़ लिया है। बरामद हुए चरस की कीमत 10 लाख रुपए बतायी जा रही है। सोमवार की सुबह पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि उरई की ओर से एक युवक चरस लेकर आ रहा हैं। मुखबिर की सूचना पर पुलिस तत्परता दिखाई तथा उपनिरीक्षक रामनरेश अपनी टीम के साथ क्षेत्र पंचायत कार्यालय के पास उस व्यक्ति का इंतजार करने लगे। चौराहे पर आते ही पुलिस ने मीनू कुमार निवासी मालवीय नगर माधौगढ़ को पुलिस ने पकड़ लिया तथा उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान पुलिस को उसके थैला से प्लास्टिक के बैग में चरस बरामद हुई। जिसका वजन 400 निकला। जिसकी अंतर्रराष्ट्रीय बाजार में कीमत 10 लाख बताई जा रही है। कोतवाल रमेशचंद्र मिश्रा ने बताया कि आरोपित के खिलाफएनडीपीएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### दो बाइकों में जोरदार भिड़ंत, एक की मौत

**माधौगढ़ (जालौन)।** सोमवार को दो बाइक सवारों में जोरदार भिड़ंत होने से मोटर साइकिलों पर सवार लोग घायल हो गये जिसमें एक की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल के लिये रैफर किया गया जहां उसकी मौत हो गयी। जबकि घायलों को उपचार चल रहा है। मामला ऊमरी रोड गदराई का है जहां राजू पुत्र गोपी अमर सिंह पुत्र चतुर्भुज, ग्राम छोटी सिरावली अपनी मोटरसाइकिल से शाम को घर जा रहे थे तभी सामने से तेज रफ्तार बाइक सवार राजू पुत्र बुद्ध सिंह व मालती पत्नी बुद्ध सिंह नावली थाना रेंढर की जोरदार भिड़ंत हो गयी जिसमें बाइक सवार गंभीर रुप से घायल हो गये व राहगीरों की मदद से घायलों को माधौगढ़ स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया व डॉक्टरों द्वारा उपचार के दौरान राजू पुत्र गोपी की हालत गंभीर होने के चलते जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया जहां जिला अस्पताल में उपचार के दौरान डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया।

### कल भाजपा प्रत्याशी करेंगे नामांकन दाखिल

**उरई (जालौन)।** इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी डा. यज्ञदत्त शर्मा ने एक प्रेस विज्ञप्ति में अवगत कराया कि वह पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ 11 नवंबर को झांसी में अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। अब तक जो प्रत्याशी भाजपा का बताकर चुनाव प्रचार कर रहे थे उनका भ्रम भी टूट गया है। डा. शर्मा चार बार से लगातार अपनी जीत दर्ज कराते चले आ रहे हैं। अब वह पांचवीं बार नामांकन पत्र दाखिल कर एक नया रिकार्ड बनाने जा रहे हैं।

### पत्रकार को धमकाने के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी के कालूपुरपाही गांव के मजरा कछारपुरवा के पत्रकार संजय साहू ने पीवी मेगामार्ट शॉपिंग माल के मालिक कंचन सिंह के खिलाफगम्भीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सोमवार को पीड़ित पत्रकार संजय साहू ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि पीवी मेगामार्ट में उद्घाटन का कवरेज करने गया था। वहां कोरोना गाइडलाइन का जमकर उल्लंघन देखने को मिला। समाचार प्रकाशित करने पर पीवी मेगामार्ट के प्रबंधक कंचन सिंह ने फोन पर पत्रकारिता सिखा देने की धमकी दी। कहा कि उनका 14 वर्ष का अनुभव है। बड़े-बड़े समाचार पत्रों को जेब में रखते हैं। तुम्हारे खिलाफरिपोर्ट दर्ज करवाकर परेशान कर दूंगा। कंचन सिंह ने दबंगई से पैसों का रौब दिखाते हुए जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित पत्रकार ने कहा कि कंचन सिंह से उसे जान का खतरा है। वह पैसे वाला दबंग व्यक्ति है, कुछ भी करवा सकता है। जानमाल को क्षति पहुंचने पर पीवी मेगामार्ट के प्रबंधक कंचन सिंह जिम्मेदार होंगे। कोतवाल ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्जकर पीड़ित पत्रकार को कार्रवाई का भरोसा दिया है।

### न्यायालय के आदेश पर हत्या का मुकदमा

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** क्षेत्र के ग्राम महेशपुर निवासी सतीश पाल पुत्र जागेश्वर पाल द्वारा न्यायालय के आदेश पर स्थानीय कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 7 जून की शाम उसकी पत्नी सुधा पाल शौच क्रिया से वापस लौट रही थी। जैसे ही वह रामचंद्र की बगिया के निकट पहुंची गांव के प्रदीप, राजीव पुत्रगण कामता प्रसाद, बेलाना पत्नी कामता प्रसाद, विनीता पत्नी संजीव, राम भजन पुत्र जीवा लाल पड़ोसी जनपद हरदोई के थाना अरवल के ग्राम गोनीपुरवा निवासी सुनील पुत्र श्री कृष्ण आदि ने उसकी पत्नी से मारपीट की और गला दबाकर हत्या कर दी। घटना का रूप बदलने का प्रयास किया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई।

## आग से दुकान का लाखों का सामान जलकर राख

**मौदहा ( हमीरपुर )।** मौदहा कस्बे के छिमौली रोड स्थित परचून की दुकान में अज्ञात कारणों से लगी आग पीड़ित का हजारों रुपए का सामान व रखी नगदी जलकर राख हो गयी। मौदहा कस्बा निवासी विकलांग महिला सावित्री पत्नी राम अवतार कांशी राम कॉलोनी में छिमौली रोड पर रहती है स्थित तिराहे मडिब्बे में रखी परचून की दुकान जिसे पीड़िता ने नगरपालिका से प्राप्त हो रहे पटरी दुकानदारों की सहयोग राशि 10,000 प्राप्त कर आपने दुकान को बढ़ाया था आज जब पीड़िता रात 9रू00 बजे दुकान बंद कर अपने घर चली गई तभी मोहल्ले वालों की सूचना मिलीकि तुम्हारा डब्बा जल रहा है वह दौड़कर अपनी दुकान पर पहुंची तब तब तक सामान जलकर खाक हो गया था इससे दुकानदार का लाखों रुपये का नुकसान बताया जाताहै पीड़िता शारीरिक विकलांग होने के कारण परेशान और सदमे में है।

# हाईवे पर बसे मौदहा कस्बे की एक्यूआई 191 के पार

**प्राणवायु और ज्यादा खराब**

**हमीरपुर।** जिले में जो गांव कस्वे सड़क के किनारे स्थित है उन्हे सबसे ज्यादा प्रदूषित होने का खतरा बना हुआ है जिले का मौदहा कस्वा जो हाईवे किनारे स्थित है आज उसकी एअर क्वालटी इंडेक्स( एक्यूआई) 191 पार कर गयी है इसी प्रकार जिले की हमीरपुर तहसील की एक्यूआई बढ़कर 178 हो गयी है।

जिले में वायु, ध्वनि व जल प्रदूषण घटने के बजाय बढ़ता जा रहा है यहां पर वायु गुणवत्ता सूचनांक तेजी से बढ़ रहा है। डा. कुमार सत्यम ने बताया कि जो कस्वे व शहर हाईवे के किनारे स्थित होते है वहा के वाशिंदों को प्रदूषण का ज्यादा खतरा रहता है। यही कारण है कि मौदहा कस्वा हाईवे के किनारे स्थित होने के कारण यहां पर एअर क्वालिटी इंडेक्स बढ़कर 191 पहुच गयी है राठ कस्वे का एक्यूआई 171 व सरीला तहसील का एक्यूआई 173 तथा हमीरपुर तहसील का एक्यूआई 178 पहुच गया


डा.कुमार सत्यम

है। डा. सत्यम का कहना है कि क्षेत्र में वाहनों द्वारा फेके जाने वाला कच्चा धुआ व आसपास के उद्योग से निकलने वाला डस्ट भी जिले के प्रदूषण को प्रभावित करता है। यही कारण है कि मौदहा कस्वे में ज्यादातर लोग अस्थमा, दमा व सांस फूलने जैसे रोगो से प्रभावित रहते है यही नही आज सुवह हमीरपुर जिले का एअर क्वालिटी इंडेक्स अचानक बढ़कर 202 पहुच गया था इससे मार्निंग वाक करने वाले बुजुर्गों को सांस लेने में ज्यादा दिक्कत होती है। हालाकि धूप निकलने के बाद यह सूचकांक घटकर 178 आ गया था जिससे लोगों को काफी राहत मिली है। डा. सत्यम ने दावा किया है कि यदि जिले में प्रदूषण इसी प्रकार बढता रहा तो हार्ट वाले मरीजो को काफी दिक्कत का सामना करना पडेगा। ऐसे प्रदूषण में कोरोना तेजी से बढ़ता है। और ज्यादा से ज्यादा लोग चपेट में आ जाते है। जिला अस्पताल के डाक्टरों का दावा है कि जिला अस्पताल में रोजाना दमा खासी अस्थमा सास के मरीजो की सख्या बढ़ती जा रही है। इसके लिये जल प्रदूषण फैलता जा रहा है।

### प्रदूषण से बचने के लिये एअर प्यूरीफाइंग प्लांटस लगाना बेहद जरुरी- सुशील कुमार

**हमीरपुर।** पर्यावरण विद सुशील कुमार दिवेदी का दावा है कि इनडोर प्रदूषण का बुन्देलखंडमें तेजी से बढ़ता जा रहा है। बुन्देलखंड में ज्यादातर आवास बंद होते है जिससे कई बीमारियो को जन्म देती है। पर्यावरण विद का कहना है कि इसके लिये लोगों को एअर प्यूरीफाइंग प्लांटस लगाने चाहिये जिससे ये पौधे जहरीली गैसों को सोखने का काम करते है। ये 21 पौधे ऐसे है जो किसी भी नर्सरी में मिल सकते है। हालाकि एनजीटी ने साफकहा है कि जहा पर एक्यूआई दो सौ है वहा पर पारम्परिक पटाखा न फोड कर ग्रीन पटाखा ही फोडेजाये। ताकि प्रदूषण से बचा जा सके। उनका दावा है कि बुन्देलखंड में एक्यूआई कम से कम 250 से ज्यादा जायेगा जिससे लोगो के सेहत के सामने और भी समस्या आयेगी। सड़को के किनारे जो कूड़ा करकट जलाया जाताहै वह बहुत ही नुकसान देह है।


विज्ञान संचारक वैज्ञानिक डा. सुशील दिवेदी

## सरकारी जमीन पर अवैध बाइक स्टैंड का जल्द हटेगा कब्जाः ईओ

**जालौन ( उरई )।** कांजी की खाली पड़ी जमीन पर अवैध रूप से साईकिल व मोटर साइकिल स्टैंड खुल गया है। जिला पंचायत की जगह पर पहले अवैध रूप स्टैंड खोल दिया गया तथा बाद में कब्जा करने के इरादे पर उस पर टेंट लगा दिया गया। सरकारी कीमती जमीन पर हो रहे कब्जे की शिकायत लोगों ने जिलाधिकारी के साथ उच्च अधिकारियों को भेजकर अवैध कब्जा हटवाने की मांग की है। नगर के मुख्य बाजार भारतीय स्टेट बैंक के सामने सरकारी कीमती जमीन पड़ी है। खाली पड़ी सरकारी कीमती जमीन को देखकर लोगों की नियत खराब होने लगी। पहले नगर पालिका के ठेकेदार ने जिला पंचायत की जगह पर साईकिल, बाइक का स्टैंड खोल दिया। नगर पालिका द्वारा खोले गए साईकिल स्टैंड पर अवैध वसूली शुरू हो गयी। अवैध बसूली को लेकर सिर फुट्उल हो गया जिसके बाद कुछ दिन ठेका बंद कर दिया गया।

# टिकरी गांव में डस्ट का प्रयोग कर शासनादेश की उड़ायी जा रही हैं धज्जियां

**मौदहा( हमीरपुर )।** क्षेत्र के टिकरी गांव में खुलेआम नाला निर्माण कार्य में मौरंग की जगह प्रतिबंधित डस्ट का प्रयोग कर ग्रामीणों के साथ छलावा किया जा रहा है। डीएम के सख्त आदेश है कि किसी भी निर्माण कार्य में डस्ट का प्रयोग नही किया जायेगा मगर गांव के नाला निर्माण में डस्ट का प्रयोग कर आदेश की धज्जिया उड़ायी जा रही है। डीएम ने आदेश दिये थे कि विकास कार्य में डस्ट का प्रयोग न करे यदि कोई भी विकास कार्य डस्ट से हो रहा होगा तो संम्बन्धित अधिकारी पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। लेकिन इतने सख्त चेतावनी जारी होने के बावजूद भी ग्राम सचिव और प्रधान विकास कार्यों में डस्ट का प्रयोग मनमानी तरीके से कर रहे हैं। डस्ट का प्रयोग कर नाला निर्माण करने की जानकारी सचिव को भी है लेकिन सचिव ने प्रधान को एक बार भी डस्ट का प्रयोग न करने के लिए मना नहीं किया ।इससे साफतौर पर जाहिर होता है कि सचिव और प्रधान की मिलीभगत से गांव के विकास कार्य को पलीता लगाया जा रहा है, एवं जिलाधिकारी के आदेशों को किनारे मे रखकर मनमानी तरीके से विकास का महज दिखावा कर अपनी अपनी जेबों को भरा जा रहा है।



विकासखंड के अधिकांश गांव में विकास कार्य के नाम पर सिर्फ खानापूरी की जा रही है। यह निर्माण कार्य कभी भी धराशायी हो सकता है। मगर उच्चाधिकारियो के कानों में जू नही रेग रही है ।मजे की बात तो यह है कि इस मामले में किसी जनप्रतिनिधि को भी कोई जानकारी नही दी जातीहै ।डस्ट का प्रयोग किए जाने पर खंड विकास अधिकारी रत्नेश कुमार को अवगत कराया गया तो उन्होंने कहा कि सभी ग्राम पंचायतें विकास कार्य करा रही हैं यदि विकास कार्य में डस्ट का प्रयोग करवाया जा रहा है तो जांच करवा कर संबंधितों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# अवैध लिफ्टर मशीन के साथ ग्यारह सप्लायर गिरफ्तार

● **मौके से 17 इंजन, एक तमंचा सहित दो जिंदा कारतूस बरामद** ● **नदी की जलधारा से मौरम खींचने का करती है काम**

**उरई ( जालौन )।** सोमवार को कोतवाली पुलिस व एसओजी, सर्विलांस टीम द्वारा अवैध तरीके से नाव पर लिफ्टर मशीन तैयार कर उसकी सप्लाई करने वाले 11 लोगों को गिरफ्तार कर लिया साथ ही मौके से एक तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद किये। बताया जाता है कि पकड़े गये सभी लोग लंबे समय से मौरम घाटों का संचालन करने वाले लोगों की डिमांड पर इसी तरह से अवैध लिफ्टर मशीन तैयार कर उसकी बिक्री लगभग चार लाख रुपये में करते थे।

पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह ने पुलिस लाइन में खुलासा करते हुये कहा कि लंबे समय से राठ रोड उरई में अवैध तरीके से नाव पर लिफ्टर मशीनें तैयार करने में जुटे लोगों के बारे में जानकारी मिल रही थी जब कोतवाली पुलिस, एसओजी व सर्विलांस टीम ने सोमवार को छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया तो मौके से एक नाव पर तैयार लिफ्टर मशीन तैयार हालत में मिली जो नदियों से अवैध तरीके से मौरम खनन में करने में प्रयुक्त होती है बरामद की गयी। इसके साथ ही पुलिस ने जितेंद्र पुत्र मातादीन निवासी एट, राममिलन पुत्र रामसजीवन, अमित पुत्र चंद्रशेखर निवासीगण बरराहा कोतवाली हमीरपुर, तौसीफ पुत्र तौफीक अहमद निवासी बुधौलियाना निवासी राठ, शेर सिंह पुत्र गोरे सिंह नुनिया निवासी छत्तासिंह का पुरवा सचेण्डी कानपुर नगर, नरेंद्र सिंह पुत्र हुक्कुम सिंह निवासी उत्तरसिंह का पुरवा कानपुर नगर, मो. गुलजार पुत्र मो. इशाक निवासी आजाद नगर कोतवाली उरई, मुनना बिन्द पुत्र गोपाल बिंद निवासी राजपुर जनपद बलिया, सत्येंद्र सिंह पुत्र मटरू विासी फत्युल्लापुर जनपद गाजीपुर, मनोज शर्मा पुत्र कन्हैयालाल निवासी बक्शपुर जनपद गाजीपुर व इफ्तखार अहमद पुत्र मुश्ताक अहमद निवासी ग्राम प्रतापपुरा गोपालगंज बिहार को गिरफ्तार कर लिया साथ ही मौके से एक तमंचा व दो जिंदा कारतूस, 17 ट्रक के इंजन अशोका लीलेण्ड कंपनी व एक लिफ्टर मशीन को बरामद किया। खुलासे के दौरान एसपी ने बताया कि पकड़े गये सभी लोगों के विरुद्ध उरई कोतवाली में मुकदमा अपराध संख्या 835/20 धारा 41, 411, 413, 414, 420 भादवि व दूसरा मुकदमा आर्म्स एक्ट में दर्ज किया गया। पकड़े गये लोगों से पूंछतांछ के दौरान उन्होंने बताया कि वह लिफ्टर मशीन (नाव) को बुंदेलखंड के जनपदों के साथ ही समीपवर्ती राज्यों में सप्लाई की जाती है। एक लिफ्टर की कीमत व चार लाख रुपये लेते है। यह मशीन नदी की जलधारा से मौरम निकालने के काम में उपयोग की जाती है।

फोटो परिचय---

# अब हनुमान धारा के दर्शन होंगे सुगम, रोपवे शुरू

● **चित्रकूट के पर्यटन विकास को संकल्पित है भाजपा सरकारः गणेश सिंह**

संवाददाता। चित्रकूट


रोपवे का शुभारंभ करते सतना सांसद गणेश सिंह।

**धार्मिक एवं आध्यात्मिक** ऊर्जा से अभिसिंचित विंध्य पर्वत श्रृंखला के मध्य स्थित सृष्टि के अनादि तीर्थ चित्रकूट के सुप्रसिद्ध स्थल 'हनुमान धारा' का विशेष महत्व है। रावण की सोने की लंका का दहन करने के बाद अग्नि की तपन से बेचैन रामभक्त हनुमान को चित्रकूट की इसी पावन धारा से शांति मिली थी। तभी से इस पवित्र स्थल को हनुमान धारा के नाम से पूरी दुनिया में जाना जाता है। सोमवार को रोपवे का शुभारंभ होने से देश भर से आने वाले लाखो श्रद्धालुओ को अब हनुमान धारा के दर्शन कर पाना सुगम हो जायेगा।

धर्म नगरी चित्रकूट की महिमा का बखान करते हुए कामदगिरि प्रमुख द्वार के महंत मदन गोपाल दास महाराज बताते है कि सृष्टि के अनादि तीर्थ के रूप में समूचे विश्व में विख्यात धर्म नगरी चित्रकूट की महिमा का गुणगान स्वयं संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जी ने रामचरित मानस में किया है। ''चित्रकूट निश दिन बसत प्रभु सिय लखन समेत।'' चौपाई के माध्यम से गोस्वामी तुलसीदास जी ने बताया है कि चित्रकूट ही एक मात्र ऐसा पावन धाम है जहां पर प्रभु श्रीराम लखन और सीता के साथ नित्य निवास करते है।इसी पावन धाम पर निकली जलधार से रावण की सोने की लंका का दहन करने वाले प्रभु श्रीराम के भक्त हनुमान के शरीर की तपन शांत हुई थी। देश भर में हनुमान धारा के नाम से विख्यात इस पावन धाम के दर्शन के लिए कोरोना लाकडाउन से पहले प्रतिमाह लाखों श्रद्धालुओं का जमावडा लगता है। वहीँ चित्रकूट आने वाले लाखों तीर्थ यात्रियों का अब सुप्रसिद्ध तीर्थ हनुमान धारा के दर्शन सुलभ हो जायेगे। कोलकाता की दामोदर रोपवे कम्पनी द्वारा दो वर्षो की कड़ी मशक्कत के बाद बन कर तैयार किये गये रोपवे का सोमवार को सतना (मध्य प्रदेश ) के सांसद गणेश सिंह द्वारा पुरे विधि -विधान से पूजन अर्चन के बाद लोकार्पण किया गया। इस मौके पर सांसद श्री सिंह ने कहा कि चित्रकूट विश्व के प्रमुख तीर्थो में से एक है। केंद्र और यूपी -एमपी की सरकार धर्म नगरी के चहुमुखी विकास के प्रति संकल्पित है। उन्होंने बताया कि जल्द ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से दो प्रदेशो में बटे चित्रकूट को केंद्र सरकार के आधीन करके समग्र विकास करने की मांग की जायेगी। उन्होंने कहा कि रोपवे बनने से हनुमान धारा दर्शन के लिए आने वाले तीर्थ यात्रियों और पर्यटकों को खासी राहत मिलेगी।

वही दामोदर रोपवे कम्पनी कोलकाता के वाइस प्रेसिडेंट श्रवण कुमार अग्रवाल ने बताया कि हनुमान धारा चित्रकूट का प्रमुख तीर्थ एवं पर्यटक स्थल है। उन्होंने बताया कि अभी तक हनुमान धारा के दर्शन के लिए 618 सीढ़िया चढ़नी पड़ती थी। जबकि 13 करोड़ लागत से रोपवे बनने के बाद हर घंटे 500 यात्री दर्शन कर सकेंगे। बताया कि रोपवे की लम्बाई 302 मीटर है। इस मौके पर सतना डीएम अजय कठसेरिया,पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार, वरिष्ठ भाजपा नेता ओमप्रकाश शर्मा,पंकज अग्रवाल आदि दर्जनों भाजपाई मौजूद रहे।

## कोरोना योद्धा बने कोतवाल दरोगा हुए सम्मानित

**चित्रकूट।** कोरोना महामारी से निपटने व आम जनता को जागरूक करने वाले कोरोना योद्धाओं को श्रीराम लीला सामाज धुस मैदान कर्वी ने सम्मानित किया। सभी दरोगाओं व कोतवाल को प्रशस्ति पत्र व शाल देकर सम्मानित किया। चौकी प्रभारी शिशिर कुमार को भावभीवी विदाई दी। सोमवार को श्री राम लीला सामाज कर्वी के प्रबंधक श्याम गुप्ता व भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने शहर कोतवाल अरुण कुमार पाठक, दरोगा शेषनाथ यादव, शिवकुमार यादव, आनन्द कुमार मिश्र, प्रवीण सिंह, अजय यादव, अमित चौहान, अरविन्द मौर्या, दिनेश सिंह, वारिजालाल, पुष्पराज सिंह, हरि सिंह, शिवपूजन यादव, दीपक श्रीवास्तव, सिपाही अरुण यादव, नन्हू यादव, सर्वेश मौर्या, विपिन यादव व अनिल को प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया। बतौर मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने कहा कि कोरोना महामारी से निपटने व जनता को जागरूक करने वाले योद्धाओं को सम्मानित किया गया है।

# पुलिस का चेकिंग अभियान

● **कस्बा चौकी प्रभारी ने पैदल भ्रमण कर लोगों को मास्क पहननें के लिये प्रेरित किया**

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** कस्बा चौकी प्रभारी ने दीपावली त्योहार से पूर्व पुलिस बल के साथ पैदल नगर भ्रमण कर संदिग्ध व्यक्ति, वाहन व मास्क चेकिंग अभियान चलाया। जिससे बिना मास्क लगाए लोगों व बाइक चालकों में हड़कंप मच गया। इस दौरान कस्बा चौकी प्रभारी प्रेम सिंह राजपूत ने कहा कि अराजकतत्वों को किसी भी कीमत पर वख्शा नहीं जाएगा।

सोमवार को कस्बा चौकी प्रभारी प्रेम सिंह राजपूत ने पुलिस बल के साथ नगर के जीटी रोड, तिर्वा रोड, रेलवे रोड, चकोर गली, सब्जी मंडी, चावल मंडी आदि स्थानों पर बिना मास्क लगाए घूम रहे लोगों को कड़ी हिदायत देते हुए मास्क पहनने के लिए प्रेरित किया। वही संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों को रोककर पूछताछ की। पुलिस द्वारा सक्रियता से चलाए जा रहे अभियान को देख कर दो पहिया वाहन चालकों व अराजकतत्वों में हड़कंप मच गया। दो पहिया वाहन चालक वाहनों को गलियों में दौड़ते नजर आए। कस्बा चौकी प्रभारी प्रेम सिंह राजपूत ने कहा कि नगर में गैर कानूनी कार्य करने वाले लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस अवसर पर उनके साथ अभय कुमार, संदीप कुमार सहित तमाम पुलिस बल मौजूद रहा।


पैदल मार्च करते कस्बा प्रभारी प्रेम सिंह राजपूत।

## यूपी में 2022 में बनायेंगे सपा की सरकारः पटेल

**चित्रकूट।** मिर्जापुर के पूर्व सांसद बालकुमार पटेल ने पुत्र/पूर्व विधायक रामसिंह पटेल के साथ कांग्रेस पार्टी छोड़कर समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सपा सुप्रीमों अखिलेश यादव ने पार्टी मुख्यालय लखनऊ में दोनों की घर वापसी कराई। पूर्व सांसद बालकुमार पटेल ने पहला चुनाव वर्ष 2002 में बसपा के टिकट पर करछना इलाहाबाद विधानसभा से चुनाव लड़े थे और पराजय हुई। वर्ष 2007 में उन्होंने सपा का दामन थामा। प्रतापगढ़ की पट्टी विधानसभा से भाग्य आजमाया, यहां भी उनकी पराजय हुई। वर्ष 2009 में समाजवादी पार्टी ने उन्हें मिर्जापुर से लोकसभा चुनाव लड़ाया और बालकुमार पटेल सांसद बन गए। वर्ष 2014 में श्री पटेल ने पैतृक लोकसभा सीट बांदा की ओर रुख किया। चुनाव लड़े लेकिन विजय नहीं मिली। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा-बसपा गठबंधन से लोकसभा टिकट न मिलने पर बालकुमार पटेल ने सपा से नाता तोड़ कांग्रेस का हाथ थाम लिया। कांग्रेस के टिकट पर वह बांदा लोकसभा सीट से चुनाव भी लड़े लेकिन पराजित हुए।

# डीएम ने अमहट धान क्रय केन्द्र का लिया जायजा



संवाददाता। सुलतानपुर

**विपणन** शाखा कृषि मण्डी समिति क्रय केन्द्र अमहट का जिलाधिकारी ने आकास्मिक निरीक्षण कर धान क्रय की जानकारी ली। क्षेत्रीय विपणन अधिकारी प्रवीन सिंह से ली और निर्देशित किया कि निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति हेतु तेजी लायी जाय। उन्होंने केन्द्र प्रभारी से धान क्रय सम्बन्धी अभिलेखों का भी निरीक्षण कर सत्यापन किया।

जिलाधिकारी श्री गुप्ता ने अपने निरीक्षण के दौरान पाया कि विपणन शाखा मण्डी समिति धान क्रय केन्द्र पर 08 नवम्बर, 2020 तक 76 किसानों से 3209 कुन्तल 20 कि0ग्रा0 की खरीद हो चुकी है। उन्होंने अपने फोन से क्रास चेकिंग, सत्यापन के लिये वार्ता दीपक पुत्र अमर बहादुर सिंह, ग्राम भादा सुलतानपुर करते हुए पाया कि उनके द्वारा 39.60 कुन्तल धान बेचा गया था, जिसका भुगतान उन्हें हो चुका है। जिलाधिकारी द्वारा क्षेत्रीय विपणन अधिकारी श्री सिंह को निर्देशित किया गया कि सेन्टर पर जनरेटर की व्यवस्था सुनिश्चित करें, ताकि विद्युत बाधित होने पर धान क्रय में व्यवधान न हो। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि निर्धारित लक्ष्य 51 हजार कुन्तल की पूर्ति किये जाने हेतु धान क्रम में तेजी लायी जाय।

# दीपावली पर मिट्टी के दीयों व खिलौनों से गुलजार हुए बाजार



संवाददाता। सुलतानपुर

**दीपावली** को लेकर पूरा बाजार मिट्टी के दीयों व खिलौनों से पटा पड़ा है। दीपावली की रात घर-आंगन को रोशन करने के लिए आकर्षक डिजाइन के दीयों की बिक्री हो रही है। नए डिजाइन के खिलौने व स्वदेशी सामान की खूब बिक्री हो रही है। रविवार को भी नगर के बाजार गुलजार रहे। अवकाश होने के चलते बच्चों ने अपने मनमुताबिक खिलौनों की खरीदारी की। पर्व को लेकर कुंभकारों में उत्साहित है। उन्हें उम्मीद है कि लॉकडाउन की अवधि में जो नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई दीपावली में हो जाएगी। नगर के प्रमुख बाजार के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में इस पेशे से जुड़े परिवार दीये के साथ ही मिट्टी का खिलौना सहित अन्य पूजा-पाठ से संबंधित सामान बना रहे हैं। डाकखाना रोड पर खिलौने की दुकान लगाए रामेश्वर ने बताया कि उनका परिवार कई महीनों से खिलौने व दीये बना रहा है। दुकानदारी अच्छी हो रही है। शाहगंज चौराहे पर दुकान सजाए रमेश व मातादीन कई वर्ष से यह धंधा कर रहे हैं। वह कहते हैं कि इस बार लोग चीन के सामानों को छोड़कर मिट्टी की बनी सामग्री ज्यादा पसंद कर रहे हैं। जिससे दीपावली अच्छी होने की उम्मीद है। दीपावली में मिट्टी के खिलौनों का खास महत्व है। खिलौनों से घरौंदे को सजाने की परंपरा है। मान्यता है कि इससे घर हमेशा खुशियों से भरा रहता है और घर में अन्न, धन की कमी कभी नहीं होती है।

## क्विक न्यूज

### खीरो में युवक मिला कोरोना संक्रमित

**खीरों, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के कस्बा खीरों में एक युवक सोमवार को कोरोना संक्रमित पाया गया है। जानकारी के अनुसार उन्नाव जिले के सुमेरपुर का निवासी युवक कस्बा खीरों के शास्त्रीनगर में एक ऑटो गैराज में काम करता है। सोमवार को उसकी तबियत खराब होने के कारण वह सीएचसी खीरों इलाज के लिए गया था। वहां कोरोना संक्रमण की जाँच में पॉजिटिव पाया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने उसे एम्बुलेंस से एल-2 हॉस्पिटल इलाज के लिए भेज दिया गया। इसके बाद सीएचसी खीरों के आइसोलेशन प्रभारी डॉक्टर फारूकी ने फार्मासिस्ट विजय और लैब टेक्नीशियन अंकित की टीम के साथ बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा पहुँचकर 50 ग्राहकों की कोरोना संक्रमण की जाँच की। सीएचसी प्रभारी डॉ भावेश सिंह ने बताया कि संक्रमित युवक को एल-2 हॉस्पिटल इलाज के लिए भेज दिया गया है।

### एनटीपीसी के दो दैनिक मजदूर निकला कोरोना पॉजिटिव

**ऊंचाहार।** सोमवार के दिन ऊंचाहार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मे कोरोना की जांच के दौरान दो लोगों की रिपोर्ट कोरोना पाजटिव आई है जिसमे से दोनो मरीज एनटीपीसी में दैनिक मजदूर है।जिसमे ऊंचाहार कोतवाली के गांव जमुनापुर का एक तो दूसरा गांव गुड़ियागोपालपुर का रहने वाला है।सीएचसी अधीक्षक ने बताया कि कुल 110 लोगों का जांच हुआ जिसमे दो एनटीपीसी के दैनिक मजदूर कोरोना पाजटिव आए है।जिनको कोविड-19 अस्पताल मे भर्ती किया जाएगा और उनके परिवार के सदस्यो की जानकारी लेकर उनका भी कोविड-19 की जांच होगी।

### प्रवासी मजदूरों को बांटा रेल किराया

**लालगंज,रायबरेली।** सांसद श्रीमती सोनिया गांधी के निर्देश पर लाकडाउन के दौरान घर आए श्रमिकों को रेलकिराया का भुगतान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पंकज तिवारी ने किया। जिला कांग्रेस कमेटी महासचिव महेश प्रसाद शर्मा ने बताया कि लालगंज ब्लाक के पूर्व में प्रेषित सूची के अनुसार 70 प्रतिशत लोगों को आज किराए का भुगतान किया गया है। जिन्हें लगभग 65 लोगों में 48500 रूपये प्रदान किए गए हैं। इस मौके पर उत्तर प्रदेश ग्राम प्रधान संघ के उपाध्यक्ष रवींद्र सिंह, कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री राजकुमार दीक्षित, जिला सचिव चंद्र प्रकाश वाजपेई, जिला सचिव आरके सिंह,दीपेंद्र गुप्ता, घनश्याम शुक्ल, कामता प्रसाद गौढ़, राजकुमार द्विवेदी, राधेश्याम सिंह, संजय सिंह, धनीराम पासवान, रूकसार आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### बृद्धावस्था पेंशन से असहाय बृद्धजन हो रहे हैं लाभान्वित

**श्रावस्ती।** वृद्धजन परिवार के मुखिया होने के साथ.साथ पारिवारिक आर्थिक प्रगति के सलाहकार एवं अगली पीढ़ी के प्रेरणास्रोत भी होते हैं। वृद्धो का समाज में सम्मान और स्वाभिमान बना रहे इसीलिए जरूरी है कि वे आत्मनिर्भर बने रहे। आज समाज में यह देखने को मिल रहा है कि गरीबी के कारण कई वृद्धों की स्थिति अच्छी नहीं है। उनके आश्रित स्वयं गरीबी में जीने के कारण उनकी अच्छी तरह देखभाल नहीं कर पाते। समाज में अधिकांश वृद्ध असहाय निराश्रित और गरीब होते हैं। जिलाधिकारी टी0 के0 शिबु ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने गरीबी रेखा के नीचे जीने वाले असहायए निराश्रित 60 वर्ष से ऊपर के वृद्धजनों को 500 रुपये प्रतिमाह की दर से पेंशन देकर उन्हें आत्मनिर्भर बना रही है ताकि वे अपना गुजारा अच्छे से कर सके। क्यों कि आय का कोई साधन न होने से बहुत से वृद्धजनों की स्थिती दयनीय है। प्रदेश सरकार वृद्धों की सहायता के लिए वृद्धावस्था पेंशन योजना चलाकर उन्हें लाभान्वित कर रही है। इस योजना से लाभान्वित होने के लिए 60 वर्ष से अधिक उम्र के गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करने वाले उ0 प्र0 के मूल निवासी पात्र है।

### शिक्षक-शिक्षिकाओं में वितरित की सेवा पुस्तिका

**करनैलगंज ( गोंडा )।** करनैलगंज ब्लॉक में नवनियुक्त करीब एक दर्जन शिक्षक-शिक्षिकाओं को उनकी सेवा पुस्तिका बनाकर वितरित की गई। ब्लॉक संसाधन केंद्र में सोमवार को खंड शिक्षा अधिकारी आरपी सिंह ने नवनियुक्त एक दर्जन शिक्षकों को उनके सेवा पुस्तिका एवं आवश्यक अभिलेख मुहैया कराते हुए उन्हें सुचारू रूप से शिक्षण कार्य में योगदान करने की नसीहत दी। केंद्रीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार सिंह, मोहम्मद सलमान, अमरेश बहादुर आदि ने शिक्षकों को शिक्षण कार्य में रुचि लेने एवं शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कहा। इस मौके पर सिंपी सिंह, शिखा कनौजिया, रजनी यादव, संगीता देवी, निशा सोनी, रूपाली गुप्ता, पटनेश्वरी प्रसाद शर्मा, जयकुमार, रामजन्म वर्मा, अनुपम पांडेय, आशुतोष दुबे, सुधीर श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

### क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन

**करनैलगंज ( गोंडा )।** ग्राम छतौरा में चल रहे नौ दिवसीय एकता क्रिकेट टूर्नामेंट का सोमवार को समापन हुआ। फाइनल मैच में जरवल रोड और खिन्दूरी के मध्य मैच हुआ। जिसमें खिन्दूरी की टीम 22 रनों से विजयी रही। विजयी टीम को मुन्ना यादव क्रिकेट के चेयरमैन और शफील सलमानी, सलमान, नान बाबू ने मिलकर 11 हजार रुपए का इनाम दिया और शील्ड प्रदान किया। इस दौरान कफील सलमानी, गुड्डू नेता प्रधान किशोरी लाल, नफीस अहमद, सोनू मौर्या, राजकरण मौर्य, मुजीब सलमानी, अमित मौर्या, पिंटू यादव, सूर्या आदि मौजूद रहे।

### महंगे दामों में दुकानदार बेच रहे डीएपी

**बल्दीराय, सुलतानपुर।** रबी की बुआई आते ही दुकानदार किसानों से मनमाफिक वसूली करने से बाज नही आ रहे हैं। बल्दीराय तहसील क्षेत्र में सहकारी समितियों व इफ्को की एजेंसी लेने वाले दुकानदार डीएपी, यूरिया, पोटास आदि उर्वरक का दाम बोरी पर छपे मूल्य से ज्यादा वसूल रहे हैं। भवानीगढ़, बहुरांवा देहली, हरौरा, धनपतगंज, बटपरवा, शंकरगढ़ आदि बाजारों में खाद की दुकानों पर यह धंधा बेरोकटोक चल रहा है। शिकायत के बावजूद अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। क्षेत्र के समर बहादुर सिंह ने बताया कि बहुरावां बाजार में सहकारी समिति हो या निजी दुकान डीएपी 1180 से लेकर 1200 रुपये तक बेची जा रही है। बाबा अरुण देव ने बताया कि शंकरगढ़ में दुकानदार 1170 से 1230 रुपये तक खाद बेच रहे हैं। जबकि डीएपी के 50 किग्रा की बोरी पर मूल्य 1150 और यूरिया 45 किग्रा के पैकेट पर 266 रुपये अंकित है। इस संबंध में बल्दीराय एसडीएम राजेश सिंह ने कहा कि सहकारी समितियों प्राइवेट एजेंसियों पर जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

### जनता दर्शन में डीएम ने सुनी समस्या

**सुलतानपुर।** शासन के दिशा निर्देश पर जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने आज कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में जनता दर्शन में आये सभी फरियादियों की कोविड-19 की टेस्टिंग कराने के पश्चात सोशल डिस्टेंसिंग का अनुपालन करते हुए एक-एक फरियादियों की समस्याओं व शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुनी और उसका समय से निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को प्रार्थना पत्र भिजने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि संबंधित अधिकारी प्राप्त शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करना सुनिश्चित करें।

### कोल्ड डायरिया से युवक की मौत

**ऊंचाहार।** ऊंचाहार कोतवाली के गांव खालिकपुर निवासी फूलचन्द्र 22वर्ष पुत्र चन्द्रपाल को उल्टीदस्त एकाएक चल रहे मौसम मे ठंड लगने के बाद होने लगा।जिसके बाद उल्टी दस्त होने पर उसको प्राइवेट अस्पताल मे उपचार करवाया गया जहां पर उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई है।जिसके मौत पर परिजनो मे रो रोकर बुरा हाल था।

### बुखार से वृद्ध की मौत

**ऊंचाहार।** ऊंचाहार कोतवाली के गांव लोधीपुर मजरे कंदरावां निवासी शिवपाल की बुखार आने पर हालत बिगड़ गई जिनको अस्पताल ले जाते दौरान रास्ते में ही मौत हो गई है।जिनके मौत पर परिजनो मे रो रोकर बुरा हाल था।

## सीबीआई बनकर लूटपाट करने वाले तीन शातिर गिरफ्तार

**ऊंचाहार,रायबरेली।** ऊंचाहार कोतवाली के अन्तर्गत मनीरामपुर निकट ऊंचाहार से सलोन मार्ग पर सहारा इंडिया परिवार लखनऊ के सीनियर मैनेजर कमाल अहमद फारूकी पुत्र एम0ए फारूकी निवासी 202बी,क्रिस्टलअपार्टमेंट न्यू हैदराबाद के साथ ऊंचाहार ब्रांच मे कंपनी के कार्य से आने के दौरान बीतें दिनों सीबीआई टीम बताकर कार डीएल-12 सीएन-0206 से आये बदमाशों ने विभाग के करोड़ो की बांड व सामग्री लूट लिया था। जिसमें कोतवाली निरीक्षक ने बताया कि पीड़ित कमाल अहमद फारूकी की तहरीर पर मुकदमा संख्या 568 में गंभीर कई धाराओं में लिखा गया। जिसके बाद पुलिस ने अपने जांच पड़ताल के दौरान फर्जी सीबीआई टीम बनाने वाले गिरोह के अंकित उर्फ अमित सिंह 25वर्ष पुत्र भास्कर सिंह निवासी चौखंड कुशवारी अन्टू जिला प्रतापगढ़,राम सिंह उर्फ अशोक सिंह पुत्र सुरेन्द्र प्रताप,आशुतोष सिंह 27 वर्ष पुत्र जनार्दन निवासी गण उंदौरा,थाना जेठवारा,प्रतापगढ़ को गिरफ्तार करके सोमवार के दिन जेल भेज दिया है जिनके पास से नगदी व सामग्री बरामद किया है।

# अवैध खनन रोकना अधिकारी और खनन विभाग का है कामः प्रभारी



संवाददाता। डलमऊ रायबरेली

**कोतवाली** क्षेत्र में लगातार मिट्टी के अवैध खनन के व्यापार में भारी इजाफा होने से पुलिस की लचर व्यवस्था पर भ्रष्टाचार व्याप्त है यही नहीं मिट्टी का व्यापार करने या खनन वाले ट्रैक्टर चालक पकड़े जाने के डर से तेज रफ्तार अनियंत्रित रूप से वाहन चलाने पर दुर्घटनाओं को दावत देते हैं इतना ही नहीं उच्च अधिकारियों और पुलिस विभाग को सूचना देने के बावजूद भी संबंधित अधिकारी इस प्रकार के अवैध कार्य पर अंकुश लगाने की जहमत नहीं उठाते जिससे अवैध खनन करने वाले बेखौफ होकर इस प्रकार के कार्य को अंजाम दे रहे हैं इसके लिए बाकायदा एक समयसीमा के अनुसार कार्य को करने की अनुमति दी जाती है डलमऊ कोतवाली के चारो सर्कल में रात बारह बजे के बाद से शुरू होता है अवैध खनन का जिसमे रात का चढ़ावा है छह हजार रुपये जी हां ये दाम निर्धारित है अवैध खनन का जिसमे खनन की दिशा में रात्रि गश्ती बंद कर दिया जाता है इसके बाद मोर्चा संभालते है पीआरवी जिसका भी बाकायदा हिस्सा अलग से लगाया जाता है जिस हल्के मे खनन किया जाता है वहां के हल्का प्रभारी,पीआरवी व प्रमुख रास्तों पर खड़ी पुलिस कर्मियों को खनन की पूरी जानकारी रहती है इसमे खनन का समय रात्रि बारह से सुबह चार बजे तक निर्धरित रहता है जिसमे शिकायत की गुंजाइश लगभग ना के बराबर रहती है अवैध रूप से मिट्टी का खनन करते हुए मिट्टी डालने के लिए ट्रैक्टर ट्राली या मुराई बाग चौराहे पर तैनात डलमऊ पुलिस की नाक के नीचे से गुजरती रही लेकिन इस कार्य पर अंकुश लगाने की जहमत नहीं उठाया जाता इस प्रकरण पर कोतवाली प्रभारी लाल चन्द्र सरोज ने बताया कि हम लोग इसे पकड़ने के लिए अधिकारिक नहीं है ये ऊपजिलाधिकारी डलमऊ या जिले के खनन विभाग का काम है

# प्रधान का ग्राम विकास अधिकारी पर आरोप

संवाददाता। ऊंचाहार

**जिले** मे प्रधानमंत्री आवासो में लूटघसूट का पोल अखिर खुल ही गया है।जिसमे ग्राम प्रधान के द्वारा प्रधानमंत्री आवासो को देने के लिए ग्राम पंचायत मे तैनात ग्राम विकास अधिकारी पर पैसा लेने के बाद आवास देने का आरोप लगाया है।जिसकी लीखित शिकायत कोई और नही बल्कि प्रधान के द्वारा परियोजना निदेशक को लीखित शिकायती पत्र देकर ग्राम विकास अधिकारी पर लगाया है।जिसमे ब्लाक के अधिकारी के द्वारा कार्यवाही करने की जगह जांच की बात कहकर प्रकरण मे पल्ला झाड़ते नजर आ रहे है।

बताते चले कि ऊंचाहार ब्लाक के ग्राम पंचायत नेवादा है।जिस ग्राम पंचायत मे प्रधानमंत्री आवासो के लिए बनाए गए सूची में 62 लोगों को आपात्र कर दिया गया।जबकि ग्राम प्रधान का दावा है कि पात्र लोगों को आपात्र जबरन ग्राम विकास अधिकारी के द्वारा कर दिया गया है क्योकि ग्राम विकास अधिकारी के द्वारा सूची मे पड़े नाम के 62वों पात्रो से पैसा मांगा गया जिसमे न देने पर अधिकांश का नाम काट दिया गया जबकि सूची के महज 12 लोगों को ही आवास दिया गया है।हलाकि डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा के प्रभारी जिले मे प्रधानमंत्री आवास योजना मे लूटघसूट की पोल खुल गया है ये ग्राम पंचायत तो बानगी है अधिकांश ग्राम पंचायतो मे प्रधानमंत्री आवास उन्ही को दिया जा रहा है जिसमे सिस्टम यानी लेनदेन ग्राम विकास अधिकारी के निर्धारित रेट मिलने के बाद ही हुआ है।जिससे साफ जाहिर है कि लूटघसूट करने वालों पर कब और कौन कार्यवाही करेगा ये एक प्रश्नचिन्ह बनकर गूंज रहा है।

# जिले की सीमाओं को सील कर चला पुलिस का चेकिंग अभियान

संवाददाता। सुलतानपुर

**जिले** की कानून व्यवस्था चाक-चौबंद रखने और अपराधियों पर नकेल करने के लिए पुलिस अधीक्षक ने जिले की सीमाओं पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान संदिग्ध लोगों से पूछताछ की गई और कोविड-19 के नियमों का पालन करने की नशीहत दी। सोमवार को पुलिस अधीक्षक शिवहरि मीणा ने जनपद में भ्रमण कर कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस टीम द्वारा बैंको के आसपास सघन चेकिंग की गयी। इसके साथ ही जनपद की समस्त सीमाओं को सील कर व्यापक चेकिंग अभियान चला। कोतवाली नगर क्षेत्र के बस स्टाप, थाना-गोशाईंगज अन्तर्गत कस्बा, थाना जयसिंहपुर अन्तर्गत बरौसा, सेमरी बाजार,पीढी व बिरसिंहपुर थाना मोतिगरपुर अन्तर्गत पाण्डेय बाबा बाजार, थाना कादीपुर अन्तर्गत पटेल चौक, थाना दोस्तपुर अन्तर्गत दुल्हापुर, ब्लाक चौराहा आदि स्थानों पर आने जाने वाले संदग्धि व्यक्तियो व वाहनों को पर्याप्त पुलिस बल के साथ चेक किया गया व कड़ाई से पूछताछ की गयी। पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान मास्क वितरण कर कोविड-19 महामारी के दिशा निर्देशों का पालन करने की नशीहत भी दी। चेकिंग के दौरान टैऊफिक्र नियमों को धता बताने वालों में अफरा-तफरी का माहौल दिखा।

### ट्रैफिक नियमों की जानकारी

**सुलतानपुर।** यातायात माह नवम्बर के तहत आरटीओ माला बाजपेयी व क्षेत्राधिकारी यातायात तथा यातायात प्रभारी ने सेमफोर्ड स्कूल में छात्रों को टैऊफिक्र नियमों की जानकारी दी। महुअरिया स्थित सेम फोर्ड में सोमवार को यातायात माह नवम्बर के अन्तर्गत जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया।

## निर्माणाधीन पंचायत भवन का जेईआरएस ने किया निरीक्षण



**श्रावस्ती।** विकास खंड गिलौला अंतर्गत ग्राम पंचायत कल्याणपुर में निर्माणाधीन पंचायत भवन का निरीक्षण जेईआरएस ने निरीक्षण किया उन्होंने पंचायत भवन स्थल पर पहुंचकर ग्राम प्रधान की उपस्थिति में राजमिस्त्री को निर्मित दीवार के ऊपर बिम डालकर छत डालने का दिशा निर्देश दिया तथा बरामदे के बने पिलर को विम के बीच में लाने व फाउंडेशन को प्लास्टर कराने का निर्देश दीया। साथ में प्रत्येक दिन किए गए कार्य की फोटोग्राफी कराकर उसकी जानकारी व्हाट्सएप पर हर हाल में मुझे उपलब्ध कराया जाए यदि निर्माण कार्य मे अनियमिता मिली तो उसके विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई भी की जायेगी।

# धड़ल्ले से हो रही है कटान रोकने में विफल साबित हो रहा वन विभाग



संवाददाता। श्रावस्ती

**जमुनहा** बन विभाग की मिली भगत से बन माफिया अबैध कटान के जरिये माला माल बनते जा रहे है ए मल्हीपुर थाना अंतर्गत वन विभाग के कर्मचारियों की मिली भगत से ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों धडल्ले से अवैध रूप से हरे पेड़ो की कटान हो रहा है लेकिन जिम्मेदारो ने अपनी आंखे बंद कर रखी है जब इस सम्बंध में वन विभाग से जानकारी मांगी गयी तो वह अनजान बना रहा।

मामला ग्राम पंचायत त्रिलोकपुर गांव के सरयू नहर के बगल पश्चिम डॉक्टर जहीर निवासी चौरीकोटिया के खेत व बाग से दर्जनों हरे आम के पेड़ तथा उसके पूरब खेत से एक जामुन 3 शीशम 30 सागौन के पेड़ को बिना परमिट के रातोरात काट कर सारे बोटो को गयाब कर दिया गया। कटान को छिपाने के लिए कास्तकार के मिली भगत से ठेकेदार ने जेसीबी लगाकर आम के पेड़ो के जड़ो को खोदवना शुरू कर दिया। वही जब इस सम्बंध में वनक्षेत्राधिकारी हरदत्त नगर गिरन्ट दिनेश कुमार से अवैध रूप से कटे गए आम व शीशम सागौन शीशम के बारे में बात की गयी तो उन्होंने इसपर अनभिज्ञता जाहिर की। प्रभागीय वनाधिकारी श्रावस्ती ए पी सिंह से फोन पर बात की गयी तो उन्होंने कहा कि आपके द्वारा सूचना मिली है टीम को भेजकर जांच कराकर कार्यवाही की जाएगी।

## श्रमिकों को रेल किराया भुगतान किया गया

**रायबरेली।** कोविड 19 महामारी लॉक डाउन में माननीया सांसद श्रीमती सोनिया गांधी द्वारा निर्णय लिया गया था कि उनके संसदीय क्षेत्र के जो प्रवासी अपना पैसा लगाकर घर वापसी किए है उन सभी को किराया दिया जाएगा, उसी क्रम में कांग्रेस संगठन ने आज ब्लाक कांग्रेस कार्यालय लालगंज, दीनशाहगौरा, बछरावां, अमावां, खीरों में पंजीकृत श्रमिकों को रेल यात्रा किराए का भुगतान किया गया है।कार्यक्रम के दूसरे दिन लालगंज ब्लाक में 62, दीनशाहगौरा ब्लाक में 66, बछरावां ब्लाक में 24, अमावां ब्लाक में 36, खीरो ब्लाक में 30 श्रमिकों को रेल किराया भुगतान किया गया।वितरण कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी, अजीत सिंह, नौशाद हुसैन खतीब, सतगुरूदेव लोधी, सचिव चन्द्र प्रकाश बाजपेई, धर्मेन्द्रपाल सिंह, दीपेन्द्र गुप्ता, आर.के. सिंह, घनश्याम शुक्ला एवं राजकुमार दीक्षित, रवीन्द्र सिंह, रामबहादुर गुप्ता, मेराजुल हसन फारूकी सहित अन्य कांग्रेसी जन मौजूद रहे।

# पूर्व मुख्यमंत्री ने परिजनों को दी सहायता राशि



संवाददाता। गोंडा

**जुलाई** माह में दो अलग-अलग स्थानों पर तालाब में डूबने से 3 लोगों की मौत हो जाने पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने 20-20 हजार रुपया पार्टी फंड से मृतक के परिजनों को देकर शोक संवेदना व्यक्त की है। समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव तस्लीम खान ने पार्टी फंड से मिली सहायता का चेक परिजनों को सौंपा।

तस्लीम खान ने बताया कि करीब 4 माह पूर्व ग्राम निंदूरा निवासी हसन मोहम्मद व मोहम्मद अज्जम एवं ग्राम बरबसपुर निवासी फरीद अहमद की मृत्यु हो गई थी। जिसके संबंध में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को पत्र लिखकर पीड़ित परिवार को सहायता दिलाए जाने का अनुरोध किया गया था। जिस पर पार्टी ने समाजवादी पार्टी फंड से तीनों मृतक के परिजनों को 20-20 हजार का चेक भेजने के साथ-साथ शोक संवेदना व्यक्त की है। सोमवार को पीड़ित परिवारों को चेक उपलब्ध कराया गया। इस मौके पर हसीब अहमद सिद्दीकी, राजेश दीक्षित, साहान अख्तर, करीम अहमद खान आदि मौजूद रहे।

### मतदाता पंजीकरण का शुभारम्भ 17 नवम्बर को

**गोंडा।** उपजिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया है कि आगामी 17 नवम्बर, 2020 को लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय, में मतदाता पंजीकरण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अर्हता तिथि 01 जनवरी 2021 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का संक्षिप्त पुनरीक्षण-नये मतदाताओं के पंजीकरण के लिये कार्यक्रम का आयोजन 17 नवम्बर को प्रारम्भ होगा।उपजिला निर्वाचन अधिकरी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0 लखनऊ के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01.01.2021 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन आगामी 17 नवम्बर, 2020 को किया जायेगा। दावें और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 17 नवम्बर से 15 दिसम्बर 2020 निर्धारित की गयी है। उन्होंने कहा कि सभी पात्र छात्र/छात्राओं के नाम अधिक से अधिक संख्या में मतदाता सूची में सम्मिलित कराने पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया गया है, जिसके क्रम में 17 नवम्बर, 2020 को मतदाता रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम का शुभारम्भ कराया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि 17 नवम्बर, 2020 को एलबीएस डिग्री कालेज में मतदाता रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम में महाविद्यालय के अर्ह छात्र/छात्रायें जिसकी आयु 01 जनवरी 2020 को 18 वर्ष की हो रही है अथवा हो गयी है और उनका नाम फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली में सम्मिलित नहीं है, उन पात्र छात्र/छात्राओं से निर्धारित प्रारूप-6 पर पासपोर्ट साइज के फोटो सहित आयु प्रमाण-पत्र एवं अभिभावकों के मतदाता फोटो पहचान-पत्र की छायाप्रति के साथ कालेज में स्थापित वोटर रजिस्ट्रेशन कक्ष में जमा कराए जाएगें। तत्पश्चात महाविद्यालय द्वारा सम्बन्धित विधानसभा क्षेत्रों के उपजिलाधिकारी/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अथवा तहसीलदार/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में सूचीबद्ध करते हुए जमा किये जा सकते हैं।

## जहरीला पदार्थ खाने से पति-पत्नी गंभीर

**करनैलगंज ( गोंडा )।** नगर के मोहल्ला सुक्खापुरवा में एक युवक ने पहले अपनी पत्नी को जहरीला पदार्थ खिलाया और फिर खुद खा लिया। हालत गम्भीर होने पर दोनो को करनैलगंज सीएचसी लाया गया। जहां से चिकित्सकों ने दोनों को जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। बताया जाता है कि चार दिन पूर्व सुक्खापुरवा में एक दम्पत्ति के बीच विवाद पैदा हो गया। दोनों के बीच मारपीट भी हुई। जिसमें पुलिस ने एक पक्ष की तरफ से मारपीट का मुकदमा पंजीकृत किया था। सोमवार की शाम को युवक ने पहले अपनी पत्नी को जहरीला पदार्थ खिला दिया बाद में खुद खा लिया। दोनों की हालत गम्भीर होने पर करनैलगंज सीएचसी पर भर्ती कराया गया। जहां पर दोनो का इलाज किया गया। उसके बाद दोनों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। चिकित्साधिकारी डॉ. सुनील सिंह ने बताया कि दोनों का इलाज किया गया है। जहरीला पदार्थ खाने की बात सामने आई है।

# प्रबंधक पद हथियाने को हाईकोर्ट में दाखिल कर दी फर्जी याचिका

- विधिक कार्रवाई के डर से पलट गया याचिकाकर्त्ता, कहा कोई रिट दायर नहीं की
- संयुक्त निदेशक शिक्षा के आदेश के विरुद्व दायर की गई दो फर्जी याचिकाएं
- श्रीदेशराज इंटर कालेज वाल्टरगंज का मामला

संवाददाता। बस्ती

**प्रधानाचार्य** और सात प्राइमरी स्कूल के शिक्षकों की फर्जी नियुक्ति सहित अन्य अनियमितता के आरोपों के घेरे में रहने वाला श्रीदेशराज नांरग इंटर कालेज का प्रबंधक पद भी विवादित हो गया है। प्रबंधक पद हथियाने के लिए फर्जी तरीके से पूर्व प्रबंधक अवधेश कुमार गुप्त और रामकोमल सिंह द्वारा हाईकोर्ट में दो याचिकाएं दायर की गईं। यह याचिका संयुक्त निदेशक शिक्षा मनोज कुमार द्विवेदी के द्वारा साधिकार नियंत्रक नियुक्ति के संबध में जारी आदेश के विरुद्व दायर की गई। मामले का खुलासा उस समय हुआ, जब कोर्ट ने इसे संयुक्त निदेशक शिक्षा के पास निस्तारित करने के लिए वापस भेज दिया। विधिक कार्रवाई होने के डर से पूर्व प्रबंधक अवधेश गुप्त ने लिखकर दे दिया कि न तो उन्होंने कोई याचिका दायर की और न उन्होंने किसी राम कोमल सिंह नामक व्यक्ति को याचिका दायर करने के लिए अधिकृत ही किया। माध्यमिक शिक्षा जगत के लोगों की माने तो श्रीदेशराज नांरग इंटर कालेज वाल्टरगंज फर्जीवाड़े का केंद्र बन गया है। इस स्कूल में जितने फर्जीवाड़े के मामलों में कार्रवाई हुई, और लंबित है,उतना शायद ही जिले के किसी स्कूल में हुआ होगा। कहते हैं कि स्कूल में जितने भी फर्जीवाड़ा का खुलासा हुआ वह संयुक्त निदेशक शिक्षा मनोज कुमार द्विवेदी की ईमानदार छवि के कारण संभव हो सका। इन्हीं के चलते ही प्रधानाचार्य के विरुद्व बड़ी कार्रवाई हुई, वह तो कोर्ट के चलते बचे हुए है, वरना कब का बर्खास्त हो चुके होते। एफआईआर की तहरीर भी दी गई, मगर पुलिस ने आजतक एफआईआर दर्ज नहीं किया, अलबता प्रधानाचार्य के पुत्र के खिलाफ फर्जी हस्तानान्तरण आदेश के आरोप में एफआईआर दर्ज हो चुका है।

उपनिदेशक शिक्षा भी स्कूल में हुई वित्तीय अनियमितता की जांच जेडीई के आदेश पर कर रहे है। जेडीई ने बताया कि यह सब कुछ प्रबंधक पद हासिल करने के लिए किया गया, ताकि उसी आड़ में अनियमितता की जा सके।

## सिलाई प्रशिक्षण केंद्र में परीक्षा का हुआ आयोजन

**सोनभद्र।** नॉदर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के मुख्यालय की ज्योत्सना महिला समिति की अध्यक्षा संगीता सिन्हा, उपाध्यक्षा डा. सुनीता कुमारी सुचंद्रा सिन्हा एवम् लक्ष्मी दुबे के मार्गदर्शन में सिंगरौली में चल रहे सिलाई केंद्र में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए परीक्षा का आयोजन किया गया ज्योत्सना महिला समिति द्वारा संचालित इस सिलाई केंद्र में स्थानीय युवतियों को सिलाई एवं डिजाइनिंग में 6 महीने का प्रशिक्षण दिया जा रहा था जिसमें उत्तीर्ण होने पर उषा इंटेरनेशनल लिमिटेड की ओर से प्रमाण पत्र दिया जाएगा विगत वर्ष में भी ये परीक्षा आयोजित की गयी थी जिसमें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली दो प्रशिक्षुओं को महिला समिति की ओर से सिलाई मशीन दी गयी थी इस तरह से प्रशिक्षण प्राप्त कर ये युवतियाँ स्वयं सहायता समूह बनाकर तथा बैंक से लोन लेकर स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ सकती हैं साथ ही समय समय पर ज्योत्सना महिला समिति इन युवतियों से मास्कवकॉटन बैग बनवाने के साथ अन्य कई कार्य करवाती है।

# अब हजारों मनरेगा श्रमिकों के सामने भरण पोषण का संकट

- मनरेगा श्रमिकों का नहीं है कोई पुरसा हाल दो सौ ग्राम पंचायतों में नहीं मिल रहा रोजगार
- जबकि न तो काम और न धन की कोई कमी, बस संवेदशीलता का अभाव

संवाददाता। बस्ती

'**रोज** कुआं खोदकर रोज पानी पीने' वाले मनरेगा श्रमिकों के सामने सबड़ा बड़ा संकट परिवार का भरण-पोषण का आ गया है। गांव में काम न मिलने की वजह से इन लोगों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। वर्तमान में दो ऐसी ग्राम पंचायतें हैं, जहां पर एक भी काम नहीं हो रहा है। जबकि न तो काम की कमी है और न धन का अभाव है। षहर में जब से बीडीए ने अवैध भवनों के निर्माण पर षिकंजा कसना षुरु किया है, तब से काम मिलना भी कम हो गया। अगर इन लोगों को नियमित रोजगार उपलब्ध नहीं कराया गया तो पलायन की स्थित आ सकती है। जबकि पलायन रोकने के लिए ही मनरेगा का षुभारंभ हुआ। वैसे भी अब धीरे-धीरे प्रवासी जहांसे आए थे वहां वापस जाना षुरु कर दिया है। इन श्रमिकों की माने तो अब मनरेगा परिवार के लोगों के प्रति ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत और विकास भवन के जिम्मेदारों की संवेदनाएं कम होती जारही है। आकड़े गवाह है कि नौ नवंबर 20 को 200 ग्राम पंचायतों में मनरेगा का एक भी काम नहीं हुआ, जिसका मतलब हजारों श्रमिकों को रोजगार नहीं मिला, और जब रोजगार नहीं मिलेगा तो परिवार का भरण-पोषण कैसे होगा? कुछ दिन पहले तक इन्हीं मनरेगा श्रमिकों के लिए जिले में इतनी यषेजनाएं बनाई गई, ताकि काम की कमी न हो, और श्रमिकों के सामने आर्थिक संकट न खड़ा हो। सरकार की मंषा भी यही रही है कि अगर श्रमिकों को गांव में रोजगार मिल जाएगा तो, उनका पलायन भी रुक जाएगा। अब जरा ब्लॉकों की संवेदनषीलता देखिए। हर्रैया में सबसे अधिक 25, बहादुरपुर, बनकटी, गौर और साउंघाट में 23-23, रामनगर और सल्टौआ में 15-15 ग्राम पंचायत, सदर में 12, कप्तानगंज में 11, परसुरामपुर में सात एवं दुबौलिया जिसकाप्रभार डीसी मनरेगा, कुदरहा और रुधौली जिसका अतिरिक्त प्रभार डीडीओ के पास है, में पांच-पांच ग्राम पंचायतों में मनरेगा से एक भी काम नहीं हुआ। मानव दिवस सृजित करने के मामले में अव्वल रहने वाला जिला आज मानव दिवस का ही सृजन नहीं कर पा रहा है।

# चोरी, छिनैती मामलों का खुलासा, दो गिरफ्तार



- दो मोटर साईकिल, सात मोबाइल 12 हजार रूपए, दो तमंचा बरामद

**बस्ती।** एसओजी एवं परसरामपुर पुलिस ने बरहपुर पाण्डेय गांव के पास दो बदमाषों की गिरफ्तारी कर उनके पास से चोरी की दो मोटर साइकिल, 7 मोबाइल, एक महिला से छीने गए 12 हजार रूपए, दो तमंचा, 4 कारतूस की बरामदगी की गई है। एसपी हेमराज मीणा ने बताया कि पकड़े गए बदमाषों की पहचान लालगंज थाना क्षेत्र के पिपरपाती निवासी मुकेष कुमार यादव, बानपुर निवासी विजय चौहान के रूप में हुई। पूछताछ के दौरान दोनो ने स्वीकार किया कि उनका तीन लोगों का एक अपराधिक गिरोह है, वह बस्ती व इसके आस-पास के जनपदो में घुमकर लोगो से रूप्ए, मोबाइल, गहने, मोटरसाइकिल आदि कीमती सामान छीनने और चोरी करते है। बरामद मोटर साईकिल को 15-20 दिन पहले खजनी गोरखुपुर से चोरी करना बताया। जबकि बरामद रूपयों को परसरामपुर क्षेत्र के बेरता में एक महिला से छीने गए 25 हजार रूपयों में मिले हिस्सा बताया। इसके अलावा अपने एक अन्य साथी के पास परसरामपुर क्षेत्र से चोरी की गई मोबाइलों और सोने का झाला होने की जानकारी दी। एसपी के अनुसार मुकेष पर बस्ती और गोरखपुर जिले में आठ , विजय पर बस्ती, संतकबीरनगर जिले में 12 आपराधिक मामले विभिन्न थानों में दर्ज हैं।

# फर्जीवाड़ाः एक परिवार के सात सदस्यों के नाम बना दिया 13 मनरेगा कार्ड

- डीडीओ और बीडीओ पर लगा दोषियों पर बचाने का आरोप, दो माह पहले सीडीओ ने भी दिया था जांच का आदेश
- जांच टीम को अभिलेख उपलब्ध नहीं करा रहे सेक्रेटरी

संवाददाता। बस्ती

**कप्तानगंज** के ग्राम कौड़ीकोल खुर्द में एक ही परिवार के सात सदस्यों के नाम 13 मनरेगा कार्ड का लाभ उठाने का मामला सामने आया। जब इसकी जांच की बारी आई तो सेक्रेटरी और प्रधान अभिलेख ही उपलब्ध नहीं करारहे है। इससे पता चलता है कि जिले में घपलेबाजों के खिलाफ कार्रवाई करना आसान नहीं है। अधिकारी तो जांच के आदेष दे देते हैं, मगर जब जब जांच की बारी आती है, कहीं पर सेक्रेटरी अभिलेख उपलब्ध नहीं करा रहे है तो कहीं पर अधिकारियों के पास वाहन नहीं है। कई नोटिस देने के बाद भी सेक्रेटरी अभिलेख उपलब्ध नहीं करा रहे हैं। क्यों कि वह अच्छी तरह जानते है कि वह तब तक सुरक्षित है, जबतक अभिलेख नहीं दिए जाते, जिस दिन अभिलेख मिल जाएगा, उस दिन कार्रवाई तय है। चूंकि अभिलेख न देने वाले सेक्रेटरियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती है, इस लिए वह लाखों रुपये का गबन करने के बाद भी गांव में सीना तानकर घूमते हैं। कौड़ीकोल खुर्द के षिकायतकर्त्ता पूरे पुत्र झिनकू का आरोप है कि पहली षिकायत पर बीडीओ ने जांच की। षिकायत सही मिला। कार्रवाई करने के बजाए मामले को जिला विकास अधिकारी के पास भेज दिया। कहते हैं कि चूंकि सेक्रेटरी अखिलेष षुक्ल अधिकारियों के चहेते हैं, इस लिए कोई कार्रवाई नहीं कर रहा। कहा कि मजबूर होकर इसकी सीडीओ से षपथ-पत्र के साथ लगभग दो माह पहले की गई, जिला प्रषिक्षण अधिकारी और एई पीडब्लूडी प्रांतीय खंड को जांच अधिकारी नियुक्ति किया। फिर भी जांच पूरी नहीं हुई। जांच अधिकारी कहते हैं कि सेक्रेटरी को दो बार अभिलेख उपलब्ध कराने के लिए नोटिस दिया जा चुका है। जिस जांच को पूरा करने के लिए सीडीओ ने एक सप्ताह का समय दिया था, वह दो माह में पूरा होने को कौन कहे, जांच ही षुरु नहीं हुई। बताया कि बिना अभिलेख के जांच होगी तो कैसे? षिकायतकर्त्ता का कहना है कि जब कहीं से सुनवाई और कार्रवाई नहीं हुई तो सीएम के पोर्टल पर षिकायत की गई। यहां भी फर्जी रिपोर्ट लगा दी गई।

## क्विक न्यूज

### अपना दल (एस) ने पंचायत चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की

**मिर्ज़ापुर।** अपना दल ;एसद्ध जिला इकाई की अहम बैठक रविवार को स्थानीय सांसद कार्यालय में हुई। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष विधान परिषद सदस्य माननीय आशीष पटेल मौजूद थे। बैठक में जिले में पंचायत चुनाव पूरी ताकत से लड़ने का निर्णय लिया गया। कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री पटेल ने कहा कि पार्टी द्वारा चुनाव लड़ाने के लिए पहली दिसम्बर से आवेदन पत्र का वितरण किया जाएगा। पूर्ण रूप से भरे फार्म को जमा करने की अंतिम तिथि आगामी 10 जनवरी तय की गई है। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर गठित समिति प्रत्याशियों का चयन कर अपनी संस्तुति प्रदेश अध्यक्ष को भेजेगी। प्रदेश अध्यक्ष ही उम्मीदवारों के नामों की घोषणा करेगी। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रामलोटन बिंद व संचालन युवा मंच के जिलाध्यक्ष उदय पटेल ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेश पटेलए जिला उपाध्यक्ष गोपाल शर्माए सांसद प्रतिनिधि सिद्धार्थ सिंहएरामवृक्ष बिंद हेमंत बिंद संतोष पटेल आदि प्रमुख लोग उपस्थित थे।

### बनारस का पटेल स्मारक युगों.युगों तक डॉ. बलिराम की याद को जिंदा रखेगाः अनुप्रिया पटेल

**मिर्ज़ापुर।** अखिल भारतीय कूर्मि क्षत्रिय महासभा के पूर्व अध्यक्ष व पटेल स्मारक तेलियाबाग वाराणसी के संस्थापक डॉण् बलिराम सिंह ने अपने निज निवास पर शनिवार को अंतिम सांस ली। यह लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। वयोवृद्ध समाजसेवी के असामयिक निधन से समाज के सभी वर्गों में शोक की लहर दौड़ गई। इनका अंतिम संस्कार शनिवार की देर रात वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर किया गया। इनके निधन की खबर पर अपना दल ;एसद्ध की राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। इस खबर से स्तंभ श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने कहा कि जब मुझे यह खबर मिली तो मैं पार्टी के एक कार्यक्रम में कानपुर में थी। मेरे पिता के साथ इनके गहरे संबंध थे। उन्होंने कहा कि डॉण् बलिराम ने अंतिम सांस तक समाज की सेवा की और उनमें समाज को एक सूत्र में पिरोने की अदभुत क्षमता थी। बनारस का पटेल स्मारक युगों.युगों तक उनकी याद को जिंदा रखेगा। पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी शंकर चौहान ने बताया कि डॉण् बलिराम के निधन की खबर पर पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य श्री आशीष पटेल अपना दौरा रद करते हुए सीधे बनारस पहुंचे और मणिकर्णिका घाट पर उनके अंतिम संस्कार में शामिल हुए और अपनी संवेदना व्यक्त की। इस दौरान इनके साथ छात्र मंच के प्रदेश अध्यक्ष सावंत सिंह पटेल सहित पार्टी के अन्य नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेश पटेलए जिलाध्यक्ष रामलोटन बिंदए युवा मंच के जिलाध्यक्ष उदय सिंहए सांसद प्रतिनिधि जमालपुर अमूल्य सिंह ने भी डॉण् बलिराम सिंह जी के निधन पर शोक जताया है।

### डॉ. संजय को मिली जमानत, निषाद समाज में खुशी की लहर

**संत कबीर नगर।** नलकूप खंड द्वितीय संतकबीरनगर के जेई अशोक कुमार ने थाना प्रभारी बखीरा को प्रार्थना पत्र दिया कि दिनांक 13ण्1ण्17 को उड़नदस्ता टीम के एचसीपी रामहित यादव व कांस्टेबल कुलदीप सिंह व कांस्टेबल छोटे लाल सोनकर व वीडियो ग्राफर सोनू कुमार के साथ अपने आवंटित क्षेत्र विधानसभा मेहदावल संत कबीर नगर सामान्य निर्वाचन 2017 में उड़नदस्ता टीम के साथ आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के संबंध में ग्राम निघुरी पहुंचा तो देखा एवं सुना गया कि पीस पार्टी व निषाद पार्टी के संयुक्त जनसभा में वक्ताओं नेताओं द्वारा जाति विशेष वर्ग विशेष के विरुष भड़काऊ भाषण दिया जा रहा था एवं आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया जा रहा था भाषण देने वालों में पीस पार्टी के नेता डॉक्टर अयूब खान निषाद पार्टी के डॉक्टर संजय निषाद व मोहम्मद इरफान एवं अन्य लोग थे। मामले में थाना बखिरा में लोकप्रतिनिधित्व अधिनियम में मुकदमा पंजीकृत हुआ एवं पीस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अयूब व निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय निषाद एवं मोहम्मद इरफान के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया। डॉक्टर संजय निषाद ने आज न्यायालय में आत्मसमर्पण किया जिस पर विशेष न्यायाधीश एमपी एमएलए दीपकांतमणि ने दो जमानतदार व उतने ही रुपए के निजी मुचलके पर डॉक्टर संजय निषाद को रिहा किए जाने का आदेश दिए। डॉक्टर संजय निषाद के जनपद आने की सूचना पर समर्थकों में उत्साह रहा एवं काफी संख्या में समर्थक उनसे मिलने के लिए आए थे।

### सीएचसी सेमरियावां पर गर्भवती महिलाओं की हुई जांच



**सेमरियावां संतकबीरनगर।** सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेमरियावां में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत प्रत्येक माह के 09 तारीख को ग्राम स्वास्थ पोषण दिवस पर एक माह में चिन्हित दूसरे एवँ तीसरे त्रैमास गर्भवती महिलाओं को मानक के अनुसार प्रत्येक गर्भवती महिला की स्क्रीनिंग सीएचसी पर की गयी। इस दौरान महिला चिकितस्क समेत स्टाफ़ नर्स लैब टेक्नीशियन इत्यादि स्वास्थ्य कर्मीयों द्वारा अल्ट्रासाउंड एचआईबी हेपेटाइटिसबीए वजनए शुगर हीमोग्लोबिन आयरन कैल्शियम फोलिक एसिड की जांचोपरान्त आवश्यकता अनुसार पैरासिटामाल टैबलेट्स का वितरण किया गया। इस दौरान ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक राजेश पाण्डेय ने बताया कि प्रत्येक माह के 09 तारीख को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेमरियावां के अंतर्गत आने वाले समस्त उपकेंद्रों पर आयी गर्भवती महिलाओं को प्रत्येक माह के 09 तारीख को गुणवत्तापूर्ण प्रसूती सुविधा दी जाती है। गर्भवती महिलाओं को परिवार नियोजनए जच्चा बच्चा के स्वास्थ एवँ पोषण के बारे में परामर्श भी दी जाती है वही चिन्हित उच्च जोख़िम वाली गर्भवती महिलाओ का उपचार महिला चिकित्सक द्वारा किया जाता है इस दौरान चिकित्सक निरुपमा चौधरीएविद्यावती सिंहए रेनू लोधीए विद्या सिंह आदि उपस्थित रही।

# आचार संहिता का कड़ाई से कराएं अनुपालनः डीएम

- गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक विधान परिषद निर्वाचन

संवाददाता। बस्ती



**गोरखपुर-फैजाबाद** खंड शिक्षक विधान परिषद निर्वाचन प्रक्रिया में लगाए गए सभी अधिकारी पूरी तत्परता एवं पारदर्शिता के साथ निर्वाचन की ड्यूटी पूरी करें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। यह निर्देश डीएम आशुतोष निरंजन ने दिए हैं। तहसील सभागार में निर्वाचन के लिए तैनात नोडल अधिकारियों, जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट को संबोधित करते हुए कहा कि आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराएं। कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया के तहत गोरखपुर में नामांकन शुरू हो गया है। अंतिम तारीख 12 नवंबर है। 13 नवंबर तक नामांकन पत्रों की जांच, 17 नवंबर तक नाम वापस लिए जाएंगे। मतदान एक दिसंबर और मतगणना 3 दिसंबर को होगी। मतदान के पश्चात उसी दिन शाम को सभी मत पेटिका गोरखपुर स्ट्रांग रूम पहुंचाने की जिम्मेदारी एसडीएम सदर, सीओ सदर को दी गई है। बताया कि सीडीओ कार्मिक प्रभारी, एआरटीओ परिवहन, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी को स्टेशनरी, मतदान स्थलों के वीडियोग्राफी की जिम्मेदारी डीपीआरओ को दी गई है। सभी एसडीएम, तहसीलदार वर्किंग मतदाता सूची के प्रभारी होंगे। सभी नोडल अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे 24 घंटे में अपने कार्यों की कार्य योजना प्रस्तुत करें। आदर्श आचार संहिता के अनुसार कोई भी अधिकारी कर्मचारी केंद्र अथवा प्रदेश सरकार के मंत्री गण के आगमन पर उनकी बैठकों में शामिल नहीं होंगे, इसे कदाचार का दोषी माना जाएगा। निर्वाचन क्षेत्र में किसी प्रकार का उद्घाटन शिलान्यास का कार्यक्रम नहीं होगा। निर्वाचन प्रक्रिया समाप्त होने तक निर्वाचन की शुचिता बनाए रखने के लिए आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। कहा कि कोविड-19 का खतरा अभी भी बना हुआ है। इसलिए निर्वाचन के सभी कार्यक्रमों के दौरान कार्यक्रम स्थल पर थर्मल स्क्रीनिंग, सैनिटाइजर की व्यवस्था रखी जाए। प्रत्येक अधिकारी कर्मचारी पूरे समय मास्क का प्रयोग करें। प्रत्येक मतदान स्थल पर प्रवेश एवं निकास बिंदु पर पानी, साबुन ,सैनिटाइजर तथा फेस मास्क की व्यवस्था रखी जाए। मतदान केंद्र के बाहर 2 गज की दूरी पर 15-20 व्यक्तियों को खड़े होने के लिए गोला बनाया जाएगा। बैठक में निर्वाचन अधिकारी /अपर उपजिलाधिकारी राजेश सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक रविंद्र सिंह, उप जिलाधिकारी आसाराम वर्मा, नीरज प्रसाद पटेल, आनंद श्रीनेत, सभी तहसीलदार, पीडी आरपी सिंह, डीडीओ अजीत कुमार श्रीवास्तव, इंद्रपाल सिंह, विनय सिंह, अरुण चौबे, जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट मौजूद रहे।

## अवैध कब्जे को लेकर 70 लोगों को जारी किया गया नोटिस

**घोरावल/सोनभद्र।** कथित अवैध कब्जे को लेकर परसौना गांव में आरक्षित रक्षित वन भूमि को लेकर 70 कब्जाधारियों को नोटिस जारी की गयी है। वन विभाग द्वारा गत 29 अक्टूबर को जारी नोटिस के क्रम में सोमवार को स्थानीय वन क्षेत्राधिकारी कार्यालय पर दर्जनों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित होकर अपना पक्ष रखा। हालांकि ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि वर्ष 2005 के पूर्व से ही उनका कब्जा उक्त जमीन पर रहा है। जिस पर वे खेतीबाड़ी अथवा मकान बनाकर रह रहे हैं। यह भी बताया गया कि उच्च न्यायालय द्वारा उक्त जमीन को लेकर जनहित याचिका दाखिल की गयी थी जिस पर बेदखली से रोक लगा दी गयी। जिसके लिए कारगर कागजी कार्यवाही भी हुई है। जमीन पुश्तैनी बाप दादा की बतायी जा रही है। नोटिस के जबाब को सक्षम के समक्ष रखने की बात वन क्षेत्राधिकारी द्वारा कही गयी। बताते चलें कि प्रभागीय वनाधिकारी कैमूर वन्य जीव प्रभाग मिर्जापुर द्वारा दिए गए नोटिस में बताया गया है कि जांचोपरांत यह पाया गया है कि आरक्षित रक्षित भूमि पर अवैध कब्जा किया गया है। जिसका सम्बंधितो को जबाब 10 नवम्बर को उक्त कार्यालय में दाखिल करना है। जबाब नही दाखिल किया गया तो बेदखली का आदेश जारी किया जाएगा। फिलहाल ग्रामीणों की माने तो उनके पास जमीन को लेकर पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध है। सूत्रों की माने तो वन विभाग की सैकड़ो बीघे जमीन पर अवैध अतिक्रमण और कब्जा बरकरार है। वहीं कुछ मुकदमें कोर्ट में विचाराधीन है।

# उद्योगों से बढ़ेंगे रोजगार के अवसरः राजलिंगम

- पर्यावरणीय मानकों कों पूरा करने के साथ अनापत्ति जारी किये जाने पर बनी सहमति

संवाददाता। सोनभद्र



**अल्ट्राटेक** सीमेन्ट लिमिटेड यूनिट डाला सीमेन्ट वर्क्स एकीकृत संयन्त्र का विस्तार, क्लिंकर 02 से 03.5 मिलियन टन प्रतिवर्ष सीमेन्ट 0.5 से 3.5 मिलियन टन प्रतिवर्ष कैप्टिव पावर प्लांट 27 से 30 मेगावाट 13 मेगावाट डब्लूएचआरएस की स्थापना व सीमेन्ट संयन्त्र क्लिंकर 3.5 मिलियन टन प्रतिवर्ष और सीमेन्ट 5 मिलियन टन प्रतिवर्ष डब्लूएचआरएस 17 मेगावाट तथा डी0सी0 सेट्स 1250 केवीए की दो ईकाई की स्थापना लोक सुनवाई ग्राम कोटा वार्ड न0-01 चौरी टोला पानी टंकी के पास जिलाधिकारी एस0 राजलिंगम व अपर जिलाधिकारी योगेन्द्र बहादुर सिंह की मौजूदगी में सम्पन्न हुई। लोक सुनवाई में स्थानीय नागरिकों व गणमान्य जनो के विचारों व स्थानीय मॉगों को सुना गया और नियमानुसार पर्यावरणीय मानकों को पूरा करते हुए स्थानीय सुविधाओं को ध्यान रखने के साथ सहमति बनी। लोक सुनवाई में जिलाधिकारी एस0 राजलिंगम ने उद्योग लगाये जाने के क्रम में पर्यावरणीय मानकों को पूरा करने के सम्बन्ध में मेसर्स अल्ट्राटेक सीमेन्ट लिमिटेड यूनिट डाला द्वारा किये जा रहे कार्यो के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्राप्त करते हुए जिला प्रशासन की ओर से पर्यावरणीय मानकों को अक्षरश: पूरा करते हुए अनापत्ति प्रमाण पत्र दिये जाने के सम्बन्ध में शुभ कामनाओं के साथ कहा कि उद्योग अथवा उद्योग से सम्बन्धित अन्य घटकों के स्थापित होने से निश्चित रूप से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे जिसका फायदा स्थापित होने वाले उद्योग क्षेत्र की जनता को प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से जरूर मिलेगी। लोक सुनवाई मेसर्स अल्ट्राटेक सीमेन्ट लिमिटेड यूनिट डाला के इन्चार्ज राहुल सहगल, एचआर हेड डा0 के0वी0 रेड्डी कार्पोरेट हेड रमेश ओझा रमेश चन्द्र पाडेय मो0 मोइनुद्दीन, कर्नल एमरवि राव, द्वारा पर्यावरण संतुलन की दृष्टि से कराये जा रहे कार्यों और मेसर्स अल्ट्राटेक सीमेन्ट लिमिटेड यूनिट डाला सीमेन्ट वर्क्स एकीकृत संयन्त्र का विस्तार क्लिंकर 02 से 03.5 मिलियन टन प्रतिवर्ष, सीमेन्ट 0.5 से 3.5 मिलियन टन प्रतिवर्ष, कैप्टिव पावर प्लांट 27 से 30 मेगावाट 13 मेगावाट, डब्लूएचआरएस की स्थापना व सीमेन्ट संयन्त्र क्लिंकर 3.5 मिलियन टन प्रतिवर्ष और सीमेन्ट 5 मिलियन टन प्रतिवर्ष, डब्लूएचआरएस 17 मेगावाट तथा डी0सी0 सेट्स 1250 केवीए की दो ईकाई की स्थापना स्थापित किये जाने के

## सेमरियावां में मनाया गया उर्दू दिवस

**सेमरीयावां** ।संतकबीरनगर। सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा के रचियता डॉण्मो अकबाल के जन्म दिवस को विश्व उर्दू दिवस के रूप में मनाया गया।इस अवसर पर अल.हिरा ग्लोबल एकेडमी मजीदाबाद में एक साहित्यिक सत्र आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता महान कवि मौलाना मुजीब बस्तवी ने की और मुहम्मद सलमान आरिफनदवी ने संचालन किया । बैठक की शुरुआत कारी मुहम्मद शफीक ने कलाम पाक स्वर पाठ से किया। जबकि नात पाक मुजीब बस्तवी ने पेश किया। मौलाना फुज़ैल अहमद नदवी मैनेजर अल.हिरा ग्लोबल एकेडमी ने अल्लामा इक़बाल की जीवनी पर बात की। उन्होंने कहा कि अल्लामा इकबाल का जन्म 9 नवंबरए 1877 को सियालकोट में हुआ था और उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा सियालकोट में प्राप्त की। उन्होंने म्यूनिख विश्वविद्यालय से दर्शनशास्त्र में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। अल्लामा इकबाल ने छोटी उम्र में ही कविता लिखना शुरू कर दिया था। उनकी कविता के कई संग्रह जैसे ज़र्ब कलीमए बाल जिब्रीलए बांगे दरा सामने आए। उन्होंने अर्थशास्त्र पर पहली पुस्तक भी लिखी। जहां आपकी कविता युवाओं को प्रेरित करती हैए



वहीं यह बच्चों को भी आकर्षित करती है। सहानुभूतिए एक पक्षी का रोनाए एक मकड़ी और एक मक्खीए एक बच्चे की प्रार्थनाए एक पहाड़ और एक गिलहरी जैसी कविताएं इसका सबसे अच्छा उदाहरण हैं। मुसलमानों की वर्तमान स्थिति पर उनकी गहरी नज़र थी। इस्लाम से उनका गहरा लगाव था। इस नश्वर दुनिया से अनंत काल की दुनिया पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उनका 12 अप्रैलए 1938 को निधन हो गया। ज़फीर अली करखी ने कहा कि हमें उर्दू भाषा के प्रचार और विकास के लिए प्रयास करना चाहिएए उर्दू अख़बारों को खरीदना और पढ़ना चाहिए और दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से मौलाना मुजीब बस्तवी को उर्दू भाषा के क्षेत्र में उनकी सेवाओं के लिए बधाई दी और उर्दू भाषा के क्षेत्र में मुहम्मद सलमान आरिफ नदवी की सेवाओं का उल्लेख करते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया और आगे बढ़ने की सलाह दी। इस अवसर पर मुजीब बस्तवी ने कहा कि आज हम उर्दू दिवस मनाने के लिए एकत्रित हुए हैंए लेकिन यह समाप्त नहीं होता हैए लेकिन हमें उर्दू भाषा के प्रचार के लिए मैदान में आना होगा।

## नहर में डूबने से युवक की मौत

**चकिया,चन्दौली।** कोतवाली अंतर्गत भीषमपुर गांव में सुबह गांव के सिवान में शौच करने गए बबलू विश्वकर्मा 25 वर्ष की नहर में डूबने से मौत हो गयी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने युवक को ग्रामीणों के सहयोग से नहर के बाहर निकलवाया। मगर तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।बताया गया कि उसे मिर्गी की बीमारी थी शौच के बाद जैसे ही नहर की तरफगयाए फिसल कर गहरे पानी में चला गया।युवक की मौत से गांव में मातम छा गया।

## कर–करेत्तर कार्यों की बैठक 11 को

**जौनपुर।** जिलाधिकारी दिनेश सिंह की अध्यक्षता में 11 नवम्बर को सायं 4030 बजे कलेक्टेऊ्र सभागार में कर.करेत्तर कार्यए राजस्व कार्यए संग्रह कार्यए भूमि सुधार कार्यए भू.अभिलेख कार्य एवं अन्य राजस्व कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गयी है।

## पुलिसकर्मी की बाइक समेत दो वाहन उड़ाये

**शाहगंज, जौनपुर।** स्थानीय क्षेत्र में हौसला बुलंद बाइक चोरों ने एक पुलिसकर्मी की बाइक समेत दो बाइक पार कर कोतवाली पुलिस को चुनौती दे दी। अब प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश मिश्रा के नेतृत्व पुलिसकर्मी पूरे नगर में बाइक चेकिंग अभियान चलाकर एवं बगैर लॉक खड़ी बाइकों को निशाना बना अपनी खीज उतार रहे हैं। जानकारी के अनुसार अर्गुपुर कला निवासी संजय कुमार पुत्र राम स्वारथ नगर के अयोध्या मार्ग स्थित साउथ इंडियन स्कूल के समीप किराये का मकान लेकर रहते हैं।

## सपाइयों पर पुलिसिया तांडव बर्दाश्त नहीं: रजनीश

**जौनपुर।** कोहड़े सुलतानपुर में सपा कार्यकर्ताओं के ऊपर पुलिसिया टांडव बर्दाश्त नहीं करेंगे। उक्त बातें युवा सपा नेता रजनीश मिश्रा ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से कही। उन्होंने बताया कि मल्हनी उपचुनाव में निर्दल प्रत्याशी धनंजय सिंह व सपा कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई जिसमें सत्ता के दबाव में एकपक्षीय कार्रवाई किया जा रहा है। सपाजनों को परेशान किया जा रहा है।

## सिरफिरे आशिक ने प्रेमिका के होने वाले पति पर चाकू से किया हमला

**शाहगंज, जौनपुर।** स्थानीय क्षेत्र के अरगूपुर कला गांव में सिरफिरे आशिक ने प्रेमिका के होने वाले पति पर चाकू से हमला करके उसे गंभीर रूप घायल कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस पहुँचकर घायल युवक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया जहाँ पर चिकित्सकों ने युवक की हालत को गंभीर बताते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं पीड़ित के तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जाँच पड़ताल में जुटी हुई है।

## पुलिस ने दबोचे शातिर लुटेरे, चार असलहे बरामद

**गाजीपुर।** जनपद के खानपुर क्षेत्र के कुडालम्बी से दो शातिर लुटेरे वारदात से पहले ही पकड़े गये। रविवार की रात एक बाइक पर सवार तीन लुटेरे असलहा चमकाते हुए जा रहे थे। गश्त लगा रहे थानाध्यक्ष पन्नेलाल ने सूचना पाते ही शातिर लुटेरों का पीछाकर कुडालम्बी के पास घेर लिया। दो लुटेरे बाइक के साथ धर दबोचे गये। पुलिस तलाशी में दोनों लुटेरों के पास चार अवैध असलहे भी बरामद किये गये।

## विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं की सुनवाई के लिए लगा मेगा कैम्प

**गाजीपुर।** जनपद में सोमवार को अधिशासी अभियंता चतुर्थ महेंद्र मिश्रा के निर्देशन पर रेवतीपुर पावर हाऊस पर महा कैप का आयोजन किया गया जिसमें कुल 92 उपभोक्ता आये जिसमे त्वारित कार्यवाही करते हुवे एसडीओ जमानिया विजय यादव ने 65 लोगों द्वारा 3 लाख राजस्व के रूप में बिल जमा कराया तथा 6 लोगो का बिल रिवीजन हुआ एवम 11 लोगो के परिसर पर न्यू मीटर लगाएं गए तथा 15 विजली बिल बकायेदारों का जिन्होंने कभी बिल जमा नहीं किया उनका विद्युत विच्छेदन किया गया।

## आयरन स्टोर में सेंधमारी कर नगदी सहित अन्य सामान पर किया हाथ साफ

**पड़ाव,चन्दौली।** मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र के जलीलपुर गांव में हौसला बुलंद चोरों ने खान आयरन स्टोर में सेंधमारी कर 46000 रूपये नकद समेत सीसीटीवी कैमरा एक डीवीआर और टू टीवी हार्ड डिक्स पर हाथ साफ कर दिया जिसकी लिखित तहरीर भुक्तभोगी ने स्थानी पुलिस चौकी जलीलपुर को दी है। चौरहट के वर्तमान प्रधान वसीम खान पुत्र जमाल खान ने बताया की रोज की भांति रविवार की रात लगभग 10 बजे अपने फर्म खान आयरन स्टोर को बन्द कर घर चले गए थे और सोमवार की सुबह फर्म खोलने पर हुई चोरी की घटना को देखकर सन्न रह गए।

# आज तय होगा सदर का सरदार

### उपचुनाव के मतगणना की तैयारियां पूरी : जिलाधिकारी

### सुबह 8 बजे से गिनती का काम होगा शुरू अग्रसेन कॉलेज में होगी वोटों की काउंटिग



**संवाददाता।** देवरिया

**जिलाधिकारी** जिला निर्वाचन अधिकारी अमित किशोर ने बताया है कि कल 10 नवंबर 2020 को 337,सदर विधानसभा के उप निर्वाचन की होने वाली मतगणना की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। जिला प्रशासन निष्पक्ष व पारदर्शी मतगणना कराने के लिये पूरी तरह कटिबद्ध है। इसके लिये सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये है। मतगणना परिसर पैरामैलेट्री फोर्स के हवाले होगी। किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति व बिना पास के प्रवेश वर्जित होगा। मतगणना परिसर में मोबाइल भी प्रतिबंधित रहेगा। गणना कार्य सहित सभी गणना स्थल व परिसर सीसीटीवी कैमरा के नजर रहेगा व वीडियों ग्राफी भी करायी जायेगी। मतगणना महाराजा अग्रसेन कालेज ऑफकामर्स देवरिया में प्रात: 8 बजे से शुरु होगी। तैनात अधिकारियोंध्कर्मियों को समय से पहुॅचने के निर्देश दिये गये है। गणना कार्मिकों सहित तैनात सभी अधिकारियो, कर्मचारियों को मतगणना कार्य को पूरी निष्ठाए कुशलता एवं निष्पक्षता से निष्पादित किये जाने का निर्देश दिया गया है। मतगणना हेतु रिटर्निंग आफिसर सहित कुल 15 टेबल लगाये जायेगें। मतगणना चक्रवात होगी तथा प्रत्येक चक्र का परिणाम आर ओ द्वारा घोषित किया जायेगा। कुल 487 बूथों के गणना के लिये 14 टेबल लगाये गये है। प्रत्येक टेबल पर एक=एक गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायक, माइक्रो आब्जर्वर एवं एक चतुर्थ श्रेणी का कर्मी तैनात रहेगा। गणना कम्पाइलेशन,भारत सरकार के दो कर्मचारी नियुक्त किये गये है। इन सभी कर्मियो को पूरी तरह प्रशिक्षित कर गणना के बारीकियों से अवगत कराया जा चुका है। एक आर ओ टेबल रहेगा। इसके अतिरिक्त 4 टेबल के लिये गणना कर्मी आरक्षित रहेगें।

### प्रात: 8 बजे से शुरू होगी मतगणना

**जौनपुर।** रिटर्निंग आफिसर 367.मल्हनी विधानसभा ने बताया कि 367 मल्हनी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र केउप निर्वाचन.2020 की मतगणना कृषि उत्पादन मंडी समिति चौकियां में 10 नवंबर को प्रातः 8 बजे से प्रारंभ होगी। इसके निर्मित निर्वाचन लड़ने वाले उम्मीदवारों के मतगणना अभिकर्ता को मतगणना स्थल के अंदर पेनए पेंसिलए प्लेन पेपरए नोटपैड और 17 सी डुप्लीकेट प्रति ही ले जा सकेंगे।

मतगणना कार्य को सुचारु रुप से कराये जाने के लिये 10 एमबीपीएस के दो कनेक्शन की उपलब्धता सुनिश्चित रहेगी। इसके अलावे मतगणना में प्रयुक्त होने वाले समस्त स्टेशनरी क व्यवस्था एवं सूचना प्रेषण हेतु टीम का गठन करते हुए कम्प्यूटर प्रिन्टर आदि की उपलब्धता सुनिश्चित रहेगी।

#### कोरोना से बचाव के भी इंतजाम

मतगणना कार्य में लगे कर्मचारियों को संक्रमण से बचाव की व्यवस्था भी रहेगी। इसके लिये 100 एमएल सेनेटाइजरए मास्कए दस्तानेए फेस शील्ड भी कार्मिकों को दिया जायेगा तथा मतगणना स्थल पर सोशल डिस्टेन्सिंग का भी पालन करना होगा।

#### हाइटेक मीडिया गैलरी भी

हाइटेक मीडिया गैलरी स्थापित की जायेगीए जिसमें मीडिया को राउन्डवार परिणामों की जानकारी प्राथमिकता के साथ उपलब्ध करायी जायेगी। इसके अलावे समय.समय पर परिणामों की घोषणा चक्रवात की जाती रहेगी।

#### सुरक्षा के व्यापक रहेगें प्रबंध

मतगणना स्थल के लिये एक कम्पनी पैरामिलिट्री फोर्सए डेढ सेक्शन पी ए सी व साढे चार सौ पुलिस कर्मी की ड्यूटी लगायी गयी हैए इसके साथ ही सभी क्षेत्राधिकारी एवं थानाध्यक्षों को लगाया गया है। मतगणना स्थल पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिये मजिस्ट्रेट की भी तैनाती की गयी हैए जिन्हे ड्यूटी स्थल पर प्रात: 7 बजे उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है। सभी को तैनाती स्थल आवंटित कर उन्हे अपने कार्य स्थल पर दायित्वों को पूरी निष्ठा से किये जाने का निर्देश दिया गया है।

## पटाखा दुकानों के लाइसेंसों की हुई जांच

**जौनपुर।** जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर शहर में आगामी दीपावली को लेकर पटाखा व्यवसायियों के लाइसेंस की जांच किया जा रहा है। उन्हें निर्देशित भी किया जा रहा है कि सार्वजनिक स्थानों पर पटाखे की बिक्री न करें इसके लिए अलग से चिन्हित स्थान पर ही दुकानों को लगाएं जिससे कोई वारदात न होण् इसी क्रम में राज कॉलेज चौकी इंचार्ज पुष्पा गौतम ने अपने क्षेत्र में पड़ने वाले पटाका व्यवसायियों के लाइसेंसों की दुकानों का जांच किया और उन्हें सख्ती के साथ हिदायत दी गई कि नियत स्थान पर ही पटाखे की बिक्री करें अगर आदेश का उल्लंघन होता मिला तो पटाखा व्यवसायियों का लाइसेंस निरस्त होगा और उनके विरुद्ध कार्रवाई भी की जाएगी।

## छापेमारी से व्यापारियों में खलबली



**सकलडीहा,चन्दौली।** दिपावली की त्योहार आते ही खाद एंव औषधि विभाग की टीम हरकत में आ गयी है। सोमवार को जिलाधिकारी के निर्देश पर मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में टीम ने कस्बा में छापेमारी अभियान चलाया। कस्बा के खोवा व्यापारी सहित तीन दुकानों की सैम्पलिंग लिया गया। विभागीय छापेमारी से दुकानदारों में खलबली मचा गया। विभाग ने लगातार अभियान चलाने की बात कही है। त्योहार को लेकर कस्बा सहित आसपास के बाजारों में मिठाई से लेकर ब्रेकरी दुकान सजने लगी है। रंग बिरंगी मिठाई से लेकर खोवाए पनीर और छेना की डिमांड बढ़ गया है। त्योहार को देखते हुए खाद सुरक्षा एवं औषधि विभाग की टीम छापेमारी का अभियान शुरू कर दिया है। इस क्रम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी चन्द्रकांत बाजपेयी के नेतृत्व में कस्बा के एक खोवा व्यापारी के दुकान में छापेमारी किया। इसके बाद मिठाई और नमकीन की सैम्पलिंग लिया गया। विभागीय जांच पड़ताल से कई व्यापारियों ने अपनी दुकानें बंद कर फरार होगये। इस बाबत मुख्य खाद सुरक्षा अधिकारी चन्द्रकांत बाजपेयी ने बताया कि तीन दुकानों की सैम्पलिंग लिया गया है। लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई की जायेगी। इस मौके पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी नेहा त्रिपाठीएविनय शाहीए कुमार चित्रसेन सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# मऊ के विधायक मुख्तार अंसारी की शस्त्र मामले में पुलिस रिमांड खारिज

### मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनोद शर्मा की अदालत में सुनाया गया फैसला

**संवाददाता।** मऊ



मऊ जिले के सदर विधान सभा के बाहुबली विधायक मुख्तार अंसारी का शस्त्र लाइसेन्स के मामले में पुलिस रिमाण्ड हेतु विवेचक के आवेदन को न्यायालय ने सोमवार को खारिज कर दिया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनोद शर्मा की अदालत में उक्त मामले में मुख्तार अंसारी से शस्त्र बरामदगी हेतु पुलिस हिरासत मे देने हेतु मामले के विवेचक ने आवेदन दिया था। जिस पर मुख्तार अंसारी के अधिवक्ता दारोगा सिह ने तर्क दिया कि सम्बन्धित शस्त्र लाइसेन्स सदर विधायक के लेटर पैड का उपयोग कर शाह आलम के नाम से बनाया गया था। जबकि लाइसेन्स धारक का वर्ष 2007 के अगस्त माह में इन्काउण्टर हो गया और उसके छह माह पूर्व लाइसेन्सी द्वारा सम्बन्धित शस्त्र गाजीपुर शस्त्र की दुकान में जमा करा दिया गया था। इस तथ्य को जानते हुए पुलिस ने जानबूझ कर मुख्तार अंसारी की साजिशन उक्त मामले में रिमाण्ड की मांग की गयी है। दरखास्त का पुरजोर विरोध करते हुए कहा कि मुख्तार अंसारी के अधिवक्ता ने कहा कि सदर विधायक कई वर्ष से जेल में हैंए उनके द्वारा शस्त्र छिपाने व बरामद कराने का तथ्य सही नही है विवेचक द्वारा कहा गया कि अभियुक्त द्वारा शस्त्र बरामद कराने की बात बयान में कही गयी है। सीजेएम ने विवेचक के आवेदन को निरस्त करते हुए उक्त आदेश पारित किया। बताते चले कि सदर विधायक पंजाब प्रांत के सास नगर मोहाली की जेल मे एक अन्य मामले मे निरूद्ध है। जनपद के दक्षिण टोला थाने में अपराध संख्या 4,2020 धारा 419, 420, 467,468, 471,120 बी व 30 आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज किया गया है। उक्त मामले में ज्यूडिशियल रिमांड गत 2 नवम्बर को विडियो कान्फ्रेंसिग से बनाया गया था। विवेचक ने अदालत से आवेदन कर पुलिस रिमाण्ड हेतु मोहाली जेल से मुख्तार अंसारी को अदालत में तलब करने की अपील की।

## रामपुर कारखाने में हत्या के मामले का पुलिस ने किया पर्दाफाश, चार लोगों को किया गिरफ्तार

**देवरिया।** 2 नवंबर को ग्राम बरईपुर मंगलराव मंझरिया के पास एक युवक की सिर कटा शव बरामद हुआ था एवं बाद में तलाश के उपरान्त शव का सिर ग्राम बेलवा बाजार के पास गन्ने के खेत में मिला था। शुक्रवार को उक्त शव के शिनाख्त के उपरान्त थाना रामपुर कारखाना पर वादिनी श्रीमती तारा देवी पत्नी राजू स्वांसी निवासी,लान्टूप, खूंटी झारखण्ड की तहरीर के आधार पर मुअसं 413,2020 धारा 302,201 भादंसं का अभियोग पंजीकृत करते हुए विवेचना क्षेत्राधिकारी नगर देवरिया निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष रामपुर कारखाना द्वारा की जा रही है। विवेचना के क्रम में घटना स्थल निरीक्षण के दौरान थानाध्यक्ष रामपुर कारखाना द्वारा डॉग स्क्वाड की डॉग रूबी द्वारा गुड्डु लारी का मुर्गी फार्म हाउस ग्राम मंझरिया की तरफपुलिस को ले जाया गया था। सोमवार को क्षेत्राधिकारी नगर निष्ठा उपध्याय के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष रामपुर कारखाना मय हमराहीयान अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं घटना के अनावरण हेतु क्षेत्र में भ्रमणशील थे कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम सेमरी मोड़ के पास से अभियुक्तगण 01ण्निकोलस उर्फटोटे पुत्र लाढो उम्र करीब 22 वर्ष हाल निवासी गुड्डु लारी का मुर्गी फार्म हाउस वहद ग्राम मंझरिया थाना रामपुर कारखाना जिला देवरिया 2,मान्द्रो मुण्डा पुत्र सीमा मुण्डा हाल निवासी असलम खाँ का पोलट्री फार्म ग्राम बरवामीर छापर थाना रामपुर कारखाना जिला देवरिया 3.काण्डे मुण्डा पुत्र मन्नु मुण्डा उम्र करीब 25 वर्ष हाल निवासी रब्बुल हसन का पोलट्री फार्म ग्राम देवरिया बुद्धु खां थाना रामपुर कारखाना जिला देवरिया साकिनान कोद्दा थाना मुरहु जिला खुँटी झारखँण्ड एवं अभियुक्ता 1 जवन्ती पुर्ती पत्नी निकोलस उर्फटोटे हाल निवासी गुड्डु लारी का मुर्गी फार्म हाउस वहद ग्राम मंझरिया थाना रामपुर कारखाना जिला देवरिया मुल निवासी साकिन कोद्दा थाना मुरहु जिला खुँटी झारखँण्ड को गिरफ्तार किया गया।

## शहीद परिवारों के सहायतार्थ एकत्रित धन के गबन के मामले ने पकड़ा तूल

**जौनपुर।** कारगिल शहीद परिवारों के सहायतार्थ बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा एकत्रित धन के दुरूपयोग का मामला अब तूल पकड़ने लगा है जिसको लेकर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ आगे आ गया। सूबे के मुख्यमंत्री के समक्ष लिखित रूप से की गयी शिकायत के अनुसार त्रिस्तरीय जांच समिति की जांच के बाबत जिलाधिकारी को दी गयी जानकारी के बाद भी अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गयी। संघ के मड़ियाहूं ब्लाक अध्यक्ष डा हेमन्त सिंह द्वारा मुख्यमंत्री से की गयी शिकायत के अनुसार जनपद में कारगिल शहीद परिवारों के सहायतार्थ बेसिक शिक्षा परिषदीय शिक्षकोंध्कर्मचारियों द्वारा कुल 10 लाख 76 हजार 50 रूपये एकत्रित किया गया। हास्यास्पद बात तो यह है कि धन एकत्रित करने के 6 माह बीतने के बाद भी उसका सही उपयोग अभी तक नहीं किया गया। अलबत्ता तत्कालीन जिलाध्यक्ष द्वारा अपने भारतीय स्टेट बैंक के व्यक्तिगत बचत खाते में तत्कालीन वित्त एवं लेखाधिकारी की मिलीभगत से निर्गत करा दिया गया। बता दें कि अपना गला फंसा देखते उक्त मामले के संलिप्तों द्वारा 9 लाख रूपया उड़ीसा के तूफान पीड़ितों को सहायतार्थ भेज दिया गया था। डा सिंह के अनुसार तत्कालीन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कारगिल युद्ध जैसे महत्वपूर्ण प्रकाश पर राष्ट्रीय भवना एवं सम्मान से जुड़े प्रकरण के धनराशि को अन्यत्र व्यय करने हेतु स्थानान्तरित करना जालसाजीपूर्ण माना है।

## आप ने धान क्रय केंद्रों की बदहाली को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**डुमरियागंज,सिद्धार्थनगर।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व प्रवक्ता इंजीनियर इमरान लतीफ ने पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ डुमरियागंज क्षेत्र में पराली जलाने को लेकर किसानों पर हुई प्रशासनिक कार्यवाही व धान क्रय केंद्रों की बदहाली को लेकर आज डुमरियागंज में तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। आप नेता इमरान लतीफने कहा की क्षेत्र का किसान धान क्रय केंद्रों की बदहाली की वजह से अपनी उपज को बिचौलियों को ओने पौने दामों में बेचने को मजबूर है। इमरान ने कहा कि ऐसे समय में जब प्रशासन को धान क्रय केंद्रों के नियमित संचालन के लिए सक्रियता दिखानी चाहिए तब वह पराली जलाने को लेकर किसानों पर कार्यवाही करने में जुटा हुआ है। इमरान लतीफ ने कहा कि सरकार को पराली की समस्या का अस्थाई समाधान तलाश करना चाहिए किसानों पर की जा रही तुगलकी कार्रवाई बेहद निंदनीय है। उन्होंने कहा कि जहां एक तरफ दिल्ली में आम आदमी पार्टी की केजरीवाल सरकार पराली को खाद में बदलने वाला केमिकल किसानों को मुफ्त में बांट रही है वहीं उत्तर प्रदेश में योगी सरकार किसानों पर मुकदमा दर्ज करके जेल भेज रही है। उन्होंने कहा कि यदि डुमरियागंज प्रशासन चाहे तो वह डुमरियागंज के किसानों के लिए दिल्ली में केजरीवाल सरकार द्वारा बांटे जा रहे केमिकल की व्यवस्था कराने में सहयोग कर सकते हैं।

## विद्युत खम्भा गिरा, कोई हताहत नहीं



**संवाददाता।** जौनपुर

नगर के नवाब युसूफ रोड के चौराहे से मल्हनी रोड की तरफजाने वाली सड़क पर सोमवार को उस समय हड़कम्प मच गया जब हाई वोल्टेज का एक विद्युत खम्भा अचानक गिर गया। क्षेत्रीयलोगों के अनुसार उक्त हाई वोल्टेज वाला खम्भा विद्युत प्रवाहित तार से युक्त है जो अचानक गिरा तो लेकिन सड़क पर गिरने के बजाय सामने वाले मकान पर गिर गया। यह देख वहां हड़कम्प मच गया लेकिन समाचार लिखे जाने तक किसी के जानमाल का कोई नुकसान नहीं था।

## कोतवली परिसर में हुई स्वर्णकार समाज की बैठक

**शाहगंज, जौनपुर।** रविवार को स्वर्णकार समाज व कोतवाली पुलिस की हुई संयुक्त बैठक में सुरक्षा की दृष्टि से सोने चांदी की दुकानों पर व्यवसाई ने सीसीटीवी कैमरे लगवाने का निर्णय लिया है। साथ ही दीपावली पर्व के बाद सोने.चांदी की दुकानें शाम के 7 बजे ही बन्द कर दी जाएगी। यह फैसला सर्वसम्मत से लिया गया है। नगर में सोने चांदी के व्यवसाय जुड़े स्वर्ण समाज के लोगों की एक बैठक कोतवाली परिसर में क्षेत्राधिकारी अंकित कुमार की अध्यक्षता में हुई जहां व्यवसाइयों ने अपनी दुकान सहित अन्य दूसरे सुरक्षा के बारे पुलिस से विचारविमर्श किया।

# सरकारी धन का गबन करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई: डीएम

**संवाददाता।** गाजीपुर



जनपद के जिलाधिकारी एम पी सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को राईफल क्लब सभागार में 37 बिन्दुए क्रिटिकल गैप्स मुख्यमंत्री की घोषणा व विकास कार्यो की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने चिकित्सा,समाज कल्याण, दिव्यांग, प्रोबेशन, कृषि,जल निगम, बेसिक शिक्षाए गन्ना, विद्युत,सहकारिता, आरईएसए बाल विकास, सिचाई, लोक निर्माण विभाग, सेतु निगमए आई जी आर एसए आदि विभागो द्वारा करायी जा रही शासन की योजनाओ के विभिन्न कार्यो की विस्तार पूर्वक समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी द्वारा नहरो में टेल तक पानी पहुचाये जाने के सम्बन्ध में पूछने पर बताया गया कि सील्ट सफाई हेतु टेण्डर आमंत्रित किये गये है 15 नवम्बर से कार्य कराते हुए 15 दिसम्बर तक कार्य पूरा कर लिया जायेगा।

जिलाधिकारी ने नहरो मे प्रत्येक दशा मे टेल तक पानी पहुचाने का निर्देश दिया जिससे किसानो को सिचाई करने मे किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिलाधिकारी ने समस्त सरकारी विभागो से अपेक्षा की है कि जिनजिन विभागो के विद्युत बिल बकाया है वे विभाग विद्युत बिल का भुगतान कर दें धनराशि उपलब्ध न होने पर पत्राचार कर बजट मंगाये। जिन विभागो के विद्युत बकाया बिल का ड्यूज एक करोड़ से उपर का है वो इस माह तक अवश्य भुगतान कर दे अन्यथा अगले माह समीक्षा बैठक के दौरान सम्बन्धित विभागो की जिम्मेवारी तय करते हुए कार्यवाही की जायेगी।

## अभियान चलाकर 980 चक्रवर्ती मानकर चकरोड कब्जे से मुक्त कराया : एसडीएम

**डुमरियागंज,सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी महोदय के निर्देश के क्रम में फसल कटने के उपरांत चकरोड मुक्ति अभियान के अंतर्गत राजस्व ग्राम चक मझारी,राजस्व गांव सागर रौजा एवं राजस्व ग्राम चक फतेह मे 5 चकरोड का सीमांकन किया गया और कब्जे से मुक्त कराया गया जिलाधिकारी महोदय के निर्देश के क्रम में चकरोड मुक्ति अभियान का प्रारंभ किया गया। साथ में खंड विकास अधिकारी डुमरियागंज एपुलिस टीम राजस्व टीम उपस्थित रही। चकरोड़ को खाली करने का अभियान प्रत्येक ग्राम पंचायतों में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार लेखपाल ग्राम विकास अधिकारी और पुलिस की टीम द्वारा जारी है। जिसको प्रत्येक दिन ग्राम पंचायत अधिकारीवार खाली कराया जाएगा। चकरोड खाली कराया जाएगा जिससे गांव में चकरोड का विवाद समाप्त होने के साथ किसानों को खेत में पहुंचने की समस्या का निदान हो सकेगा। तहसील डुमरियागंज अंतर्गत इस अभियान के दौरान 980 चकरोड सीमांकन कर कब्जा मुक्त कराया जाएगा।

## मिशन शक्ति अभियान महिलाओं के स्वावलंबन और सुरक्षा की दृष्टि से वरदान

**बढ़नी, सिद्धार्थनगर।** बढ़नी स्थित गांधी आदर्श विद्यालय इंटर कालेज में सोमवार को मिशन शक्ति अभियान के तहत संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी में छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए तैयार रहने और विपरीत परिस्थितियों में डटकर मुकाबला करने पर जोर दिया गया। मिशन शक्ति के तहत आयोजित संगोष्ठी में ढ़ेबरुआ एसएचओ तहसीलदार सिंह ने काव्य पाठ के माध्यम से छात्राओं का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने मिशन शक्ति अभियान को महिलाओं के स्वावलंबन और सुरक्षा की दृष्टि से वरदान बताया। मिशन शक्ति ने महिलाओं को सुरक्षा संबंधी कवच दिया है। पुलिस उनकी प्रहरी बनकर उनके साथ है। एसएसबी बढ़नी बीओपी प्रभारी सहायक सेनानायक सुमित हरित ने कहा कि हर क्षेत्र में देश की महिलाएं अपना मुकाम हासिल कर रही है। उन्होंने छात्राओं से स्वावलंबन के प्रति जागरुक रहने,असुरक्षित महसूस होने पर तत्काल पुलिस हेल्प लाइन की मदद लेने को कहा।

# डीएम ने की एक्शन प्लान की समीक्षा



**संवाददाता।** मऊ

**पोषण** अभियान के अन्तर्गत जिला पोषण समिति जिला कन्वर्जेन्स समिति की बैठक जिलाधिकारी अमित सिंह बंसल की अध्यक्षता में कलेक्टेज्ट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा आंगनवाडी कार्यकत्रियों द्वारा गृह का भ्रमण एवं परामर्श का मुख्य सेविका बाल विकास परियोजना अधिकारी व जिला कार्यक्रम अधिकारी निरीक्षण में रतनपुरा एवं मु बाद में कम निरीक्षण होने पर इसमें प्रगति लाने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर जनपद स्तरीय कन्वर्जेन्स एक्शन प्लान की समीक्षा किया गया जिसपर जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद स्तरीय कन्वर्जेन्स एक्शन प्लान की रिपोर्ट शासन को भेजा जा चुका है। उक्त अवसर पर पंचायती राज विभाग की समीक्षा की गयी। जिसमें पंचायती राज विभाग द्वारा 100 प्रतिशत गावों को खुले में शौच मुक्त कर दिया गया है तथा 95 प्रतिशत घरों में शौचालय की उपलब्धत हो चुकी है। इस अवसर पर नवीन ड्राई राशन वितरण प्रणाली के अन्तर्गत गेहूए चावलए दालए देशी घी वितरित किया जायेगा जिसमें जिलाधिकारी द्वारा पत्र लिखने के निर्देश दिये कि कौन सी दाल वितरित किया जायेगा। उक्त अवसर पर वितरण में जितनी भी सामग्री का वितरण करना है उसके लिए जिस उपकरण का उपयोग करना है उसमें किसी प्रकार की कमी नही होनी चाहिए अन्यथा कार्यवाही की जायेगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी,जिला कार्यक्रम अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## कुपोषित बच्चों, गर्भवती व धात्री महिलाओं को आईसीडीएस के तहत मिलेगा सूखा राशन

**गाजीपुर।** बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग ;आईसीडीएसद्ध कुछ बदलाव के साथ आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सूखा राशन वितरण करेगा। इसके लिए विभाग ने पूरी तैयारी कर ली है। नये नियम के तहत अब अनुपूरक पुष्टाहार की जगह सूखा राशन जैसे गेहूंए दालए चावल व दुग्ध पदार्थ आदि वितरित किया जायेगा। विभाग राशन में बदलाव होने के बाद अक्टूबर 2020 के राशन का वितरण शुरू करेगा। जिले के 4127 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सूखे राशन का वितरण जाएगा । जिला कार्यक्रम अधिकारी डीपीओ, दिलीप कुमार पांडेय ने बताया, शिशु, गर्भवती, धात्री व किशोरियों के स्वास्थ्य व सही पोषण को गति प्रदान करने के उद्देश्य से आंगनबाड़ी केन्द्रों पर विभाग के माध्यम से दिए जा रहे अनुपूरक पुष्टाहार, वीनिंग फूड,मीठा, नमकीन, दलिया व लड्डू प्रीमिक्सद्ध के स्थान पर सूखा राशन गेहूं, दाल, चावल व दुग्ध पदार्थ जैसे देसी घीए स्किम्डए मिल्क पाउडर आंगनबाड़ी केन्द्रों से वितरित किया जाना सुनिश्चित किया।

## छापेमारी, दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**जौनपुर।** जिलाधिकारी दिनेश सिंह के आदेश के क्रम में जिलापूर्ति अधिकारी के निर्देश पर पूर्ति निरीक्षक शाहगंज राकेश कुमार, पूर्ति निरीक्षक, करंजाकला बहमराह पंकज यादव के साथ 8 नवम्बर मानीकला बाजार में स्थित इन्नू नेता कटरा मार्केट में स्थित बिसमिल्लाह के दुकान की जॉच की गयी। दुकान में 14.2 किग्रा के 8 खाली सिलेण्डर जिसमें 2 एचपी और 6 इण्डेन व एक खाली इण्डेन का कामर्शियल 19 किग्रा, 2 पॉच किग्रा के खाली कामर्शियल सिलेण्डर इण्डेन, तथा 6 पॉच किग्रा के खाली सिलेण्डर बिना कम्पनी मार्का के पाये गये। उसी मार्केट में 4 कमरा छोडकर पाँचवें कमरे में गैस सिलेण्डर का गोदाम बनाया गया था जिसमें 9 खाली 14.2 किग्राण् के गैस सिलेण्डर 6 एचपी व 2 भारत गैस तथा 1 इण्डेन तथा 9 भरे सिलेण्डर 14०02 किग्राण् के भारत गैसद्ध पाये गये।

## देव दीपावली महोत्सव को लेकर हुई बैठक

**जौनपुर।** नवदुर्गा शिव मंदिर प्रतिमा विर्सजन घाट नखास स्थित कार्यालय पर श्री देव दीपावली समिति प्रतिमा विर्सजन घाट की बैठक हुई जहां कोविड.19 के दृष्टिगत देव दीपावली महोत्सव के आयोजन की रूप.रेखा बनाई गयी। इस मौके पर सर्वप्रथम चयन प्रक्रिया हुई जहां वर्तमान अध्यक्ष अतुल प्रताप सिंह के स्वास्थ्य को देखते हुए इस वर्ष के देव दीपावली के आयोजन हेतु डाण् नितीश सिंह को कार्यक्रम अध्यक्ष व आनन्द अग्रहरी व शैलेन्द्र मिश्रा को कार्यक्रम संयोजक चुना गया तथा महासचिव राजन अग्रहरि ही बने रहेंगे। बैठक में कार्यक्रम की रूप रेखा में कोविड–19 को विशेष ध्यान में रखते हुए संक्षिप्त कार्यक्रम की रूप रेखा बनाई गयी।

# किसानों के आगे प्रशासन हुआ नतमस्तक

● धान खरीद में धांधली का मामला, लदी ट्रैक्टर ट्रालियों सहित धरना दे रहे थे किसान, लिखित आश्वासन के बाद मान गए किसान

संवाददाता। बाराबंकी





**धान खरीद** में धांधली की पोल खोलने सड़क पर उतरे सैकड़ों किसानों के आगे आखिरकार जिला प्रशासन नतमस्तक हो गया। आज दूसरे दिन हुई वार्ता के बाद प्रशासन ने कार्रवाई का लिखित रूप से आश्वासन दिया तब जाकर आक्रोशित किसान माने किसान धान ना तोले जाने एवं पराली जलाने के मामले में दर्ज मुकदमे वापस लिए जाने को लेकर आक्रोशित थे उनका कहना था कि यदि किसानों का धान नहीं तौला गया तो वे धान से लदी ट्राली सहित राजधानी लखनऊ कूच करेंगे। आरोप लगारहे थे कि केंद्र प्रभारी बिचौलियों से सांठगांठ कर उनका धान खरीद रहे हैं यही नहीं यह कार्य दिन के उजाले में नहीं बल्कि रात के अंधेरे में जोर-शोर से किया जा रहा है जिसका संज्ञान प्रशासन को भी है।

परंतु वह अनजान बनकर तमाशा देख रहा है और किसान परेशान जिसको लेकर प्रशासन ने वार्ता भी की थी किंतु रविवार को सार्थक वार्ताना हो पाने के चलते किसान अपनी मांगों पर अड़े हुए थे धीरे-धीरे इनकी संख्या सैकड़ों में पहुंच गई थी तथाइनके द्वारा धन लाद कर लाई गई ट्रैक्टर ट्राली से सतरिख मार्ग पूरी तरह से सकरा होता जा रहा था वाहन निकलने में भी दिक्कतें होने लगी थी यह मामला आज तक और तूल पकड़ गया जब किसान प्रतिनिधियों ने धान लदी ट्रैक्टर ट्राली को राजधानी ले जाने का ऐलान कर दिया तब प्रशासन के हाथ पांव फूल गए मान मनौव्वलके बाद अपर जिलाधिकारी ने किसान प्रतिनिधियों को लिखित रूप से आश्वासन दिया जिसमें यह तय हुआ कि किसानों का धान प्राथमिकता के आधार पर तौलाजाएगा तथा अन्य समस्याओं का समाधान किसान प्रतिनिधियों से वार्ता कर दीपावली के बाद किया जाएगा यही नहीं प्रशासन ने यह भी आश्वासन दिया कि पराली जलाने के मामले में दर्ज मुकदमे भी वापस लिए जाएंगे तब जाकर आक्रोशित किसान माने इस अवसर पर किसान ने रामबरन वर्मा, विक्रान्त सैनी, चौधरी कमालुददीन, सनत वर्मा, सुधाकर वर्मा, मनीष यादव किसान प्रतिनिधियों के अतिरिक्त अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संदीप गुप्ता सीओ सिटी सीमा यादव सहित समेत बड़ी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद रहा।

## और गुम हो गयाधान खरीद घोटालेका मुद्दा

धान खरीद में घोटाले का मुद्दा वार्ता के मध्य गुम हो गया जैसे ही अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व में किसानों के धान 3 दिन में खरीदे जाने का आश्वासन दिया तो किसान अपना असली मुद्दा ही भूल गए दरअसल किसानों ने आरोप लगाया था कि पंजीकरण के बावजूद केंद्र प्रभारी धान खरीद में घोटाला कर रहे हैं प्रत्येक केंद्रों पर अब तक हुई खरीद का सत्यापन कर लिया जाए तो इसकी पोल खोली जा सकती है लेकिन जब मामला करीब पहुंचा तो किसान प्रतिनिधि असल मुद्दा ही भूल गए जिससे प्रशासन ने बड़ी आसानी से किसानों की बात मान ली फिर क्या था किसान भी खुश और प्रशासन भी जिससे एक बार फिर धांधली छुपी की छुपी रह गई लोगों का कहना है कि वाकई यदि इस मुद्दे पर जांच कराई जाती तो धान खरीद से जुड़े कई अधिकारियों को नकाबपोश किया जा सकता था लेकिन किसान यूनियन के नेता यूं ही मान गए जैसे बच्चों को खिलौना देकर समझाया जाता है।

# ट्रेजरी की मांग के साथ निबंधन कार्यालय मे खामियों पर बिफरे वकील, सौंपा ज्ञापन



**लालगंज, प्रतापगढ़।** तहसील मुख्यालय से टेजरी कार्यालय के अन्यत्र स्थानान्तरण तथा उपनिबंधक कार्यालय मे बैनामे के लिए रसीद न काटे जाने की समस्या को लेकर सोमवार को वकीलों ने आक्रोश जताया है। वकीलों ने तहसील परिसर तथा निबंधन कार्यालय के सामने नारेबाजी करते हुए डीएम को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल महेश ने कहा है कि तहसील मुख्यालय से टेजरी कार्यालय हटा लिया गया है। इससे गरीब तबके के वादकारियो को न्यायालय शुल्क से लेकर कई शासकीय शुल्को को जमा करने के लिए जिला मुख्यालय की भागदौड़ करनी पड़ रही है। उन्होने कहा कि कोरोना महामारी के चलते गरीब वादकारी जान जोखिम मे डालकर आर्थिक बोझ का सामना कर रहा है। वहीं वकीलों ने उप निबंधन कार्यालय मे केवल ऑनलाइन बैनामे की व्यवस्था को लेकर भी नाराजगी जताई। अधिवक्ताओं का कहना है स्टाम्प का बहाना बनाकर रजिस्ट्री कार्यालय मे शुल्क की रसीद की व्यवस्था न होने से यहां लूट खसोट का माहौल बन गया है। नायब तहसीलदार आकांक्षा मिश्रा ने ज्ञापन पर डीएम तथा एसडीएम को अवगत कराते हुए वकीलो को समस्या के समाधान कराये जाने का भरोसा दिलाया है। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश सिंह, उपाध्यक्ष विनय शुक्ल, महामंत्री रामकुमार पाण्डेय, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, संजय सिंह, शैलेंद्र सिंह, अरूण त्रिपाठी, दीपेन्द्र तिवारी, राममोहन सिंह, प्रमोद सिंह, शिव नारायण शुक्ल, राजेश तिवारी, केबी सिंह, संदीप सिंह, रामसिंह, प्रवीण यादव, सुजीत तिवारी, आदि अधिवक्ता रहे।

# लापरवाह एपीओ की सेवा समाप्त

● संविदा पर थी तैनाती पंचायत सचिव को निलंबित करने के दिए निर्देश



**अमेठी।** जिलाधिकारी अरुण कुमार ने आज विकासखंड संग्रामपुर का औचक निरीक्षण कर कर्मचारियों की उपस्थिति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आवास, सामुदायिक शौचालय, पंचायत भवन, मनरेगा सहित अन्य कार्यों की प्रगति की जानकारी ली लिया एवं संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम उपस्थिति रजिस्टर का निरीक्षण कियाए जिसमें बिना किसी कारण एपीओ दिनेश प्रताप सिंह के अनुपस्थित रहने पर जिलाधिकारी ने उनकी संविदा सेवा समाप्त करने के निर्देश खंड विकास अधिकारी को दिए इसके साथ ही शासकीय कार्यों में लापरवाही करने पर ग्राम पंचायत अधिकारी योगेश चंद्र श्रीवास्तव को निलंबित करने के निर्देश दिए। सामुदायिक शौचालय एवं पंचायत भवनों की कार्य प्रगति की समीक्षा के दौरान खंड विकास अधिकारी ने बताया कि विकासखंड संग्रामपुर अंतर्गत 37 सामुदायिक शौचालय 13पंचायत भवन का निर्माण कराया जाना है, जिसमें 36 सामुदायिक शौचालयों का कार्य प्रारंभ हो गया है इसके साथ ही उन्होंने बताया कि वर्ष 2019.20 में 510 प्रधानमंत्री आवास का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। जिसमें से अभी 11 निर्माणाधीन हैए वर्ष 2020.21 में 358 आवासों का लक्ष्य दिया गया है जिसमें से 211 की जियो टैगिंग व 89 की स्वीकृति हो गई है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्वयं सहायता समूहों के गठन के संबंध में जानकारी ली जिस पर बीडीओ ने बताया कि 50 समूहों का लक्ष्य निर्धारित है जिसमें से अभी तक 24 समूहों का गठन करते हुए 12 समूहों के खाते खोले गए हैं उन्होंने बताया कि विकासखंड अंतर्गत 3428 हैंडपंप लगे हैं जिसमें से वर्तमान में 508 खराब हैं। जिलाधिकारी ने ब्लॉक में तैनात कर्मचारियों की सर्विस बुक, जीपीएफ एनपीएस पासबुक का निरीक्षण किया जो अपडेट नहीं पाई गई जिस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए वरिष्ठ सहायक अनिल तिवारी को चेतावनी देने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने मनरेगा द्वारा कराए गए कार्यों की जानकारी ली एवं करौंदी गांव में मनरेगा द्वारा कराए गए कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया।

# मनाया गया स्काउट गाइड का स्थापना दिवस



**बाराबंकी।** जिला विद्यालय निरीक्षककार्यालय में सोमवार को उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड का स्थापना दिवस सादे समारोह में आयोजित किया गया जिसमें सर्वप्रथम सहायक जिला सचिव एवं जिला स्काउट मास्टर राजेंद्र त्रिपाठी ने जिला विद्यालय निरीक्षक उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड के जिला मुख्य आयुक्त श्री राजेश कुमार वर्मा कोई स्कार्फ लगाकर स्वागत किया। इसके पश्चात जिला गाइड कमिश्नर श्रीमती रश्मि गुप्ता ने स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए गुलेरिया का पौधा जिला विद्यालय निरीक्षक को भेंट किया साथ ही साथ वैश्विक महामारी कोरोना में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए और उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड में विशिष्ट सेवाओं के लिये जिला मुख्यालय राजेश कुमार वर्मा ने जिला स्काउट मास्टर राजेंद्र त्रिपाठी को सम्मानित किया इसके पश्चात सहायक लीडर ट्रेनर का प्रमाण पत्र पिन व अधिकार पत्र जिला संगठन कमिश्नर गाइड श्रीमती केशरी मिश्रा को प्रदान किया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक जिला मुख्यालय राजेश कुमार वर्मा ने अपने उद्बोधन मां कहा कि स्काउटिंग का कार्य सतत चलना चाहिए स्काउटिंग के माध्यम से समाज में जहां एक और अच्छे नागरिक मिलते हैं। वही आत्मानुशासन का विकास होता है जिला मुख्यआयुक्त ने भी सभी को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य श्रीडीपी तिवारी श्रीआर एस धीमान ब्लॉक स्काउट मास्टर नरेंद्र कुमार राहुल त्रिपाठी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। इसके पश्चात जिला गाइड कमिश्नर श्रीमती रश्मि गुप्ता कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी पहुंच कर आदरणीय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री वी पी सिंह को स्काउटिंग की स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी उनको फ्लावर पॉट स्मृति स्वरूप भेंट किया और स्काउट गाइड द्वारा किए जा रहे कार्यों की अवगत कराया इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी बनीकोडर डॉक्टर अजीत कुमार सिंह सहायक वित्त एवं लेखा अधिकारी मनोज कुमार त्रिपाठी केसरी मिश्रा राजेंद्र त्रिपाठी अभिषेक सिंह उपस्थित रहे।

## बैंक, इंडिया पोस्ट या ऑनलाइन माध्यम से पेंशनर अपना जीवन प्रमाण पत्र कोषागार में करें जमा

संवाददाता। अमेठी

**वरिष्ठ** कोषाधिकारी आलोक राजवंशी ने बताया कि कोषागार अमेठी से पेंशन प्राप्त करने वाले समस्त पेंशनरों को सूचित किया जाता है कि जीवन प्रमाण पत्र जमा करने के लिए कोषागार में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के अतिरिक्त वैकल्पिक सुविधाओं के माध्यम से अपना जीवन प्रमाण पत्र उपलब्ध करा सकते हैं उन्होंने बताया कि कोविड.19 संक्रमण के दृष्टिगत व्यक्तिगत रूप से कोषागार में उपस्थित होने के बजाय वैकल्पिक सुविधाओं के माध्यम से जीवन प्रमाण पत्र जमा कराएं। उन्होंने बताया कि वैकल्पिक सुविधाओं में ऑनलाइनए बैंक के माध्यम सेए इंडिया पोस्ट पेमेंट्स के माध्यम से जीवन प्रमाण पत्र बनवाकर भेज सकते हैं। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 8795555806 व 9839685053 पर संपर्क किया जा सकता है।

## डीएम ने कोविड कमांड में की बैठक

# सर्विलांस टीम की सक्रियता बढ़ाई जाए

**अमेठी।** जिलाधिकारी अरुण कुमार ने आज सीएमओ कार्यालय में संचालित एकीकृत कोविड कमांड एंड कंट्रोल सेन्टर में प्रभारी इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूमए प्रभारी सर्विलांसए प्रभारी सैम्पलिंगए प्रभारी स्टोरए मुख्य चिकित्सा अधिकारीए मुख्य विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों के साथ कोविड.19 के संबंध में चल रही समस्त कार्यवाही की विस्तृत समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान समस्त उपजिलाधिकारी भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे। बैठक में जिलाधिकारी ने प्रतिदिन जांच हेतु भेजे जाने वाले सैंपल के संबंध में जानकारी ली तथा सर्विलांस टीम की सक्रियता बढ़ाते हुए अधिक से अधिक लक्षण युक्त सैंपल जांच हेतु भेजने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि पाजिटिव व्यक्ति के सम्पर्क में आये सभी व्यक्तियों की जांच अवश्य किया जाये तथा कोविड टेस्टिंग कार्य में वृद्धि की जाये। कोविड अस्पताल में मरीजों को गुणवत्तायुक्त भोजनए नाश्ता की व्यवस्था एवं अस्पताल में साफसफाई की समुचित व्यवस्था रखी जाये। कन्ट्रोल रूम में प्राप्त होने वाली शिकायतों को विशेष ध्यान देकर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाये एवं मरीजों से फीडबैक अवश्य प्राप्त किया जाये। कोविड अस्पताल में भर्ती मरीजों को निर्धारित प्रोटोकॉल के मुताबिक भोजन देने के साथ.साथ उनका देखभाल भी बेहतर ढंग से किया जाये।

## क्विक न्यूज

### शराब के अवैध कारोबारी को गिरफ्तार किया

**तिलोई,अमेठी।** शिवरतनगंज थाना क्षेत्र की पुलिस ने शराब के अवैध कारोबार में लिप्त फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक शनिवार को शिवरतनगंज पुलिस ने थाना क्षेत्र के पूरे पासिन मजरे बसन्तपुर निवासी चौहरजा व बसन्तपुर निवासी संतोष कुमार के पास से भारी मात्रा में गांजाए स्प्रिटएशराब बनाने के उपकरणए खाली शीशीएरैपर व अन्य सामान बरामद कर जेल भेज दिया था किंतु अवैध शराब के कारोबार का मुख्य आरोपी देशराज पुत्र संतोष कुमार रात में अंधेरे का फायदा उठाकर पुलिस को चकमा देकर भाग निकला था जिसे सोमवार की सुबह उपनिरीक्षक ब्रह्मानंद यादव हेड कांस्टेबल मुन्ना यादव व भूपेश कनौजिया ने सेमरौता चौराहे से उस समय गिरफ्तार किया जब वह बाहर जाने की फिराक में साधन की तलाश में था।थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर डी के सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी शराब व गांजा की अवैध तस्करी के मामले में फरार चल रहा था जिसे सोमवार सुबह गिरफ्तार के सम्बंधित धाराओं में जेल भेज दिया गया है।

### ग्रामीणों ने की अतिक्रमण की शिकायत

**जगदीशपुर, अमेठी।** ग्राम प्रधान की शह पर दबंगों ने तालाब घूर गड्ढा पर किया जा रहा है अतिक्रमण जिसको शिकायत ग्रामीणों ने एसडीएम से की। जगदीशपुर विकास खण्ड के अंतर्गत दौलतपुर लोनहट ग्राम सभा स्थित पूरे गड़रियन में दबंगो द्वारा आरक्षित खलिहान गाटा संख्या 318 व घूर गड्ढा गाटा संख्या 310 व तालाब की गाटा संख्या 315 पर मौजूदा प्रधान की शह पर अतिक्रमण किया जा रहा हैं । जिसकी शिकायत रजपाल व मुसीबत अली ने उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराया और खलिहान घूर गड्ढा व तालाब की जमीन से अतिक्रमण हटवाने की मांग की ।

### पेड़ से लटकता मिला लापता युवक का शव, हत्या की आशंका

**निंदूरा बाराबंकी।** रविवार की शाम से लापता युवक का शव आज गांव के बाहर बेर के पेड़ से लटकता मिला। परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर की है सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घुंघटेर थाना क्षेत्र के ग्राम बजगहनी निवासी गोविंद पुत्र शुभकरन रावत 26 वर्ष रविवार की शाम लापता हो गया था देर रात तक वापस ना आने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की थी किंतु उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका था । सोमवार कि सुबह जब ग्रामीण अपने खेतों को जा रहे थे तब गांव से बाहर एक पेड़ से लटकता एक युवक का शव देखा गया तब यह सूचना पूरे गांव में जंगल में लगी आग की तरह फैल गई बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए तब उसकी पहचान शुभकरन के रूप में की गई इस बीच सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह का कहना है की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद के आगे की कार्यवाई की जाएगी जबकि परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर की है।

### दो अभियुक्त, तमंचो व कारतूसों के साथ गिरफ्तार

**बाराबंकी।** अलग-अलग थानों में अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान मे 2 शातिर अभियुक्तों को देवा व कुर्सी पुलिस ने अवैध तमंचों के साथ गिरफ्तार किया है। प्राप्त विवरण के अनुसार प्रभारी निरीक्षक कुर्सी शशिकांत कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने कुर्सी ककरहिया से देवा थाना अंतर्गत खेवली निवासी नियाज पुत्र स्वर्गीय रहमुल्ला को 12 बोर के एक तमंचे व 1 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट में कार्यवाई की है। देवा पुलिस ने देवा थानाध्यक्ष प्रकाश चन्द्र शर्मा के नेतृत्व गठित पुलिस टीम में उपनिरीक्षक जैद अहमद व कॉन्स्टेबल बेगवान सिंह ने विशेष अभियान चलाकर व अभिसूचना एकत्र करके बीती रात देवां के एजाज रसूल गेट के पास से अभियुक्त इरफान निवासी मछरिया आवास विकास हंसपुरम नौबस्ता लखनऊ को 12 बोर के एक तमंचे व 2 जिंदा कारतूसो के साथ गिरफ्तार करते हुए आर्म्स एक्ट में कार्यवाई की है।

### चार आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास व दलित उत्पीड़न का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने चार आरोपियो के खिलाफदलित की पिटाई को लेकर हत्या के प्रयास तथा तोड़फोड़ व जानलेवा धमकी का केस दर्ज किया है। कोतवाली के कोडरा मादूपुर निवासी जीतेन्द्र सरोज ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती आठ नंवबर को दिन मे डेढ़ बजे गांव के अभय प्रताप सिंह, सोनू सिंह व मोनू सिंह तथा ओमप्रकाश ने रंजिशन लाठी डंडे व धारदार हथियार से लैस होकर उसके दरवाजे चढ़ आये। आरोपियो ने पीडित को जातिसूचक शब्दो से गालियां देते हुए मारापीटा। शोर मचाने पर बीचबचाव के लिए पीड़ित का पिता तथा भाई आया तो उसे भी मारापीटा। दबंग आरोपियो ने पीडित के गृहस्थी के सामान भी तोडफोड़ कर नष्ट कर दिये। हमले मे पीडित लहूलुहान होकर बेहोश हो गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रविवार की रात आरोपी ओमप्रकाश समेत चार के खिलाफहत्या के प्रयास समेत कई गंभीर धाराओ मे केस दर्ज किया है। इस बाबत सीओ जगमोहन का कहना है कि मुकदमा लिखा गया है, आरोपियो के खिलाफकडी कार्रवाई की जाएगी।

### खाद्यान्न वितरण में कालाबाजारी पर लाइसेंसधारी के खिलाफ केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** खाद्यान्न वितरण मे कालाबाजारी को लेकर पूर्ति निरीक्षक की तहरीर पर खाद्यान्न लाइसेंसधारी के खिलाफआवश्यक वस्तु अधिनियम का पुलिस ने केस दर्ज किया है। तहसील के भदारीकला गांव मे सरकारी खाद्यान्न की दुकान के लाइसेंसधारी के खिलाफ अनियमितता की ग्रामीणो ने शिकायत की थी। पूर्ति निरीक्षक राजसिंह यादव ने जांच किया तो छः नवंबर को निरीक्षण के दौरान दुकान पर इक्कीस बोरी गेहूं तथा बत्तीस बोरी चावल अत्यधिक पाया गया। कोटेदार पर आरोप है कि पात्र कार्डधारकों को सरकारी खाद्यान्न न देकर कालाबाजारी की गई। तहरीर के आधार पर आरोपी कोटेदार श्यामलाल के खिलाफपुलिस ने आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3ध्7 के तहत केस दर्ज किया है। कोटेदार के खिलाफएफआईआर दर्ज होने से सोमवार को सरकारी खाद्यान्न की दुकानों पर हडकंप का माहौल दिखा।

### मिलावटी खोया की सूचना पर एसडीएम ने मारा छापा, लिये नमूने



**त्रिवेदीगंज बाराबंकी।** थाना लोनी कटरा क्षेत्र के नेवल पुर में कई घरों मे मिलावटी खोया बनाकर ब्यापार करने की सूचना पर एसडीएम हैदरगढ़ व फूड इंस्पेक्टर ने छापा मार कर सैम्पल लिया। सोमवार को एसडीएम हैदरगढ जितेन्द्र कटियार ने फूड इंस्पेक्टर अमित पाल, लोनीकटरा इंस्पेक्टर अशोक कुमार यादव के साथ क्षेत्र के नेवल पुर में राज बहादुर व शुखमी लाल के घर छापा मारा। राजबहादुर के यहाँ बिक्री के लिए बनाकर रखे गए खोया को सील कर सैम्पल लिया दाशुखमी लाल के घर से कुछ नही मिला। छापा मारी की सूचना पर छेत्र के परीवा एकान्धीपुर एपैकौली मंझार एमंगलपुर में खोया बनाने वालों मे हड़कम्प मच गया।

# आंगनबाड़ी केन्द्रों पर अब स्वयं सहायता समूह बांटेंगे सूखा राशन

**ललितपुर।** जनपद ललितपुर में विकास भवन के सभाकक्ष में अनिल कुमार पाण्डेय मुख्य विकासधिकारी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित स्वयं सहायतासमूहों के माध्यम से आईसीडीएस के लाभार्थियों को अनुपूरक पुष्टाहार कार्यक्रम के तहत सूखा राशन वितरण का कार्य कराने जाने के संबंध में जनपद स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गयाए जिसमें आगामी 10 नवम्बर से शिशु गर्भवती व धात्री महिलाओं एवं किशोरियों को सूखा राशन वितरण के संबंध में समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त ब्लॉक मिशन प्रबंधक, समस्त विकास खण्डों से स्वयं सहायता समूहों के पदाधिकारीगण को विस्तृत जान गरी दी गई। सर्वप्रथम निधि शुक्ला जिला मिशन प्रबंधक वित्तीय समावेशन के द्वारा सभीका स्वागत किया गया। तदोपरान्त रवीन्द्र वीर यादव उपायुक्त स्वत: रोजगार के द्वारा स्वयं सहायता समूहों के पदाधिकारीण को बताया गया की वर्तमान में स्वयं सहायता समूहों के द्वारा सूखा राशन गेहूंए चावलए दालए धी एवं स्किम्ड दुध का वितरण किया जाना है। गेंहू एवं चावल उचित मूल्य दुकान से प्राप्त करना है एवं दाल स्वयं सहायता समूहों को स्थानीय बाजार से कय कर निर्धारित मात्रा में वितरित करना है। कार्यशाला में पुष्पा वर्मा जिला कार्यक्रम अधिकारी के द्वारा बताया गया कि शिशु गर्भवती धात्री व किशोरियों के स्वास्थ्य एवं सही पोषण को गति प्रदान करने के उदेदश्य से आंगनबाड़ी केन्द्रों पर स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से लाभार्थियों को निर्धारित मात्रा में सूखा राशन वितरित किया जायेगा। कार्यशाला में अभिनव शर्मा जिला मिशन प्रबंधक आजीविका के द्वारा समूहों के पदाधिकारीगण को सूखा राशन के पैकेजिंग के एसंबंध में जानकारी दी गई एवं विद्यासागर द्विवेदी जिला मिशन प्रबंधक सामाजिक विकास के द्वारा समूहों के पदाधिकारीगण को पोषण एवं अनुपूरक आहर के महत्व पर जानकारी दी गई। मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा बताया गया वर्तमान में स्वयं सहायता समूहों के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में आंगनबाडी केन्द्रो पर सूखा राशन का वितरण किया जायेगा। उनके द्वारा कार्यशाला में उपस्थित समस्त खण्ड विकास अधिकारी सहायक विकास अधिकारी एवं ब्लॉक मिशन प्रबंधकों को निर्देशित किया गया कि स्वयं सहायता समूहों को आवश्यक सहयोग प्रदान करते हुए आंगनबाडी केन्द्रों पर दिनांक 10 नवम्बर 2020 से सूखा राशन वितरण के कार्यक्रम को सुचारु रुप से संचालित करें। बलिराम वर्मा परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण के द्वारा स्वयं सहायता समूहों के पदाधिकारीगण को सूखा राशन के वितरण के कार्य को उत्साहएवं लगन से करने हेतु कहा गया कार्यक्रम के संबंध में चयनित स्वयं सहायता समूहों के पदाधिकारीगण को प्रशिक्षित किया जायेगा।

# रामपुरखास बनेगा सर्वश्रेष्ठ विकसित क्षेत्र:प्रमोद

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर क्षेत्र के राजमतीपुर गांव मे सोमवार को क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना द्वारा स्वीकृति कराई गई ग्रामीण पेयजल समूह योजना के तहत दो करोड़ बासठ लाख चौरासी हजार लागत की पेयजल टंकी का विधायक मोना की ओर से कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी ने भूमिपूजन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रमोद तिवारी ने कहा कि इस पेयजल योजना के जरिए क्षेत्र के कई पुरवों को शुद्ध पीने के पानी के लिए 22.32 किमी. की पाइप लाइन बिछने से लाभान्वित कराया जा सकेगा। उन्होने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र मे शुद्ध पेयजल के प्रबन्ध का उददेश्य लोगों का मजबूत स्वास्थ्य तथा समग्र विकास का मूल लक्ष्य हासिल करना है। सीडब्लूसी मेंबर प्रमोद तिवारी ने इस बात पर भी जोर दिया कि पीने के पानी की शुद्धता से ही मानव शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता मे भी बढोत्तरी की जा सकती है। उन्होने कहा कि रामपुरखास मे विधायक मोना द्वारा पेयजल तथा सडक और शिक्षा तथा स्वास्थ्य के क्षेत्र मे निरंतर जारी बहुउददेशीय वृहद परियोजनाओं के निरंतर संचालन से अब इसे प्रदेश का सर्वश्रेष्ठ विकसित क्षेत्र हासिल होने की मंजिल मिल सकेगी। उन्होने कहा कि क्षेत्र मे कोरोनाकाल मे जारी विधायक तथा उनके मिशन की मजबूती के साथ विकास को भी गतिशील बनाए रखना ही सर्वोच्च प्राथमिकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बब्लू व संचालन रामबोध शुक्ल ने किया। संयोजक दशरथ सिंह तथा ध्रुवलाल यादव ने ग्रामीणों की ओर से विकास परियोजना की सौगात के लिए प्रमोद तिवारी एवं विधायक मोना के सुपुत्र राघव मिश्र का सारस्वत सम्मान किया। कार्यक्रमों मे विधायक आराधना मिश्रा मोना के सुपुत्र राघव मिश्र ने भी विकास कार्यो मे सहयोग के लिए लोगों का आभार जताया। इसके पूर्व सीमावर्ती किशुनगढ़ गांव के लोगों को भी क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से स्वीकृति कराई गयी पेयजल योजना के तहत प्रमोद तिवारी ने विधायक आराधना की ओर से एक करोड़ नब्बे लाख सत्ताईस हजार की पेयजल टंकी परियोजना का विधिविधान से भूमिपूजन किया। यहां आयोजित समारोह को भी संबोधित करते हुए श्री तिवारी ने लोगों को भरोसा दिलाया कि क्षेत्रीय विकास के लिए प्रत्येक गांव व पुरवों तथा मजरो को विकास के हर संसाधन से लैस किया जाता रहेगा। उन्होने कहा कि लोगों के मान-सम्मान को प्राथमिकता देते हुए रामपुरखास मे विकास की समानता ही इसकी विशिष्ट पहचान बनाया करती है। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य सुधाकर पाण्डेय ने किया। इस मौके पर चंद्रभान सिंह, कैप्टन अवधेश सिंह, बबन सिंह, मार्तण्ड प्रताप सिंह, कल्पनाथ वर्मा, रामशरण शुक्ल, बुधलाल यादव, रामकृपाल यादव, निजाम अशरफ, संतोष सिंह, अभिषेक, माताबक्श, राजेश, रामकुबेर मौर्य, अंबुज मिश्र, त्रिभु तिवारी, संजय पाण्डेय, ओम पाण्डेय, अंशुमान तिवारी आदि रहे। इसी सिलसिले मे श्री तिवारी ने मंगापुर, अठेहा, सांगीपुर, घुइसरनाथ धाम, रामगंज बाजार, रायपुर तियांई, रानीगंज कैथौला मे कोरोना महामारी से बचाव के लिए मॉस्क भी बांटे।

## विधायक मोना की ओर से प्रमोद तिवारी ने सौंपी ग्रामीणों को करोड़ों की पेयजल योजना की सौगात



## जनसभाओं मे विधायक पुत्र राघव को लेकर झलका उत्साह

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सोमवार को रामपुरखास विधानसभा क्षेत्र मे दो बडी पेयजल टंकियो के भूमिपूजन कार्यक्रम मे क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के पुत्र राघव मिश्र को लेकर भी महिलाओं तथा ग्रामीणों मे खासा उत्साह दिखा। राघव को लेकर गीतकार अमर बेदर्दी के सोहर गायन पर भी महिलाओं का उत्साह देखते बन रहा था। वहीं विधायक पुत्र राघव ने भी लोगों के मिले प्यार व अपनत्व को लेकर आभार जताया।